सेठ केशवदेव सेक्सरिया-स्मारक-ग्रन्थमाला—१

प्राकृत-विमर्श

लेखक
डॉ० सरयू प्रसाद अग्रवाल,
एम्० ए० (लखनऊ, कलकत्ता), एल्-एल्०बी०, पी-एच्०डी०
प्राध्यापक, हिन्दी विभाग,
लखनऊ विश्वविद्यालय

प्रकाशक
लखनऊ विश्वविद्यालय

दो शब्द

लखनऊ
२८-६-५३

जब मैं लखनऊ विश्वविद्यालय का वाइस-चांसलर था तब एम० ए० क्लास के हिन्दी के विद्यार्थियों को प्राकृत भाषा पढ़ाया करता था। विषय के अध्ययन में विद्यार्थियों को बड़ी असुविधा होती थी क्योंकि कोई अच्छी पाठ्य-पुस्तक न थी। डाक्टर उलनर की अंग्रेजी पुस्तक An Introduction to Prakrit अप्राप्य हो चुकी थी। उसका भाषानुवाद भी नहीं मिलता था। अतः हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ० सरयूप्रसाद अग्रवाल के सन्मुख मैंने यह सुझाव रखा कि वह इस विषय पर एक पुस्तक लिखें। उन्होंने मेरे प्रस्ताव को बहुत पसन्द किया और यह आशा दिलाई कि वह इस काम को हाथ में लेंगे। मुझे यह जान कर बड़ी प्रसन्नता हुई कि उन्होंने इस कमी को पूरा कर दिया है और उनकी पुस्तक विश्वविद्यालय की ओर से प्रकाशित हो गई है।

डॉ० अग्रवाल ने बड़े परिश्रम से इस ग्रन्थ की रचना की है। वह बधाई के पात्र हैं क्योंकि उन्होंने एक बड़ी कमी को पूरा किया है। यत्र-तत्र अशुद्धियां रह गई हैं। आशा है कि दूसरे संस्करण में यह ठीक कर दी जायेंगी।

श्री आचार्य नरेन्द्र देव,
एम्० ए०, एल्-एल्० बी०, डी० लिट्०.
उपकुलपति, काशी विश्वविद्यालय

नरेन्द्र देव

वक्तव्य

लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी-विभाग द्वारा किये जाने वाले साहित्यिक और सांस्कृतिक अनुसंधान-कार्य को 'लखनऊ विश्वविद्यालय-प्रकाशन' के रूप में हम "सेठ भोलाराम सेक्सरिया स्मारक ग्रंथमाला" के अन्तर्गत प्रस्तुत कर रहे हैं। इसमें कई उच्चकोटि के गवेषणापूर्ण वृहदाकार ग्रंथों का प्रकाशन हो चुका है, जो कि पी-एच्० डी० उपाधि के लिए स्वीकृत हैं। इन खोज ग्रंथों के अतिरिक्त महत्वपूर्ण एवं विद्यार्थियों के लिए आवश्यक ग्रंथों का प्रकाशन हमारे विभाग के अध्यापक समय-समय पर करते रहते हैं जिन्हें हम 'सेठ केशवदेव सेक्सरिया-स्मारक ग्रंथमाला' के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

इन समस्त ग्रंथों को प्रकाशित करने के लिए हम श्री शुभकरण जी सेक्सरिया के परम आभारी हैं जिन्होंने अपने स्वर्गीय पिता और लघुभ्राता का चिरस्थायी स्मारक बनाने के हेतु ग्रंथमालाओं के लिए आवश्यक निधि प्रदान की है। उनका यह कार्य अनुकरणीय है। प्रस्तुत पुस्तक 'सेठ केशवदेव सेक्सरिया-स्मारक-ग्रंथमाला' का प्रथम पुष्प है।

भाषा-विकास की शृंखला में उत्तर भारतवर्ष की प्राकृत भाषाएं संस्कृत और आधुनिक आर्य भाषाओं के बीच की कड़ी हैं। हिन्दी तथा अन्य आधुनिक भाषाओं के पारस्परिक सम्बन्ध और भाषा-विज्ञान की दृष्टि से उनकी जानकारी के लिये विविध प्राकृतों का अध्ययन अत्यावश्यक है।

विश्वविद्यालयों में हिन्दी के साथ पालि, प्राकृत, तथा अपभ्रंश का भी अध्ययन आरम्भ हो गया है। परन्तु हिन्दी में अभी प्राकृत-भाषा के व्याकरण और उसके इतिहास सम्बन्धी ग्रंथों की बहुत कमी है। पालि और अपभ्रंश पर तो कुछ पुस्तकें प्रकाशित भी हुई हैं परन्तु प्रधान प्राकृतों—शौरसेनी, महाराष्ट्री, अर्ध-मागधी, पैशाची आदि, और उनके साथ पालि, शिलालेखी-प्राकृत आदि के तुलनात्मक अध्ययन के रूप में कोई गम्भीर हिन्दी-ग्रन्थ अभी तक उपलब्ध नहीं है।

हर्ष का विषय है कि हमारे विभाग के प्राध्यापक डॉ० सरयू प्रसाद अग्रवाल ने इस अभाव का अनुभव कर उसकी पूर्ति का प्रयास किया है। प्रस्तुत ग्रंथ, 'प्राकृत-विमर्श,' डॉ० अग्रवाल के विस्तृत अध्ययन का परिणाम है। बी० ए० और एम्० ए० के विद्यार्थियों को भाषा-विज्ञान, पालि तथा प्राकृत के अध्यापन से उन्हें इस विषय में जो अनुभव प्राप्त हुए हैं उनका इसमें पूरा पूरा उपयोग हुआ है, यह मेरा विश्वास है।

आशा है कि यह पुस्तक विद्यार्थियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी और उनमें प्राकृत भाषाओं के अध्ययन की रुचि उत्पन्न करेगी।

डॉ० दीनदयालु गुप्त,
एम्० ए०, डी० लिट्०
प्रोफ़ेसर तथा अध्यक्ष, हिन्दी विभाग,
लखनऊ विश्वविद्यालय

दीनदयालु गुप्त

प्राक्कथन

आधुनिक आर्यभाषाओं के महत्व के बढ़ने के साथ विविध प्राकृत भाषाओं का मूल्यांकन स्वाभाविक ही है क्योंकि अनेक उत्तरकालीन प्राकृतों का आधार लेकर ही आधुनिक आर्य भाषाओं-हिन्दी, बँगला, राजस्थानी, मराठी, गुजराती, पंजाबी आदि का विकास हुआ है। आधुनिक पद्धति पर प्राकृत भाषाओं का विवेचन और उनके अनेक ग्रंथों का संपादन सर्वप्रथम पाश्चात्य विद्वानों द्वारा जर्मन, फ्रेंच, अंग्रेजी आदि भाषाओं में मिलता है। परन्तु भारतीय प्राचीन वय्याकरणों ने भी संस्कृत भाषा में विविध प्राकृतों का विवेचन व्याकरण-ग्रंथों के रूप में प्रस्तुत किया है।

राष्ट्र-भाषा के रूप में प्रतिष्ठित होने पर हिन्दी का काफी महत्व वढ़ गया है और साथ-साथ उसका उत्तरदायित्व भी। इसके अतिरिक्त प्राकृत भाषाओं के अध्ययन की ओर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं सामान्य लोगों की रुचि वढ़ रही है परन्तु प्राकृत भाषाओं का हिन्दी में परिचय केवल डॉ० ए० सी० वूल्नर की अँग्रेजी पुस्तक 'इन्ट्रो-डक्शन टु प्राकृत' के रूपान्तर 'प्राकृत-प्रवेशिका' के द्वारा मिलता है किन्तु कई वर्षों से वह ग्रन्थ भी अनुपलब्ध है। इस अभाव का अनुभव कर विद्वद्वर आचार्य नरेन्द्रदेव जी ने उक्त विषय पर लेखक को एक ग्रन्थ लिखने का आदेश दिया। अपने विभाग के सहयोगी-मित्रों के प्रोत्साहन और आचार्यवर की प्रेरणा से पुस्तक तो समाप्त हो गई है परन्तु लेखक कार्य की गुरुता और अपनी सीमाओं से अच्छी तरह परिचित है। इसलिये पुस्तक में जो अभाव एवं त्रुटियाँ

रह गई हों उनके निदर्शन और सत्परामर्श की लेखक विद्वत्समाज से प्रार्थना करता है।

पिशेल की प्राकृत-व्याकरण, तथा अन्य पाश्चात्य एवं भारतीय आधुनिक विद्वानों की रचनाओं से प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रणयन में बड़ी सहायता मिली है। भारतीय प्राचीन वय्याकरणों की कृतियों का भी यथास्थान उपयोग किया गया है। प्राकृत-व्याकरण के विविध रूप प्राकृत-प्रकाश और हेमचन्द्र रचित शब्दानुशासन (प्राकृत-अंश) के आधार पर दिये गये हैं। लेखक उक्त सभी रचयिताओं का आभारी है।

प्राकृत भाषाओं का संक्षिप्त परिचय देना ही अभीष्ट था इसीलिये अनेक स्थलों पर विवादग्रस्त प्रश्नों का प्राय: निराकरण किया गया है। प्रस्तुत पुस्तक में मुख्य प्राकृतों के अतिरिक्त प्रारम्भिक प्राकृत—पालि, शिलालेखी प्राकृत और उत्तरकालीन प्राकृत-अपभ्रंश का भी संक्षिप्त परिचय दे दिया गया है, क्योंकि उनसे मुख्य प्राकृतों के पूर्व और बाद की अवस्थाओं का थोड़ा ज्ञान हो जाता है। इस ग्रन्थ के लिखने में लेखक को अपने सहयोगी मित्र डॉ० केसरीनारायण शुक्ल, एम्० ए०, डी० लिट०, से समय-समय पर बहुमूल्य सुझाव और प्रोत्साहन मिलता रहा है। लेखक इसके लिये उनका कृतज्ञ है। यहाँ पर यह कहना अप्रासंगिक न होगा कि आचार्य नरेन्द्र देव जी का विचार था कि जर्मन विद्वान पिशेल की प्राकृत व्याकरण की भूमिका का पूरा-पूरा उपयोग नवप्रणीत ग्रन्थ में किया जाय। डॉ० एच० बी० गुएन्थर ने पिशेल के जर्मन ग्रंथ (भूमिका-अंश) का अंग्रेजी रूपान्तर प्रस्तुत कर लेखक पर बड़ी कृपा की। संस्कृत विभाग के प्राध्यापक पं० गयाप्रसाद दीक्षित जी ने प्राकृत-उद्धरणों की संस्कृत-छाया प्रस्तुत करने में अनेक कठिनाइयों का समाधान किया। इसके लिये लेखक इन सज्जनों का अत्यधिक आभारी है। संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो० के० ए० सुब्रह्मण्य अय्यर का भी अत्यंत कृतज्ञ है जिनके द्वारा भाषा संबंधी अध्ययन की प्रेरणा

बराबर मिलती रहती है। पूज्य गुरुवर डॉ० दीनदयालु गुप्त ने अत्यंत व्यस्त होने पर भी पुस्तक के लिये वक्तव्य और काशी विश्वविद्यालय के उपकुलपति आचार्य नरेन्द्रदेव जी ने अस्वस्थ रहते हुए भी दो शब्द लिखने का अनुग्रह किया। लेखक इसके लिये इन विद्वानों का अत्यन्त कृतज्ञ है।

पुस्तक में मुद्रण की अशुद्धियाँ रह गई हैं। पाठक कृपया शुद्धिपत्र के अनुसार उन्हें पढ़ने का कष्ट करें।

लेखक

विषय-सूची

पहला अध्याय—पृष्ठ १-५४

दूसरा अध्याय—पृष्ठ ५५-९४

तीसरा अध्याय—पृष्ठ ९५-१३६

संकेत-चिह्न

अका०—	अकारान्त	प्रा० प्र०—	प्राकृत प्रकाश
अमा०—	अर्धमागधी	प्रेरणा०—	प्रेरणार्थक
अ० प्रा०—	अशोकी प्राकृत	फुट०—	फुटनोट
आल०—	आलपन (संबोधन)	बहु०—	बहुवचन
इका०—	इकारान्त	म० पु०	मध्यम पुरुष
उका०—	उकारान्त	भविष्य०—	भविष्यकाल
उ० पु०—	उत्तम पुरुष	भूत०—	भूतकाल
उदा०—	उदाहरण	मा०—	मागधी
एक०—	एकवचन	माहा०—	माहाराष्ट्री
का०—	काण्ड	मोगल्ल०—	मोग्गल्लान
च०—	चतुर्थी	ला०—	लाटी
जै०—	जैन	वर्तमान०—	वर्तमान काल
तृ०—	तृतीया	विधि०—	विधिलिङ्ग
द्वि०—	द्वितीया	व्या०—	व्याकरण
नपुं०—	नपुंसकलिंग	शौ०—	शौरसेनी
परि०—	परिच्छेद	ष०—	षष्ठी
पा०—	पाद	स०—	सप्तमी
पं०—	पञ्चमी	सं०—	संबोधन
प्र०—	प्रथमा	स्त्री०—	स्त्रीलिंग
प्र० पु०—	प्रथम पुरुष	पु०—	पुलिंग
प्रा०—	प्राकृत		

पहला अध्याय

'प्राकृत'—व्युत्पत्ति और विवेचन

भारतीय आर्य भाषाओं का प्राचीन रूप संस्कृत, मध्यकालीन रूप प्राकृत और आधुनिक रूप भाषा के नाम से कहा गया है। प्राचीन आर्य भाषा का समय लगभग १६०० ई० पू० से ६०० ई० पू०, मध्यकालीन का लगभग ६०० ई०पू० से १००० ई० और आधुनिक का लगभग १००० ई० के अनंतर से माना जाता है। प्राचीन आर्य भाषा के अंतर्गत संस्कृत व्यापक भाषा रही परन्तु भाषा की दृष्टि से संस्कृत से भी प्राचीनतर रूप वैदिक अथवा छान्दस् का है, जिसमें चारों वेद—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, वैदिक संहिताएँ, उपनिषद, ब्राह्मणग्रंथ आदि रचनाएँ संग्रहीत हैं। वैदिक रचनाओं में भाषासंबंधी पार्थक्य का कुछ आभास मिलता है, जिस आधार पर यह निश्चित होता है कि उस काल में प्रचलित प्राचीन आर्य भाषा की अनेक बोलियाँ—उदीच्य, मध्यदेशीय, प्राच्य आदि थीं और उन्हीं का साहित्यिक रूप वेद-ग्रंथों में प्रयुक्त होने के कारण वैदिक नाम से प्रचलित हुआ। मध्यकालीन आर्य भाषाओं अथवा प्राकृतों का आधार यही विभिन्न बोलियाँ कही जा सकती हैं। छन्दस्-भाषा और कुछ काल बाद विकसित लौकिक भाषा—संस्कृत में बहुत अन्तर नहीं मिलता। छान्दस् के कुछ स्वच्छंद प्रयोगों को 'संस्कृत' के रूप में वय्याकरणों ने निश्चित कर दिया। इसमें पाणिनि का प्रमुख योग माना जाता है और संस्कृत-व्याकरण की सर्वश्रेष्ठ रचना अष्टाध्यायी उसी की कृति है।

इस प्रकार स्वच्छंद प्रयोगों के लोप होने पर आर्य भाषा के लौकिक-मध्यकालीन रूप प्राकृत का विकास होना आरंभ हुआ। परन्तु इन प्राकृतों ने प्राचीन और प्राचीनतर आर्य भाषा की विशेषताओं को ही अपने विकास का मुख्य आधार बनाया। इसीलिये संस्कृत तथा प्राकृत के वय्याकरणों ने 'प्राकृत' के विकास और विश्लेषण में संस्कृत भाषा को ही उसका आधार माना है। पिशेल ने यह स्पष्ट किया है कि कुछ वय्याकरण 'प्राकृत' शब्द के विश्लेषण—प्राक्+कृत—पहले बनी भाषा के आधार पर इसे संस्कृत से भी प्राचीनतर मानते हैं। रूद्रट कृत-काव्यालंकार के आलोचक नमिसाधु ने शिक्षितों की परिमार्जित भाषा संस्कृत को छोड़कर सर्वसाधारण लोगों में प्रचलित और व्याकरण आदि नियमों से रहित स्वाभाविक वचन-व्यापार को प्राकृत भाषाओं का मूल आधार माना है—"**प्राकृतेति। सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन-व्यापारः प्रकृतिः तत्र भवः सैव वा प्राकृतम्।**" इस प्रकार 'प्राकृत' स्वाभाविक रूप में विकसित अपरि-मार्जित भाषाओं का एक अलग समूह माना जा सकता है। 'प्रकृति' का आशय यदि स्वाभाविक अथवा नैसर्गिक विकास से लिया जाय तो भी प्राकृत भाषाओं की प्रकृति के मूल में कोई न कोई भाषा अवश्य होगी जिसका आधार लेकर प्राकृतों का विकास हुआ वह भाषा संस्कृत मानी गई है परन्तु अनेक वय्याकरणों का उक्त अर्थ में संस्कृत से आशय भारतीय प्राचीन आर्य भाषा से ही हो सकता है जिसमें उसका प्राचीनतर साहित्यिक रूप-वैदिक और उसके अनंतर प्रचलित लोक-भाषा रूप भी सम्मिलित हैं। इस प्रकार संस्कृत भाषा का आधार लेकर विभिन्न कालों और विविध स्थानों की भाषाएँ अनेक प्राकृत-रूपों में व्यक्त हुईं।

प्राकृत का संस्कृत से संबंध-द्योतन कराने के लिये वय्याकरणों ने कई उल्लेख दिये हैं। 'सिंहदेवगणि' ने 'वाग्भट्टालंकार टीका' में संस्कृत के स्वाभाविक रूप से प्राकृत का विकास दिया है—

"प्रकृतेः संस्कृतात् आगतम् प्राकृतम् ।" 'प्राकृत—संजीवनी' में संस्कृत को प्राकृत की योनि माना गया है—"प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः ।" काव्यादर्श की 'प्रेमचन्द्रतर्कवागीश' कृत टीका में संस्कृत के प्रकृत रूप से प्राकृत को उत्पन्न दिया गया है—"संस्कृत-रूपायाः प्रकृतेः उत्पन्नत्वात् प्राकृतम् ।" 'प्राकृत-चन्द्रिका' के आधार पर पेटर्सन ने संस्कृत को ही प्राकृत का प्रकृत रूप माना है—'प्रकृतिः संस्कृतम्' (तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम्)। 'षड्भाषा-चन्द्रिका' में 'नरसिंह' ने संस्कृत के प्रकृत रूप के विकार से प्राकृत की उत्पत्ति सिद्ध की है—'प्रकृतेः संस्कृतायाः तु विकृतिः 'प्राकृती, मता ।' 'वासुदेव' ने 'प्राकृतसर्वम्' में इसी मत को स्वीकार किया है। प्रसिद्ध वय्याकरण हेमचन्द्र ने भी इसकी पुष्टि—'प्रकृतिः संस्कृतम् तत्रभवम् तत् आगतम् वा प्राकृतम्' कहकर की है। 'मार्कण्डेय' ने 'प्राकृत-सर्वस्व' में संस्कृत को प्रकृति मानकर उसी से प्राकृत का विकास दिया है—'प्रकृतिः संस्कृतम् तत्रभवम् प्राकृतम् उच्यते ।" 'नारायण' ने 'रसिकसर्वस्व' में प्राकृत और अपभ्रंश दोनों को ही संस्कृत के आधार पर विकसित माना है—'संस्कृतात् प्राकृतम् इष्टम् ततोऽपभ्रंशभाषाणम् ।' 'धनिक' ने 'दशरूप' में प्रकृत रूप से प्राकृत का विकास और संस्कृत को उसकी प्रकृति माना है—'प्रकृतेः आगतम् प्राकृतम् प्रकृतिः संस्कृतम् ।" 'शंकर' ने 'शाकुंतलम्' में संस्कृत से विकसित प्राकृत को श्रेष्ठ और फिर उससे, अपभ्रंश का विकास दिया है—'संस्कृतात् प्राकृतम् श्रेष्ठम् ततोऽपभ्रंशभाषणम् ।'

इस प्रकार उक्त मतों से स्पष्ट होता है। कि संस्कृत को ही आधार लेकर प्राकृत भाषाओं का विकास हुआ। पहले कहा ही जा चुका है कि संस्कृत को रूढ़ अर्थ में लेने से प्राकृत की उक्त व्याख्याएँ अप्रामाणिक और असंगत ही होंगी क्योंकि प्राकृत भाषाओं के स्वरूप—गठन को देखने से यह सिद्ध नहीं होता। 'प्रकृति' का आशय स्वभाव अथवा जनसाधारण से भी लिया जाता है। इसीलिये हरिगोविंददास

विक्रमचन्द शेठ ने 'प्राकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्' अथवा 'प्रकृतीनां, साधारणजनानाम् इदं प्राकृतम्' के द्वारा प्राकृत की व्याख्या की है। महाकवि वाक्पत्तिराज ने अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य में प्राकृत के विकास के संबंध में व्यक्त किया है कि प्राकृत में ही सब भाषाएँ प्रवेश करती हैं और इसी प्राकृत से ही सब भाषाएँ निकली हैं। जैसे जल समुद्र में प्रवेश करता है और समुद्र से ही (भाप के रूप में) फिर बाहर जाता है।[1] अर्थात् संस्कृत आदि भाषाएँ प्राकृत रूप के आधार पर ही विकसित हुई हैं और मूल भाषा प्राकृत है। संकुचित रूप में प्राकृत शब्द भाषा के अर्थ में और व्यापक अर्थ में रूप की स्वाभाविकता के लिये ग्रहण किया जा सकता है। भाषा के विकास की दृष्टि से भी 'प्राकृत' का संकुचित अर्थ ही लिया जाता है क्योंकि ६०० ई० पू० से लेकर १००० ई० तक की सभी भाषाएँ प्राकृत के नाम से कही गई हैं जिन्हें 'आरंभिक प्राकृत', 'मध्यकालीन प्राकृत' और 'उत्तरकालीन प्राकृत' के नाम से विभाजित किया गया है। आरंभिक प्राकृत के अंतर्गत पालि और शिलालेखी प्राकृत अथवा लेण प्राकृत, मध्यकालीन प्राकृत के अंतर्गत 'माहाराष्ट्री', 'शौरसेनी', 'मागधी', 'अर्ध-मागधी', 'पैशाची' आदि और उत्तरकालीन के अन्तर्गत 'नागर', 'उप-नागर', 'आचड़' आदि अपभ्रंश भाषाओं की गणना की जाती है। परन्तु और भी अधिक संकुचित रूप में कुछ लोगों ने मध्यकालीन प्राकृतों की ही गणना साहित्यिक प्राकृत भाषाओं के रूप में की है।

संस्कृत भाषा की सर्वव्यापकता प्राचीन काल में तो रही ही परन्तु बाद में भी उसका यथेष्ट प्रभाव बना रहा। परन्तु एक काल ऐसा आया जब कि संस्कृत का व्यवहार सामान्य जनता में नहीं रह गया। सर्व-प्रथम अशोक के शिलालेखों तथा सिक्कों पर संस्कृत से भिन्न प्राकृत-भाषा के कुछ उदाहरण मिलते हैं और साथ ही धार्मिक ग्रंथों की

---

१ सयलाओ इमं वाया विसंति एत्तो य णेंति वायाओ।
एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ च्चिय जलाइं॥

प्राकृतों-(पालि और अर्धमागधी) में भी उस काल का संपन्न साहित्य उपलब्ध होता है। सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक तथ्यों का जितना परिचय उक्त प्राकृतों से मिल सकता है उतना उस काल में प्रचलित संस्कृत भाषा से नहीं मिलता। उस काल में उक्त प्राकृतें जन-सामान्य की भाषाएँ थीं, संस्कृत जनता की भाषा नहीं रह गई थी। संस्कृत भाषा का परिष्कार प्रातिशाख्यों के समय से लेकर 'अष्टाध्यायी' और 'महाभाष्य' के समय तक बराबर होता रहा और वह जनसाधारण की भाषा न रह कर सीमित समुदाय की भाषा हो गई थी। प्राचीन आर्य भाषा की विविध बोलियों—'उदीच्य', 'प्राच्य', 'मध्यदेशी' आदि जो ऋग्वेद-काल से ही प्रचलित थीं वे संस्कृत के विकास के समय में भी विविध क्षेत्रों में प्रचलित थीं और फिर उन्हीं क्षेत्रों में विभिन्न प्राकृत रूपों का विकास हुआ तथा इनका प्रचार तब तक बना रहा जब तक कि आधुनिक आर्य भाषाओं का विकास उनके आधार पर नहीं हो गया।

प्राकृत भाषाओं का वर्गीकरण

प्राकृत भाषाओं का वर्गीकरण अनेक रूपों में किया गया है। धार्मिक प्राकृतों के अंतर्गत बौद्ध ग्रंथों की भाषा 'पालि', प्राचीन जैन-सूत्रों की भाषा 'अर्धमागधी' जिसे 'आर्ष' भी कहते हैं, 'जैन माहाराष्ट्री,' जैन शौरसेनी और 'अपभ्रंश' भाषाओं की गणना की गई है। साहित्यिक प्राकृतों के अन्तर्गत 'माहाराष्ट्री', 'शौरसेनी', मागधी, 'पैशाची' और 'अपभ्रंश' तथा उसके अनेक भेद रखे गये हैं। नाटकीय प्राकृतों के अंतर्गत संस्कृत नाटकों में प्रयुक्त 'माहाराष्ट्री', शौरसेनी, मागधी तथा उसके अनेक भेद, अश्वघोष के नाटकों में प्रयुक्त 'प्राचीन अर्धमागधी' भाषाएँ रखी गई हैं। वय्याकरणों के द्वारा वर्णित प्राकृतों में माहाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिका-पैशाची, अपभ्रंश और प्राकृत की अनेक विभाषाओं की गणना की गई है। इनमें काव्यशास्त्र तथा संगीत संबंधी रचनाएँ भी सम्मिलित हैं। उदाहरण के लिये 'रुद्रट' के 'काव्या-

लंकार' पर 'नमिसाधु' की टीका, भरत कृत नाट्यशास्त्र अथवा गीतालंकार आदि। भारतेतर प्राकृत के अंतर्गत 'प्राकृत-धम्मपद' की भाषा जिनके कुछ लेख खोतान प्रदेश में खरोष्ठी लिपि में उपलब्ध हुए, मध्यएशिया में उपलब्ध लेखों की 'निया' और 'खोतानी' प्राकृतें रखी गई हैं। शिलालेखी प्राकृत के अंतर्गत ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों में भारत और सिंहल में उपलब्ध अशोक के समय और उसके बाद की स्तंभों, शिलालेखों आदि की भाषा रखी गई है। इनके अंतर्गत सिक्कों तथा ताँबे की प्लेटों पर उपलब्ध भाषा की गणना भी की जाती है। 'विकृत संस्कृत' (Popular Sanskrit)—हिन्दू, बौद्ध और जैन ग्रंथों में उपलब्ध प्राचीन आर्य भाषा का वह प्राकृत-रूप है जो उस काल में प्रचलित हुआ जब संस्कृत व्याकरणिक नियमों में बिल्कुल जकड़ दी गई थी।

प्राकृत के उपर्युक्त सभी विभाजनों का संक्षिप्त विवरण यहाँ पर अपेक्षित है। परन्तु साहित्यिक प्राकृतों के अतिरिक्त धार्मिक प्राकृतों में पालि, अर्धमागधी, जैन माहाराष्ट्री, जैन शौरसेनी, नाटकीय प्राकृतें, वय्याकरणों के द्वारा वर्णित प्राकृतों आदि की विशेषताओं का ही केवल संक्षिप्त विवरण यहाँ पर दिया जायेगा।

प्राकृत-वय्याकरण

प्राचीनतम प्राकृत-व्याकरण प्राकृत-प्रकाश के रचयिता 'वररुचि' ने माहाराष्ट्री, पैशाची, मागधी और शौरसेनी का उल्लेख किया है। 'हेमचन्द्र' ने इन चारों के अतिरिक्त 'चूलिका पैशाचिक', 'आर्ष' (अर्ध-मागधी) और अपभ्रंश का भी उल्लेख किया है। 'त्रिविक्रम', 'लक्ष्मीधर', 'सिंहराज', 'नरसिंह' आदि ने हेमचन्द्र के विभाजन का अनुसरण किया है। इनमें केवल त्रिविक्रम के अतिरिक्त शेष ने 'आर्ष' को छोड़ दिया है। इन छः भाषाओं—'माहाराष्ट्री', 'शौरसेनी', 'मागधी', 'पैशाची', 'चूलिका पैशाची' और 'अपभ्रंश' को 'षड्भाषा' के नाम से भी कहा

गया है। मार्कण्डेय ने इन छः के स्थान पर सोलह भाषाओं का उल्लेख किया है। उनके अनुसार प्राकृतों को भाषा, विभाषा, अपभ्रंश और पैशाच चार वर्गों में बाँटा गया है। भाषा के अंतर्गत माहाराष्ट्री, शौरसेनी, प्राच्या, आवन्ती, मागधी, दाक्षिणात्य एवं वाह्लीकी विभाषा के अंतर्गत शाकारी, चाण्डाली, शाबरी, आभीरिकी, ढक्की, मुख्य रूप हैं, ओड्री और द्राविड़ी विभाषाएँ नहीं मानी गई हैं, अपभ्रंश के २७ रूपों को नागर, उपनागर और व्राचड़ में और ११ पैशाची विभाषाओं को 'कैकय', 'शौरसेन' और 'पाञ्चाल' तीन रूपों में गणना की गई है। 'रामतर्कवागीश' और 'पुरुषोत्तम' ने भी मार्कण्डेय के उक्त विभाजन का समर्थन किया है।

समस्त प्राकृत भाषाओं में 'माहाराष्ट्री' प्राकृत को ही सर्वोच्च माना जाता है। आचार्य दण्डी ने 'काव्यादर्श' में इसकी उत्कृष्टता का उल्लेख इस प्रकार किया है—**माहाराष्ट्राश्रयां भाषाम् प्रकृष्टम् प्राकृतम् विदुः** अर्थात् विद्वानों के द्वारा प्राकृतों में माहाराष्ट्री भाषा उच्च मानी गई है। संस्कृत के सन्निकट होने के कारण माहाराष्ट्री को ही सब प्राकृतों का आधार माना जाता रहा है। इसीलिये भारतीय वय्याकरणों ने माहाराष्ट्री प्राकृत को ही सर्वप्रथम स्थान दिया है। 'वररुचि' ने 'प्राकृत-प्रकाश' में माहाराष्ट्री को ही प्रमुख स्थान दिया है। अन्य प्राकृतों की कुछ विशेषताएँ देकर शेष को माहाराष्ट्री के सदृश लिख दिया है—**शेषं माहाराष्ट्रीवत्**।

'वररुचि' ने अपभ्रंश भाषा का उल्लेख प्राकृत-प्रकाश में नहीं किया है। 'लेसेन' (Lassen) के मतानुसार अपभ्रंश वररुचि से पूर्व प्रचलित भाषा थी परन्तु 'पिशेल', 'ब्लाक' आदि विद्वान उक्त मत से सहमत नहीं है। 'नमिसाधु' ने काव्यालंकार में संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश तीनों को भिन्न रूप में दिया है—**"यद् उक्तम् कै चित् यथा प्राकृतम् संस्कृतम् चैतद् अपभ्रंश इति त्रिधा।"** प्रायः लोगों ने तीनों को अलग-अलग ही स्वीकार किया है। 'दण्डी' ने काव्यादर्श में

साहित्यिक और जन-भाषा के अलग-अलग रूप दिये हैं। संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश में लिखे हुए अलग-अलग काव्य और इनमें से किसी दो में लिखा काव्य 'मिश्र' रूप के नाम से दिया गया है। दण्डी ने काव्य में व्यवहृत आभीर और धर्म-सूत्रों की भाषा को अपभ्रंश माना है। शास्त्रीय दृष्टि से अपभ्रंश को संस्कृत से भिन्न माना गया है। 'मार्कण्डेय' ने 'आभीरों' की भाषा आभीरिकी की गणना विभाषा और अपभ्रंश के अन्तर्गत की है जिसके २६ प्रकार दिये गये हैं—पांचाल, मालव, गौड़, ओड्र, कलिंग, कर्नाटक; द्राविड़, गुर्जर आदि। अपभ्रंश इस प्रकार आर्य और आर्येतर की जन-भाषा के रूप में भी मानी गई है।

'रामतर्कवागीश' के मतानुसार नाटक में व्यवहृत विभाषा को अपभ्रंश कहना ठीक नहीं है। अपभ्रंश उन्हीं भाषाओं को कहना चाहिये जिनको जनता बोलने में प्रयुक्त करे। मागधी का साहित्यिक रूप भाषा है और मौखिक रूप अपभ्रंश। 'रविकर' ने अपभ्रंश के दो रूप दिये हैं—एक का विकास साहित्यिक प्राकृत के आधार पर हुआ परन्तु विभक्ति, समास, शब्द-विन्यास आदि की दृष्टि से वह भिन्न है और दूसरी देशी भाषा का रूप है। वाग्भट्ट ने 'वाग्भट्टालंकार' में चार भाषाओं का उल्लेख किया है—संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और भूतभाषित (पैशाची) और इनमें अपभ्रंश शुद्ध भाषा मानी गई है—"अपभ्रंशः तुयच् शुद्धम् तत्तद्देशेषुभाषितम्।" अलंकार-तिलक में 'परवर्ती वाग्भट्ट' (Younger Vagbhatta) ने संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और ग्राम्यभाषा की भिन्नता स्पष्ट की है। इस प्रकार संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश भिन्न प्रकार की भाषाएँ कही जा सकती हैं। संस्कृत को प्राचीन आर्य भाषा का प्रतिनिधि रूप में मान कर ही प्राकृतों का संबंध उससे जोड़ा गया है अन्यथा लौकिक संस्कृत जिसमें काव्य, नाटक आदि सभी रचनाएँ लिखी गईं और साहित्यिक प्राकृतें दोनों ही वैदिक संस्कृत की उपज हैं। अन्तर केवल

इतना ही है कि लौकिक संस्कृत अकेली भाषा थी जो वैदिक से प्रभावित हुई और प्राकृत के विविध रूप थे जो वैदिक की विशेषताओं को लेकर विकसित हुए परन्तु उनका संबंध वैदिक से उतना ही है जितना संस्कृत का। अतएव लौकिक संस्कृत और प्राकृतों में भाषा-विकास की दृष्टि से बहनवत् संबंध स्थिर किया जा सकता है।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि 'प्राकृत-प्रकाश' प्राकृत भाषाओं की प्राचीनतम रचना है। उक्त ग्रंथ पर 'मनोरमा' नाम से 'भामह' की प्राचीनतम टीका है। इसके अतिरिक्त वसन्तराज की टीका 'प्राकृत-संजीविनी', सदानंद की टीका 'प्राकृत-सुवोधिनी' भी प्रसिद्ध हैं। 'प्राकृत-मञ्जरी' नाम की एक पद्यात्मक टीका भी है। नारायण-विद्याविनोद की क्रमदीश्वर रचित संक्षिप्तसार पर लिखी टीका प्राकृतपाद अब 'प्राकृतप्रकाश' पर की हुई टीका मानी जाती है क्योंकि इसमें सन्निविष्ट छः परिच्छेद प्राकृत प्रकाश के सात परिच्छेदों से बिल्कुल मिलते हैं। प्राकृतव्याकरणों में चण्ड कृत 'प्राकृतलक्षण' भी अत्यंत प्राचीन मानी है। इसमें माहाराष्ट्री और जैन प्राकृतों—अर्धमागधी, जैनशौरसेनी, जैन माहाराष्ट्री का उल्लेख किया गया है। हेमचन्द्र रचित 'प्राकृत-व्याकरण'—सिद्ध हेमचन्द्र के नाम से पूर्ण और प्रसिद्ध व्याकरण है। हेमचन्द्र ने स्वयं ही बृहत् और लघु वृत्तियों में अपने व्याकरण की टीका प्रस्तुत की है। लघुवृत्ति 'प्रकाशिका' के नाम से मिलती है। उदयसौभाग्यगणिन् के द्वारा 'प्रकाशिका' पर की हुई एक टीका 'हैम-प्राकृतवृत्तिढुण्ढिका' अथवा 'व्युत्पत्तिवाद' मिलती है। हेमचन्द्र के आठवें परिच्छेद पर नरेन्द्र चन्द्रसूरि रचित प्राकृत-प्रबोध टीका उपलब्ध होती है। हेमचन्द्र की भाँति क्रमदीश्वर ने 'संक्षिप्तसार' नामक संस्कृत्-व्याकरण लिखा जिसका आठवाँ परिच्छेद 'प्राकृत-व्याकरण' है। उसने वररुचि का ही प्रायः अनुसरण किया है। उसका काल हेमचन्द्र और बोधदेव के बीच १२ वीं-१३ वीं शताब्दी के बीच माना जाता है। पूर्वी सम्प्रदाय के प्राकृत वय्याकरणों में पुरुषोत्तम, रामशर्मन और

मार्कण्डेय आदि मुख्य माने जाते हैं। पुरुषोत्तमदेव रचित 'प्राकृतानुशासन' की केवल एक हस्तलिखित प्रति १२६५ ई० की रचित खाटमण्ड, नेपाल के पुस्तकालय में नेवारी लिपि में उपलब्ध हुई है। रामशर्मन तर्कवागीश रचित 'प्राकृत-कल्पतरु' की एक हस्तलिखित प्रति १६८६ ई० की मिली है। मार्कण्डेय रचित प्राकृत-सर्वस्व उक्त दोनों रचनाओं की अपेक्षा अधिक ज्ञात है। उसका समय सत्रहवीं शताब्दी का उत्तरकाल माना जाता है।

'अरिविक्रम' का प्राकृत-व्याकरण हेमचन्द्र के व्याकरण के अनुसरण पर रचित है। रचयिता का समय १३वीं शताब्दी के लगभग है। पश्चिमी संप्रदाय के प्राकृत वय्याकरणों में त्रिविक्रम प्रमुख हैं और सिंहराज, लक्ष्मीधर अन्य प्रतिनिधि हैं। सिंहराज रचित प्राकृतरूपावतार और लक्ष्मीधर रचित षडभाषा-चन्द्रिका रचनाएँ हैं। अप्पयदीक्षित रचित प्राकृत-मणिदीप भी उक्त संप्रदाय की रचना है। इसी के अंतर्गत शुभचन्द्र रचित 'शब्द-चिन्तामणि' भी है। कोई रावण रचित 'प्राकृत-कामधेनु' अथवा 'प्राकृत-लंकेश्वर' और कृष्णपण्डित अथवा शेषकृष्ण रचित 'प्राकृतचन्द्रिका' का भी उल्लेख मिलता है। इस प्रकार अनेक प्राकृत वय्याकरणों द्वारा प्राकृत भाषाओं पर यथेष्ट प्रकाश पड़ता है। यह अवश्य है कि प्रायः सभी वय्याकरणों ने प्राकृतों का संबंध लौकिक संस्कृत से ही स्थिर किया है, वैदिक से नहीं। यद्यपि प्राकृत भाषाओं का लौकिक संस्कृत की अपेक्षा वैदिक से ही संबंध अधिक स्वाभाविक माना गया है।

प्राकृत-धम्मपद

खोतान में खरोष्ठी लिपि में १८९२ ई० में फ्रांसीसी यात्री 'एम्० डुत्रुइल द राँ' (M. Dutreiul de Rhine) के द्वारा कुछ महत्वपूर्ण लेख प्राप्त हुए। रूसी विद्वान 'डी० ओल्डेनबर्ग' (D. Oldenburg) ने उन लेखों का स्पष्टीकरण किया और फ्रांसीसी

विद्वान 'ई० सेनार्ट' (E. Senart) ने उसे १८६७ ई० में पूर्व संपादित लेखों के अंश के रूप में सिद्ध किया और फिर अंग्रेज तथा भारतीय विद्वानों ने भी इस ओर ध्यान दिया और उसका एक संस्करण कलकत्ता विश्वविद्यालय से 'बी० एम्० बरुआ' और 'एस्० मित्रा' ने सन् १६२१ में 'प्राकृत धम्मपद' के नाम से प्रकाशित किया। इसकी भाषा पश्चिमोत्तर प्रदेश की बोलियों से मिलती है। 'ज्यूल्स् ब्लाक' (Jules Bloch) ने 'खरोष्ठी धम्मपद' की ध्वनि संबंधी तथा अन्य विशेषताओं के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि इसका मूल भारतवर्ष में ही लिखा गया था। खरोष्टी अक्षरों में होने के कारण इसका नाम 'खरोष्ठी धम्मपद' पड़ गया। यद्यपि भाषा की दृष्टि से उसका नाम 'प्राकृत-धम्मपद' अधिक उपयुक्त कहा जायेगा। उक्त उपलब्ध ग्रन्थ के बारह वर्गों (परिच्छेद) में २३२ छंदों का संग्रह मिलता है। इसका रचनाकाल २०० ई० के लगभग आँका गया है।

निया-प्राकृत

'सर ओरेल स्टेइन' (Sir Aurel Stein) ने चीनी तुर्किस्तान में कई खरोष्ठी लेखों का अनुसंधान किया। स्टेइन ने तीन बार की यात्राओं—पहली १६००-१६०१ ई०, दूसरी १६०६-१६०७ और तीसरी १६१३-१६१४, में निया प्रदेश से अनेक लेखों को प्राप्त किया और इनका संपादन ए० एम्० ब्वायर, ई० जे० रैप्सन्, ई० सेनार्ट ने क्रमश: १६२० ई०, १६२७ ई० और ११२६ ई० में खरोष्ठी शिलालेख (Kharosthi Inscriptions) के नाम से किया। सन् १६३७ ई० में 'टी० वरो' (T. Burro) ने प्रकाशित टिप्पणी में इन लेखों को किसी भारतीय प्राकृत में, जो 'शनशन' प्रदेश की तीसरी शताब्दी में राजकीय भाषा थी, लिखा हुआ बताया। चूँकि अधिकांश सभी लेख निया-प्रदेश से उपलब्ध हुए इसलिये इसे 'निया प्राकृत' के नाम से कहा गया है। इस भाषा का मूल स्थान भारत का पश्चिमोत्तर प्रदेश—संभवत: पेशावर के आसपास माना

गया है। क्योंकि इसकी भाषा का संबंध पूर्व उल्लिखित खरोष्ठी-धम्मपद और अशोक के पश्चिमोत्तर प्रदेश के खरोष्ठी शिलालेखों की भाषा से है। उक्त लेखों में राजा की ओर से ज़िलाधीशों को आदेश, क्रय-विक्रय संबंधी पत्र, निजीपत्र तथा अनेक प्रकार की सूचियाँ उपलब्ध हैं। इसकी भाषा की एक विशेषता यह है कि दीर्घस्वरों, अन्य स्वरों और सघोष ऊष्म ध्वनियों के लिये जिनका प्रयोग भारतीय प्राकृतों में नहीं होता लिपि-चिह्न मिलते हैं। 'निया प्राकृत' पर ईरानी, तोखारी और मंगोली भाषाओं का पर्याप्त प्रभाव मिलता है। इसका उद्भव-काल तीसरी शताब्दी माना गया है।

शिलालेखी प्राकृत

प्रारंभिक और प्राचीन प्राकृतों में पालि और शिलालेखों की भाषा की गणना होती है। और ३०० ई० पू० के कुछ शिलालेख भी महत्वपूर्ण है। इनमें उत्तर बंगाल का महास्थान का शिलालेख (Mahasthan Stone Plaque Inscription), मध्य-भारत का जोगीमार गुफा लेख (Jogimara cave Inscription), पश्चिमोत्तर बिहार का सोहगौरा कॉपर प्लेट लेख (Sohgaura copper plate Inscription), ग्वालियर का वेसनगर स्तंभ लेख (Besnager Pillar Inscription) पश्चिमोत्तर भारत का खरोष्ठी में शिन्कॉट कॉसकेट लेख (Shinkot casket Inscription) उड़ीसा का हाथीगुम्फा लेख आदि मुख्य हैं। अशोक के अधिकांश शिलालेख ब्राह्मी लिपि में ही मिलते हैं। खरोष्ठी लिपि में शाहाबाजगढ़ी और मानसेहरा के शिलालेख मिलते हैं। अशोक की धर्मलिपियाँ छः रूपों में विभाजित की गई हैं। शिला-लेख के अन्तर्गत खरोष्ठी अक्षरों में शाहाबाजगढ़ी, और मानसेहरा और ब्राह्मी लिपि में गिरिनार, कालसी, धौली, जौगढ़ और सोपार के लेख हैं। लघु शिलालेख (Minor Rock Edicts) के अन्तर्गत रूप-

नाथ, सहसराम, वैरट, ब्रह्मगिरि, सिद्धापुर, जटिंग रामेश्वर, मस्की, कोपवाल, येर्रगुड़ि के लेख हैं। स्तम्भ-लेख (Pillar Edicts) दिल्ली-तोपरा, दिल्ली, मिरत, इलाहाबाद, कौशाम्बी, रधिया और मथिया और रामपूर्वा के लेख हैं। लघु स्तंभ लेख (Minor Pillar Edicts) सारनाथ, साँची, इलाहाबाद, कौशाम्बी में मिलते हैं। स्तंभ दान लेख (Pillar Dedication) रुम्मिन्देइ और नेपाल के नीगलिव स्थानों में मिले हैं। लेणलेख (Cave Inscriptions) गया ज़िले के बराबार और नागार्जुन गुफाओं में उपलब्ध हुए हैं। इस प्रकार अशोक के शिलालेख भारत के चार भागों का प्रतिनिधित्व करते हैं—पश्चिमोत्तरी समूह (उदीच्य), दक्षिण-पश्चिमी समूह (प्रतीच्य), मध्य-पूर्वी समूह (प्राच्य-मध्य) और पूर्वी समूह (प्राच्य)। पिशेल ने स्पष्ट किया है कि सेनार्ट ने अशोक के धर्मलिपियों की भाषा शिलालेखी प्राकृत (Prakrit Monumental) के नाम से दी है। परंतु यह नाम भ्रामक है क्योंकि इससे भाषा की कृत्रिमता का बोध होता है। चूँकि अधिकांश शिलालेख गुफाओं में मिलते हैं इसलिये पिशेल ने इनको लयन > लेण विभाषा की संज्ञा दी है। इसी प्रकार का एक शब्द लाट (स्तंभ) < लट्ठि < यष्टि भी है, क्योंकि अशोक के लेख अनेक लाटों पर मिलते हैं इसलिये इसे 'लाटविभाषा' भी कहा गया है। इन लेखों की भाषा का संस्कृत के विकास से सीधा सम्बन्ध नहीं है। इनकी विशेषताएँ अधिकांश रूप में प्राकृत से ही मिलती हैं इसलिए इनकी गणना प्राकृत समूह के अन्तर्गत ही की जाती है।

अशोक के अतिरिक्त ब्राह्मी अक्षरों में अन्य शिलालेख भी मिलते हैं जो भारत के विभिन्न भागों और कालों से सम्बन्ध रखते हैं। ये अधिकतर ३०० ई० पू० से ४०० ई० तक के हैं। कुल की संख्या २००० के लगभग होगी। कुछ तो काफी लम्बे हैं और कुछ केवल एक ही पंक्ति के मिलते हैं। 'खारवेल हाथी गुम्फा लेख, उदयगिरि और

इसी भाषा में हैं जिनका अध्ययन अमरीका के विद्वान फ्रैंकलिन् एज्-र्टन् (Franklin Edgertan) ने किया है। सुवर्ण—भाषोत्तम-सूत्र भी इसी प्रकार की रचना है। डॉ० ए० एन्० उपाध्ये द्वारा संपादित 'वाराङ्गचरित' और श्री मुल्कराज जैन द्वारा संपादित 'चित्त-सेन पद्मावती चरित' की भूमिका में इस भाष्य का उल्लेख किया गया है। सर्वप्रथम अमरीका के ही विद्वान मॉरिस ब्लूमफील्ड ने जैन ग्रंथों में प्रयुक्त इस भाषा की ओर संकेत किया। जैन ग्रंथों की कहा-नियों तथा अन्य प्रकार की रचनाओं को सर्वसाधारण को संभवतः समझाने के लिये इस भाषा का आश्रय लिया गया है। इसी प्रकार रामायण, महाभारत तथा पुराणों का संस्कृत भाषा में अनेक ऐसे ही प्रयोग मिलते हैं जो प्राकृत भाषा की विशेषताओं से संबंध रखते हैं। प्राकृत के शब्दों और रूपों के प्रयोग शुद्ध संस्कृत के रूप को बदल देते हैं। भण्डारकर ऑरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना द्वारा प्रका-शित महाभारत के संस्करण में ग्रंथ की संस्कृत भाषा का वैज्ञानिक ढंग से विवेचन मिलता है और उसी के आधार पर प्राकृत की विशेष-ताओं के समावेश की भी पर्याप्त जानकारी हो जाती है। अतएव उक्त ग्रंथों द्वारा संस्कृत भाषा पर भी प्राकृत के प्रभाव का यथेष्ट परिचय मिल जाता है।

नाटकीय प्राकृतें

जैसा पहले कहा जा चुका है कि संस्कृत नाटकों में प्राकृतों का प्रयोग पर्याप्त मात्रा में मिलता है और यह परंपरा अत्यन्त प्राचीन मानी जाती है। नाट्यशास्त्र, दशरूप और साहित्यदर्पण के अनुसार उच्च श्रेणी के पुरुष और महिलाएँ, भिक्षुणी, अग्रमहिषी, राजमंत्रियों की सुपुत्रियाँ, महिला-कलाकार आदि के द्वारा संस्कृत का व्यवहार होता था और अन्य स्त्री-वर्ग, अप्सराओं आदि में प्राकृत का प्रयोग मिलता है। अग्रमहिषी भी प्राकृत का प्रयोग करती है। गणिका की भाषा के संबंध में निम्न-

लिखित उल्लेख मिलता है—"**गणिया चउसट्ठि कला पण्डिया चउसट्ठि गणिया गुणोववेया अठारह संदेसी भाषाविसारया।**" नायाधम्मकहा, विवागसूत्र, कुमार-संभाव, सरस्वती में दो भाषाओं का प्रयोग हुआ है। शिव का कथन संस्कृत और पार्वती का प्राकृत में मिलता है। राजशेषर की कर्पूरमंजरी में भी संस्कृत और प्राकृत दोनों का प्रयोग हुआ है। मृच्छकटिक में विदूषक कहता है कि दो वस्तुएँ हास्य को उत्पन्न करती हैं। एक तो किसी स्त्री के द्वारा संस्कृत भाषा का प्रयोग और दूसरे किसी पुरुष के द्वारा धीमे स्वर में गान। सूत्रधार वाद में जो विदूषक का भी कार्य करता है, संस्कृत का व्यवहार करता है परन्तु ज्यों ही वह स्त्रियों को सम्बोधित करता है तो वह प्राकृत का प्रयोग करने लगता है। पृथ्वीधर ने स्त्रियों की भाषा प्राकृत स्वीकार नहीं की है—"**स्त्रीषु न प्राकृतम् वदेत।**" परन्तु तथ्य यह है कि स्त्रियों की भाषा प्राकृत है। इसे प्रायः सभी वय्याकरणों ने स्वीकार किया है। परन्तु वे संस्कृत भी बोलती हैं और समझती हैं। पिशेल के अनुसार विद्धशालभञ्जिका में विचक्षणा, मालती-माधव में मालती, प्रसन्नराघव में लवंगिका और सीता संस्कृत भाषा में गीतों का गान करती हैं। अनर्घराघव में कलहंसिका, मल्लिकामारुतम् में सुभद्रा, मल्लिका, नवमालिका, सारसिका, कालिन्दी संस्कृत भाषा में वार्तालाप और गान दोनों करती हैं।

पुरुष भी वार्तालाप में तो प्राकृत का प्रयोग करते हैं, परन्तु गीत संस्कृत में गाते हैं। कंसवध में द्वारपाल, धरण्य में नापित आदि। जीवानंदन में धारणा प्राकृत का प्रयोग करती है परन्तु तपस्विनी के रूप में वह संस्कृत में वार्तालाप करती है। इसी प्रकार मुद्राराक्षस में राक्षस राजमंत्री से संस्कृत में वार्तालाप करता है। सर्वप्रथम अश्वघोष के नाटकों में जिसका रचनाकाल १०० ई० माना जाता है और जो मध्यएशिया से उपलब्ध और जर्मनविद्वान 'ल्युडर्स' (Luders) द्वारा संपादित हुआ, प्राकृत भाषाओं का

प्रयोग मिलता है। नाटक की भाषा अर्वाचीन नाटकों की अपेक्षा अत्यंत प्राचीन है। 'ल्युडर्स' ने नाटक में प्रयुक्त प्राकृतों के तीन रूप दिये हैं — दुष्ट की भाषा प्राचीन मागधी, गणिका और विदूषक की भाषा प्राचीन शौरसेनी और गोभम-तापस की भाषा को प्राचीन अर्ध-मागधी। इनकी भाषा का रूप अशोकी प्राकृत से भी मिलता है। दुष्ट की भाषा प्राचीन मागधी में र > ल, ष, स > श,–अः >-ए, अहं > अहकं, षष्ठी एक०–हो भाषा संबंधी विशेषताएँ मिलती हैं। गणिका और विदूषक की भाषा प्राचीन और शौरसेनी में–अः 7-ओ 'न्य्,–ज्ञ् > ञ्ञ्, ऋ > इ, व्य > व्व्, त्व् > क्व्, कृत्वा > करिय, 'भवान् > भवाम्' आदि उदाहरण शौरसेनी भाषा के हैं। गोभम तापस की भाषा मध्यपूर्वीसमूह अथवा प्राचीन अर्ध-मागधी में 'र > ल,–अः> –ओ, श का अभाव–'क,–आक,–इक प्रत्ययों' का व्यापक प्रयोग मिलता है। अश्वघोष के अनंतर भास के नाटकों में प्रयुक्त प्राकृत प्रारंभिक रूप में मानी जाती है। इसकी हस्तलिखि प्रतियाँ अधिकतर दक्षिण भारत में मिली हैं। इसीलिये दक्षिण की लिपियों में प्राकृत भाषा अत्यंत प्राचीन सी लगती है। परन्तु प्राकृतों के अध्ययन के लिये मृच्छ-कटिक नाटक का अधिक महत्व है, जिसके लेखक शूद्रक माने गये हैं।

संस्कृत नाटकों में प्राकृतों के प्रयोग की परंपरा ११०० ई० तक तो बिल्कुल स्वाभाविक रूप में मिलती है क्योंकि तब तक प्राकृतों का व्यापक प्रयोग जनसाधारण में प्रचलित था परन्तु ११ वीं शताब्दी के अनंतर रचे हुए नाटकों में भी यहाँ की १७ वीं शताब्दी के नाटकों में भी संस्कृत नाटकों में प्राकृतों का प्रयोग काव्यशास्त्रियों और वय्याकरणों द्वारा निर्देशित नियमों के अनुसार ही कहा जायगा। अश्वघोष, भास, शूद्रक, कालिदास आदि ने तो अपने नाटकों में लौकिक व्यवहार के कारण ही विविध पात्रों के अनुसार प्राकृत भाषा का प्रयोग किया होगा परन्तु बाद में वही नाटकों की भाषा का एक नियमित रूप बन गया। नाटकों में प्रयुक्त शौरसेनी के

दो प्रधान रूप प्राच्या और आवन्ती, दाक्षिणात्य निश्चित किये गये हैं। मृच्छकटिक में पृथ्वीधर के अनुसार विदूषक प्राच्या का प्रयोग करता है। वीरक आवन्ती का व्यवहार करता है। पिशेल के अनुसार दक्षिण-निवासी चन्दनक दाक्षिणात्य का प्रयोग करता है। इसी में राजा का साला शाकार, स्थावरक कुंभीलक, वर्धमानक, चाण्डाल आदि मागधी का प्रयोग करते हैं शाकार मागधी की एक विभाषा शाकारी का प्रयोग करता है, माथुर ढक्की का और चांडाल चांडाली का। शकुन्तला में मछुए, पुलिस कर्मचारी, सर्वदमन मागधी का प्रयोग करते हैं। मागधी का प्रयोग प्राय: निम्नश्रेणी के व्यक्तियों तथा बौने, विदेशी, जैन-भिक्षु आदि के द्वारा मिलता है। इसी प्रकार शौरसेनी संस्कृत नाटकों में महिलाओं, शिशुओं, नपुंसकों, ज्योतिषियों, विक्षिप्त, अस्वस्थ आदि लोगों की भाषा है। माहाराष्ट्री का उपयोग गीतों के लिये किया गया है। परन्तु विविध पात्रों के द्वारा गद्य की भाषा मागधी और शौरसेनी के प्रयोग में वय्याकरणों तथा विद्वानों में पर्याप्त मत-भेद मिलता है। भरत और साहित्य-दर्पणकार के अनुसार जो व्यक्ति हरम से सम्बद्ध होते हैं उनकी भाषा मागधी होती है। जैसे नपुंसक, किरात, म्लेच्छ, आभीर, शाकार आदि। दशरूप तथा सरस्वती-कंठाभरण के अनुसार मागधी का प्रयोग पिशाच तथा निम्नकोटि और निम्न पेशे के व्यक्ति करते हैं। मृच्छकटिक में चारुदत्त के शिशु और शाकुंतलम् में शकुंतला के पुत्र की भाषा वय्याकरणों के अनुसार निर्देशित शौर-सेनी न होकर मागधी है।

परन्तु प्रबोधचंद्रोदय में चार्वाक के पुरुष, उड़ीसा के दूत, दिगंबर-जैन, मुद्राराक्षस में अनुचर, जैनभिक्षु, दूत समिद्धार्थक, चांडाल की भाषा वय्याकरणों के द्वारा निर्देशित मागधी ही है। यद्यपि अन्य वेष में उनमें से कुछ पात्र शौरसेनी का भी प्रयोग करते हैं। ललित-विग्रहराज नाटक में भाट, गुप्तचर मागधी के अतिरिक्त शौरसेनी में भी वार्तालाप करते हैं। वेणीसंहार में राक्षस और राक्षसी, मल्लिकामोद में

महावत, नागानंद, चैतन्य चन्द्रोदय में अनुचर, चण्डकौशिक में चांडाल, धूर्त-समागम में नाई, हास्यार्णव में चारुहिंसक, कंसवध में कुवड़ा, अमृतोदय में जैनभिक्षु मागधी भाषा का ही प्रयोग करते हैं। इस प्रकार संस्कृत के प्राय: सभी नाटकों में एक-दो को छोड़ कर सभी पात्र वय्याकरणों द्वारा निर्देशित प्राकृत भाषा का ही प्रयोग करते हैं। जो कुछ कहीं पर. भेद मिलता भी है वह शौरसेनी के प्रभाव के कारण अथवा ग्रंथों में पाठ-भेद के कारण माना गया है।

मृच्छकटिक नाटक में प्रयुक्त शाकारी को पृथ्वीधर ने अपभ्रंश का रूप माना है परन्तु क्रमदीश्वर, रामतर्कवागीश, मार्कण्डेय, साहित्य-दर्पणकार, भरत, लेसेन (Lassen) आदि ने उसे मागधी की एक विभाषा निश्चित की है। मार्कण्डेय ने स्पष्ट रूप से कहा है—**मागध्याः शाकारी। (साध्यतीति शेषः)**। पृथ्वीधर के अनुसार इस विभाषा में तालव्य व्यंजनों के पूर्व–य् का बहुत सी ह्रस्व उच्चारण सम्मिलित रहता है और यह विशेषता मागधी और व्राचड़ अपभ्रंश दोनों की है। षष्ठी एक० में—आह, सप्तमी एक०—अहिं, संबोधन बहु०—आहो रूप भी अपभ्रंश में मिलते हैं। अतएव पृथ्वीधर का वर्गीकरण बिल्कुल निराधार नहीं है। इसी प्रकार चांडाली को मागधी और शौरसेनी दोनों से संबंधित किया जाता है परन्तु लेसेन के अनुसार यह मागधी का ही एक रूप है। मार्कण्डेय ने चांडाली से शाकारी का विकास माना है और उसे ही शौरसेनी और मागधी से भी संबंधित किया है। मार्कण्डेय के अनुसार बाह्लीकी भी मागधी का ही एक रूप है अन्य लोगों ने उसे पिशाच देश की भाषा से संबंधित किया है। वस्तुत: यह कहा जा सकता है कि मागधी कोई एक भाषा नहीं थी वरन् वह अनेक विभाषा रूपों में प्रचलित भाषा थी। मृच्छकटिक में गणिका के संरक्षक तथा उसके साथियों की भाषा ढक्की है। यह ढक्की विभाषा पूर्वी बंगाल के ढाका प्रदेश की विभाषा मानी गई है। पृथ्वी-धर ने ढक्की को शाकारी, चांडाली, शाबरी के सदृश ही अपभ्रंश से

संबद्ध किया है। कुछ लोगों के मतानुसार यह मागधी और अपभ्रंश के बीच की स्थिति की सान्ध्य भाषा है। पृथ्वीधर के अनुसार यह लकार और शकार युक्त विभाषा थी—'**लकारस्य ढक्क विभाषा संस्कृत प्रायत्वे दन्त्य तालव्य शकारद्वय युक्ता।**' उदा०—र>ल, स, ष>श। हस्तलिखित प्रतियों में ये शुद्ध रूप मिलते हैं—'रुद्ध>लुद्धु', 'कुरुकुरु>कुलुकुलु', 'धारयति>धालेदि', 'पुरुष:>पुलिशे'। अतएव ध्वनियों के ये रूप इसका संबंध मागधी से स्थापित करते हैं। इसके पद-विकास में—अ:>-उ रूप का प्रयोग अपभ्रंश के सदृश हुआ है। कुछ प्रतियों में वद्धे, माथुलु शब्दों के स्थान पर वद्धो, माथुरु मिलते हैं। ये विशेषताएँ ढक्की के प्रतिकूल हैं। परन्तु अधिक प्रामाणिक रचनाओं के अभाव में उक्त विभाषा का कोई निश्चित रूप स्थिर करना संभव नहीं है।

शौरसेनी की एक विभाषा 'अवन्तिका' का प्रयोग मृच्छकटिक में जैसा कि पहले कहा जा चुका है, पुलिस पदाधिकारी वीरक, चन्दक आदि करते हैं। इसमें 'र,''स' ध्वनियों तथा लोकोक्ति आदि का बाहुल्य मिलता है। पृथ्वीधर ने उसे इस प्रकार स्पष्ट किया है—'**शौरसेनी अवन्तिजा प्राच्य एतासु दन्त्य सकारता। तत्रावन्तिजा रेफवती लोकोक्ति बहुला।**' लेसेन के अनुसार अवन्तिका मथुरा की भाषा थी। मार्कण्डेय और क्रमदीश्वर के अनुसार यह माहाराष्ट्री और शौरसेनी का मिश्रित रूप था, जिसे इस प्रकार दिया गया है—"**आवन्ती स्यात् माहाराष्ट्री शौरसेन्याः तु संस्कृतात्। अन्ययोः संस्काराद् आवन्ती भाषा सिद्धास्यात्। संस्कारश्च केचस्मिन् एव वाक्ये बोद्धव्य:।**" परन्तु चन्दनक की भाषा को अवन्तिका के नाम से नहीं कहा जा सकता जैसा कि उसके एक कथन से स्पष्ट होता है—"**वअम दक्खिनत्ता अव्वत्त भासिणो म्लेच्छजातीनाम् अनेक देशभाषा विज्ञायथेष्टम् मन्त्रयामः**"। उसके उक्त कथन से किसी दक्षिण भाषा का निर्देश होता है, अतएव वह भाषा अवन्तिका से भिन्न है। इसे दाक्षिणात्य भी कहा गया है। लेसेन ने मृच्छकटिक के अज्ञात पात्र खिलाड़ी की भाषा दाक्षिणात्य और शाकुंतलम् में पुलिस पदाधिकारी की भाषा

में दाक्षिणात्य की विशेषताएँ मानी हैं। परन्तु खिलाड़ी की भाषा ढक्की है और शाकुंतलम् में पुलिस पदाधिकारी की भाषा साधारण शौरसेनी है। हस्तलिखित प्रतियों में महाप्राण व्यंजनों के द्वित्व रूप को देखकर पिशेल ने भी पहले इसे दाक्षिणात्य की विशेषता स्वीकार की थी परन्तु बाद में उसने इसे लिपिदोष का कारण माना। अतएव यह कहा जा सकता है कि अवन्तिका और दाक्षिणात्य का मुख्य आधार शौरसेनी प्राकृत है, कोई अन्य प्राकृत नहीं।

प्रारंभिक प्राकृत में पालि और शिलालेखी प्राकृत भाषाएँ मुख्य मानी गई हैं। शिलालेखी प्राकृत के विविध रूपों की गणना, जिनका परिचय पहले दिया जा चुका है, साहित्यिक प्राकृत के अंतर्गत नहीं की जाती परन्तु पालि साहित्यिक भाषा मानी गई है और उसका साहित्य प्राय: बौद्ध-धर्म संबंधी साहित्य ही है। परन्तु संकुचित अर्थ में प्राकृत-साहित्य के अंतर्गत पालि-साहित्य नहीं रखा गया है।

पालि

'पालि' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग धार्मिक ग्रन्थ अथवा 'बुद्ध-वचन' की 'पंक्ति' के अर्थ में मिलता है और बाद में 'पालि' का अर्थ बदल कर भाषा विशेष के लिये हो गया। 'तिपिटक' क पंक्तियों में 'परियाय' शब्द का उल्लेख 'रेखा' के अर्थ में हुआ है और अशोक के शिलालेखों में यही 'पलियाय' सामान्य प्रयोग से 'पालियाय' और तदनंतर उसी का लघु-रूप 'पालि' भाषा के लिये प्रचलित हो गया। इस प्रकार पालि शब्द प्रारंभिक अवस्था में भाषा के लिये प्रयुक्त न होकर धार्मिक ग्रंथ अथवा बुद्धवचन की पंक्ति के लिये होता था। पालि भाषा में संग्रहीत तिपिटक साहित्य की भाषा का मूल क्षेत्र कहाँ था और किस मूलभाषा के आधार पर उसका विकास हुआ, इस पर पाश्चात्य तथा भारतीय विद्वानों ने अपने-अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत किये हैं। प्राचीन भारतीय बौद्ध धर्मावलम्बियों के मतानुसार पालि मागधी

भाषा ही है और यही मूलभाषा है। परन्तु पालि में मागधी के श, ल, प्रथमा एक वचन–ए आदि के रूपों की व्यापकता नहीं मिलती इसलिये पालि मागधी का पर्याय रूप नहीं माना जाता। वेस्टरगार्ड (Westergaard), ई० कुह्न (E. Kuhn) ने और आर० ओ० फ्रैंक (R O. Franke) ने पालि को उज्जयिनी की विभाषा इसलिये माना है क्योंकि वह अशोकी गिरिनार (गुजरात) के शिलालेख के सदृश है। ओल्डेनबर्ग (Oldenburg) ने 'पालि' को खण्डगिरि के शिलालेख के आधार पर कलिंग प्रदेश की भाषा स्वीकार की है। विन्डिश (Windish), गाइगर (Geiger), रिस्डेविड्स् (Rhysdavids) आदि विद्वानों ने पालि को मागधी का एक रूप माना है. रिसडेविड्स् (Rhysdavids) ने उसे कोशल प्रदेश की भाषा माना है। क्योंकि बुद्ध ने अपने को कौशल-खत्तिय कहा है। उसी रूप में बुद्ध ने अपने उपदेश दिये थे और वह रूप यद्यपि जन-भाषा का रूप नहीं था परन्तु वह अनेक विभाषाओं का मिश्रित रूप था और भिन्न-भिन्न स्थानों के लोग उसका प्रयोग अपनी स्थानीय विशेषताओं के साथ करते थे। ल्युडर्स (Luders) ने उस रूप का मूल आधार पुरानी अर्धमागधी माना है और इसी मत को अधिक प्रश्रय दिया गया है। चूँकि गौतम बुद्ध के उपदेश अनेक वर्षों के उपरान्त लिपिबद्ध किये गये और यह कार्य राजगृह में ४८५ ई० पूर्व के लगभग प्रथम बुद्ध महासम्मेलन के अवसर पर मोग्गल्लान के द्वारा किया गया जो बनारस संस्कृत बहुला क्षेत्र का निवासी था इसलिए बुद्धवचन की मूलभाषा संस्कृत-निष्ठ और कुछ परिवर्तित रूप में हो गई। इसीलिये पालि भाषा को मिश्रित भाषा (Kuntsprache) का रूप माना जाता है।

'बुद्ध-वचन' का संग्रह 'तिपिटक' (त्रिपिटक) 'सुत्तपिटक', 'विनय-पिटक', 'अभिधम्मपिटक' के नाम से उपलब्ध होता है। कहा जाता है कि ४८५ ई० पू० में गौतमबुद्ध के निर्वाण के कुछ सप्ताह बाद ही 'प्रथम

महासम्मेलन' में 'सुत्तपिटक' और दूसरे पिटक का अधिकांश रूप संग्रहीत किया गया। 'दूसरा महासम्मेलन' वैशाली में १०० वर्ष के उपरांत और 'तीसरा महासम्मेलन' अशोक की संरक्षा में पाटलिपुत्र में हुआ और अनुमान किया जाता है कि इस महासम्मेलन तक संपूर्ण 'बुद्धवचन' का संग्रह कर लिया गया था। 'सुत्तपिटक' में बुद्ध-धर्म की विशेषताएँ अनेक ग्रन्थों में अधिकतर संवाद के रूप में मिलती हैं। इनका विभाजन पाँच निकायों के रूप में मिलता है। विनयपिटक में संघ के नियमों का अनुशासन संबंधी वृत्तांत, भिक्षु और भिक्षुणियों के दैनिक जीवन संबंधी आदेश आदि का संग्रह किया गया है। अभिधम्म-पिटक में बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का गंभीर विवेचन उपलब्ध होता है। बुद्ध-वचन अथवा तिपिटक का विभाजन ९ अङ्गों में भी मिलता है—'सुत्त', 'गेय्य', 'वेय्याकरण', 'गाथा', 'उदान', 'इतिवुत्तक', 'जातक', 'अब्भुत्तधम्म','वेदल्ल'। 'तिपिटक' के विविध ग्रन्थों का विभाजन उक्त विषय केअनुसार सार्थक सिद्ध होता है। उक्त विभाजन में 'सुत्त' से आशय गौतम बुद्ध के संवादों और 'सुत्तनिपात' के कुछ अंशों से है। गद्य और पद्य का मिश्रित रूप 'गेय्य' कहलाता है। 'वेय्याकरण' में 'अभिधम्म' और कुछ अन्य रचनाओं का संग्रह है। गाथा में पूर्ण पद्यात्मक अंश के रूप हैं और उदान में गौतम बुद्ध की गंभीर विवेचना छंदों में है। 'इतिवुत्तक' में गौतमबुद्ध द्वारा कथित कथाओं का संग्रह है, जातक में गौतम बुद्ध की पूर्व जन्म कथाओं का विवरण मिलता है। 'अब्भुतधम्म' में अलौकिक शक्तियों का उल्लेख है और वेदल्ल में प्रश्नोत्तर के रूप में बुद्ध के उपदेशों का संग्रह है।

'विनयपिटक' में बुद्धसंघ के अनुशासन संबंधी नियमों का विस्तार मिलता है। इसके अन्तर्गत सुत्तविभंग (महाविभंग, भिक्खुणीविभंग), खन्धक (महावग्ग, चुल्लवग्ग), परिवार अथवा परिवारपाठ मुख्य रचनाएँ हैं। विनयपिटक का मुख्य आधार प्राचीन रचना 'पाटि-मोक्ख' है जिसमें नियमों के उल्लंघन आदि और उसके फलस्वरूप संघ

से बहिष्कार का विवरण दिया गया है और सुत्तविभंग उक्त रचना के टीका-रूप में ही मानी जाती है। महाविभंग में बौद्ध भिक्षुओं का आठ परिच्छेदों में आठ प्रकार के उल्लंघनों का विस्तार से और भिक्खुणी-विभंग में संक्षेप में बौद्ध भिक्षुणियों के उल्लंघन का वर्णन मिलता है। खन्धक सुत्त-विभंग रचना का पूरक माना गया है। इसमें जीवन के नित्य आवश्यक नियमों के पालन आदि का विवरण दिया गया है। महावग्ग के दस विभागों में सम्बोधिकाल से बनारस में प्रथमसंघ के स्थापन, संघ में प्रवेश, उपोसथ, उत्सव, आवश्यक नियम आदि का विस्तारपूर्वक वर्णन मिलता है। चुल्लवग्ग महावग्ग का पूरक है। चुल्लवग्ग के अंत में ११-१२ खंधकों में प्रथम दो बौद्ध महा-सम्मेलन का विवरण मिलता है। विनयपिटक के अंतर्गत परिवार सिंहलद्वीप की एक सिंहाली भिक्षु की रचना मानी जाती है। उसके १६ विभागों में अभिधम्म-पिटक के सदृश ही प्रश्नोत्तर रूप में विनय-पिटक के उक्त ग्रन्थों में उल्लिखित विषय की तालिका दी गई है।

'सुत्तपिटक' में बौद्ध धर्म के सिद्धांतों और बुद्ध के प्रारंभिक शिष्यों का वर्णन मिलता है। 'सुत्तपिटक' के अंतर्गत पाँच निकाय (संग्रहग्रंथ) 'दीघनिकाय', 'मज्झिमनिकाय', 'संयुत्तनिकाय', 'अंगुत्तरनिकाय', 'खुद्दक-निकाय' दिये गये हैं। 'दीघनिकाय' में ३४ दीर्घ सूत्रों का संग्रह है जिसमें प्रत्येक सूत्र किसी न किसी सिद्धांत का विवेचन एक स्वतंत्र ग्रंथ के रूप में हुआ है। 'दीघनिकाय' का विभाजन तीन पुस्तकों के रूप में मिलता है। पहली पुस्तक के संपूर्ण, दूसरी और तीसरी पुस्तकों के भी अनेक सूत्र गद्य में ही हैं और दूसरी-तीसरी पुस्तकों के अधिकांश सूत्र गद्य-पद्य मिश्रित हैं। पहली पुस्तक में 'सील' (शील) 'समाधि', 'पञ्ञा' (प्रज्ञा) रूपों का वर्णन है। इसे 'सीलखन्धवग्ग' के नाम से भी दिया गया है जिसमें १-१३ सूत्रों का संग्रह है। दूसरी पुस्तक 'महावग्ग' में १४-२३ सूत्र और तीसरी पुस्तक 'पाटिकवग्ग' में २४-३४ सूत्र हैं। 'महा-

वग्ग' में ही बौद्धधर्म का ब्राह्मण-धर्म से संबंध तथा बौद्धधर्म की विशेषताओं, निर्वाण आदि विस्तार से वर्णन मिलता है।

'मज्झिमनिकाय' में मध्यम आकार के विविध विषयक सूत्रों का संग्रह है। इसमें बुद्ध के १५२ संभाषणों और संवादों का सूत्र रूप में संग्रह है। पहले समूह मूलपण्णास में १-५०, दूसरे समूह मज्झिम पण्णास में ५१-१०० और तीसरे समूह उपरिपण्णास में १०१-१५२ सूत्रों का संग्रह किया गया है। 'संयुत्त-निकाय' में सभी विषय संबंधी सूत्रों का संग्रह है। इसीलिये इसे 'संयुत्त' नाम से कहा गया है। देवता-संयुत्त में अनेक देवताओं के संबंध की उक्तियाँ हैं, मार-संयुत्त में कामदेव के संबंध के २५ सूत्र हैं। प्रत्येक में किस प्रकार कामदेव सिद्धार्थ अथवा उनके शिष्यों को मोहित करने का प्रयत्न करता है उसका विवरण है। इसी प्रकार भिक्खुणी-संयुत्त के दस, सूत्रों में भिक्षुणियों को कामदेव द्वारा मोहित किये जाने का वर्णन है। इसी प्रकार 'कस्ससंयुत्त', सारिपुत्त-संयुत्त, निदानसंयुत्त, समाधिसंयुत्त, मोग्गल्लान-संयुत्त, सक्क-संयुत्त, सच्च-संयुत्त आदि का संग्रह मिलता है। सच्च-संयुत्त में ही प्रसिद्ध उपदेश 'धम्मचक्कप्पवत्तन सुत्त' का उल्लेख है। कुल संयुत्तों की संख्या ५६ और उनमें वर्णित सूत्रों की संख्या २८८९ है। इनका विभाजन पाँच विभागों (वग्ग) में भी मिलता है। 'अगुंत्तर निकाय' के प्रायः २३०८ सूत्रों को ११ विभागों (निपात) में विभाजित किया गया है। विभाजन की विशेषता यह है कि एक विभाग में एक ही संख्या से संबंधित विषय का उल्लेख, दूसरे विभाग में दो से संबंधित विषय का उल्लेख मिलता है। उदाहरण के लिये सुन्दर और असुन्दर दो प्रकार की वस्तुएं, वन में रहने के दो कारण विशेष, दो प्रकार के बुद्ध विशेष आदि, इसी प्रकार तीसरे विभाग में तीन की संख्या से संबंधित विषय का वर्णन हुआ है। उदाहरण के लिये कर्म, वचन और विचार, ईश्वर के तीन दूत-वृद्धावस्था, रोग और मृत्यु, तीन प्रकार की वस्तुएँ जो स्त्रियों को नर्क में ले जाती हैं आदि। ११ विभागों को अनेक खंडों

(वग्ग) में बाँटा गया है और एक खण्ड में अधिक से अधिक २६२ और कम से कम ७ सूत्रों का संग्रह मिलता है। प्रत्येक विभाग में अलग-अलग विषय के अनुसार खण्ड रूप में सूत्रों का संग्रह किया गया है। उदाहरण के लिये एक निपात के पहले खण्ड में १० सूत्र पति-पत्नी के संबंध पर दिये गये हैं, इसी प्रकार एक निपात के १४ वें खण्ड में ८० सूत्रों में प्रसिद्ध भिक्षु और भिक्षुणियों का वर्णन हुआ है।

'खुद्दक' (क्षुद्रक) निकाय में संक्षिप्त सूत्रों का संग्रह मिलता है। खुद्दक निकाय के अन्तर्गत-खुद्दकपाठ, धम्मपद, उदान, इतिवुत्तक, सुत्त-निपात, विमानवत्थु, पेतवत्थु, थेरगाथा, थेरीगाथा, जातक, निद्देस, पटिसंभिदामग्ग, अपादान, बुद्धवंश, चरियापिटक नामक १५ ग्रंथों का संग्रह दिया गया है। 'खुद्दक-पाठ' में ९ संक्षिप्त सूत्रों का संग्रह है जो प्रार्थना-पुस्तक के रूप में नित्य-पाठ के हेतु मानी गई है। इनमें धार्मिक विश्वास, आज्ञा, शरीर के ३२ अंगों, मंगल आदि विषयों के अतिरिक्त मृतों की आत्माओं तथा सिंहल, स्याम प्रदेशों में शवदाह के अवसर पर गान संबंधी सूत्रों का भी संग्रह मिलता है। 'धम्मपद' में बौद्ध-धर्म के सिद्धांतों का विस्तृत उल्लेख ४२३ छंदों में विषय के अनुसार २६ विभागों (वग्ग) में हुआ है। प्रत्येकवर्ग में १० से लेकर २० छंदों का संग्रह मिलता है। धम्मपद के अधिकांश छन्दों का उल्लेख अन्य बौद्धिक ग्रंथों में भी हुआ है और यह अनुमान किया जाता है कि संग्रहकर्ता ने विविध बौद्ध ग्रंथों एवं तत्कालीन उपलब्ध भारतीय साहित्य-महाभारत, पंचतन्त्र, जैन-ग्रंथ आदि से धम्मपद के छंदों का संग्रह किया होगा। 'उदान' में छंदों के साथ कथाओं का उल्लेख मिलता है। ८२ कथाओं को ८ वर्गों में, प्रत्येक में लगभग-१० सूत्र के अनुसार, विभाजित किया गया है। गौतम बुद्ध के द्वारा ही संपूर्ण कथाओं को भी कहा गया यह प्रामाणिक नहीं माना जाता। क्योंकि उनमें अनेक कथाएँ असंभव और असंगत सी जान पड़ती

हैं। इतिवृत्तक में भी गद्य और पद्य का प्रयोग मिलता है। एक ही विषय का विवेचन गद्य और पद्य दोनों में किया गया है अथवा उसी विषय को पहले पद्य में फिर गद्य में दिया गया है। इस प्रकार पूर्ण ग्रंथ में ११२ कथाओं का संग्रह हुआ है। उक्त ग्रंथ में गौतम बुद्ध द्वारा नैतिक विषय पर कहे गये कथन मिलते हैं। सुत्तनिपात में गौतमबुद्ध के कुछ मूल उपदेश विभागों के रूप में संग्रहीत है। इसलिये प्राचीनता की दृष्टि से इस ग्रंथ का महत्व है। उक्त ग्रंथ का विभाजन ५ विभागों में हुआ है। पहले चार विभागों-उरगवग्ग, चूलवग्ग, महावग्ग, अटठकवग्ग में ५४ कविताओं का संग्रह है और पाचवें विभाग पारायणवग्ग में एक लम्बी कविता १८ खण्डों में विभाजित मिलती है। अट्ठवग्ग और पारायणवग्ग का उल्लेख अन्य बौद्धिक ग्रंथों में भी किया गया है। 'धम्मपद' के अनंतर 'सुत्तनिपात' ही बौद्ध-धम की अनेक लोगों के द्वारा उल्लिखित प्रसिद्ध रचना है। 'विमान-वत्थु' और 'पेतवत्थु' प्राचीन रचनाएँ नहीं मानी जातीं। इनका संग्रह तीसरे बौद्ध महासम्मेलन के कुछ समय पूर्व ही माना जाता है। 'विमान-वत्थु' में देवताओं के विशद महलों का वर्णन है जिनमें वे अपने पूर्व जीवन में अच्छे कर्मों के करने के फलस्वरूप ही पहुँच सके हैं। उक्त ग्रंथ में ८३ कथाओं को ७ विभागों में बाँटा गया है। 'पेतवत्थु' में अविकल प्राणियों का अपने जीवन-काल में किये हुए पापों का फल दिखाया गया है। ग्रंथ में ५१ कथाओं को चार विभागों में दिया गया है।

'थेर-गाथा' और 'थेरी-गाथा' रचनाएँ छन्दों में संग्रहीत मिलती हैं। इनमें भिक्षु और भिक्षुणियों के प्रशंसात्मक उल्लेख दिये गये हैं। थेरगाथा के १२७९ छंदों को १०७ कविताओं और थेरीगाथा के ५२२ छंदों को ७३ कविताओं में विभाजित किया गया है। इनका रचनाकाल ५०० ई० के लगभग माना जाता है। उक्त ग्रंथों में कविताओं के अतिरिक्त जो कथाओं का संग्रह मिलता है वह अप्रामाणिक माना जाता है।

'जातक' बोधिसत्व के पूर्व जन्मों की अनेक कथाओं का संग्रह है। इन कथाओं में गौतमबुद्ध नायक, प्रतिनायक और दर्शक के रूप में भाग लेते हैं। कथित जातकों के विविध अवसरों का उल्लेख 'पच्चुप्पन्नवत्थु', गद्य में पूर्व बुद्धजन्म संबंधित कहानी 'अतीतवत्थु', छंदों के उल्लेख जो प्राय: 'अतीतवत्थु' पर ही आश्रित होते हैं गाथा, प्रत्येक गाथा की संक्षिप्त शाब्दिक व्याख्या 'वेय्याकरण', बुद्ध के द्वारा अतीत कहानी में प्रयुक्त पात्रों का अपने काल के पात्रों से संबंध-निर्धारण 'समोधान' के नाम से कहे गये हैं। प्रत्येक जातक प्राय: उक्त ५ भागों में विभाजित मिलता है। परन्तु जातकों का केवल 'गाथा' अंश ही प्रामाणिक माना जाता है। जातक का कहानी-अंश लोक-प्रचलित अथवा साहित्यिक कथाओं से लिया हुआ माना गया है। कुछ जातकों की कथाओं का उल्लेख ३०८ ई० पूर्व के लगभग भरहुत और साँची के स्तूपों की पत्थर की चहारदीवारी पर हुआ है।

कतिपय लोगों के कथनानुसार जातक कथाएँ इससे भी प्राचीन हैं और इसलिये उनके द्वारा बुद्धकालीन भारतीय सभ्यता और संस्कृति पर यथेष्ट प्रकाश पड़ता है। अधिकतर लोगों का यह विश्वास है कि जातक महाभारत के सदृश किसी एक व्यक्ति और एक काल की रचना नहीं है। इसलिये उससे किसी विशेष समय की सभ्यता का मूल्यांकन करना संभव नहीं। जातकों की संख्या ५५० के लगभग दी गई है। इन सभी जातकों में रीति, नीति, भक्ति आदि के विषय तथा साधारण और विशद प्रेम-कथाओं आदि का विवरण मिलता है और अधिकांश में बौद्ध धर्म संबंधी सिद्धांत का कोई प्रतिपादन नहीं मिलता। भारतीय प्राचीन तन्त्राख्यायिका, पंच-तंत्र, पुराण आदि, पाश्चात्य 'ईसप की कहानियाँ' आदि के आधार पर जातक-कथाओं की रचना की गई है। जातक कथाएँ केवल साहित्यिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं हैं वरन् उनका ऐतिहासिक महत्व भी है। उनसे बौद्धकालीन सभ्यता पर प्रकाश भले ही न पड़े परन्तु कुछ जातकों से ३०० ई०

पूर्व और अधिकांश जातकों से पाँचवीं और छठी शताब्दी की सभ्यता का मूल्यांकन तो संभव है ही।

'निद्देस' (निर्देश) सुत्तनिपात के कुछ विभागों की व्याख्या है। इसका विभाजन 'महानिद्देस' और 'चुल्लनिद्देस' दो रूपों में मिलता है। इनमें बौद्ध धर्म के सिद्धांतों की व्याख्या के साथ एक-एक सैद्धान्तिक शब्द के अनेक पर्यायवाची शब्द भी दिये गये हैं। साथ ही उक्त ग्रंथों में इन पर्यायवाची शब्दों की पुनरुक्ति भी मिलती है। विन्टरनित्स (Winternitz) के कथनानुसार संभवतः बाद में रचित पालि शब्दकोशों का मुख्य आधार उक्त ग्रंथ की शब्द-सूची हो सकती है।

'पटिसंभिदामग्ग' रचना का विभाजन तीन विभागों में मिलता है और प्रत्येक विभाग में बौद्ध-धर्म के किसी न किसी सिद्धांत से संबंधित दस कथाओं का संग्रह है। 'अभिधम्म' ग्रंथों के सदृश उक्त ग्रंथ प्रश्नोत्तर रूप में मिलता है। 'जातक' के सदृश ही 'अवदान' में बौद्ध-धर्म के भिक्षुओं के पूर्व जन्मों के विशुद्ध कृत्यों का विवरण मिलता है। ग्रंथ का मुख्य अंश 'थेर (भिक्षु) अवदान' है। इसके ५५ विभाग हैं और प्रत्येक विभाग में १० अवदानों का संग्रह है। 'थेरी (भिक्षुणी) अवदान' के चार विभाग हैं और प्रत्येक विभाग में १० अवदानों को रखा गया है। अवदान 'खुद्दकनिकाय' की प्राचीन रचना नहीं मानी जाती। 'बुद्ध-वंश' के २८ विभागों में गौतमबुद्ध के द्वारा इन के पूर्व प्राचीन कल्पों में उत्पन्न २४ बुद्धों का वर्णन दिया गया है और प्रत्येक कथा में गौतम ने अपने पूर्व बुद्ध-रूप का किसी न किसी कथा के साथ उल्लेख किया है। 'खुद्दक-निकाय' की अन्तिम रचना 'चरियापिटक' मानी जाती है। इस ग्रंथ में ३५ जातकों के अंशों का पद्य-रूप में संग्रह है जिसमें गौतमबुद्ध ने दस पारामिताओं (पूर्णता प्राप्ति के साधन)—का उल्लेख किया है। इनकी साधना बुद्धत्व प्राप्त करने के पूर्व आवश्यक होती है। विन्टरनित्स ने उक्त ग्रंथ को किसी प्रभृति बौद्ध-भिक्षु की रचना मानी है जो

एक उत्कृष्ट कवि भी था। इस प्रकार 'सुत्त-पिटक' के अन्तर्गत पाँच निकायों के सभी ग्रंथ 'बुद्ध-वचन' केवल इसी रूप में माने जा सकते हैं कि उनमें बौद्ध-धर्म के सिद्धांतों का सन्निवेश है परन्तु उनके रचयिताओं के सबंध में काफी मतभेद है। कुछ ही रचनाएँ गौतम बुद्ध के द्वारा कथित मानी गई हैं।

'अभिधम्म-पिटक' का आशय 'उच्च-धर्म' से है और इसीलिये इसका अर्थ 'दर्शन' से भी लिया जाता है। इस प्रकार 'अभिधम्म-पिटक' के ग्रंथों में 'सुत्तपिटक' की अपेक्षा बौद्ध-धर्म की विद्वत्तापूर्ण विशद व्याख्या मिलती है। वास्तव में यह 'सुत्त-पिटक' को पूर्ण बनाता है। 'अभिधम्म-पिटक' के अन्तर्गत धम्मसंगणि, विभंग, कथावत्थु, पुग्गल-पञ्ञत्ति, धातुकथा, यमक, पट्ठानप्पकरण (महा-पट्ठान) सात ग्रंथ दिये गये हैं। धम्मसंगणि में धर्म की परिभाषा, वर्गीकरण तथा आध्यात्मिक तत्वों की व्याख्या दी गई है। विभंग में 'वर्गीकरण' की प्रधानता है और यह धम्मसंगणि को पूर्ण बनाता है। कथावत्थु की रचना 'तिस्स मोग्गलिपुत्त' द्वारा मानी जाती है। उक्त पुस्तक में २३ विभाग हैं और प्रत्येक में ८ से १२ प्रश्नोत्तरों का संग्रह मिलता है। इनमें बौद्ध-धर्म के संबंध में मिथ्या विश्वास आदि का निवारण और खंडन किया गया है। पुग्गल-पञ्ञत्ति में प्रश्नोत्तर के रूप में विभिन्न व्यक्तियों का वर्णन है। इसका संबंध 'सुत्तपिटक', 'दीघनिकाय', अंगुत्तरनिकाय से अधिक माना गया है। धातु-कथा १४ परिच्छेदों में प्रश्नोत्तर रूप में विभाजित है और इनमें आध्यात्मिक तत्त्वों का विवेचन और उनके परस्पर संबंध का उल्लेख हुआ है। 'यमक' का आशय दो प्रकार के प्रश्नों की पुस्तक से है क्योंकि प्रत्येक प्रश्न का उत्तर तार्किक दृष्टि से दो रूपों में प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक साधारण लोगों के लिये बोधगम्य नहीं है इसीलिये अभिधम्म-पिटक के ग्रंथों में इसका स्थान बाद में आता है।

अभिधम्मपिटक की अंतिम रचना 'पट्ठानप्पकरण' भी क्लिष्ट रचना

है और चूंकि पुस्तक आकार में बड़ी है इसीलिये इसे 'महापट्ठान' नाम से भी दिया गया है। संपूर्ण ग्रंथ में शारीरिक और आत्मिक २४ प्रकार के संबंधों का अनुसंधानपूर्ण ढंग से वर्णन किया गया है। इसमें कर्ता और कर्म, शासक और शासित रूप में उक्त संबंध निर्वाह को दिया गया है। श्रीमती रिस्डेविड्स् भी, जिन्होंने 'अभिधम्मपिटक' का अनेक वर्षों तक गहन अध्ययन किया था अंत में उक्त ग्रंथों की क्लिष्टता का उल्लेख करते हुए कहती हैं कि पाश्चात्य मष्तिष्क के लिये ये ग्रंथ अत्यंत कठिन ही हैं और वे उन ग्रंथों की समस्याओं को ठीक से सुलझा सकी हैं इसका वे पूरा दावा नहीं करतीं। विद्वद्वर आचार्य नरेन्द्र देव द्वारा रचित 'अभिधम्मकोष' का प्रकाशन इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण होगा।

बौद्ध धार्मिक ग्रंथ के अन्तर्गत एक अन्य पुस्तक 'परित्त' अथवा 'महापरित्त' के नाम से भी दी गई है जिसमें प्रचलित तांत्रिक आदि प्रयोगों का संग्रह है। सिंहल द्वीप और ब्रह्मा में इसका अब भी समादर होता है। इनका प्रयोग नवगृहनिर्माण, मृत्यु, अस्वस्थता आदि के अवसरों पर किया जाता है। पुस्तक में २८ विभाग हैं जिनमें से सात 'खुद्दकपाठ' से लिये गये हैं। इसका रचना-काल संदिग्ध है। 'मिलिन्द-पञ्ह' के एक उल्लेख से पता चलता है कि गौतमबुद्ध ने स्वयं 'परित्त' का शिक्षण किया था।

'पालि' साहित्य के अन्तर्गत अनेक टीकाएँ भी 'अट्ठकथाओं' के रूप में मिलती हैं। ये अट्ठकथाएँ सिंहल द्वीप में ही प्रायः लिखी गईं। केवल एक ग्रंथ 'मिलिन्द-पञ्ह' की रचना पश्चिमोत्तर प्रदेश में मानी जाती है। इसमें राजा मिलिन्द (King Menander) के प्रश्नों और 'नागसेन' नामक बौद्धभिक्षु के द्वारा उनके उत्तर का संग्रह है। संवाद के रूप में बौद्धधर्म के सिद्धांतों की सुन्दर व्याख्या उक्त ग्रंथ में मिलती है।

बौद्ध ग्रंथों के सब से बड़े टीकाकार बुद्धघोष माने जाते हैं और

बुद्धघोष के पूर्व रचित 'नेत्तिप्पकरण', 'पेटकोपदेश', 'सुत्तसंघ' आदि ग्रंथ टीका-रूप में न होकर ब्रह्मा प्रदेश में मूल बौद्ध-ग्रंथ के रूप में माने जाते हैं। परन्तु बुद्धघोष के पूर्व रचित 'द्वीपवंश', सुत्तपिटक की टीका 'महाअट्ठकथा', अभिधम्म की 'महापच्चरी', विनय की 'कुरुन्दी' का उल्लेख मिलता है। टीका-ग्रंथ का यह पहला काल माना जाता है। ५वीं ई० में बुद्धघोष के ही टीका ग्रंथों से लेकर ११वीं ई० तक दूसरा काल और १२वीं ई० से आधुनिक काल के टीका ग्रंथों का तीसरा काल माना जाता है। दूसरे काल में बुद्धघोष ने 'विनय-पिटक' पर 'समन्तपासादिका', 'पातिमोक्ख' पर 'कङ्खावितरणी', 'सुत्तपिटक' के 'दीघनिकाय' पर 'सुमंगलविलासिनी', 'मज्झिम निकाय' पर 'पपञ्च सूदनी', 'संयुत्त-निकाय' पर 'सारत्थपकासिनी', 'अंगुत्तरनिकाय' पर 'मनोरथपूरणी', 'खुद्दकनिकाय' संख्या १—५ पर 'परमत्थजोतिका', 'अभिधम्मपिटक' के 'धम्मसंगणि' पर 'अत्थसालिनी', 'विभंग' पर 'संमोहविनोदिनी' और अन्य संख्या ३, ४, ५, ६, ७ नामक ग्रंथों पर 'पञ्चप्पकरणट्ठकथा' टीका ग्रंथों की रचना की। 'जातकों' पर रचित टीका जातकट्ठवण्णना और धम्मपद पर धम्मपदट्ठकथा की रचनाएँ भी बुद्धघोष ने लिखीं यह निश्चित नहीं है।

बुद्धघोष के ही समकालीन 'बुद्धदत्त' ने बुद्धवंश की टीका 'मधुरत्थ-विलासिनी', 'विनय' पर 'विनयविनिच्चय' आदि के रचयिता माने जाते हैं। 'अभिधम्म' पर प्राचीनतम टीका आनंद कृत अभिधम्म मूल टीका मानी जाती है। धम्मपाल विशुद्धभाग, नेत्ति आदि के अतिरिक्त खुद्दक-निकाय के उन ग्रंथों के भी टीकाकार माने जाते हैं जिन पर बुद्धघोष ने टीकाएँ नहीं लिखी थीं और उनका टीका-ग्रंथ, परमत्थदीपनी है। प्राचीन टीकाकारों ने 'सच्चसंखेप' के रचयिता 'चुल्ल धम्मपाल', 'निद्देस' की टीका 'सद्धम्मपजोतिका' के रचयिता 'उपसेन', 'पटिसंभिदामग्ग' की टीका 'सद्धम्मप्पकासिनी' के रचयिता 'महानाम', महाविच्छेदनी, विमति-छेदनी के रचयिता 'कस्सप', समन्तपासादिका की टीका 'वजिरबुद्धि' के रचयिता 'वजिरबुद्धि', 'अभिधम्मट्ठसंघ परमत्थविनिच्चय' आदि

के रचयिता 'अनुरुद्ध' आदि टीकाकारों का भी उल्लेख मिलता है। महानामकृत महावंस सिंहलद्वीप की बौद्धपरंपरा का महत्वपूर्ण ग्रन्थ है।

तीसरे काल में १२वीं शताब्दी के लगभग सिंहलद्वीप के 'परक्कम-वाहु (प्रथम) के शासन काल में कहा जाता है कि 'थेरमहाकस्सप' ने बुद्ध-घोष की अट्ठकथाओं का मागधभाषा में टीकाग्रंथ के रचना-हेतु एक सभा (Council) आमंत्रित की और 'समन्तपासादिका' पर 'सारत्थदीपनी', 'सुमंगलविलासिनी' पर 'पठम-सारत्थमंजूसा', 'पपञ्चसूदनी' पर 'दुतिय-सारत्थमंजूसा', 'सारत्थपकासिनी' पर 'ततिय सारत्थमंजूसा', 'मनोरथ-पूरणी' पर 'चतुत्थ सारत्थमंजूसा', अट्ठसालिनी पर 'पठम परमत्थपका-सिनी', संमोहविनोदिनी पर 'दुतिय परमत्थपकासिनी', पंचप्पकरणट्ठ-कथा पर 'ततिय परमत्थपकासिनी' टीकाएँ लिखी गई। उक्त टीकाओं में सारिपुत्त की सारत्थदीपनी टीका सुरक्षित मिलती है। सारिपुत्त के शिष्यों में 'खुद्दसिक्खा टीका' के रचयिता 'संघरक्खित', कंखावितरणी की टीका विनयत्थमंजूसा के रचयिता 'बुद्धनाग', 'मूलसिक्ख' अभिनव-टीका आदि १८ ग्रंथों के रचयिता 'वाचिस्सर', अभिधम्मत्थविभावनी टीका के रचयिता सुमंगल आदि का भी उल्लेख मिलता है। इनके अतिरिक्त सारिपुत्त की शिष्य-मंडली में 'सद्धम्मजोतिपाल' का उल्लेख मिलता है जिन्होंने विनयपिटक पर विनयसमुत्थान-दीपनी, पाटिमोक्ख-विसोधनी, विनयगूढ़त्थदीपनी, 'अभिधम्म' पर प्रसिद्ध रचना 'अभि-धम्मत्थसंघसंखेप' टीका आदि ग्रन्थ लिखे। धम्मकित्ति का धातुवंश (१३ वीं शताब्दी) 'वाचिस्सर' का निदानकथा, समन्तपासादिका, महावंश के आधार पर रचित 'थूपवंश' टीका (१३वीं शताब्दी) 'बुद्ध-रक्खित' का 'जिनलंकार' (१७ वीं शताब्दी) रचनाएँ भी प्रसिद्ध हैं। सिंहल-द्वीप की बौद्ध-धर्म परंपरा की पूर्ण जानकारी के लिये 'महावंश' पर रचित टीका 'वंसत्थपकासिनी' का विशेष महत्व है। इसका रचना काल १२वीं शताब्दी माना जाता है परन्तु रचयिता का कुछ पता नहीं चलता।

'महावंश' की कथा का विस्तार 'चूलवंश' में मिलता है जिसमें सिंहलद्वीप के बाद का भी पूर्ण इतिहास संकलित किया गया है और इसके रचयिता 'थेर धम्मकित्ति' माने जाते हैं। १८ वीं शताब्दी के उत्तरकाल में राजा कित्तिसिरि ने महावंश के तीसरे भाग में अपने समय तक की बौद्धिक परंपरा का उल्लेख कराया और महावंश के इसी भाग के अंत में सिंहलद्वीप में अंग्रेजों के आगमन का उल्लेख भी मिलता है।

१३ वीं और १४ वीं शताब्दी में सिद्धत्थ रचित सारसंघ, धम्मकित्ति 'महासामिन रचित' सद्धम्मसंध, मेधंकर कृत लोकप्पदीपसार, 'महामंगल' रचित बुद्धघोसुप्पत्ति आदि प्रसिद्ध रचनाएँ हैं। १५वीं शताब्दी और उसके अनंतर के ब्रह्मी भिक्षुओं की अभिधम्म पर लिखी रचनाएँ प्रमुख रूप में मिलती हैं। 'अरियवंश' रचित मणिसारमंजूसा, मणिदीप, जातकविसोधन, 'सद्धम्मपालसिरि' रचित नेत्ति-भावनी, सीलवंस रचित बुद्धालंकार आदि रचनाएँ उल्लेखनीय हैं। १६ वीं शताब्दी में 'सद्धम्मालंकार' रचित पट्ठानदीपनी, 'महानाम' कृत मूल टीका पर रचित मधुसारत्थ दीपनी आदि १७ वीं शताब्दी में 'तिपिटकालंकार' रचित वीसतिवण्णना, यसवड्ढनवत्थु, विनयलंकार, 'तिलोकगुरु' रचित धातुकथाटीकवण्णना, धातुकथा अनुटीकावण्णना, यमकवण्णना, पट्ठानवण्णना, 'महाकस्सप' रचित अभिधम्मत्थगण्ठिपद आदि, १८ वीं शताब्दी में 'आणाभिवंस कृत' नेत्ति पर रचित टीका पेटकालंकार, राजाधिराज विलासिनी आदि रचनाएँ प्रसिद्ध हैं।

१८ वीं शताब्दी की रचनाओं में नलाटधातुवंस, छकेसधातुवंस, संदेसकथा, सीमाविवादविनिच्चयकथा, गंधवंस जिसमें ब्रह्मा की बौद्धिक रचनाओं और रचनाकारों, तीनों बौद्ध महासम्मेलनों में महाकच्चायन के अतिरिक्त बुद्धवचन के संग्रहकर्ताओं आदि का उल्लेख दिया गया है, पञ्ञसामी कृत सासनवंस जिसमें भारत तथा अन्य देशों में बौद्धधर्म के प्रचार और विस्तार का वर्णन है, आदि रचनाएँ महत्वपूर्ण हैं।

पालि का व्याकरण-साहित्य भी संपन्न है। व्याकरणिक रचनाओं को तीन समूह में बांटा गया है। पहले समूह के 'कच्चायन-शाखा' की कच्चायन-व्याकरण और उसकी टीका वालावतार, रूपसिद्धि आदि, दूसरे समूह में 'मोग्गल्लान व्याकरण', पयोगसिद्धि, पद-साधना आदि, तीसरे समूह में 'सद्दनीति', चुल्लसद्दनीति आदि रचनाएँ मुख्य हैं। 'कच्चायन शाखा' के ग्रंथों में न्यास-टीका, सुत्तनिद्देस-टीका, वाक्य-रचना पर लिखित संबंधचिन्ता ग्रंथ 'सद्धम्मसिरि' कृत सदत्थभेद-चिन्ता, संधिकप्प, कच्चायनवण्णना आदि रचनाओं का उल्लेख मिलता है। 'मोग्गल्लान शाखा' में उक्त रचनाओं के अतिरिक्त मोग्गल्लान-पंचिकापदीप जो मोग्गल्लान की पंचिका की टीका है, प्रसिद्ध रचना है। कच्चायन शाखा की अपेक्षा इस शाखा का अधिक महत्व माना गया है। तीसरी शाखा सद्दनीति के रचयिता 'अग्गवंस' की रचना सिंहल-द्वीप का महत्वपूर्ण व्याकरण-ग्रंथ माना जाता है। आर० ओ० फ्रैंक ने स्पष्ट किया है कि उक्त रचना कच्चायन-शाखा से संबंधित है।' सद्दनीति का प्रथम अठारह अध्याय महासद्दनीति और १६ से २७ अध्याय चुल्ल-सद्दनीति कहलाता है। उक्त रचना मोग्गल्लान-शाखा के पूर्व की मानी गई है।

संस्कृत-अमरकोष के सदृश पालि शब्द-कोषों की प्राचीन रचना प्रसिद्ध वय्याकरण से भिन्न मोग्गल्लान कृत अभिधम्मपदीपिका है। आचार्य नरेन्द्रदेव कृत अभिधम्मकोष का पहले उल्लेख किया ही जा चुका है। शब्द-धातु संबंधी रचनाओं में धातु-मंजूसा, धातुपाठ, धात्वत्थदीपनी आदि मुख्य हैं। पालि काव्य-शास्त्र सम्बंधी रचनाओं में अलंकार पर 'संघरक्खित' कृत सुबोधालंकार, छंद पर 'वुत्तोदय' आदि प्रसिद्ध ग्रंथ हैं।

साहित्यिक प्राकृतें—माहाराष्ट्री प्राकृत

साहित्यिक प्राकृतों के अन्तर्गत माहाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी,

अर्धमागधी, पैशाची की गणना की जाती है। माहाराष्ट्री 'स्टैंडर्ड' प्राकृत मानी जाती है। ध्वनिपरिवर्तन की दृष्टि से माहाराष्ट्री सब से बढ़कर है। इसका मूल विस्तार माहाराष्ट्र प्रदेश में हुआ और बाद में इसका प्रयोग। अन्य क्षेत्रों में भी होने लगा। प्राकृत वय्याकरणों ने माहाराष्ट्री को ही मूल मान कर उसका विस्तार से वर्णन किया है और अन्य प्राकृतों को उसी-प्राकृत के सदृश बताकर कुछ भिन्न विशेषताएँ अलग-अलग दे दी हैं। माहा राष्ट्री प्राकृत में स्वरमध्यवर्ती व्यंजन का लोप अत्यधिक हुआ है। इसीलिये शब्दों में संयुक्त स्वर के व्यापक प्रयोग मिलते हैं और स्वरों की इसी अधि कता के कारण माहाराष्ट्री का प्रयोग गीत-काव्य के लिये व्यापक हो गया।

पहले कहा जा चुका है कि संस्कृत नाटकों के गीत माहाराष्ट्री प्राकृत में मिलते हैं और प्राकृत-गद्य शौरसेनी एवं मागधी और उनकी विभाषाओं में मिलता है। माहाराष्ट्री के गीतिकाव्य के ग्रंथों में 'हाल' रचित 'गाहा-सत्तसई' सब से प्रसिद्ध रचना है। गाहासत्तसई किसी एक कवि की रचना न होकर अनेक कवियों के गीतों का संग्रहीत रूप माना जाता है। सत्तसई पर लिखी टीकाओं में उन कवियों के नामों के उल्लेख भी मिलते हैं। टीकाकारों ने ११२ नामों से लेकर ३८४ नाम तक दिये हैं और प्रत्येक कवि के द्वारा रचित गीतों में भी पर्याप्त मतभेद मिलता है। इनका रचनाकाल ३०० ई० से लेकर ७०० ई० तक माना गया है। सत्तसई का अंग्रेजी में १—३७० छंदों का प्रथम प्रकाशन वेबर के द्वारा १८७० ई० में 'सप्तशतकम्' के नाम से किया गया इसके अनंतर १८८१ ई० में उसका अनुवाद जर्मन-भाषा में हुआ। वेबर ने अंग्रेजी के प्रकाशन में भुवनपाल की टीका का उल्लेख किया है। तदनन्तर दुर्गाप्रसाद, काशिनाथ पांडुरंग द्वारा गाथा-सप्तशती तथा उस पर गंगाधर भट्ट की टीका १८८६ ई० में प्रकाशित हुई। वेबर ने इसका प्रारंभिक संग्रह-काल ३०० ई० दिया है परन्तु उसे ७०० ई० के पूर्व माना है। यह अनुमान किया जाता है कि सत्तसई के प्रत्येक छंद में कवि के नाम की छाप थी जिसका कालान्तर में लोप हो गया।

पिशेल ने इसके रचयिता को हाल अथवा सातवाहन माना है। राज-शेखर की कर्पूरमंजरी में हरिउड्ढ (हरिवृद्ध), पोट्टिस आदि कवियों का उल्लेख आया है। इसके अतिरिक्त नंदिउड्ढ (नंदिवृद्ध), हाल, पालित्तअ, चम्पअराअ, मलअसेहर (मलयशेखर) का भी उल्लेख मिलता है। भुवनपाल ने इनमें से 'पालित्तअ' को दस छंदों का रचयिता लिखा है। यह 'पालित्तअ' वेबर द्वारा उल्लिखित 'पादलिप्ताचार्य हैं जिनको हेमचन्द्र ने एक देशी-शास्त्र का रचयिता माना है। भुवनपाल के अनुसार सत्तसई के २२०-३६९ छंदों के रचयिता देवराज हैं जिसका उल्लेख हेमचंद्र के 'देशी-नाममाला' में हुआ है। सत्तसई के कुछ छंदों का रचयिता अभिमान चिन्ह को भी बताया जाता है।

माहाराष्ट्री प्राकृत का दूसरा महत्वपूर्ण संग्रह-ग्रंथ 'जयवल्लभ' रचित 'वज्जालग्गं' है। वज्जलग्गं के एक छन्द से स्पष्ट होता है कि विविध कवियों के द्वारा विरचित कविताओं का संग्रह जयवल्लभ ने किया—

विविहकइविरइयाणं गाहाणं वरकुलाणि घेत्तूण
रइयं वज्जालग्गं विहिणा जयवल्लहं नाम॥

जयवल्लभ श्वेतांबर जैन थे। उक्त ग्रंथ के ४८ परिच्छेदों में ७९५ छंदों का संग्रह मिलता है। इसके कुछ छंद सत्तसई से साम्य रखते हैं। इस संग्रह की संस्कृत छाया १३३६ ई० में रत्नदेव के द्वारा लिखी मिलती है। वज्जालग्गं के ६७ छंद वेबर द्वारा प्रकाशित सत्तसई के परिशिष्ट भाग में, हेमचन्द्र की 'दशरूप' की टीका में, 'काव्य-प्रकाश', 'साहित्य-दर्पण' में मिलते हैं। ३२ छंद सत्तसई के अन्य विभिन्न संग्रहों से प्राप्त होते हैं। शेष ३५ छंद ध्वन्यालोक, रुय्यक के 'अलंकार-सर्वस्व' जयरथ के 'अलंकार-विमर्शिनी', सोमेश्वर के 'काव्या-दर्श,' 'जयंत' के 'काव्य प्रकाश दीपिका', 'अलकार-रत्नाकर' आदि काव्य-शास्त्र के ग्रंथों में मिलते हैं। इनमें से कई छंदों का उल्लेख 'आनंद-वर्धना-चार्य' ने 'ध्वन्यालोक' के 'विषमवाणलीला' काव्य में किया है। इन छंदों का कुछ संग्रह भोजदेव कृत 'सरस्वती-कंठाभरण' में भी

मिलता है। 'कालिदास', 'श्री हर्ष', 'राजशेखर' आदि अन्य कवियों की रचनाओं में भी इन गीतों के प्रयोग हुए हैं। 'सर्वसेन' रचित 'हरिविजय' और वाक्पतिराज के 'महुमहविअअ' से इन गीतों को लिया गया है। माहाराष्ट्री प्राकृत न केवल गीति-काव्य की ही भाषा थी वरन् प्रबन्ध अथवा महाकाव्य की रचना की दृष्टि से भी वह सम्पन्न भाषा थी। इनसे प्रवरसेन रचित 'रावणवहो' अथवा 'दहमुहवहो' और इसका संस्कृत अनुवाद 'सेतुबन्ध' एवं वप्पइराअ रचित गउडवहो मुख्य हैं। रावणवहो बाण के समय में सातवीं शताब्दी में अत्यधिक प्रसिद्ध रचना थी क्योंकि बाण ने 'हर्षचरित' की भूमिका में इसका उल्लेख किया है। दण्डी ने 'काव्यादर्श' में बाण से भी पूर्व उक्त काव्य का उल्लेख किया है। इससे यह रचना हर्ष से भी पूर्व की सिद्ध होती है। इस काव्य के रचयिता प्रवरसेन को काश्मीर के महाराज प्रवरसेन (द्वितीय) माना जाता है। रावणवहो के तीन प्रकाशन हुए और चौथा प्रकाशन संस्कृत भाषा में 'सेतुसरणि' के नाम से मिलता है। अकबरकालीन रामदास ने इस काव्य की टीका लिखी परन्तु वह त्रुटिपूर्ण मानी गई है। पॉल कोल्ड शिमिट ने १८७३ ई० में इसका संपादन १५ आश्वासों में किया। जर्मन भाषा में संपूर्ण ग्रन्थ का प्रकाशन स्ट्रेसबर्ग (Strassburg) के द्वारा १८८३ ई० में हुआ। उक्त महाकाव्य का एक नवीन संस्करण पूर्व उल्लिखित रामदास की टीका तथा अन्य प्रकाशनों को दृष्टि में रखकर 'शिवदत्त तथा परब' द्वारा संपादित हुआ।

माहाराष्ट्री प्राकृत के दूसरे महाकाव्य 'गउडवहो' के रचयिता जैसा पहले कहा जा चुका है, 'वप्पइराअ' हैं। 'वप्पइराअ अथवा वाक्पतिराज कन्नौज के राजा यशोवर्मन के आश्रित कवि थे। इसका उल्लेख कवि ने छंदसंख्या ७९९ में किया है। इसमें भवभूति, भास, ज्वलनमित्र, कान्तिदेव, कालिदास, सुबन्धु, हरिश्चन्द्र आदि का भी उल्लेख मिलता है। अन्य महाकाव्यों से भिन्न गउडवहो १२०९ आर्याछंदों में लिखा हुआ महाकाव्य है। इसके कई संस्करण मिलते हैं जो छन्द-स"

तथा संख्या की दृष्टि से एक दूसरे से कुछ भिन्न है। हरिपाल की टीका में केवल तीन प्रधान प्रकरण आये हैं। इसलिये वह 'गउडवधसार-टीका' कहलाता है। ग्रंथ हरिपाल तथा शंकर पांडुरंग पण्डित द्वारा संपादित किया गया है। वाकपतिराज की दूसरी रचना 'महुमह-विग्रग्र' का उल्लेख पहले हो चुका है। इसके एक छन्द का उल्लेख अभिनवगुप्ताचार्य के ध्वन्यालोक और दो का सरस्वती कंठाभरण में मिलता है तथा अन्य काव्य-शास्त्र के ग्रंथों में मिलती हैं। जैन हस्तलिखित प्रतियों में ही उपलब्ध होने के कारण इसका उल्लेख भुवनपाल की टीका में भी मिलता है। माहाराष्ट्री प्राकृत की एक काव्य-रचना रामपाणिवाद रचित कंसवहो है जिसका प्रकाशन डॉ० ए० एन्० उपाध्ये, ने १९४० ई० में किया है। चूँकि महाराष्ट्री प्राकृत का व्यापक प्रयोग गीति-काव्य अथवा महाकाव्य के लिये होता था इसलिये यह स्वाभाविक है कि अनेक रचनाएँ उक्त भाषा में लिखी गई होंगी परन्तु या वे काल-कवलित हो गईं या अभी तक उनकी खोज नहीं हो सकी है। यद्यपि माहाराष्ट्री का काव्य-साहित्य काफी भरा-पूरा होना चाहिये क्योंक अपने काल की वह व्यापक भाषा थी।

'हरमन जकोबी' (Hermann Jacobi) ने कुछ बुद्ध, जैन ग्रंथों की भाषा जैन माहाराष्ट्री और जैन शौरसेनी के नाम से दी है। माहाराष्ट्री प्राकृत में काव्य ग्रंथों का उल्लेख तो ऊपर किया गया परन्तु गद्य रूप में उसका प्रयोग श्वेतावंर जैन के धार्मिक साहित्य में हुआ है। इनमें अधिकांशत: कहानियों का संग्रह है। सबसे अधिक महत्वपूर्ण संग्रह 'आवश्यक' ग्रंथ में मिलता है। दूसरी-तीसरी शताब्दी में 'विमलसूरि' रचित 'पउमचरिय' की भी यही भाषा है। इस भाषा का प्राचीनतर रूप कुछ चूर्निकों, कथानकों, और संघ-दास के 'वासुदेवहिण्डि' में मिलता है। इस भाषा में 'निजुत्तियों' का आर्या छन्दों में संक्षिप्त महत्वपूर्ण व्याख्याएँ मिलती हैं। है। सन् १३२९-१३३१ के बीच 'जिनप्रभुसूरि' रचित 'तीर्थ कल्प'

में उक्त भाषा के नमूने मिलते हैं। आठवीं शताब्दी में हरिभद्र ने 'समरैच्चकहा' के पद्य-भाग में जैन माहाराष्ट्री का प्रयोग किया है। धर्मदास का 'उवएसमाला' में जैन माहाराष्ट्री के ही एक रूप का प्रयोग किया गया है। ८६१ ई० में घटयाल 'जोधपुर' में उपलब्ध कक्कुक सरदार द्वारा एक जैन मन्दिर की स्थापना संबंधी शिलालेख में भी उक्त भाषा का प्रयोग है। 'कालकाचार्य-कथानक', 'ऋषभपञ्चाशिका', "द्वारावती' आदि रचनाएँ भी जैन माहाराष्ट्री की उदाहरण हैं। इस प्रकार दूसरी-तीसरी शताब्दी से लेकर लगभग चौदहवीं शताब्दी तक उक्त भाषा का जैन ग्रंथों में प्रयोग बराबर किया जाता रहा।

शौरसेनी प्राकृत

शौरसेनी प्राकृत के स्वतंत्र ग्रंथ अभी तक उपलब्ध नहीं हो सके हैं। संस्कृत नाटकों में प्रयुक्त गद्य-भाषा अधिकांशत: शौरसेनी ही है जिसका निर्देश पहले हो चुका है। यह सूरशेन जनपद की भाषा थी जिसकी राजधानी मथुरा थी। नाट्य-शास्त्र के अनुसार नाटक की नायिका और उसकी सहेलियों, साहित्यदर्पण के अनुसार उच्चवर्ग की स्त्रियों, दश-रूप के अनुसार स्त्रियों की यह भाषा है। इसके अतिरिक्त ऊँची स्थिति की दासियों, बालक, नपुंसक आदि द्वारा भी शौरसेनी का प्रयोग मिलता है। भरत, विश्वनाथ और पृथ्वीधर के अनुसार विदूषकों की भी यही भाषा थी परन्तु मार्कण्डेय ने विदूषकों की भाषा प्राच्य स्थिर की है। मार्कण्डेय ने भरत का उल्लेख करते हुए 'प्राच्य' की उत्पत्ति शौरसेनी से दी है—प्राच्या: सिद्धि: शौरसेन्या:। विदूषक द्वारा 'ही-ही-भो' के प्रयोग को हेमचन्द्र ने शौरसेनी से संबंधित किया है जैसा इस कथन से स्पष्ट है—"हीही विदूषकस्य, ही माणहे विस्मय निर्वेदे।" वररुचि ने शौरसेनी का मूल आधार संस्कृत भाषा दी है। उसने २६ नियमों का भी उल्लेख किया है जो भाषा के समझने में सहायक हो सकते हैं और भाषा के

शेष नियमों को माहाराष्ट्री के सदृश लिखा है। प्राय: संस्कृत नाटकों के संस्करण भाषा की दृष्टि से भ्रष्ट रूप में मिलते हैं। मालती-माधव, मुद्राराक्षस, मालविकाग्निमित्र आदि के ऐसे ही संस्करण मिलते हैं। मालविकाग्नि के संस्करण का पाठ अपेक्षाकृत शुद्ध है और पिशेल ने भाषा की विशेषताओं के लिये इसी को आधार बनाया है। कुछ संस्करणों में तो एक ही वाक्य में कई प्राकृत भाषाओं का मिश्रित रूप मिलता है। कालेपकुतूहल के—'**भो किं ति तुये हक्कारिदो हगे मम्खु एण्हिम्**,—में 'हक्कारिदो'-शौरसेनी, 'हगे'-मागधी, और 'एण्हिम्' माहाराष्ट्री है। एक ही छन्द में मुकुन्दानन्द भाण ने शौर० कदुअ और माहा० काऊण का एक साथ प्रयोग किया है। संभव है यह संस्करणों के पाठभेद के कारण हो या भाषा के ये स्वाभाविक प्रयोग हों। सोमदेव, राजशेखर तथा केनो (Konow) द्वारा संपादित कर्पूरमंजरी में यह अन्तर पाठभेद के कारण नहीं है क्योंकि वही प्रयोग बाल-रामायण और विद्धशालभञ्जिका में भी मिलते हैं। शाकुंतलम् और विक्रमोर्वशी के पाठ में ऐसा ही अन्तर मिलता है परन्तु इनके होते हुए भी उनमें शौरसेनी का रूप अलग किया जा सकता है।

शौरसेनी प्राकृत की स्वतंत्र रचनाएँ तो उपलब्ध नहीं होतीं परन्तु जैन शौरसेनी में दिगंबर संप्रदाय के ग्रंथ उपलब्ध होते हैं। वैसे तो अर्धमागधी ही जैन ग्रंथों की मुख्य भाषा है परन्तु दिगंबर संप्रदाय की कुछ रचनाओं में शौरसेनी की अधिकांश विशेषताएँ उपलब्ध होती हैं इसीलिये उसे जैन शौरसेनी भाषा का रूप माना गया है। कुछ युरोपीय विद्वानों ने इसे दिगंबरी आदि नामों से दिया है जो बहुत ठीक नहीं जान पड़ता। प्रथम शताब्दी में 'कुन्कुन्दाचार्य' रचित 'पवयणसार' जैन-शौरसेनी की प्रारंभिक प्रसिद्ध रचना है। कुन्दकुन्दाचार्य की प्राय: सभी रचनाएँ इसी भाषा में हैं। इसके अतिरिक्त वट्टकेराचार्य रचित मूलाचार, 'कार्तिकेय स्वामी' रचित 'कत्तिगेयाणुपेक्खा'

आदि तथा कुन्कुन्दाचार्य की 'छप्पा हुड', 'समयसार', 'पञ्चत्थिकाय' रचनाएँ जैन शौरसेनी में ही उपलब्ध होती हैं। परन्तु प्रामाणिक ग्रंथों एवं हस्तलिखित प्रतियों के प्राप्त न होने से उक्त भाषा के महत्व और भारतीय आर्य भाषाओं के विकास में उसकी उपयोगिता का ठीक-ठीक निर्धारण नहीं हो पाता। परन्तु पिशेल का अनुमान कि इस भाषा का विकास दक्षिण भारत में हुआ होगा, ठीक जान पड़ता है क्योंकि उत्तर भारत में प्रचलित अन्य प्राकृतों की देशी विशेषताएँ उसमें उपलब्ध नहीं होतीं। संभव है अधिक रचनाओं के उपलब्ध होने से उक्त भाषा पर अधिक प्रकाश पड़ सके।

मागधी प्राकृत

नाटकीय प्राकृतों के प्रसंग में मागधी प्राकृत का वर्णन पहले हो चुका है। शौरसेनी के सदृश ही मागधी प्राकृत में भी कोई स्वतंत्र रचना उपलब्ध नहीं होती, केवल नाटकों में ही उसका प्रयोग विभिन्न विभाषाओं सहित मिलता है जिसका उल्लेख विस्तारपूर्वक पहले हो चुका है। प्राय: मागधी और अर्धमागधी में पाश्चात्य विद्वानों तथा जैन और बौद्ध धर्मावलम्बियों ने अधिक पार्थक्य नहीं रखा है। कोलब्रुक ने जैन संप्रदाय की भाषा मागधी दी है और उनके अनुसार यह काव्य और नाटक की भाषा से भिन्न थी और इसका विकास संस्कृत के आधार पर 'पालि' के सदृश ही है। 'लेसेन' के अनुसार वह माहाराष्ट्री से मिलती है। 'होफर' के अनुसार जैन ग्रंथों की भाषा साधारण प्राकृत से कुछ नहीं मिलतीं फिर भी वह साधारण प्राकृत से बिल्कुल भिन्न नहीं है। जकोबी के अनुसार उसकी भाषा प्राचीन माहाराष्ट्री कही जा सकती है और वह पालि के सदृश ही है तथा वह पालि की अपेक्षा पूर्वतर भाषा है। वेवर ने अर्धमागधी और माहाराष्ट्री को एक दूसरे से संबंधित माना है और पालि से उसे अलग रखा है और जकोबी के अनुसार ही उसे पालि

से पूर्व की भाषा स्वीकार किया है'। उसका संबंध माहाराष्ट्री की अपेक्षा उत्कीर्ण लेखों की प्राच्य समूह की भाषा से जोड़ा गया है। अर्धमागधी माहाराष्ट्री के पूर्वी क्षेत्र की भाषा कही गई है परन्तु देवर्दिधगणिन् के शासन में वल्लभि कौंसिल अथवा स्कन्दिलाचार्य की संरक्षा में मथुरा कौन्सिल से वह प्रभावित होकर पश्चिमी भाषा के सदृश जान पड़ती है। वल्लभि से उस पर माहाराष्ट्री का प्रभाव अधिक नहीं जान पड़ता क्योंकि अर्धमागधी के स्वरूप में कोई मूल परिवर्तन नहीं हुआ। माहाराष्ट्री से भिन्न विशेषताएँ अर्धमागधी में पर्याप्त मिलती हैं। जैसे तालव्य ध्वनियों के स्थान पर दन्त्य का प्रयोग, व्यजन-संधि का प्रयोग—विभक्तियों की भिन्नता—उदा०—चतुर्थी-त्ताए, तृतीया एक०—'सा',-सप्तमी एक०—'म्सि', क्रिया विभक्तियाँ-चाणम्,-चाण, याणम्, याण। इन प्रयोगों से स्पष्ट हो जाता है कि जैन ग्रंथों की अर्धमागधी और माहाराष्ट्री प्राकृत परस्पर भिन्न भाषाएँ हैं। साहित्यिक रूप धारण करने पर अन्य प्राकृतों माहाराष्ट्री के सदृश उसमें व्यंजन का लोप मिलने लगता है जिससे उसके संबंध का भ्रम माहाराष्ट्री से हो जाता है परन्तु प्रथमा एक०—ए विभक्ति की विशेषता उसके पार्थक्य को बनाए रखती है।

अर्धमागधी प्राकृत

जैन ग्रंथों में अर्धमागधी अथवा 'आर्ष भाषा' का उल्लेख कई स्थलों पर मिलता है। इसका परिचय स्वयं महावीर स्वामी ने समवायंग सुत्त में इस प्रकार दिया है—

"भगवम् च णम् अद्धमागहीये भाषाये धम्मम् आइक्खइं सा विय णम् अद्धभागही भाषा भासिज्जमाणी तेसिं सव्वेसिं आरियाम् अणारियाणम् पुप्पय च उप्पय मिय पसु पक्खि सरी सिवाणम् अप्पप्पणो हियसि वसुहदाय सार्वइयाम् सर्वतोवाचम् भासत्ताये परिणामइ।"

वागभट्टालंकार-तिलक में भी उसका इस प्रकार उल्लेख मिलता है—

सर्वार्धमागधीम् सर्वभाषासु परिणमिनीय सविज्ञइम् प्रणिदध्महे ।

महावीर स्वामी ने अर्धमागधी में ही अपने उपदेशों का प्रचार किया इसका उल्लेख समवायंगसुत्त, ओववैयसुत्त में हुआ है—"**तये णम् समणे भगवम् महावीरे अद्धभागहाये भाषाये भासइ ।**"

अभयदेव ने 'उवासगदसाओ' और मलयगिरि ने 'सुरिय पण्णत्ति' इसी तथ्य का उल्लेख किया है। हेमचन्द्र के एक प्राचीन उद्धरण से भी स्पष्ट होता है कि प्राचीन जैन सूत्र अर्धमागधी में ही लिखे गये—

'पोराणम् अद्धमागह भाषा नियमम्हवइ सुत्तम्' परन्तु मागधी के नियमों से ही अर्धमागधी सर्वत्र बद्ध नहीं है। दसवेयालिय सुत्त के एक कथन से यह स्पष्ट हो जाता है—'से तारि से दुक्खसहेजिइन्दिये'। मागधी में यही रूप इस प्रकार है—'शेतालिशे दुम्खशहे मिनिन्दिये'। इस प्रकार मागधी और अर्ध मागधी में भी काफी अंतर है। अभय-देव ने समवयांग सुत्त तथा उवासग दसाओ में इसे इस प्रकार स्पष्ट किया है—

"अर्धमागधी भाषा यस्यम् रसोर लशौ मागध्याम् इत्यादिकम् मागध भाषा लक्षणम् परिपूर्णम् नास्ति ।"

अर्धमागधी प्राकृत के गद्य और पद्य रूपों में कुछ अन्तर मिलता है। अर्धमागधी के रूप में प्रथमा एक०—ए मिलता है परन्तु सूयगडांग-सुत्त, उत्तरज्झायण-सुत, दसवेयालिय सुत पद्य रचनाओं में प्रथमा एक०–ओ मिलता है। यही रूप माहाराष्टी से कुछ साम्य रखता है। क्रम्दीश्वर ने माहाराष्ट्री और अर्धमागधी मिश्रित एक तीसरे रूप का उल्लेख किया है। पालि में भी गद्य और पद्य दोनों के रूपों में कुछ अंतर मिलता है परन्तु दोनों को पालि नाम से ही कहा जाता है। इसी प्रकार जैन ग्रंथों की गद्य और पद्य की भाषा को समझना चाहिये। नाट्यशास्त्र में सात भाषाओं में अर्धमागधी के साथ मागधी, आवन्ती, प्राच्य, शौरसेनी, वाह्लीका, दाक्षिणत्या भाषाएँ दी हैं।

साहित्य-दर्पण में अर्धमागधी चरों, राजपुत्रों, सेठों की भाषा कही गई है—"चेटानाम् राजपुत्राणाम् श्रेष्ठिनाम् चार्धमागधी।" मार्कण्डेय ने संस्कृत नाटकों में मागधी का ही प्रयोग माना है, अर्धमागधी का नहीं। परन्तु 'लेसेन' ने मुद्राराक्षस, प्रबोधचन्द्रोदय में क्षपणक, जीवसिद्धि, नाई और धूर्त पात्रों के द्वारा अर्धमागधी का प्रयोग माना है। टीकाकार ढुण्ढिराज ने इसे थोड़ा स्पष्ट किया है—'क्षपणको जैनाकृतः।' जीवसिद्धि की भाषा में—प्रथमा एक०—ए (कुविदे, हगे, शावगे, भदन्ते), नपु० अद्दक्खिणे, णक्खत्ते, क>ग उदा०—शावगाणाम् आदि रूप मिलते हैं। परन्तु प्रामाणिक ग्रन्थों के अभाव में निश्चित् रूप से उस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहा जा सकता।

भारतीय वय्याकरणों ने जैन ग्रंथों की भाषा को 'आर्ष' के नाम से भी कहा है। त्रिविक्रम ने आर्ष और देश्य दोनों का अपने व्याकरण में उल्लेख नहीं किया है क्योंकि वे सर्वसुलभ स्वाभाविक भाषाएँ थीं। वह संस्कृत के नियमों से बद्ध नहीं हैं, रूढ़ियाँ उनकी आधार हैं—'रूढ़ात्वात्'। वह अपने नियमों का स्वतन्त्र रूप से विकास करती है—'स्वतन्त्र वाच् य भूयसा। तर्कवागीश ने दण्डी के काव्यादर्श के आधार पर प्राकृतों के दो भेद किये हैं। एक का विकास 'आर्ष' से हुआ और दूसरी 'आर्ष' के सदृश है—"आर्षात्थम् आर्षतुल्यम् च द्विविधम्-प्राकृतम् विदुः।" जैन धर्मावलम्बी अपनी धार्मिक रचनाओं की सर्वप्राचीनता और उस काल में सर्वजन सुलभ स्वाभाविकता के कारण ही उसे 'आर्ष' रूप में मानते हैं और उसे आर्यों और देवताओं की आदि भाषा भी कहते हैं—"प्राकृत अरिस वयणे सिद्धम्, देवाणम् अद्धमागहीवाणीः।"

अर्धमागधी में जैन साहित्य की निम्नलिखित रचनाएँ उपलब्ध होती हैं—(१) 'अंग'—उनकी संख्या १२ है—आचार, सूयगड, ठाण, समवाय, विवाहपण्णति, नायाधम्मकहाओ, उवासगदसाओ, अन्तगडसाओ, अणुत्तरोववाइयदसाओ, पण्हावागर णैम, विवागसूय, दिट्ठिवाय

(२) 'उपांग'-इनकी भी संख्या बारह है—उववैय, रायपसेणइज्ज, जीवाभिगम्, पन्नवणा, सूरपण्णत्ति, जम्बुद्दीवप्पण्णत्ति, चन्दपण्णत्ति, निरयावलियावो, कप्पवडिंसियाओ, पुप्फियाओ,पुप्फचूलाओ, वण्हिदसाओ। (३)'पइण्ण'–इनकी संख्या दस है। इनमें कोई क्रम नहीं मिलता परंतु विषय के अनुसार इनका निम्नलिखित विभाजन मिलता है—चउसरण, भत्तपरिण्णा, संथार, आउरपच्चक्खाण, महापच्चक्खाण, चन्दाविज्झय गणिविज्जा, तांदुलवेयालिय, देविन्दत्थय वीरत्थय। (४) 'छेयसुत्त'-ये छः हैं—आयारदसाओ, कप्प, ववहार, निसीह, महानिसीह, पंचकप्प। पंचकप्प के स्थान पर जिनभद्र ने 'जीयकप्प' का उल्लेख किया है। (५) नन्दी और अणुओगदारि स्वतन्त्र रचनाएँ हैं। (६) 'मूलसुत्त'—इनकी संख्या ४ है। उत्तरज्झाया अथवा उत्तरज्झयण, दसवेयालिय अवस्सयनिज्जुति, छनिज्जुति। उक्त रचनाओं में दिट्ठिवाय-अंग प्राप्त नहीं होता। उसके प्रसंगों के उल्लेख अन्य रचनाओं में मिलते हैं। इस प्रकार कुल ग्रंथों की संख्या ४५ है। परन्तु इनकी संख्या ४५-५० के बीच आँकी गई है।

श्वेतांबर जैनियों के अनुसार महावीर स्वामी के द्वारा अपने पहले शिष्यों-गणधरों को सर्वप्रथम दिया हुआ प्रारंभिक उपदेश १४ 'पुव्वों' में संग्रहीत था। चद्रगुप्त मौर्य के समय में जैन संप्रदाय का अध्यक्ष थेर भद्रबाहु था और निरंतर १२ वर्षों के अकाल के कारण वह दक्षिण भारत चला गया और स्थूलभद्र अन्तिम भिक्षु जिसको १४ पुव्वों का ज्ञान था, संप्रदाय का अध्यक्ष हुआ, परन्तु बाद में 'पुव्वों' का स्मरण रखने वाले जब प्राय: सभी भिक्षुओं का अंत होने लगा और उन रचनाओं के विनष्ट होने की पूर्ण संभावना थी तो पाटलिपुत्र में एक सम्मेलन बुलाया गया जिसमें ११ अंगों का संपादन किया गया और १४ 'पुव्वों' का अवशिष्ट रूप १२वें अंग 'दिट्ठिवाय' के नाम से संग्रहीत हुआ। तदनंतर पहले चले गये और यहीं रुके हुए जैनियों में फिर संघर्ष शुरू हुआ और पहले वाले अपनी 'वेश-भूषा' के कारण 'श्वेतांबर'

और बाद वाले 'दिगंबर' कहलाये। जैनमतावलंबियों का दूसरा सम्मेलन, पाँचवीं शताब्दी के अंत अथवा छठी शताब्दी के प्रारंभ में धार्मिक ग्रंथों का संग्रह और उनको लिपिबद्ध करने के लिये देवढिड् (देवर्धिगण क्षमाश्रमण) की अध्यक्षता में हुआ और तब तक १२वें अंग दिट्ठवाय का लोप हो चुका था। अतएव श्वेतांबर संप्रदाय के साहित्य की प्राचीनता ५०० ई० से पूर्व नहीं आंकी जाती। यह अवश्य है कि महावीर स्वामी के उपदेश ही इन रचनाओं के मुख्य आधार हैं। अश्वघोष के नाटकों में प्राप्त अर्धमागधी प्राकृत श्वेतांबर-जैन साहित्य की अपेक्षा प्राचीनतर कही गई है। वह ८०० ई० की भाषा है। इस समुदाय के लोगों का अनुमान है कि 'सुहम्म' ने महावीर स्वामी के उपदेशों को अंगों और उपांगों का संग्रह किया। कुछ रचनाएँ अन्य लोगों के द्वारा भी संग्रहीत मानी जाती हैं। उदाहरण के लिये चौथे उपांग 'पन्नवण' के संग्रहकर्ता 'अज्जसाम', पिंडनिज्जुत्ति के 'भद्रभाहु', दसवेयालिय के 'सेज्जंभव', नन्दी के 'देवड्ढि' माने जाते हैं। वल्लभी-सम्मेलन के अनंतर अर्धमागधी प्राकृत सांप्रदायिक साहित्यिक भाषा नहीं रह गई थी। इसके बाद संस्कृत अथवा प्राकृतों से विकसित अपभ्रंश भाषा का प्रयोग किया जाने लगा था।

भाषा की दृष्टि से श्वेतांबर साहित्य में आयारंगसुत्त, समवायांग, उवासगदसाओ, विवागसुय, विवाहपण्णति और सूयगडांगसुत्त महत्वपूर्ण गन्थ हैं। व्याकरण की दृष्टि से ओववैयसुत्त, निरयावलियाओ, चेदसुत उपयोगी हैं। उक्त ग्रंथों में शब्दों की पुनरुक्ति होने से उनके अशुद्ध रूपों का समाधान हो जाता है। इस प्रकार अर्धमागधी प्राकृत साहित्यिक भाषा की दृष्टि से अपना विशेष महत्व रखती है। स्टीवेन्सन ने 'कल्पसूत्र' में अर्धमागधी के सम्बन्ध में बहुत कम और कहीं-कहीं विशेषताओं का ठीक निरूपण नहीं किया है। होफर ने अपेक्षाकृत अधिक सूचना दी है। वेबर ने भगवती (विग्रह-पण्णति) अंग में जैन-हस्तलिखित ग्रंथों की लिपि पर भाषा सम्बन्धी अन्य

15490

विशेषताओं के साथ प्रकाश डाला है। जकोबी ने 'आयारंगसुत्त' में अर्धमागधी और पालि का तुलनात्मक विवेचन प्रस्तुत किया है। माहाराष्ट्री प्राकृत के अनंतर अर्धमागधी प्राकृत का ही साहित्य सम्पन्न रूप में मिलता है और इसीलिये उपलब्ध साहित्य के आधार पर ही अर्धमागधी का व्याकरणिक अध्ययन भी संभव हो सका।

पैशाची प्राकृत

पैशाची प्राकृत एक प्राचीन विभाषा मानी जाती है। वररुचि ने प्राचीनतम प्राकृत व्याकरण में इसे पैशाची, क्रमदीश्वर ने वाग्भट्टालंकार में इसे पैशाचिक, नमिसाधु और उद्भट ने पैशाचिका और पैशाचिकी नाम से दिया है। हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत व्याकरण में पैशाची के साथ चूलिका पैशाची का भी उल्लेख किया है। त्रिविक्रम और सिहराज ने हेमचन्द्र के सदृश ही पैशाची की विभाषा चूलिका-पैशाची का उल्लेख किया है। प्राकृत-सर्वस्व में किसी अज्ञात लेखक ने पैशाची के ११ भेद दिये हैं जिसका उल्लेख इस कथन में मिलता है—**"काञ्चिदेशीय पाण्डेय च पाञ्चाल गौड़ मागधम् व्राचड़म् दाक्षिणात्यम् च शौरसेनम् च कैकयम् शाबरम् द्राविड़म् चैव एकादश पिशाचिकाः।"** पुरुषोत्तम के अनुसरण पर मार्कण्डेय ने पैशाची के तीन भेद दिये हैं—कैकय पैशाचिक, शौरसेन पैशाचिक, और पांचाल पैशाचिक—जिसका उल्लेख इस प्रकार आया है—**"कैकयम् शौरसेनम् च पाञ्चालम् इति च त्रिधा। पैशाच्यो नागर यस्मात् तेनापि अन्या न लक्षिताः।"** कैकेय पैशाचिक प्राचीन विभाषा है। मिश्रित संस्कृत और शौरसेनी का यह एक विकृत रूप है—**"संस्कृत शौरसेन्योर् विकृतिः।"** शौरसेन पैशाचिक स्टैंडर्ड विभाषा है और इसका सम्बन्ध मागधी से है। उदा०—र् > ल्, ष्, स् > श्,-र्च्, >-श्क्,-च्छ् >-श्च्, त्थ् > श्त्, ष्ट् >-श्ट्, अकारांत में प्रथमा एक० और द्वितीया एक० की विभक्तियों का वैकल्पिक रूप से लोप आदि इसकी कुछ विशेषताएँ हैं।

पांचाल पैशाची तथा उसके अन्य रूप अल्प भेद के साथ लोक-व्यवहार के लिये प्रचलित थे—"पाञ्चालादयः स्वल्पभेदा लोकतः।" इसकी प्रधान विशेषता ल > र का प्रयोग है—"लकारस्य रेफः।"

'लेसेन' ने पैशाची के मागध, व्राचड़ और पैशाचिक भेद का उल्लेख किया है। 'लक्ष्मीधर' के अनुसार पैशाची नाम पिशाच प्रदेश के आधार पर पड़ा। महाभारत में पिशाच जाति का उल्लेख मिलता है। यहाँ पिशाच से आशय राक्षसवर्ग से है। प्राकृत-प्रकाश की टीका में वाग्भट्ट ने—'पिशाचानाम् भाषा पैशाची" का उल्लेख किया है। राक्षसवर्ग की भाषा होने के कारण 'काव्यादर्श', 'सरस्वती कंठाभरण', 'कथा सरित्सागर' में इसे भूत-भाषा, वाग्भट्टालंकार में भूतभाषित और बालरामायण में भूतवचन के नाम से कहा गया है। पिशेल के अनुसार पैशाची नाम पिशाच प्रदेश के रहनेवाले पिशाच जाति की भाषा के लिये पड़ गया। दशरूप के अनुसार निम्नवर्ग के लोग पैशाची का व्यवहार करते थे। भोजदेव ने 'सरस्वती' में उच्च-वर्ग के लोगों को पैशाची का प्रयोग करने के लिये निषेध किया है—"नात्युत्तम पात्र प्रयोज्या पैशाची शुद्धा।" सरस्वती-कंठाभरण के अनुसार उच्चवर्ग के लोगों के द्वारा पैशाची का संस्कृत मिश्रित रूप व्यवहृत होता था।

वररुचि ने पैशाची का आधार शौरसेनी प्राकृत दिया है। हेमचन्द्र ने ध्वनिसंबंधी विशेषताओं के कारण इसे संस्कृत, पालि और पल्लवग्राण्ट भाषाओं से संबंधित किया है। ग्रियर्सन के अनुसार पैशाची विभाषाओं का प्रभाव पालि के रूपों पर अत्यधिक इसलिये था कि प्राचीन काल में तक्षशिला बौद्ध विश्वविद्यालय उस क्षेत्र में स्थापित था जहाँ की भाषा कैकेयी पैशाची थी और पालि पर पश्चिमोत्तर, दक्षिण भारत आदि की विभाषाओं का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक ही था। पैशाची में गुणाढ्य की प्रसिद्ध रचना 'बृहत्-कथा' का उल्लेख मिलता है परन्तु मूल ग्रंथ उपलब्ध नहीं होता, उसके अंश सोमदेव

विरचित कथा सरित्सागर और क्षेमेन्द्र विरचित 'वृहत्कथा-मञ्जरी में' मिलते हैं। जर्मन विद्वान् लुडविग अल्सडोर्फ (Ludwig Alsdorf) ने वृहत्कथा का प्रभाव जैन-कथा साहित्य विशेष रूप से संघदास की वासुदेवहिण्डि पर सिद्ध किया है। हम्मीरमदमर्दन और मोहराजयराजय संस्कृत नाटकों में कुछ पात्रों की भाषा पैशाची है।

दण्डी ने भी गुणाढ्य की वृहत्कथा का उल्लेख किया है और इसका प्राचीन संस्कृतानुवाद बुद्धस्वामी विरचित वृहत्कथा श्लोक-संग्रह के नाम से मिलता है। जैन-ग्रंथ वासुदेवहिण्डि के अनुसार उक्त ग्रंथ का रचना काल ६०० ई० के पूर्व ही माना गया है। गुणाढ्य को सातवाहन का समकालीन भी कहा गया है। और यह समय १०० ई० का है। बुह्लर ने यही समय (१००-२०० ई०) वृहत्कथा की रचना का माना है। इस प्रकार १०० ई० से ६०० ई० के बीच किसी समय वृहत्कथा का रचनाकाल माना जा सकता है।

हार्नली के अनुसार पैशाची आर्य भाषा थी जिसका प्रयोग द्रविड़ लोग भी करते थे। सेनार्ट ने हार्नली के इस कथन को अस्वीकार किया है। दक्षिण भारत तथा पश्चिमोतर प्रदेश के कुछ शिलालेखों में पैशाची की विशेषताएँ अवश्य मिलती हैं। परन्तु यह आर्य भाषाओं पर ईरानी और द्राविड़ भाषाओं के प्रभाव के कारण संभव माना जा सकता है क्योंकि किसी भी आर्य भाषा में शाहावाजगढ़ी की शिलालेखी प्राकृत को छोड़ कर सघोष महाप्राण व्यंजन अघोष अल्पप्राण के रूप में नहीं मिलते। दर्दी, काफ़िर, जिप्सी में भी यह परिवर्तन मिलता है। इसलिये पैशाची का क्षेत्र पश्चिमोत्तर प्रदेश ही जान पड़ता है। परन्तु पैशाची केवल उसी प्रदेश में सीमित नहीं रही। पैशाची अपनी विभाषाओं सहित देश के मध्य प्रदेश तथा अन्य भागों में बोली जाती थी। पिशेल के अनुसार पैशाची अपनी विशेषताओं के कारण संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश के अतिरिक्त एक चौथे प्रकार की भाषा मानी जा सकती है। पहले कहा ही जा चुका है कि इसके

उदाहरण कथा-सरित्सागर, वृहत्कथा-मंजरी, वाल-रामायण, वाग्भट्टा-लंकार, हेमचन्द्र के ग्रंथ आदि में मिलते हैं। इसे ग्राम्य-भाषा के नाम से भी कहा गया है जिसमें वाग्भट्ट ने 'भीम काव्य' नामक रचना लिखी। पिशेल के अनुसार गौतम बुद्ध के निर्वाण के ११६ वर्ष वाद चार जातियों के स्थविरों ने चार विभिन्न भाषाओं में—संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, पैशाची में अपने प्रवचन प्रस्तुत किये। वैभाषिक के चार प्रमुख संप्रदायों में एक ने पैशाची भाषा का प्रयोग किया। वय्याकरणों के द्वारा अल्प और अपर्याप्त सूचना होने के कारण और प्राचीन मूल ग्रंथ के उपलब्ध न होने से पैशाची भाषा के संवंध में विस्तृत विवेचन संभव नहीं हो सका है। केवल प्राकृत वय्याकरणों और संस्कृत काव्य-शास्त्रियों के अल्प उल्लेखों और प्रसंगों पर ही संतोष करना पड़ता है। वाद के वय्याकरणों को तो भाषा संवंधी प्राचीन जानकारी भी संभव नहीं थी इसलिये उनके उल्लेख विरोधमूलक भी हैं।

अपभ्रंश

साहित्यिक प्राकृतों के अनंतर उनके समकक्ष ही प्रचलित लोक-व्यावहारिक भाषों का साहित्यिक रूप विविध अपभ्रंशों के नाम से प्रचलित हुआ। अपभ्रंश शब्द का आरंभिक प्रयोग संग्रहकार व्याडि के वार्त्तिक, दण्डी के काव्यादर्श तथा पतंजलि के महाभाष्य में मिलता है जिनमें संस्कृत को प्रकृति (मूल) और अपभ्रंश को उसका विकसित रूप अथवा विकृत शब्द के अर्थ में माना गया है। दंडी ने संस्कृत में अपभ्रंश शब्दों की स्वतंत्र सत्ता दी है। भाषा के अर्थ में भी अपभ्रंश का उल्लेख प्राचीन है। प्राकृत वय्याकरण चण्ड ने प्राकृत-लक्षण, भामह के काव्यालंकार, दण्डी के काव्यादर्श में अपभ्रंश भाषा का उल्लेख मिलता है और इनके भी पूर्व भरत कृत नाट्यशास्त्र में संस्कृत तथा देशी शब्दों से भिन्न भाषा को 'विभ्रष्ट' अथवा आभीरोक्ति नाम से दिया गया है। रुद्रट ने काव्यालंकार में संस्कृत, प्राकृत के अनंतर लोकभाषा

अपभ्रंश के भेदों का उल्लेख किया है। फिर पुरुषोत्तमदेव ने प्राकृतानुशासन में तथा हेमचंद्र ने प्राकृत व्याकरण में अपभ्रंश को शिष्ट समाज की भी भाषा के रूप में दिया गया है।

अपभ्रंश का प्राचीनतम उल्लेख भरत के नाट्य-शास्त्र में मिलता है यद्यपि वह कुछ अस्पष्ट रूप में ही है। तदनंतर कालिदास के विक्रमोर्वशीय नाटक के चौथे अंक में अपभ्रंश के कुछ उदाहरण मिलते हैं। फिर पश्चिमी अपभ्रंश के ग्रंथ जैनमतावलम्बी जोइन्दु (योगीन्दु) रचित परमात्मप्रकाश और योगसार एवं पूर्वी अपभ्रंश का 'कण्ह दोहा-कोश माने जाते हैं। चौरासी सिद्धों में कण्ह या काण्हपा (कृष्णापाद) की गणना होती है। 'सावयधम्म दोहा' तथा मुनि रामसिंह रचित 'पाहुड़ दोहा' भी जैन धार्मिक रचनाएँ हैं। उक्त जैन ग्रंथों में वीर, शृंगार की भी फुटकर रचनाएँ भी उपलब्ध होती हैं जिनमें वीर और शृंगार के सभी पक्षों का सुंदर समन्वय हुआ है। अपभ्रंश रचनाएँ अधिकतर जैन-मत से संबंधित हैं परन्तु कुछ स्वतंत्र ग्रंथ भी मिलते हैं। सोमप्रभु रचित कुमारपाल-प्रतिबोध ११९५ ई० के लगभग की रचना मानी जाती है। प्रबंध-चिन्तामणि में जो ११ वीं. शताब्दी के लगभग की रचना मानी जाती है। जिसमें राजा मुंज का आख्यान अधिकांशतः वर्णित है और कुछ लोग मुंज को ही इसका रचयिता मानते हैं। अद्दहमाण (अब्दुलरहमान) का 'संनेस रास' (संदेश रासक) का समय भी १०१० ई० माना गया है जिसमें एक विरहिणी नायिका की उक्तियाँ संग्रहीत हैं और साथ में षट्ऋतुवर्णन भी मिलता है। उक्त मुक्तक रचनाओं के अतिरिक्त प्रबन्ध रचनाएँ भी अपभ्रंश भाषा में उपलब्ध होती हैं। स्वयंभू कृत रामायण 'पउमचरिउ' (पद्मचरित), पुष्पदंत कृत 'जसहर चरिउ' (यशोधर चरित), 'णायकुमार चरिउ' (नागकुमार चरित), 'महापुराण, कनकामर' कृत 'करकण्डु चरिउ' (करकंडु चरित), हरिभद्रकृत 'सनत्कुमार चरित', 'नेमिनाहचरिउ' (नेमिनाथ चरित), धनपाल कृत 'भविसयत्तकहा '(भविष्यदत्त कथा),

आदि ऐसी ही रचनाएँ हैं। इनमें कुछ खंड-काव्य हैं और कुछ महा-काव्य हैं। 'पउम-चरिउ', 'भविसयत्तकहा' उत्कृष्ट महाकाव्य ग्रंथ माने जाते हैं जिनमें तत्कालीन सामाजिक दशाओं का भरपूर चित्रण मिलता है।

अपभ्रंश भाषाओं में रचनाएँ छठी शताब्दी से लेकर लगभग १४वीं शताब्दी तक लिखी जाती रहीं। अतएव अपभ्रंश का साहित्य और अत्यधिक संपन्न होना चाहिये परन्तु अभी तक संपूर्ण रचनाओं के उपलब्ध न होने के कारण कुछ ही रचनाओं से संतोष करना पड़ता है और जो रचनाएँ मिल सकी हैं वे भी अनेक भारतीय तथा पाश्चात्य विद्वानों के अथक परिश्रम की परिणाम हैं। संभव है भविष्य में अपभ्रंश की लुप्त सामग्री का और विशद अंश भी प्रकाश में आ सके।

दूसरा अध्याय

प्राकृत की सामान्य विशेषताएँ

प्राचीन आर्य भाषा-समूह की विशेषताएँ सदैव सुरक्षित नहीं रहीं। उनमें ध्वनि और पद संबंधी विशेषताओं का नये रूपों में विकास होना प्रारम्भ हुआ और ५००–६०० ई० पू० के लगभग से इन नवीन भाषाओं के उदाहरण निश्चित रूप से मिलने लगते हैं। प्राचीन आर्य भाषा की ध्वनि संबंधी विशेषताओं के अन्तर्गत—ऋ>-अ,-इ, -उ, और कभी-कभी इनमें 'र' ध्वनि भी सम्मिलित मिलती है। डॉ० सुकुमार सेन के अनुसार इनका विकास-ऋ >-अर् >-अर् >-अ, -ऋ >-इरि >-इर् >-इ,-ऋ >-उर > उर् > उ रूप में माना जा सकता है। ऋग्वेद में इस संबंध के कई उदाहरण मिलते हैं। उदा०—शृणोति<-श्रिणोति>-श्रुणोति, त्रीय-<त्रितीया-शृथिर>शिथिर आदि। संयुक्त स्वर ऐ, औ > क्रमशः ए, ओ का विकास हो गया। इस प्रकार का विकास प्रयत्न-लाघव के फलस्वरूप कहा जा सकता है। मूल स्वर ए,-ओ > क्रमशः इनके स्वरूप-एँ,- ओँ मिलते हैं। व्यंजनों और संयुक्त व्यंजनों में भी काफी परिवर्तन हुआ। शब्द के स्वर मध्यवर्त्ती व्यंजनों,-क्, ख,ग्, घ्, त्, थ्, द्, ध्, प्, फ्, व्, भ् में अघोष व्यंजन सघोष रूप में और महाप्राण व्यंजन का विकास केवल-ह के रूप में तथा कुछ व्यंजनों का लोप मिलता है। शिलालेखी प्राकृत में प्राच्य और प्राच्य-मध्य समूह की भाषाओं में कुछ विकास लगभग १०० ई० पू०,

अशोकी प्राकृत में लगभग ३०० ई० पू० से मिलने लगता है परन्तु ४०० ई० तक उक्त ध्वनि संबंधी विशेषताओं का पूर्ण विकास हो जाता है। अघोष व्यंजन के सघोष और इस प्रकार विकसित महाप्राण व्यंजन का हकार रूप में परिवर्तित होने के बीच उनका ऊष्म संघर्षी रूप भी मिलता है। पश्चिमोत्तर तथा मध्यएशिया के भाषा समूहों में उक्त परिवर्तन के उदाहरण उपलब्ध होते हैं।

शब्द के अंत में व्यंजनों का प्राय: लोप मिलता है। अन्त्य अनुनासिक व्यंजन-न्,-म् प्राय: अनुस्वार के रूप में स्थिर मिलते हैं। विसर्ग का भी परिवर्तन हो जाता है। इसका शब्द के अन्त में--ओ,-ए अथवा समीकृत रूप हो जाता है। ऊष्म ध्वनियों-श, ष, स पश्चिमोत्तर समूह की प्राकृतों में कुछ काल तक तो सुरक्षित रहे। फिर इनका भी परिवर्तन 'श' अथवा 'स' रूप में हो जाता है। 'न' का विकास भी अधिकांशत: 'ण' के रूप में मिलता है। परन्तु-न और-ण का अंतर बहुत कुछ लिपि-विशेषता के कारण भी माना गया है। ध्वनि परि-वर्तनों में संयुक्त व्यंजन का विकास भी प्राकृतों के आरंभिक काल से ही मिलता है। ऊष्म व्यंजन के साथ दो अथवा तीन व्यंजनों के संयुक्त रूप का परिवर्तन पहले हुआ और फिर अन्य प्रकार के संयुक्त व्यंजनों का रूप भी बदल गया। पश्चिमोत्तर-समूह की आरंभिक प्राकृत में संयुक्त व्यंजनों का रूप अन्य प्राकृतों की अपेक्षा दीर्घ काल तक स्थिर मिलता है और प्राच्य में इसका परिवर्तन सबसे पहले प्रारंभ हुआ। शब्द के आरंभ में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजनों में से एक व्यंजन का लोप हो जाता है अथवा उनके बीच में कोई स्वर डाल कर 'स्वरभक्ति' के रूप में उनको विभक्त कर दिया गया। शब्द के मध्य में प्रयुक्त संयुक्त-व्यं-जनों को 'समीकरण' के द्वारा परस्पर एक दूसरे के समान कर लिया गया। इसी प्रकार संयुक्त व्यंजनों में ध्वनिविपर्यय के द्वारा शब्द में व्यंजनों का स्थान-परिवर्तन भी हो जाता है। उक्त परिवर्तनों के अतिरिक्त शब्दों के मूल और संयुक्त व्यंजनों का किसी दूसरे मूल व्यंजन

में विकास अथवा किन्हीं दो विभिन्न व्यंजनों के संयुक्त रूप में भी विकास मिलता है। परन्तु संयुक्त व्यंजनों का यह परिवर्तन बहुत व्यापक नहीं है।

मध्यकालीन आर्य भाषाओं के पद-विकास में भी सादृश्य और प्रयत्न-लाघव के कारण रूपों को काफ़ी सरल कर लिया गया। संज्ञा, क्रिया आदि रूपों के द्विवचन का लोप कर दिया गया। शब्द के अन्त्य व्यंजन के लोप हो जाने के कारण व्यंजनान्त रूपों का विकास स्वरांत के सदृश ही हो गया। पुलिंग और नपुंसक रूपों का विकास प्राय: अकारांत के सदृश और स्त्रीलिंग के रूपों का विकास प्राय: आकारांत के अनुसार मिलता है। वैसे पुलिंग, नपुसंक के अंतर्गत इकारांत और उकारांत रूप और स्त्रीलिंग के अंतर्गत ईकारांत और ऊकारांत रूप भी मिलते हैं परन्तु इनका रूप-विकास पुलिंग में अकारांत और स्त्रीलिंग में आकारांत के सदृश ही हुआ है। विभक्तियों के प्रयोग में भी सादृश्य के द्वारा रूपों का एकीकरण मिलता है। एकवचन और बहुवचन दोनों में चतुर्थी के लिये षष्ठी और पंचमी के लिये तृतीया के प्रयोग मिलते हैं वैसे पंचमी एक०, बहु० में तृतीया के अतिरिक्त कुछ और रूपों का भी प्रयोग मिलता है। नपुंसक लिंग में प्रथमा और द्वितीया के रूप प्राय: समान हो जाते हैं और शेष रूप प्राचीन आर्य भाषा के सदृश ही प्राकृतों में भी पुलिंग के समान ही विकसित होते हैं। स्त्रीलिंग एक० के रूपों पर पुलिंग की अपेक्षा और भी अधिक सादृश्य का प्रभाव दिखाई पड़ता है। तृतीया से लेकर सप्तमी तक में प्राय: एक ही रूप मिलते हैं। स्त्रीलिंग बहु० में विभक्तियों का एकीकरण पुलिंग के समान ही होता है। विभक्तियों का एकीकरण होने पर अर्थ के स्पष्टीकरण के लिये संज्ञा और क्रिया के रूपों के साथ परसर्गों का प्रयोग भी किया जाने लगा।

क्रिया के रूपों को भी सरल बनाया गया। जैसा पहले कहा जा चुका है कि क्रिया के रूपों में द्विवचन का लोप हो गया और वह बहुवचन में

सम्मिलित हो गया। परस्मैपद के अनुसार की आत्मने-पद के रूप का भी प्रयोग होने लगा। क्रियाओं के अकारांत और एकारांत रूप ही शेष रह गये। भ्वादि गण के धातुओं की अन्य गणों की धातुओं की अपेक्षा व्यापकता मिलती है। प्राचीन आर्य भाषा में काल-रचना दस लकारों के रूप में विभाजित थी परन्तु प्राकृतों में वर्तमान के लिये 'लट', भविष्य के लिये 'लृट', भूतकाल के लिये 'लुंग' और इनके अतिरिक्त आज्ञा का एक रूप 'लोट' और इच्छा, अभिलाषा, आशीर्वाद आदि को व्यक्त करने के लिये विधिलिंग का व्यापक प्रयोग मिलता है।

प्राकृत भाषाओं का उद्भव काल जैसा पहले बताया जा चुका है लगभग ६०० ई० पू० से प्रारंभ हुआ और यही समय प्राचीन फ़ारसी के विकास का भी है। संभवत: इसी कारण ईरानी भाषा प्राचीन फ़ारसी और प्राकृत की विशेषताएँ बहुत कुछ समान रूप में मिलती हैं। ध्वनि-परिवर्तन, द्विवचन का लोप, विभक्तियों का एकीकरण, परसर्गों का विकास, काल के भेदों में एकीकरण आदि विशेषताएँ प्राचीन फ़ारसी और प्राकृत में समान हैं। स्थान-भेद के होने पर भी कालसाम्य होने के कारण विभिन्न भाषाओं के विकास में यदि समानता मिले तो आश्चर्य ही क्या है क्योंकि भाषाओं का विकास तो स्वाभाविक ढंग पर होता है, इसे भाषाविज्ञानी भी प्राय: स्वीकार करते हैं।

संस्कृत में प्राकृत-अंश

प्राकृत भाषा की विशेषताओं का विकास भाषा का स्वाभाविक विकास है। इसलिये वे विशेषताएँ प्राचीन आर्य भाषा अथवा आधुनिक आर्य भाषाओं में भी उपलब्ध होती हैं। ज्यूल्स् 'ब्लाख' ने सन् १९२८ में अपने फर्लांग के व्याख्यानों में प्राचीन आर्य भाषा पर प्राकृत-प्रभाव को स्पष्ट किया है। प्राचीन आर्य भाषा का कोई एक रूप नहीं था। वह विभिन्न प्रदेशों में अनेक रूपों में प्रचलित थी। डॉ० एस्० एम्० कत्रे

प्राचीन आर्य भाषा पर प्राकृत-प्रभाव 'भाषामयता' के नाम से दिया है। ऋग्वेद की भाषा में ही ये प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं।

ध्वनिसंबंधी विशेषताओं में–इ ∠–ऋ—उदा० शिथिर < श्थिर, कुरु, कुपु< कृणु कृत <कुठ मिलते हैं। प्राकृत में ऋ <अ, इ, उ तथा साथ में कभी 'र' ध्वनि भी रहती है। संस्कृत में इनका यही विकास मिलता है। उदा-भृत< भट, कृत-<उत्कट और वैदिक विकट में–कट भृ-> भ्रकुटि। इसी प्रकार शृङ्ख् > शिंघ (सूँघना) समृद्ध > संइद्ध, क्रोष्टृ> क्रोष्टु (गीदड़), ऋषभ> लुषभ, वृत्त> रुत्त। इसी प्रकार -र > -ल-अङ्गार> इंगाल और ऋ–> –ए, गृह > गेह, प्राकृत में ऐ, औ > ए, ओ मिलते हैं। वेदों, ब्राह्मण-ग्रंथों, सूत्रों आदि में प्राकृत के सदृश ही परिवर्तन पाये जाते हैं। उदा० वैदिक–अस्मै > तै० ब्रा० अस्मे, तै० ब्रा० कैवर्त> केवर्त, औषधीषु > ओषधीषु, ऋग्वेद गमध्यै> गमध्ये, वोढवै> वोढवे आदि।

दीर्घ स्वर के स्थान पर ह्रस्व स्वर का उदाहरण जकोबी आदि विद्वानों ने दिया है। उदा० अगार> आगार, खलिन > खलीन आदि, दीर्घ के स्थान पर ह्रस्व उदा० रोदसीप्रा> रोदसिप्रा, अमात्र> अंमत्र-ऋग्वेद। प्राकृत में—अय>-ए मिलता है। वैदिक त्रयधा>त्रेधा, श्रयणि > श्रेणि। इसी प्रकार—अव> –ओ उदा० उपवसथ> गाथा-पोषध, लवणतृण> लोणतृण (एक प्रकार की घास), लवण-> लोणार, श्रवण> श्रोण, श्रवत्य:> श्रोत्या:। संस्कृत में प्राकृत के सदृश सयुक्त व्यंजन का 'स्वरभक्ति' रूप भी हो-जाता है। उदा० पूर्ष> पुरुष, वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग मिलते हैं। उदा० सहस्रय:> सहस्रिय:, स्वर्ग:> सुवर्ग: (तैत्तिरीयसंहिता) तन्व: > तनुव:, स्व: > सुव: (तैत्तिरीय आरण्यक)।

इसी प्रकार आदि स्वरागम भी प्राकृत के सदृश ही मिलता है। उदा० स्त्री> इस्त्री—(गाथा)। संस्कृत के व्यंजनों पर भी

प्राकृत का प्रभाव दृष्टिगत होता है। उदाहरण के लिये अघोष के स्थान पर सघोष रूप मिलता है। जैसे, कुल्फ>गुल्फ (ठुड्डी), कर्त>गर्त (गड्ढा), तटाक> तडाग (झील, समुद्र), लिपिकार>लिविकार, अर्भक (छोटा)> अर्भग (युवक), ऋत्य > उड्ड्‌य (चन्द्रमा) आदि।

इसी प्रकार घोष के स्थान पर अघोष रूप मिलता है जो पैशाची प्राकृत की विशेषता है। उदा० विभीदक> विभीतक, इन्ग-> वि-इंक (इधर-उधर घूमना), वण्ड>पण्ड, स्फिग> स्फिक। वैदिक के उक्त उदाहरणों में सघोष व्यंजन ब्राह्मण, सूत्र, संस्कृत-ग्रंथों में अघोष के रूप में मिलते हैं।

कुछ उदाहरणों में अल्पप्राण व्यंजन महाप्राण व्यंजन के रूप में मिलता है। उदा० वैदिक गुष्पित> सं० गुफ्-(बुनना)। अघोष महाप्राण व्यंजन सघोष महाप्राण में बदल जाता है। उदा० नाथित> नाधित, मथुरा > मधुरा, शृंखाणिका> सिंघाणिका (आँव)।

प्राकृत शब्दों में अन्त्य व्यंजनों का लोप हो जाता है। वैदिक में इसके उदाहरण मिलते हैं। उदा० पश्चात्> पश्चा (अथर्व-संहिता), उच्चात्> उच्चा (तैत्तिरीय संहिता), नीचात्> नीचा प्राकृत के सदृश संस्कृत में संयुक्त व्यंजनों के समीकृत रूप भी मिलते हैं। उदा० चित्कणकन्थ> चिक्कणकन्थ (स्थान का नाम) सज्य->सज्ज- (तय्यार), -सज्यते> सज्जति, रज्य>लज्ज-(लाल) मल्य-> मल्ल, नल्य > नल्व (फर्लाङ्ग)।

इसी प्रकार संस्कृत में संयुक्त व्यंजनों के स्थान पर अन्य प्रकार के संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग भी मिलता है। उदा० -त्स-क्ष>-च,-छ,-उदा० च्छ-परिक्षित>परिच्छत, परिक्षव>परिच्छव, क्षत्र>छत्र (छींक-अशुभसूचक), क्षुर> छुरिका (चाकू), कक्षा > कच्छा, अक्ष> अच्छ, लक्षण> लाञ्छन, उत्सन्न> उच्छन्न (विनष्ट), उत्सादन> उच्छादन (सफाई), मत्स्य> मच्छ, वत्स> वच्छ।

इसी प्रकार संयुक्त व्यंजन—द्य > -ज्य्-उदा-द्युत-> ज्योतिः। प्राकृत

में स्वरमध्यवर्ती दन्त्य व्यंजन अथवा दन्त्य व्यंजन के साथ-र् या-ल के प्रयोग होने पर उसका मूर्धन्य रूप हो जाता है। संस्कृत में इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। पहले कृत >-कट का उदाहरण दिया जा चुका है। अन्य उदाहरण—कर्त-> काट (गड्ढा), कृत (बुनना) > कट (चटाई), -द>-ड। उदा:दुर्दभ> दूडभ (वाजसनेयिसंहिता), पुरोदाश> पुरोडाश (शुक्लयजु० प्रातिशाख्य) ऋध-(बढ़ना) > आढ्य (संवृद्ध), गृन्थति, ग्रथति> गुण्ठयति नृत्यति > नटति। इसी प्रकार-आर्त्त (दुखी) > अट्ट, कृन्तति> कुट्टयति (कुचलता है)। परन्तु प्राचीन आर्य भाषा में उक्त ढंग पर जैसा मूर्धन्य ध्वनियों का विकास मिलता है वैसा अन्य भारोपीय भाषाओं में नहीं मिलता। उदाहरण-वैदिक में 'कटुक' है परन्तु लिथुएनी में 'कर्तुस्' ही है। फॉरतुनेतोर के मतानुसार अन्य भारोपीय भाषाओं के शब्दों में दन्त्य के पूर्व यदि-ल् ध्वनि का प्रयोग होता है तो भारतीय प्राचीन आर्य में उसका मूर्धन्य में विकास हो जाता है। उदा—वैदिक खण्ड-, ग्रीक क्लदरोस् (kladaros), लिथुएनी स्केल्देति (Skeldideti)। परन्तु वैदिक में जिसका प्रयोग पहले होता था उसी को प्राकृत ने सुरक्षित रखा और अर्वाचीन संस्कृत में प्राकृत के प्रभाव से पुन: उसका प्रयोग मिलने लगता है। इस प्रकार यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि प्राचीन आर्य भाषा में जहाँ मूर्धन्य का प्रयोग मिलता है और वह उक्त नियम के अनुसार सिद्ध नहीं होते वह प्राकृत के परंपरित रूप अथवा प्राकृत में उपलब्ध अनार्य भाषाओं के प्रभाव के कारण माने गये हैं।

मागधी प्राकृत की विशेषता के अनुसार-ज>-य का भी उदाहरण संस्कृत में मिलता है। उदा-० जामातृ-> यामातृ, जामि->-यामि। इसी प्रकार-य और-व में भी परस्पर परिवर्तन प्राकृत की विशेषता है जो संस्कृत में भी मिलता है। उदा०—आततायी> आततवी, मनायी> मनावी, अहन्त्याय> अहन्त्वाय।

प्राकृत में महाप्राण व्यंजन का विकास 'ह' के रूप में मिलता है। संस्कृत में -ख>-ह,-घ> -ह, -ध> -ह, -भ> -ह आदि के उदाहरण मिलते हैं। उदा०—सखायम्> सहाय-, शृंखाण-> सिंहाणक—(आँख), मुख > सुह, प्राकृत-प्रभाव से विकसित क्रीड-, खेल > हेल—आदि। इसी प्रकार अर्घ-> अर्ह् का विकास। प्रतिसंधाय> प्रतिसंहाय (गोपथब्रा०), धित> हित, रुधिर> रोहित, लोहित, ककुभ > ककुह, लुभ-> लुह्- (इच्छा करना), श्रम्भ> श्रहं—(विश्वास करना)। इसी प्रकार संस्कृत हाव-भाव में भाव> हाव का विकास और फिर प्राकृत के प्रभाव से उसका प्रयोग संस्कृत में मिलता है। संस्कृत पर प्राकृत का अत्यधिक प्रभाव 'गाथा' में मिलता है और उसमें संस्कृत का शुद्ध रूप नहीं मिलता। बौद्ध, जैन और पुराण आदि कुछ ग्रंथों में इसका प्रयोग मिलता है, जिसका विवेचन पहले विकृत-संस्कृत के अंतर्गत किया जा चुका है। प्राकृत में अकारांत पु० प्रथमा एक० में—ओ होता है। वैदिक में भी संवत्सरो अजायत (ऋग्वेदसंहिता), सो चित् मिलता है। प्राकृत तृतीया बहु०-देवेहि, जेट्ठेहि आदि रूप वैदिक देवेभिः ज्येष्ठेभिः रूपों से ही संबंधित हैं। पाणिनि ने चतुर्थी के स्थान पर षष्ठी के प्रयोग का उल्लेख किया है—चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि। प्राकृत पंचमी एक० में देवा, वच्छा आदि के सदृश वैदिक उच्चा, नीचा, पश्चा रूप मिलते हैं। प्राकृत द्वितीया बहु० में बदल जाते हैं। वैदिक में इन्द्रावरुणौ > इन्द्रावरुणा, मित्रावरुणौ > मित्रावरुणा आदि रूप उपलब्ध होते हैं। इसी प्रकार प्राकृत के पद-विकास में विभक्तियों का एकीकरण सादृश्य के कारण मिलता है और वही सादृश्य की भावना संस्कृत के पद-विकास में भी निहित है क्योंकि स्वरांत और व्यंजनात रूपों के एक वचन, द्विवचन, बहुवचन और तीनों लिंगों में—पुलिंग, स्त्रीलिंग-नपुंसक लिंग की अनेक विभक्तियाँ समान रूप में भी मिलती हैं। नपुंसक में तृतीया से सप्तमी तक के रूप प्रायः पुलिंग के समान

मिलते हैं। संस्कृत के पद-विकास में भी सादृश्य का प्रभाव पड़ा है। पुलिंग के अकारात में द्विवचन के तृ०, च०, पं० में नृपभ्याम्, ष०, स० में नृपस्य: इकारांत में एक० पं० ष० कवे:, द्वि० तृ० च०, पं० के कविभ्याम्, ष० स० के कवयो: वहु० च० पं० के कविभ्य: समान रूप मिलते हैं। संस्कृत स्त्रीलिंग के रूपों में प्राकृत के सदृश कुछ अधिक सादृश्य का प्रभाव मिलता है। आकारांत, ईकारान्त में पं, ष० का मालाया:, दास्या:, द्वि० तृ०-च०, पं० में मालाभ्याम् दासीभ्याम् और वहुवचन में च० पं० के मालाभ्य: और दासीभ्य: समान रूप पाये जाते हैं। इस प्रकार सादृश्य का प्रभाव जैसा प्राकृत भाषाओं की विभक्तियों के विकास में मिलता है वैसा ही प्रभाव प्राचीन आर्य भाषा की विभक्तियों के विकास में भी दृष्टिगत होता है। अतएव सादृश्य और प्रयत्नलाघव आदि के कारण जिसप्रकार प्राकृत भाषाओं का विभिन्न रूपों के विकास हुआ वहुत कुछ वही प्रभाव प्राचीन आर्य भाषा संस्कृत के उदाहरणों में भी दिखाई पड़ता है। भाषा के विकास में सहज और स्वाभाविक प्रवृत्तियाँ सदैव कार्य करती रहती हैं यह पहले स्पष्ट किया ही जा चुका है।

प्राकृत शब्द-समूह

विविध प्राकृत भाषाओं के शब्द-समूह में भी पर्याप्त समानता मिलती है क्योंकि सभी प्राकृतों का उद्गम और विकास प्राचीन आर्य भाषा वैदिक अथवा लोकव्यवहार में प्रचलित प्राचीन आर्य बोलियों के आधार पर हुआ। संस्कृत भाषा में भी आर्येतरांश के अनेक उदाहरण मिलते हैं यद्यपि इस विषय में कुछ मतभेद भी है। वे अंश द्राविड़ अथवा आग्नेय (ऑस्टिक) परिवार के माने जाते हैं। प्राकृत भाषाओं में भी तदनुसार उन अंशों का विकास मिलता है, जो किसी प्रकार अस्वाभाविक नहीं कहा जायेगा। इसके अतिरिक्त सभी भाषाओं में कुछ देशी शब्द भी मिलते हैं जिनका विकास स्थानीय विशेषताओं

से सम्बद्ध होता है। प्राकृतों में भी इन देशी शब्दों की कमी नहीं है। भारतीय वय्याकरणों तथा आचार्यों द्वारा प्राकृत शब्द-समूह को तीन भागों में विभाजित किया गया है—१. संस्कृत-तत्सम अथवा तत्सम, २. संस्कृत-भाव अथवा तद्भव, ३. देश्य अथवा देशी। वाग्भट्टालंकार में तत्सम को 'तत्तल्य', की संज्ञा दी गई है। उक्त 'तद्भव' शब्द का प्रयोग त्रिविक्रम, मार्कण्डेय, दण्डी, धनिक ने किया है और उसी के लिये संस्कृत-योनि अथवा विभ्रष्ट का प्रयोग भारतीय नाट्य-शास्त्र में मिलता है। उक्त 'देश्य' का उल्लेख त्रिविक्रम, मार्कण्डेय, वाग्भट्ट ने और 'देशी' का दण्डी धनिक ने किया है। यही देशी-प्रसिद्ध अथवा देशी-मत के नाम से भारतीय नाट्यशास्त्र में प्रयुक्त हुआ है।

तद्भव शब्दों के भी दो भेद किये गये हैं—साध्यमानः संस्कृत भावः और सिद्धमानः संस्कृत भावः। पहले के अन्तर्गत संस्कृत के आधार पर विकसित प्रत्यय अथवा विभक्तिरहित शब्द आते हैं। वीम्स् (Beams) ने ऐसे शब्दों को प्रारंभिक तद्भव शब्द कहा है और ये प्राकृत के स्वतन्त्र शब्द हैं। दूसरे के अन्तर्गत संस्कृत के शब्द वे हैं जो प्रत्यय और विभक्ति के साथ प्राकृत में प्रयुक्त होते हैं। उदा०—वन्दित्वा > अमा० वन्दित्ता। संस्कृत वय्याकरणों ने अपने संस्कृत भाषा-ज्ञान और प्रतिभा के आधार पर प्राकृत के एक ही शब्द को देशी और दूसरे ने तद्भव अथवा तत्सम के नाम से दिया है। हेमचन्द्र ने 'देशी नाममाला' ग्रन्थ में इस पर विस्तार से विवेचन प्रस्तुत किया है। इसी प्रकार कुछ समास हैं जिनके शब्द तो संस्कृत सदृश हैं परन्तु उनके अर्थ संस्कृत से भिन्न हैं। उदा—अक्षिपतनं > अच्छिवडणम्, सप्तविंशति द्योतन > सत्तविसमजोअणो। अनेक प्राकृत शब्द ऐसे हैं जिनका संस्कृत-धातुओं से कोई संबंध नहीं जोड़ा जा सकता परन्तु उनको वैसा जोड़ने का प्रयास किया गया है। और ऐसे अनेक देशी शब्द धात्वादेश के

नाम से कहे गये हैं। उनका महत्व है क्योंकि आधुनिक आर्य भाषाओं का संबंध उनसे जुड़ जाता है परन्तु हेमचन्द्र ने संस्कृत से उन शब्दों का संबंध जोड़ा है और वे उन्हें देशी नहीं मानते।

देशी शब्दों को संस्कृत शब्द-कोश में 'धातुपाठ' के नाम से भी रखा गया है। उक्त देशी शब्दों में देशज के अतिरिक्त आर्य और अनार्य शब्दों का भी संग्रह कर लिया गया है। जिन शब्दों का व्याकरणिक नियमों से सिद्ध नहीं होता अथवा संस्कृत शब्द-कोश में जो उसी अर्थ में नहीं मिलते उन सभी को देशी की संज्ञा हेमचन्द्र ने दी है। यद्यपि भाषा-विकास की दृष्टि से वे स्थानीय विशेषताओं के आधार पर विकसित नहीं हुए वरन् उन्नत भाषाओं के शब्द ही ध्वनि-परिवर्तन और प्रयोग विशेष के कारण देशी मान लिये गये। उदाहरण के लिये 'अमयणिग्गमो' शब्द चन्द्र के अर्थ में मिलता है, जो संस्कृत का 'अमृतनिर्गम' ही है, चूँकि यह संस्कृत शब्द-कोश में नहीं मिलता इसलिये देशी शब्द माना गया है। देशीनाममाला में अनेक शब्द द्राविड़, फ़ारसी और अरबी भाषाओं के भी हैं। हेमचंद्र ने वैसे अपने पूर्व के वय्याकरणों के द्वारा निर्देशित देशी शब्दों को संस्कृत के अंतर्गत भी माना है क्योंकि उनकी व्युत्पति संस्कृत से सिद्ध होती है। हेमचन्द्र ने देशीनाममाला में शब्दों को अकारादि क्रम से दिया है जिससे कोई भ्रम उत्पन्न नहीं होता। हेमचन्द्र ने जैसा पहले कहा गया है, अपने द्वारा ही निर्देशित देशी-शब्दों के नियम का सर्वत्र पालन नहीं किया है। एक शब्द को एक स्थान पर देशी और फिर उसी को दूसरे स्थान पर संस्कृत से संबंधित दिखाया है। उदाहरण के लिये डोला (पालकी), हलुअ, अइहारा, थेरो शब्द लघु, अइहारा डोला, स्थविर प्राकृत-व्याकरण में संस्कृत और देशीनामामाला में देशी माने गये हैं।

इसी प्रकार धनपाल ने स्वरचित पाइअलच्छी को देशी-शास्त्र माना है। यद्यपि उसमें तत्सम और तद्भव शब्दों की संख्या ही अधिक मिलती है। अतएव प्राकृत शब्द-समूह के अधिकांश शब्द तद्भव हैं,

जो भाषा में नियमानुसार विकसित हुए हैं और कुछ तत्सम और देशी हैं। देशी वे शब्द हैं जो संस्कृत व्याकरण अथवा प्राकृत भाषा के नियमित रूपों के अनुसार सिद्ध नहीं किये जा सकते। उनमें प्रकृति और प्रत्यय का भेद नहीं किया जा सकता अथवा वे शब्द जो विकास के प्रारंभिक काल से ही संस्कृत से असंबद्ध रूप में प्रयुक्त होते आये हैं। परन्तु ऐसे शब्दों को 'अर्धतत्सम' कहना अधिक ठीक होगा उक्त देशी शब्दों में द्राविड़, फ़ारसी, अरवी के शब्दों को भी देशी-रूप में न माना जा कर उन्हें विदेशी शब्द के रूप में मानना अधिक उचित जान पड़ता है। प्राकृत में तत्सम, तद्भव, देशी के अतिरिक्त वे अन्य भाषा परिवारों से उधार लिये हुए विदेशी शब्द माने जा सकते हैं। शब्द-समूह का उक्त विभाजन ठीक कहा जा सकता है क्योंकि वह किसी भी भाषा में देखने को मिल सकता है।

हेमचन्द्र ने प्राकृत शब्द-समूह में उपलब्ध अपने पूर्ववर्ती देशी शब्दों के कोष-रचयिताओं का उल्लेख किया है। अभिमानचिह्न ने अपने देशीकोश सूत्र-रूप में लिखा, गोपाल ने देशी-कोश श्लोक के रूप में रचा। देवराज ने एक छंद संबंधी कोश बनाया जिसमें प्राकृत के देशी शब्दों का अर्थ प्राकृत भाषा में ही व्यक्त किया। द्रोण ने भी अपने देशी-कोश में प्राकृत भाषा में ही देशी शब्दों के अर्थ को स्पष्ट किया, धनपाल कृत पाइअलच्छी का उल्लेख पहले किया ही जा चुका है। परन्तु हेमचन्द्र ने धनपाल द्वारा रचित जिस कोश से उदाहरण दिये हैं वह पाइअलच्छी के अतिरिक्त कोई अन्य कोश कहा गया है जो अब उपलब्ध नहीं होता। अनुमान है कि वह देशीनाममाला के सदृश ही कोई बड़ी रचना होगी, क्योंकि पाइअलच्छी तो बहुत छोटा ग्रंथ है। उसमें देशी शब्दों की संख्या भी बहुत परिमित है। हेमचन्द्र ने पादलिप्ताचार्य के देशी-कोश और राहुलक की रचना को ही सबसे अधिक महत्व दिया है क्योंकि कहीं पर भी हेमचन्द्र ने उनसे विरोध प्रकट नहीं किया। शीलाङ्क ने भी एक देशी-कोश की रचना की थी क्योंकि हेमचन्द्र ने कुछ

स्थानों पर उससे अपना विरोध प्रकट किया है। हेमचंद्र की देशी-नाममाला ग्रंथ इस प्रकार प्राकृत के देशी, अर्धतत्सम आदि शब्दों का महत्वपूर्ण संग्रह कहा जा सकता है, जो पूर्ववर्ती रचयिताओं के विवेचन के साथ उपलब्ध होती है। पाइअलच्छी-नाममाला का संपादन विक्रमविजय मुनि के द्वारा किया गया है जिसमें शब्दों का तत्सम रूप अथवा उनका शाब्दिक अर्थ प्रत्येक पृष्ठ के अंत में पाद-टिप्पणी के रूप में दे दिया गया है। हेमचंद्र कृत देशीनाममाला का संपादन आर० पिशेल के द्वारा और उसी के परिशिष्ट भाग में देशीनाममाला में प्रयुक्त देशी शब्दों का शब्द-कोश, संस्कृत, अंग्रेजी अर्थों और रूपात्मक उल्लेखों के साथ डॉ० बूहलर के द्वारा किया गया है। प्राकृत-शब्दकोश का एक बृहत् रूप 'पाइअसद्दमहण्णव' (प्राकृतशब्द-महार्णव) के नाम से सेठ हरगोविन्ददास द्वारा चार खण्डों में हिंदी अर्थों तथा रूपात्मक विवेचन के साथ मिलता है। यह कोश प्राकृत-शब्दसमूह की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कहा जा सकता है। आचार्य नरेन्द्रदेव रचित पूर्व निर्देशित अभिधम्म कोश भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण रचना है।

शिलालेखी प्राकृत

अशोक के शिलालेखों की भाषा प्रारंभिक प्राकृत की उदाहरण है और जैसा पहले कहा जा चुका है, उनकी भाषा को चार रूपों में विभाजित किया गया है—पश्चिमोत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी, मध्यपूर्वी और पूर्वी। पश्चिमोत्तर समूह के अन्तर्गत सामूहिक दृष्टि से शाहावाज-गढ़ी की भाषा मानसेहरा की अपेक्षा अधिक प्रामाणिक है क्योंकि मानसेहरा की भाषा पर मध्यपूर्वी समूह की भाषा का प्रभाव भी दृष्टिगत होता है। मानसेहरा में प्रथमा एक०-ओ > -ए रूप, महाप्राण भ > ह व्यंजन मिलता है, जो पश्चिमोत्तरी की सामान्य विशेषताएँ नहीं है। उदा० मृग: > मुगो (शाह०), म्रिगे (मान०)।

पश्चिमोत्तरी समूह

पश्चिमोत्तरी की ध्वनि संबंधी विशेषताओं में-ऋ>-रि,-रु,र और आगे का दन्त व्यंजन मूर्धन्य में परिवर्तित हो जाते हैं परन्तु मानसेहरा में यह परिवर्तन नहीं मिलता। उदा० कृत, मृग वृद्धेषु, वृद्धि> क्रमशः किट, म्रिग, म्रुग ब्रुध्रेसु, व्रुद्धेसु, व्रद्धि,। -क्ष> -च्छ। उदा० मोक्ष> मोछ परन्तु क्ष> ख उदा० क्षुद्र>खुद्र, खुद (मान०)। -स्म,-स्व>-स्प उदा० सप्तमी एक०—स्मिन> -स्पि, उदा० विनीतस्मिन> विनितस्पि, स्वामिकेन> स्पमिकेन। यदि संयुक्त व्यंजन मे-र ध्वनि हो तो उसका परिवर्तन नहीं होता। उदा० धर्म> ध्रम, दर्शन> द्रशन।

यदि संयुक्त व्यंजन में-स ध्वनि हो तो उसका समीकरण और आगे के दन्त व्यंजन का विकल्प से मूर्धन्य रूप हो जाता है। उदा० गृहस्थ> ग्रहस्थ, अष्ट> अठ (मान०), अस्त (शाहा०)। पश्चिमोत्तरी में दन्त व्यंजनों का मूर्धन्य रूप में विकास अधिक मिलता है। उदा० अर्थ> अठ्र, त्रयोदश>त्रेडश (मान०) त्रैदस (गि०) औषधानि>ओषढनि (शाह०, मान०), ओसधानि (का०, धौ० जौ०)। डॉ० सुकुमार सेन के मतानुसार शाहाबाजगढ़ी की भाषा में मूर्धन्य ध्वनियाँ संभवतः वत्सर्य प्रकार की थीं इसीलिये दन्त और मूर्धन्य में कोई भेद नहीं मिलता। पश्चिमोत्तरी में दोनों रूप मिलते हैं। उदा०-स्ते ठ्म् और स्ते स्तमति, अठवष और अस्तवष। शब्द में किसी व्यंजन के बाद यदि-य हो तो उसका समीकरण कर लिया जाता है। उदा० कल्याण> कलण, कर्तव्य> कटव। मानसेहरा में कभी-कभी साधारणीकरण नहीं होता। उदा० एकत्य-> (शाह०) एकतिए, (मान०) एकतिय (कुछ)। शब्द म अनुनासिक व्यंजन के साथ प्रयुक्त-य और-ज्ञ का->ञ्ञ हो जाता है। उदा० अन्य-> अञ्ञ-परन्तु मान० में अणत्त, पुन्यम्> पुञं, परन्तु पुणं (मान०) ज्ञानम्> ञानं।

शब्द के मध्य में प्रयुक्त-ह-का प्रायः लोप हो जाता है। उदा० इह> इअ, ब्राह्मण> ब्रमण, (शाह०) बमण (मान०)। पश्चिमोत्तरी में प्रथमा एक० में- अः>-ओ और कर्तृवाचक संज्ञा में-त्वा> -त्वी रूप मिलते हैं। उदा० दर्शयित्वा> दर्शयित्वी, द्रसेति।

दक्षिण-पश्चिमी समूह

दक्षिण-पश्चिमी समूह की भाषा का प्रतिनिधित्व, जैसा पहले बताया जा चुका है जूनागढ़ और गुजरात के गिरिनार शिलालेख की भाषा करती है। वह वैदिक, लौकिक संस्कृत और पालि से निकट संबंध रखती है। इसके अंतर्गत संयुक्त व्यंजन के -स ध्वनि का लोप नहीं होता। उदा० अस्ति, हस्ति, सष्टि परन्तु स्त्री> इथी रूप भी मिलता है। शब्दों में-क्ष> -च्छ् पश्चिमोत्तरी के सदृश मिलता है। उदा० क्षुद्र >-छुद, वृक्ष> व्रछा परन्तु स्त्रीअध्यक्ष> इथीझख रूप भी मिलता है। संयुक्त व्यंजन के -र् ध्वनि का वैकल्पिक लोप मिलता है। उदा० अतिक्रान्तम्> अतिक्रातं, अतिकातं, त्रि> त्री, ती, सर्व> सर्व, सव। संयुक्त व्यंजन में -व्य के अतिरिक्त अन्य -य का समीकरण हो जाता है। उदा० कल्याण>कलान, परन्तु कर्तव्य>कतव्य, मृगव्या > मगव्या रूप भी मिलते है।

शब्द में 'व' ध्वनि के बाद प्रयुक्त 'ऋ' स्वर का 'अ' और 'उ' स्वर में परिवर्तन हो जाता है। उदा० वृत्त>वुत परन्तु मार्ग>मग, मृत> मत, दृढ़>दढ़ में -ऋ>-अ में परिवर्तन मिलता है। संयुक्त व्यंजन-त्व, -त्म->--त्प्, -द्व>--ब्द। उदा० चत्वारः>चत्पारो, आत्म>आत्प, द्वादश>द्वादस परन्तु 'द्वे' और 'द्वो' रूप भी मिलते हैं। डॉ० सुकुमार सेन के अनुसार √स्था धातु का भारत-ईरानी में √ स्ता होता है परन्तु इस संयुक्त व्यंजन की एक ध्वनि का मूर्धन्य रूप हो जाता है। उदा० स्थिता>स्ठिता, तिष्ठतः> तिष्ठंतो, सप्तमी एक० --स्म>-म्ह। उदा० स्मिन>

म्हि, तस्मिन>तम्हि । आत्मने-पद के रूप भी स्थिर मिलते हैं। √अस् धातु का अ–स्वर विधि लिंग में स्थिर रहता है। उदा० स्यात् (असपत)>अस (अस्सा), अस्तु:>असु । 'भवति' और 'होत्ति' दोनों का प्रयोग मिलता है। कुछ विशेष शब्द इस भाषा में द्रष्टव्य हैं। उदा० पन्थ्<पथ और मग<मार्ग, यारिस, तारिस और यादिस, तादिस<यादृश्, तादृश्, महिडा,<महिला, पसति (दखति, देखति)<पश्यति।

मध्यपूर्वी समूह

मध्य-पूर्वी की भाषा के अंतर्गत जैसा पहले कहा जा चुका है काल्सी का शिलालेख, तोपरा स्तंभ लेख, जोगीमार गुफालेख आदि की गणना की जाती है। प्राच्य समूह की भाषा के सदृश -र>–ल, श, ष के प्रयोग, प्रथमा एक०-अ:>–ए रूप मिलते हैं।

अन्य ध्वनि संबंधी विशेषताओं में ह्रस्व स्वर का प्रयोग दीर्घ स्वर के रूप में आह>आहा, लोकस्य>लोकसा। -क और -की प्रत्ययों के प्रयोग और ये -क्य और -क्यी के रूप में मिलते हैं। उदा०-ज्ञाति>नातिक्य, -कोशिक>अढकोसिक्य, -दासिकी> देवदसिक्यि। श, ष> स मिलता है। शब्द के मध्य० -ओ>–ए । उदा०-करोति> कलेति। शब्द में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजन के र, स, ष ध्वनियों का प्राय: लोप हो जाता है। उदा० अष्ट>अठ, अर्थ, सर्व>सव। शब्द में-त्,-व के बाद प्रयुक्त -य् का-इय् परन्तु उसका पूर्व में -द,-ल् के होने पर समीकरण हो जाता है। उदा० कर्तव्य> कटविय, मध्य>मन्झ, परन्तु उद्यान>उयान, कल्याण>कयान और त्य>च्, उदा० सत्य>सच। संयुक्त व्यंजन -स्म- ष्म्>-प्फ्। उदा० तुष्मे>तुफे, अस्माकम्>अफाक, य: तस्मात्, एतस्मात्> येतफा । संयुक्त व्यंजन-क्ष>-क्ख, ख। उदा० मोक्ष> मोख, क्षुद> खुद।

स्वरमध्यवर्ती -क का घोष-रूप में विकास मिलता है। उदा० -कृत्य> अधिगिच्य, लोकम्> लोगं। क्रिया √ भू का विकास सदैव √ हू रूप में होता है। सप्तमी एक०-स्मिन>-स्सि, सि का प्रयोग होता है।

पूर्वी समूह

पूर्वी समूह की भाषाओं के अंतर्गत धौली, जौगढ़ के शिला-लेख, संपूर्ण लघु शिलालेख और स्तंभ-लेख, मौर्य राजाओं के गुफा-लेख, महास्थान का शिलालेख, सोहगोरा का ताम्रपत्र लेख, खारवेल और उनकी रानियों के हाथी गुफालेख आदि की गणना की गई है। पूर्वी की विशेषताओं में-अ:> –ए,। उदा० राजा> लाजा, मयूर:> मजुला। संयुक्त व्यंजन में प्रयुक्त 'र' और 'श', 'स' का परिवर्तन समीकरण में हो जाता है। उदा० सर्वत्र>सवत (सव्वत्त), अस्ति> अथि, (अत्थि)।

संयुक्त व्यंजन के बाद प्रयुक्त य,-व>-इय्,-उव् हो जाता है। उदा० द्वादश>दुवादस, कर्तव्य>कटविय परन्तु ल्य्>-य्य्। उदा० कल्यान> कयान (कय्यान)। अहं> हकं (अहकं) रूप मिलता है। सप्तमी एक०-स्मिन>-सि,-स्सि मिलता है। उदा० धर्मस्मिन> धम्मसि धम्मस्सि, तस्मिन> तीस, तस्सि। कृदंत का प्रत्यय -तु, त्वा। उदा० अरभित्वा> आलभितु, आरभित्पा (दक्षिण-पश्चिमी) अरभिति (पश्चिमोत्तरी)।

सिंहलद्वीप के शिलालेखों की भाषा की अधिकांश विशेषताएँ मध्यपूर्वी समूह की भाषा के सदृश मिलती हैं। कुछ भिन्न विशेषताओं में प्रथमा एक० -ए>-इ, सप्तमी एक०-सि>-हि, षष्ठी एक० में अपभ्रंश के सदृश स> ह और कभी-कभी ष> श रूप मिलते हैं।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि अश्वघोष के नाटक की भाषा प्रारंभिक प्राकृत की उदाहरण है क्योंकि उपलब्ध रचना १००

ई० के लगभग की है और इसमें तीन पात्रों की विभाषाएँ भिन्न-भिन्न प्रकार की मिलती है। 'दुष्ट' की भाषा प्राचीन मागधी है जिसमें र>ल, स, ष> श,-अः>-ए उदा० कारणात्>कालना, वृत्तः> वुत्ते, करोमि> कलेमि। इसके अतिरिक्त अहं> अहकं और षष्ठी एक० में -हो विभक्ति का प्रयोग मिलता है। उदा० मक्कटहो।

गणिका और विदूषक की विभाषा प्राचीन शौरसेनी है जिसमें अः>-ओ मिलता है। उदा० दुष्करः> दुक्करो,-न्य,-ज्ञ->-ञ्ञ्। उदा० हन्यन्तु,> हञ्ञन्तु, अकृतज्ञ> अकितञ्ञ,-व्य>-व्व। उदा० धारयितव्वो।-क्ष>-क्ख। उदा० साक्षी> सक्खी, प्रेक्ष्यामि> पेक्खामि, वर्तमानकालिक कृदंत-मान प्रत्यय का प्रयोग स्थिर मिलता है। उदा० भुञ्जमानो, पाटयमानो आदि। इसी प्रकार कुछ विशेष परिवर्तन त्वम्> तुवव (प्राचीन फ़ारसी तुवम्), खलु,>खु, भवान्> भवां, कृत्वा> करिय, कुरुथ> करोथ आदि।

गोभम की विभाषा मध्यपूर्वी अथवा ल्युडर्स के अनुसार प्राचीन अर्धमागधी कही गई है जिसमें र>ल,-अः>ओ और 'श' का अभाव होता है। -क, -आक,-इक आदि प्रत्ययों का अधिक प्रयोग मिलता है। उदा० कलमोदनांक, पाण्डलाकं< पाण्डर आदि।

निया प्राकृत

सर ऑरेल स्टेइन द्वारा उपलब्ध मध्यएशिया के खरोष्ठी लेखों की भाषा निया प्राकृत का उल्लेख पहले हो चुका है। इस निया-प्राकृत के अन्तर्गत-य,-या, -ये>-इ मिलता है। उदा० समादाय> समदि, भावये>भवइ, मूल्य>मूलि, ऐश्वर्य> एश्वरि। मध्य-ए>-इ का प्रयोग होता है। उदा० इमे> इमि, उपेतः > उवितो, क्षेत्र> छ्इत्र। अन्त-अः>-उ का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है। उदा० प्रातः> प्रतु। स्वरमध्यवर्ती स्पर्श ऊष्म और स्पर्श-संघर्षी अघोष व्यंजन सघोष में बदल जाते हैं। ऊष्म के अतिरिक्त अन्य व्यंजन का लोप और उसके स्थान

पर-इ या -य के प्रयोग मिलते हैं। उदा० यथा>यधा, सन्तिके> सदिइ, त्वचा> त्वया, प्रथम>पढम, अवकाश> अवगज्अ, कोटि->कोडि, गोचरे>गोयरि, भोजन>भोयंन। यदि संयुक्त व्यंजन में अनुनासिक अथवा कोई ऊष्म ध्वनि सन्निविष्ट हो तो अघोष व्यंजन सघोष का रूप ले लेता है। उदा० पञ्च>पज, सिञ्च>सिज, सम्पन्न->सवन्नो, दुष्प्रकृति>दुवकति, संस्कार>सघर, अन्तर> अदर, हन्ति>हदि आदि। सघोष के स्थान पर अघोष के भी कुछ उदाहरण मिलते हैं। उदा० विराग>विरकु, समागता >समकत, विगाह्य>विकय, योग>योक, ग्लान:>किलने, दण्ड-> तण्ट— भोग>योग आदि। महाप्राण व्यंजनों के स्थान पर अल्पप्राण व्यंजनों का प्रयोग ईरानी और अनार्य भाषाओं के प्रभाव का कारण माना गया है। उदा०-भूमि>बूम, -धनानाम् >तनना। शब्द में विसर्ग के अनंतर 'ख' और स्वतंत्र रूप से 'क्ष' का परिवर्तन ह में मिलता है। उदा० दु:ख>दुइ, अनपेक्षिण:>अनवेहिनो, अपेक्ष> अवेह आदि।

शब्द में सघोष ऊष्म ध्वनि रूप में उच्चारण के कारण— ध के स्थान पर ऊष्म व्यंजन का प्रयोग मिलता है। उदा-० मधुर>मसुरु, गाथानाम्>गशन, शिथिल>शिथिल, मधु>मसु, अधिमात्रा> असिमत्र आदि। तीनों ऊष्म ध्वनियों श, ष, स का प्रयोग होता है परन्तु इनमें 'स' का प्रयोग अधिक व्यापक मिलता है। सघोष ऊष्म ध्वनि ज का स, झ लिखित रूप मिलता है। शब्दों में ऋ के स्थान पर अ, इ, उ, रु, रि का विकास मिलता है। उदा० मृत:>मुतु, संवृत:> सव्वतो, स्मृति>स्वति, वृद्ध>व्रिढ, कृत>किड, पृच्छितव्य-> प्रुछिदवो आदि।

संयुक्त व्यंजन में यदि -र्,-ल् सन्निविष्ट हों तो उनका परिवर्तन नहीं होता। उदा० प्राप्णोति>प्रनोदि, कीर्ति>कीर्ति धर्म>धर्म, ध्रम, मार्ग>मर्ग, परिव्रजति>परित्रयति, दीर्घम्>द्रिघम्, मैत्र->

मेत्र आदि । संयुक्त व्यंजन के एक अनुनासिक ध्वनि में दूसरी निरनुनासिक ध्वनि का समीकरण हो जाता है । उदा० पण्डित>पणिदो, दण्ड>दण, प्राप्णोति>प्रणोदि, गम्भीर>गमिर, कुञ्जरः>कुञ्जरु, प्रज्ञा>प्रञ, शून्य>शुञ, विज्ञप्ति> विनति आदि । संयुक्त व्यंजन -श्र>-प का परिवर्तन मिलता है । उदा० श्रवक>पवक, श्मश्रु>मशु । संयुक्त व्यंजन क्र, ग्र, त्र, द्र, प्र, व्र, भ्र, स्त्र् का प्रयोग स्थिर रहता है । उदा० त्रिभिः>त्रिहि, प्रियाप्रिय>प्रिअप्रिअ, संभ्रय> सभ्रमु आदि ।

संयुक्त व्यंजन -ष्ट्, -ष्ठ का समीकृत रूप हो जाता है । उदा० श्रेष्ठः >शेठो, दृष्टि >दिठि, ज्येष्ठ >जेठ आदि । √ स्था धातु में -स्थ>-ठ मिलता है । उदा० स्थान-<ठणेहि, उत्स्थान> उठ्न, काष्ठ>कठ, उष्ट्र>उठ । संयुक्त व्यंजन में यदि ऊष्म ध्वनि निहित हो तो उसका परिवर्तन नहीं होता । उदा० अस्ति > अस्ति, वत्स>वत्स आदि । द्वितीया एक०-म् विभक्ति और प्रथमा एक०-स् का लोप मिलता है । द्विवचन का प्रयोग केवल दो उदाहरणों में मिलता है । उदा० पदेभ्याम् और पदेयो । षष्ठी एक० का रूप -अस विभक्तियुक्त मिलता है ।

क्रियाओं की काल-रचना में वर्तमान निश्चयार्थ, आज्ञा, विधि, भविष्य निश्चयार्थ, आदि के रूप मिलते हैं । वर्तमान, विधिलिंग के रूप अशोकी प्राकृत के सदृश मिलते हैं । उदा० करेयसि, करेयति, स्यति, अशोकी प्राकृत में अपकरेयति, सियति आदि रूप मिलते हैं । भूतकाल का विकास कर्मवाच्य कृदन्त में प्रथम पु० बहु० में -न्ति और उत्तम पु०, मध्यम पु० में वर्तमान निश्चयार्थ कर्तृवाच्य √ अस् के सदृश विभक्ति रूपों को जोड़ कर किया जाता है । उदा० श्रुतोस्मि > श्रुतेमि, श्रुतः स्मः > श्रुतम, दत्तोसि> दितेसि आदि । कर्तृवाचक संज्ञा का विकास पश्चिमोत्तर अशोकी प्राकृत के सदृश त्वी, -त्वा और -इ प्रत्ययों के योग से होता है । उदा० श्रुनिति, अप्रुछिति ।

पूर्वकालिक कृदन्त का विकास क्रियार्थक संज्ञा -अन् के चतुर्थी एक० के रूप से होता है। उदा० गच्छनाय > गच्छंनए, देयंनए। कुछ रूप -तुमन् में भी मिलते हैं। उदा०—कर्तुं और करंनए, विसजिदुं और विसर्जनए।

माहाराष्ट्री प्राकृत

संकुचित दृष्टि से साहित्यिक प्राकृतों में माहाराष्ट्री, शौरसेनी, अर्ध-मागधी, मागधी और पैशाची की गणना की जाती है। जैसा पहले कहा जा चुका है कि माहाराष्ट्री प्राकृत को ही वय्याकरणों ने प्रधान भाषा मान कर उसके आधार पर अन्य प्राकृतों का वर्णन किया है। वररुचि ने प्राकृतप्रकाश और हेमचंद्र ने प्राकृत-व्याकरण में माहाराष्ट्री प्राकृत की विशेषताओं को अलग से नहीं दिया है वरन् माहाराष्ट्री को ही मुख्य भाषा मान कर संपूर्ण प्राकृत व्याकरण का विस्तार दिया है और शौरसेनी, मागधी, पैशाची आदि की विशेषताओं का विवेचन अलग से प्रस्तुत किया है। उस काल में माहाराष्ट्री 'स्टैंडर्ड' प्राकृत थी। इस प्राकृत की मुख्य विशेषताओं के अंतर्गत स्वरमध्यवर्ती अल्पप्राण व्यंजनों का लोप और घोष महाप्राण व्यंजन का -ह में परिवर्तन मिलता है। उदा० प्राकृत>पाउअ, कृति>कइ, कवि>कइ, कथम्>कहं, कथा >कहा। शब्दों के अल्पप्राण व्यंजन का महाप्राण रूप और फिर उसका -ह में परिवर्तन मिलता है। उदा०—स्फटिक> *स्फटिख> फळिह, भरत>*भरथ >भरह। प्रारंभिक प्राकृत मागधी और अर्धमागधी के सदृश स्वरमध्यवर्ती -स के स्थान पर प्रायः -ह का प्रयोग मिलता है। उदा० पाषाण > पाहाण, तस्य > ताह, अनुदिवसम् >अणुदिअहं, आत्मन् >अप्पा मिलता है। शौर०, माग० में 'अत्ता' पाया जाता है। क्रिया-विशेषण की विभक्ति आहि का प्रयोग पंचमी एक० के लिये मिलता है। उदा० दुराहि, मूलाहि। परन्तु कुछ रूपों में पंचमी एक० का पुराना रूप भी मिलता है।

भूत्वा > भोइए, पठित्वा > पठिदूण। √कृ और √गम् धातुओं में -क्त्वा>दुअ मिलता है।[1] उदा० कृत्वा> गदुअ, गत्वा> गदुअ । हेमचन्द्र ने इसका विकास -डुअ रूप में दिया है। उदा० कृत्वा >कडुअ, गत्वा>गडुअ ।

धातु √दा का विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व वर्तमान में 'दे' रूप हो जाता है। उदा० ददाति >देदि, ददातु>देदु और भविष्य में 'दइस्स' हो जाता है ।[2] दास्यामि> दइस्सं, प्रथम वहु० (जस्), द्वितीया वहु० (शस्) के नपुंसक रूपों में णि का वैकल्पिक प्रयोग और पूर्व का स्वर दीर्घ हो जाता है।[3] उदा०-जलानि, जलाइं, व्रणाणि, वणाइं। संस्कृत के जिन शब्दों के अन्त में -न् और उसके पूर्व -क प्रत्यय का योग हो उनका संबोधन एक० में -आ हो जाता है[4] और जिनमें -क प्रत्यय का योग नहीं होता उनके अन्त -न का अनुस्वार रूप हो जाता है ।[5] उदा० कञ्चुकिन्, सुखिन् > कञ्चुइआ, सुहिआ, परन्तु राजन् > रायं, विजयवर्मन्> विजयवम्मं। 'भवत्' वर्तमानकालिक कृदंत और 'भगवत्' का भी ऐसा ही विकास मिलता है और प्रथमा एक० में भी इनका अनुस्वार रूप मिलता है।[6] उदा० भवं, भगवतं (भगवं)।

√कृ धातु का विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व 'कर' रूप हो जाता है ।[7] उदा० करोति> करोदि, करेदि, करिष्यामि> करिस्सं। √-स्था

---

1. कृगमोर्दुअः सू० स० १० द्वादश परि० प्रा० प्र०
   कृगमो डुअ ,, २७२ चौथापद प्रा० व्या०
2. ददातेर्देदइस्स लृटि ,, १४ द्वादश परि० प्रा० प्र०
3. णिर्जश्शसोर्वाक्लीवे स्वरदीर्घश्च ,, ११ ,, ,,
4. आ आमन्त्रये सौ वेनो नः ,, २६३ चौथा पाद प्राकृत व्याकरण
5. मो वा ,, २६४ ,, ,,
6. भवद्भगवतोः ,, २६५ ,, ,,
7. डुकृञः करः ,, १५ द्वादश परि० प्रा० व्या०

धातु का विभक्तियों के पूर्व 'चिट्ठ' रूप हो जाता है।[१] उदा० तिष्ठति> चिट्ठदि, स्थास्यामि> चिट्ठिस्सं; √ स्मृ धातु का 'सुमर' रूप हो जाता है।[२] उदा० स्मरति> सुमरेदि, स्मृत्वा> सुमरिअ। √दृश् धातु के स्थान पर 'पेक्ख्' मिलता है।[३] उदा०पश्यति> पेक्खदि, दृष्ट्वा> पेक्खिअ। √अस् धातु का 'अच्छ' रूप मिलता है।[४] उदा० सन्ति> अच्छन्ति। परन्तु प्रथम पु० एक० वर्तमानकाल में √अस् का 'अत्थि' रूप मिलता है।[५] उदा० अस्ति>अत्थि। भविष्यकाल उत्तम पु० एक० में -'स्सं' और वैकल्पिक रूप में पूर्व का स्वर दीर्घ मिलता है।[६] उदा० गमिष्यामि> गमिस्सं, गमीसं, भविष्यामि> भविस्सं, भवीसं, करिष्यामि> करिस्सं, करीसं। भविष्यकाल में-'स्सि',-'स्स' रूप मिलते हैं, माहाराष्ट्री के सदृश-'हि' या 'ह' नहीं मिलता है।[७] उदा० भविस्सदि, पठिस्सिदि। शौरसेनी में केवल परस्मैपद की विभक्तियों का प्रयोग होता है, आत्मने का नहीं।[८] उदा० क्रियते> करीअदि, गम्यते> गमीअदि। शौरसेनी की उपर्युक्त विशेषताओं के अतिरिक्त अन्य सामान्य विशेषताएँ माहाराष्ट्री प्राकृत के सदृश ही मिलती हैं। इसका उल्लेख वररुचि ने किया है।[९] हेमचन्द्र ने भी इसे प्रधान प्राकृत के सदृश माना है।[१०]

---

१. स्थश्चिट्ठः	सूत्र सं०	१६	द्वा० परि०	प्राकृत-प्रकाश
२. स्मरतेः सुमरः	,,	१७	,,	,,
३ दृशेः पेक्खः	,,	१८	,,	,,
४. अस्तेरच्छः	,,	१९	,,	,,
५. तिपात्थि	,,	२०	,,	,,
६. भविष्यतिमिपा स्सं वा स्वरदीर्घश्च	,,	२१	,,	,,
७. भविष्यति स्सिः	,,	२७५	चौथा पाद	प्रा० व्या०
८. धातोर्भावकर्तृ-कर्मसु परस्मैपदम्	,,	२७	द्वादश परि०	प्रा० प्र०
९. शेषं महाराष्ट्रीवत्	,,	३२	,,	,,
१०. शेषं प्राकृतवत्	,,	२८६	चौथा पाद	प्रा० व्या०

पुरुषोत्तमदेव ने प्राकृतानुशासन में टक्क देशी-विभाषा का उल्लेख किया है और उसे संस्कृत और शौरसेनी का मिश्रित रूप माना है।[१] इसमें अकरांत के लिये उकारान्त का बाहुल्य मिलता है।[२] अकारांत तृतीया एक (टा)-एन् >-एँ, एण का वैकल्पिक प्रयोग,[३] पंचमी बहु०-भ्यस् > हं, हुं,-हिन्तो के वैकल्पिक प्रयोग[४] मिलते हैं तथा षष्ठी बहु०-आम्[५] और हुँ-हुँ[६] का प्रयोग सर्वनाम के लिये भी होता है। 'त्वम्' और 'अहम्' के लिये क्रमशः 'तुङ्ग' और 'हमं' शब्दों के प्रयोग मिलते हैं।[७] 'यथा' और 'तथा' के लिये क्रमशः 'जिध' और 'तिध' शब्द पाये जाते हैं।[८] हरिश्चन्द्र वय्याकरण के अनुसार टक्क देशी-भाषा का सम्बन्ध अपभ्रंश से है, प्राकृत से नहीं।[९]

शौरसेनी का एक भेद जैन-शौरसेनी के नाम से भी दिया गया है जिसमें दिगम्बर संप्रदाय की कुछ जैन रचनाएँ उपलब्ध होती हैं। यह पहले कहा ही जा चुका है कि जैन ग्रंथों की भाषा प्राचीन अर्धमागधी थी जिसका माहाराष्ट्री से घनिष्ठ सम्बन्ध था। चूँकि इसमें शौरसेनी के साथ-त>-द, थ> ध और प्रथमा एक० में-ए>-ओ विभक्ति के रूप मिलते हैं इसलिये उक्त ग्रन्थों की भाषा को जैन शौरसेनी के नाम से दिया जाता है और जैन-माहाराष्ट्री की अपेक्षा यह रूप अधिक प्राचीन माना गया है।

---

१. संस्कृत शौरसेन्योः	सूत्र १ (क)	परि० १६	प्राकृतानुशासन
२. उद्बहुलम्	,, २	,, ,,	,,
३. एन्च टान्तस्य	,, ३	,, ,,	,,
४. सुभ्यसोर्हं हुन्च	,, ४	,, ,,	,,
५. आमो वा	,, ५	,, ,,	,,
६. वा (सर्वादिषु च)	,, ६	,, ,,	,,
७. त्वमहंसमार्थेषु तुङ्ग हमं	,, ७	,, ,,	,,
८. यथातथो जिधतिधौ	,, ८	,, ,,	,,
९. हरिश्चन्द्रस्त्विमां टक्कभाषा-मपभ्रंशमिच्छति न प्राकृतम्	,, १०	,, ,,	,,

मागधी-प्राकृत

वय्याकरणों ने मागधी प्राकृत का मुख्य आधार शौरसेनी प्राकृत दिया है[1] परन्तु मागधी की कुछ भिन्न विशेषताएँ भी हैं। मूल व्यंजन ष, स> श[2], र> ल[3], ज> य[4] व्यंजनों के प्रयोग मिलते हैं। उदा० पुरुष:> पुलिशे, विलास> विलाश, सारस:> शालशे, राजा> राया। संयुक्त व्यंजन र्य,-र्ज>-य्य मिलता है। कुछ उदाहरणों में-र्ज>-ञ्ज भी मिलता है। उदा० कार्य> कय्य, दुर्जन> दुय्यण परन्तु वर्जति> वञ्जदि। संयुक्त व्यंजन-क्ष> -स्क[6]-और -ख,[7]-च्छ> श्च[8], ध्य>-य्य,-य[9] रूप पाये जाते हैं। हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत व्याकरण में मागधी में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजनों का विकास सूत्र-संख्या २८६-२९८ में दिया है। उदा० दक्ष> दस्क, राक्षस> लस्कश, प्रेक्षति> पेस्कदि, क्षयजलधरा > खययलहला, गच्छ> गश्च, पृच्छयति> पुश्चदि, अद्य> अय्य, विद्या> विय्या आदि। संयुक्त व्यंजन -न्य, -ण्य,-ज्ञ, ञ्ज का मागधी में -ञ्ञ हो जाता है।[10] उदा० अन्य> अञ्ञ, सामान्य> शामञ्ञ, कन्यका> कञ्ञका, पुण्य> पुञ्ञ, प्रज्ञा> पञ्ञा, सर्वज्ञ> सव्वञ्ञ,

---

१. प्रकृतिः शौरसेनी	सूत्र संख्या	२	परि० ११	प्रा० प्र०
२. षसोः शः	,,	३	,,	,,
३. रसोर्ल शौ	,,	२८८	चौथापाद	प्रा० व्या०
४. जोः यः	,,	४	परि० ११	प्रा० प्र०
५. र्य र्ज योर्य्यः	,,	७	,,	,,
व्रजो जः	,,	२९४	चौथापाद	प्रा० व्या०
६. शस्य स्कः	,,	८	परि० ११	प्रा० प्र०
स्कः प्रेक्षाचक्षोः	,,	२९७	चौथापाद	प्रा० व्या०
७. शस्य ᳲकः	,,	२९६	,,	,,
८. छस्य श्चोनादौ	,,	२९५	,,	,,
९. ज द्ययां यः	,,	२९२	,,	,,
१०. न्य-ण्य-ज्ञ-ञ्जां ञ्ञः		२९३		प्रा० व्या०

अवज्ञा> अवञ्ञा, अञ्जली> अञ्जली, धनंजय> धणञ्जए आदि।
संयुक्त व्यंजन—स्थ और-र्थ का-स्त रूप मिलता है।[१] उदा० उपस्थित> उवस्तिद, अर्थवती>अस्तवदी। मागधी सर्वनाम 'अस्मद्' का प्रथमा० एक (-सु) में हगे, हके, अहके हो जाता है।[२] हेमचन्द्र ने अहं, वयं दोनों के स्थान पर 'हगे' रूप दिया है।[३] उदा० अहम्> हके, हगे, अहके, वयं संप्राप्तौ> हगे शंपत्ता। षष्ठी एक० (ङस्) में वैकल्पिक रूप से -ह और पूर्व का स्वर दीर्घ मिलता है।[४] हेमचंद्र ने इसे एक० में- आह और- बहु० में -आँह दिया है।[५] उदा० पुरुषस्य> पुलिशाह, पुलिशश्श, ईदृशस्य> एलिशाह, सज्जनानाम्> शय्यणाहँ।
प्रथमा एक० (-सु) में भूतकालिक कृदन्त -क्त से बने हुए शब्दों में विभक्ति का या तो लोप हो जाता है या उसके स्थान पर -उ का प्रयोग मिलता है।[६] उदा० हसित> हशिदु, हशिदि। अकारांत शब्दों के प्रथमा एक० (सु) का अन्त- अः> -इ,-ए मिलते हैं।[७] हेमचन्द्र ने पुलिंग अकारांत प्रथमा एक० का -ए रूप में विकास माना है। उदा० एषः राजा> एशिलाआ, एषः पुरुषः> एशे पुलिशे, भेषः> भेशे। संबोधन में अकारान्त शब्द का अन्त्य स्वर दीर्घ हो जाता है।[८] उदा० हे पुरुष> पुलिशा।

वर्तमानकालिक कृदंत -क्त का √ कृ, √ मृ, √ गम् धातुओं

---

१. स्थ र्थयोस्तः सूत्र संख्या २९१ चौ० पा० प्रा० व्या०
२. अस्मदः सौ हके हगे अहके ,, ६ परि० १२ प्रा० प्र०
३. अहं वयमोर्हगे ,, ३०१ चौथापाद प्रा० व्या०
४. ङसो हो वा दीर्घश्च ,, १२ परि०१२ प्रा० प्र०
५. अवर्णाद्वा ङसो डाहः ,, २९९ चौथापाद प्रा० व्या०
६. क्तान्तादुश्च ,, ११ परि० १२ प्रा० प्र०
७. अत इदेतौ लुक् च ,, १० ,, ,,
अत एत्सौ पुंसि मागध्याम् ,, २८७ चौथा पाद प्रा० व्या०
८. अदीर्घः सम्बुद्धौ ,, १३ परि० १२ प्रा० प्र०

के बाद-ड रूप हो जाता है।[1] उदा० कृत> कडे, मृत> मडे, गत> गडे। पूर्वकालिक कृदंत के प्रत्यय-क्त्वा के स्थान पर -दाणि रूप भी मिलता है।[2] उदा० कृत्वा आगतः> करिदाणि आअडे।

मागधी में कुछ शब्दों का विशेष परिवर्तन मिलता है। उदा० हृदय> हडक्क[3], तिष्ठ चिष्ठ (शौरसेनी) > चिष्ठ,[4] शृगाल> शिआलक, शिआले, शिआला[5] रूप मिलते हैं।

जैसा पहले कहा जा चुका है कि मागधी का आधार वय्याकरणों ने शौरसेनी प्राकृत दिया है। हेमचन्द्र ने भी मागधी की भिन्न विशेषताओं को सूत्र संख्या २८७ से ३०१ में दे कर अंत में उसे शौरसेनी के सदृश माना है।[6]

प्राकृत भाषाओं के विवरण प्रसंग में पहले मागधी की शाकारी, चांडाली, ढक्की आदि विभाषाओं का उल्लेख किया जा चुका है। इनकी विशेषताएँ *प्रायः मागधी के सदृश ही हैं इसीलिये इनको मागधी* के अन्तर्गत रखा गया है। इनकी कुछ भिन्न विशेषताएँ भी मिलती हैं परन्तु वह नगण्य हैं। ढक्की को ग्रियर्सन ने 'टाक्की' के नाम से भी दिया है क्योंकि उनके अनुसार वह स्यालकोट के टक्क प्रदेश की भाषा थी। परन्तु ढक्की को मागधी के पूर्वी प्रदेश ढाका की विभाषा के रूप में और टाक्की विभाषा को शौरसेनी के अंतर्गत ही माना जाता है। जिसका उल्लेख टक्की के नाम से पहले किया जा चुका है।

१.	कृञ मृङ गमां क्तस्य डः	सूत्र सं०	१५	परि० १२	प्रा० प्र०
२.	क्त्वो दाणिः	,,	१६	,,	,,
३.	हृदस्य हडक्कः	,,	६	,,	,,
४.	चिट्ठस्य चिष्ठः	,,	२४	,,	,,
	तिष्ठश्चिष्ठः	,,	२९८	चौथा पाद	प्रा० व्या०
५.	शृगालस्य शिआला शिआले शिआलकाः	,,	१७	परि० १२	प्रा० प्र०
६.	शेषं शौरसेनीवत्	,,	३०२	चौथा पाद	प्रा० व्या०

शाकारी विभाषा को प्राकृतानुशासन में पुरुषोत्तमदेव ने अक्रम, विरोधात्मक, सुन्दर भावों से रहित पुनरुक्ति, अशुद्ध उपमाओं से युक्त तथा न्यायसंगत गुण से रहित भाषा माना है।[१] शाकारी की अधिकांश विशेषताएँ तो मागधी के सदृश ही है—मागध्याः शाकारी (साध्यतीति शेषः) इसका उल्लेख पहले हो चुका है। परन्तु कुछ विशेषताएँ भिन्न रूप में भी मिलती हैं। इस विभाषा में तालव्य व्यंजनों के पूर्व य का उच्चारण होता है और यह इतने ह्रस्व रूप में रहता है कि छंद-रचना में कोई अंतर उपस्थित नहीं करता। उदा० तिष्ट > यिष्ट, य्चिष्ठ। इसमें षष्ठी एक० में -आह विभक्ति का प्रयोग मिलता है। उदा० चारुदत्तस्य > चालुदत्ताह। सप्तमी एक० -अहि, संबोधन बहु०-आहो के भी प्रयोग मिलते हैं। उदा० प्रवहणे > पवहणाहि, आसः > आहो। पिशेल के अनुसार उक्त विभक्तियाँ अपभ्रंश में भी मिलती हैं। ध्वनि संबंधी विशेषताओं में- क्ष > श्च्, श्क के अतिरिक्त -क्ख का प्रयोग 'दुष्प्रेक्ष' और 'सदृक्ष' शब्दों में मिलता है।[२] -ष्ट > -श्च हो जाता है।[३] इव > -व्व का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[४] -क प्रत्यय का अधिक प्रयोग होता है।[५] शब्दों में वर्णों का लोप, आगम आदि हो जाता है।[६] संज्ञा, क्रिया आदि के रूप-विकास में विभक्तियों का परिवर्तन और लोप मिलता है।[७]

चाण्डाली विभाषा भी मागधी का एक विकृत रूप माना जाता

---

१. अपार्थमक्रमं व्यर्थं पुनरुक्तं हतोपमम्।
न्यायकार्यादि बाह्यञ्च शकार वचनं भवेत्॥१४॥ प्राकृतानुशासन—परिच्छेद १३

२. दुष्प्रेक्षसदृक्षयो क्षस्य क्खो वा— सूत्र संख्या २ परि० १३ प्राकृतानुशासन

३. ष्टः श्टः ,, ३ ,, ,,

४. इवस्य व्वश्च ,, ८ ,, ,,

५. क बाहुल्यम् ,, ९ ,, ,,

६. लोपागम विकारश्च वर्णानां बहुलम् ,, १० ,, ,,

७. व्यत्ययश्च सुपतिङस्वराणाम् ,, ११ ,, ,,
स्वादेलुक् च ,, १२ ,, ,,

है ।[1] इसमें प्रथमा एक० में अकारांत शब्दों में -ए और -ओ दोनों के प्रयोग होते हैं ।[2] षष्ठी एक० में -श्श विभक्ति मिलती है ।[3] सप्तमी एक० में -म्मि का वैकल्पिक प्रयोग होता है ।[4] संयुक्त व्यंजन -ट्ट का परिवर्तन कभी-कभी नहीं होता ।[5] इव>-व का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है ।[6] -'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'इय' हो जाता है ।[7] चाण्डाली विभाषा में अशिष्ट अथवा ग्राम्य-प्रयोग का बाहुल्य मिलता है ।[8]

शाबरी विभाषा भी मागधी का एक विकारी रूप है । उसमें -क्ख> -श्च मिलता है, -श्क नहीं[9] । उदा० पेक्ख> पेक्खल, पेश्च् । अहं> हके, हं हो जाता है ।[10] प्रथमा एक० में -ए और -इ का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है और कभी इसका लोप भी हो जाता है ।[11] संबोधन में -का प्रत्यय का प्रयोग अनादर के भाव को दिखाने के लिये होता है ।[12] चांडाली में देशी प्रयोग भी मिलते हैं ।[13]

---

१. मागधी विकृतिः	सूत्र सं०	१ (क)	परि० १४	प्राकृतानुशासन
२. अतः सो (सा) वोदेतौ	,,	२	,,	,,
३. ङसः श्शः	,,	३	,,	,,
४. म्मिश्च ङेः	,,	४	,,	,,
५. ट्टः प्रकृत्या वा	,,	५	,,	,,
६. इवस्य वच्च (श्च)	,,	७	,,	,,
७. क्त्व इय (अ)	,,	८	,,	,,
८. ग्राम्योक्तयोर्व (व) -हुलम्	,,	९	,,	,,
९. पेक्खस्यश्चः	,,	२	,, १५	,,
१०. अहमर्थे हकेहञ्च	,,	३	,,	,,
११. ङे सिटि (एदितौ) सौ च	,,	४	,,	,,
सो लुहं च	,,	५	,,	,,
१२. का सम्बुद्धे नि (निं) -त्यमगौरवे	,,	६	,, १५	,,
१३. प्रायो देशीतः	,,	७	,,	,,

अर्धमागधी प्राकृत

अर्धमागधी भाषा में कुछ विशेषताएँ मागधी की हैं और कुछ माहाराष्ट्री की और इस प्रकार यह मागधी और माहाराष्ट्री से भिन्नता भी रखती है। अर्धमागधी के गद्य और पद्य की भाषा एक सी नहीं मिलती है इसका निर्देश पहले किया ही जा चुका है। प्रथमा एक० -अ: के लिए गद्य में प्राय: -ए और पद्य में -ओ मिलता है। र> ल और स>श मागधी की विशेषताएँ भी इसमें सर्वत्र नहीं मिलतीं अभयदेव ने समवयांगसुत्त तथा उवासगदसाओ में इसे उस प्रकार स्पष्ट किया है—"**अर्धमागधी भाषा यस्याम् रसौर लशौ मागध्याम् इत्यादिकम् मागधभाषा लक्षणम् परिपूर्णम् नास्ति।**" परन्तु प्रथमा एक० एकरांत रूप शावगे, भदन्ते आदि, क> ग के प्रयोग—उदा० अशोक> असोग, श्रावक> सावग आदि, पष्ठी एक० तव, संबोधन एक० का आकारांत, रूप- र> ल, स> ष के वैकल्पिक प्रयोग मागधी के सदृश ही इसमें भी पाये जाते हैं। अर्धमागधी में स्वरमध्यवर्ती व्यंजनों के लोप होने पर 'य' की अपश्रुति व्यापक रूप में मिलती हैं। उदा० स्थित,> ठिय, सागर> सायर आदि। दन्त्य व्यंजनों का विकास मूर्धन्य के रूप में अर्धमागधी की सामान्य विशेषता है। स्वरमध्यवर्ती सघोष व्यंजन का लोप प्राय: नही होता। उदा० लोकस्मिन्> लोगंसि। संयुक्त व्यंजन के समीकृत रूप में एक व्यंजन का लोप और पूर्व का स्वर दीर्घ मिलता है। उदा० वर्ष> वस्स=वास। अशोकी प्राकृत में भी इसका प्रयोग मिलता है। संयुक्त व्यंजन -स्म> -अंस। उदा० अस्मि> अंसि, -स्मिन>-अंसि। संस्कृत कृदंत -त्वा> त्ता, त्ताणं, त्य>-च्चा, च्चाणं याणं। कर्तृवाचक संज्ञा—त्वया (वैदिक) और -तव्य रूपों के प्रयोग होते हैं। क्रियार्थक संज्ञा चतुर्थी एक० में -त्व का प्रयोग पूर्वकालिक के सदृश होता है। उदा० कर्तुम्> काउम, गच्छितवाय> गच्छित्तए। पूर्वकालिक क्रिया के प्रयोग- ट्टु, इत्तु

भी मिलते हैं। उदा० कृत्वा >कट्टु, अपहृत्य > अवहट्टु, श्रुत्वा > सुणित्तु, ज्ञात्वा > जाणित्तु आदि।

अर्धमागधी की विशेषताएँ माहाराष्ट्री से कुछ भिन्न भी मिलती हैं। डॉ० ए० सी० वूल्नर ने इनका उल्लेख किया है। -एव और -अवि के पूर्व -अम्- > -आम्, 'इतिवा' शब्द में और प्लुत स्वर के परे इति > -इ हो जाता है। 'प्रति' के -इ का लोप मिलता है। प्रत्युत्पन्न > पडुप्पन्न। चवर्ग वर्णों के स्थान पर तवर्ग मिलता है। उदा० चिकित्सा > तेइच्छा अहा > यथा हो जाता है। संधि व्यंजनों का भी प्रयोग मिलता है। उदा० धिग् अस्तु > धिरत्थु, अङ्गमङ्गम्मि > अङ्गऽम्। इस प्रकार अर्ध-मागधी प्राकृत मागधी और माहाराष्ट्री से कुछ समानता रखने के साथ निजी विशेषताएँ भी प्रदर्शित करती है।

पैशाची प्राकृत

वररुचि ने प्राकृत-प्रकाश के दसवें परिच्छेद में पैशाची की विशेषताओं का उल्लेख किया है। हेमचंद्र ने प्राकृत-व्याकरण के चौथे पाद में ३०३ से ३२४ सूत्रों में पैशाची और ३२५ से ३२८ सूत्रों में उसकी विभाषा चूलिका-पैशाची का वर्णन किया है। वररुचि ने पैशाची का आधार शौरसेनी प्राकृत स्वीकार किया है।[1] इसमें वर्ग के तीसरे और चौथे (सघोष) मध्यवर्ती मूल व्यंजन: पहले और दूसरे (अघोष) होजाते हैं।[2] उदा० गगन > गकनं, मेघः > मेखो, राजा > राचा माधवः > माथपो, गोविन्दः > गोपिन्तो, केशवः > केसयो आदि। इसी प्रकार इव > पिव।[3] उदा० कमलं इव मुखं >

---

१. प्रकृतिः शौरसेनी — सूत्र-सं० २ परि० १० प्रा० प्र०

२. वर्गाणां तृतीय चतुर्थयोरयुजोर—
नाद्योराद्यौ — „ ३ „ „
तदोस्तः — „ ३०७ चौथा पाद प्रा० व्या०

३. इवस्य पिव — „ ४ परि० १० प्रा० प्र०

कमलं पिव मुखं । मूल व्यंजन ण > न ।[१] उदा-० तरुणी > तलुनी, ल > ळ [२], उदा-० शील > सीळं, कुल > कुळं, जल > जळं, सलिलं > सळिळं, कमल > कमळं, श, ष > स[३] । उदा० शोभति > सोभति, शक्रः > सक्को, विषम > विसमो आदि रूप मिलते हैं । संयुक्त व्यंजन -ष्ट- > सट ।[४] उदा० कष्ट > कसटं । -स्न > -सन ।[५] उदा० स्नान > सनान, स्नेह > सनेहो ।-र्य > - रिय,-रिश्र । उदा० भार्या > भारिश्रा, -ज्ञ > -ञ्ञ ।[६] उदा० सर्वज्ञ > सव्वञ्ञो, विज्ञात > विञ्ञातो । न्य > -ञ्ञ ।[७] उदा० कन्या > कञ्ञा, -ण्य > ञ्ञ । उदा० पुण्य > पुञ्ञ ।-र्य ज्ञ > -च्च ।[९] उदा० कार्य > कच्चं ।

'राजन्' के रूप-विकास में -ज्ञ संयुक्त व्यंजन का वैकल्पिक रूप में 'चिञ्' भी मिलताहै ।[१०] उदा० । राज्ञा > राचिञ्ञो, राज्ञः > राचिञ्ञो । वररुचि के अनुसार तृतीया एक० (टा), पंचमी एक० (ङसि), षष्ठी एक०(ङस्), सप्तमी एक० (ङि) में राजन् > राचि का वैकल्पिक

---

१ णोनः	सूत्रसंख्या ५	चौ० पाद	प्रा० व्या०
णोनः	,, ३०६	चौ० पाद	,,
२ लोलः	,, ३०८	चौ० पाद	,,
३. श-षोः सः	,, ३०९	,,	,,
४. ष्टस्य सटः	,, ६	परि० १०	प्रा० प्र०
५. स्नस्य सनः	,, ७	,,	,,
र्यस्नष्टां रिय सिन सटाः क्वचित्	,, ३१४	चौथापाद	प्रा० व्या
६. र्यस्य रिश्रः	,, ८	परि० दशम्	प्रा० प्र०
र्य-स्नष्टां रिय सिन सटः क्वचित्	,, ३१४	चौथा पाद	प्रा० व्या०
७. ज्ञस्य ञ्ञः	,, ९	परि० दशम्	प्रा० प्र०
८. कन्यायां न्यस्य	,, १०	,,	,,
९. ज्ञ च्च	,, ११	,,	,,
१०. राज्ञो वा चिञ्	,, ३०४	चौथापाद प्राकृत	व्याकरण

प्रयोग मिलता है।[1] उदा० राज्ञा > राचिना, रञ्ञा, राज्ञि > राचिनि, रञ्ञि। वररुचि ने पूर्वकालिक कृदन्त -क्त्वा > तून (तूनं)[2] और हेमचन्द्र ने -तून के अतिरिक्त -क्त्वा और उसके -ष्ट्वा रूप में -द्धून, -त्थून[3] का प्रयोग दिया है। उदा० कृत्वा > कातून (कातून), गत्वा > गन्तून, √ नह्-नद्ध्वा > नद्धून, नत्थून और-दृष्ट्वा के लिये तद्धून एवं तत्थून शब्द मिलते हैं।

कर्मवाच्य में-क्य > -इय्य हो जाता है।[4] उदा० गिय्यते > गीयते। पैशाची मे प्र० एक० में संस्कृत के सदृश अकारांत धातुओं में -ति और, -ते का प्रयोग परस्मै आत्मने और दोनों पदों में क्रमशः मिलता है।[5] उदा० गच्छते, गच्छति, रमते य रमति आदि। शौरसेनी में भविष्य-रूप -स्सि > -एय्य हो जाता है।[6] पैशाची मे भविष्य के प्रयोग सुरक्षित नहीं मिलते। उसकी पूर्ति विधि -एय्य रूप द्वारा हुई है। उदा० तां दृष्ट्वा चिन्तितं राज्ञा का एषा भविष्यति > तं तद्धून चिन्तितं रञ्ञा का एसा हुवेय्य। वररुचि ने जैसा पहले कहा जा चुका है, शौरसेनी प्राकृत को ही पैशाची का आधार माना है। हेमचन्द्र ने भी उसे शौरसेनी के आधार पर विकसित माना है।[7]

हेमचन्द्र ने पैशाची प्राकृत की एक विभाषा चूलिका पैशाची का उल्लेख सूत्र-संख्या ३२५-३२८ में किया है। हेमचन्द्र ने इसमें पैशाची

---

१. राज्ञो राचि टा-ङसि	सूत्र	सं०	परि० ११	प्रा० प्र०
ङस् ङिसु वा	,,	१२	,,	,,
२. क्त्वस्तून	,,	१३	,,	,,
क्त्वस्तूनः	,,	३१२	चौथापाद	प्रा० व्या०
३. द्धून त्थूनौ ष्ट्वः	,,	३१३	,,	,,
४. क्यस्येय्यः	,,	३१५	,,	,,
५. आत्तेश्च	,,	३१६	,,	,,
६. भविष्यत्येय्य एव	,,	३२०	,,	,,
७. शेषं शौरसेनीवत्	,,	३२३	,,	,,

से कुछ भिन्न विशेषताएँ दी हैं। वर्ग के तीसरे और चौथे व्यंजन क्रमशः पहले और दूसरे हो जाते हैं।[१] उदा० नगरम्> नकरं, गिरि-तटम्> किरि-तटं, मेघः> मेखो, धर्मो> खम्मो, राजा> राचा, निर्झर> निच्छर, जीमूतः> चीमूतो, तडागम् > तटाकं, गाठम् > काठं, मदनः> मतनो, दामादेर> तामोतर, मधुरम्> मथुरं, वालकः>पालको, रभसः> रफसो, भगवती> फकवती आदि। परन्तु कुछ विद्वानों के अनुसार तृतीय और चतुर्थ वर्ण यदि शब्द के आरंभ में प्रयुक्त हों अथवा √ युज् धातु से बने शब्द हों तो उनमें उक्त परिवर्तन नहीं होता।[२] उदा० नियोजितम् >नियोजितं, वालकः > वालको, दामोदरः> दामोतरो, डमरुकः> डमरुको, भगवती> भकवती। व्यंजन र> ल का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[३] उदा० गौरी> गोली, रुद्रं> लुद्दं आदि। शेष रूप हेमचन्द्र ने पैशाची के सदृश ही दिये हैं।[४]

पुरुषोत्तमदेव ने प्राकृतानुशासन में पैशाची की तीन उपभाषाएँ कैकय, शौरसेन, पाञ्चाल दी हैं। कैकय पैशाची संस्कृत शौरसेनी के आधार पर विकसित मानी गई है।[५] इसमें मूल अघोष व्यंजन क, च, ट, त, प का प्रयोग क्रमशः ग, ज, ड, द, व सघोष रूपों में मिलता है।[६] अघोष महाप्राण व्यंजन, ख, छ, ठ, थ, फ के स्थान पर सघोष महाप्राण व्यंजन क्रमशः ध, झ, ढ, ध, भ मिलते हैं।[७] कभी-

१. चूलिका पैशाचिके तृतीय तुर्ययारःच द्वितीयौ	सूत्रसं० ३२५	चौथा पाद	प्रा० व्या०
२. नादि युज्योरन्येपाम्	,, ३२७	,,	,,
३. रस्य लो वा	,, ३२६	,,	,,
४. शेष प्राग्वत्	,, ३२८	,,	,,
५. संस्कृत शौरसेन्योर्विकृतिः	,, ३	परि० १९	प्राकृतानुशासन
६. अयुक्त (।) ङ्ग ज ड द वानां क च ट तपा बहुलम्	,, ४	,,	,,
७ धभढ धमानां खछठथफाः	,, ५	,,	

कभी क, ख, च, ट, त, थ, प और फ का लोप या परिवर्तन नहीं होता।[१] मूल व्यंजन ण > न हो जाता है।[२] संयुक्त व्यंजनों का स्वरभक्ति द्वारा विभाजन भी मिलता है।[३] संयुक्त व्यंजन -न्य, -ज्ञ, -ण्य् > -ञ्ञ हो जाता है।[४] पद्म > पखम, सूक्ष्म > सुखम मिलता है।[५] विस्मय > पिसुमश्र[६], गृहं > किहकं[७], हृदयं > हिरयकं,[८] इव > पिव,[९] क्वचित् > कुपचि[१०] शब्द मिलते हैं। पूर्वकालिक कृन्दत -क्त्वा प्रत्यय के स्थान पर- तूनं प्रत्यय मिलता है।[११] तृतीया एक० (टा), पंचमी एक० (ङसि), षष्ठी एक० (ङस्), सप्तमी एक० (ङि) में राजन् > राचि का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[१२] उदा० राचिना, रञ्ञा, राचिनो, रञ्ञो, राचिनि > रञ्ञि। 'यूयं' के स्थान पर 'तुप्फे' और 'वयं' के लिये 'अप्फे' शब्दों के प्रयोग मिलते हैं।[१३] √ भू धातु का विकास 'हु' और 'हुव' रूपों में होता है।[१४]

---

१. कखचटठतथपफ (।) प्रकृत्या	सूत्र सं० ६	परि० १६	प्राकृतानुशासन
कखादीनां चान्यत्र	,, ७	,,	,,
२. णो नः	,, ८	,,	,,
३. युक्तानां विकर्षः	,, ९	,,	,,
४. न्यज्ञण्यानां ञ्ञः	,, १०	,,	,,
५. पद्मसूक्ष्मयोः पखम सुखमौ	,, ११	,,	,,
६ विस्मयस्य पिसुमश्रं	,, १५	,,	,,
७. गृहस्य किहकम्	,, १६	,,	,,
८. हृदयस्य हिरपकम्	,, १७	,,	,,
९ इवस्य पिव	,, १९	,,	,,
१० क्वचित् कुपचिः	,, २०	,,	,,
११. क्त्वा तूनं	,, २१	,,	,,
१२. टाङसिङसङिपु राज्ञो राचिर्वा	,, २२	,,	,,
१३. यूयं वयमर्थे तुप्फे अप्फे च	,, २३	,,	,,
१४. भवतेर्हुहुवौ	,, २४	,,	,,

शौरसेनी पैशाची में मूल व्यंजन र > ल, स, ष > श हो जाता है।[१] चवर्ग व्यंजन माहाराष्ट्री और शौरसेनी की भाँति दन्त्य न होकर शुद्ध तालव्य होते हैं।[२] संयुक्त व्यंजन -ज्ञ > -श्क,[३] -च्छ > -श्च,[४] -स्थ > -श्त,[५] -ष्ट > -श्त[६] । उदा० तिष्ठति, चिट्ठदि शौर० > चिश्तदि, -स्त > -थ[७] रूप मिलते हैं। 'कृत', 'मृत' और 'गत' का परिवर्तन क्रमशः कड, मड, और गड में मिलता है।[८] अधुना > अहुणा पाया जाता।[९] अकारांत शब्दों के प्रथमा एक० में -ए रूप मिलता है।[१०] उदा० मानुपे । द्वितीया एक० में- अम् के स्थान पर -ए का वैकल्पिक प्रयोग होता है।[११] कभी द्वितीया एक० -अम् विभक्ति का लोप भी मिलता है।[१२] शौरसेनी पैशाची के शेप रूप माहाराष्ट्री अथवा कुछ वय्याकरणों के अनुसार मागधी के सदृश होते हैं।[१३]

पांचाल तथा अन्य पैशाची की विभाषाओं के रूप सामान्य पैशाची अथवा शौरसेन पैशाची से वहुत ही अल्प भेद रखते हैं।[१४]

---

१. रोलः	सूत्रसं०	२	परि० २०	प्राकृतानुशासन
पसो शः	,,	३	,,	,,
२. चुर्व्यक्ततालव्यः	,,	४	,,	,,
३. ज्ञस्यश्कः	,,	५	,,	,,
४. च्छस्य श्चः	,,	६	,,	,,
५. थस्य श्तः	,,	७	,,	,,
६. स्तस्य ष्टाविकृतिः ष्टः	,,	८	,,	,,
७. स्तस्य थ इत्येके	,,	९	,,	,,
८. कृत मृत गतानां कडमडगडाः	,,	११	,,	,,
९. अधुनादेरहुणादयः	,,	१२	,,	,,
१०. अदन्तात् सोरेत्	,,	१४	,,	,,
११. आमो वा	,,	१५	,	,,
१२. लुक् च	,,	१६	,,	,,
१३. शेपं प्राकृतवच्च	,,	१७	,,	,,
१४. पाञ्चलादयः स्वल्पभेदा लोकतः	,,	१८	,,	,,

पांचाल पैशाची में ल> र[1] और अन्य विशेषताएँ शौरसेन पैशाची के सदृश होती हैं।[2]

अपभ्रंश

हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत व्याकरण में अपभ्रंश भाषा के जिस रूप की विशेषताओं का उल्लेख किया है वह वय्याकरणों के द्वारा उल्लिखित नागरिका (नागर) अपभ्रंश अथवा पश्चिमी अपभ्रंश का ही रूप कहा जा सकता है। प्राकृतानुशासन और प्राकृत-सर्वस्व की नागरिका अथवा नागर अपभ्रंश की विशेषताएँ हेमचन्द्र द्वारा वर्णित अपभ्रंश से अधिकांशतः मिलती हैं। मध्यकालीन प्राकृतों के साथ उत्तरकालीन प्राकृत अपभ्रंश की ध्वनि सम्बन्धी विशेषताओं और व्याकरण आदि को कुछ विस्तार के साथ आगे ध्वनि-प्रकरण और रूप-विकास के अन्तर्गत दिया गया है। यहाँ पर अपभ्रंश के भेदों की कतिपय विशेषताएँ ही उल्लिखित हैं। पुरुषोत्तमदेव तथा मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के उपनागर, व्राचड़ आदि रूपों का भी उल्लेख किया है। उपनागर अपभ्रंश को नागर और व्राचड़ का मिश्रित रूप माना जाता है।[3] अपभ्रंश के पाञ्चाल, वैदर्भी, लाटी, ओड्री, कैकेयी, गौड़ी, ढक्की आदि विभाषाओं का भी उल्लेख मिलता है, जिनका विकास लोक-व्यावहारिक रूप के अनुसार माना गया है। वैदर्भी में -उल्ल प्रत्यय का अधिक प्रयोग होता है।[4] लाटी में सम्बोधन शब्दों की अधिकता मिलती है।[5] लाटी और ओड्री में -इ, और -ओ प्रत्ययों

---

१. लकारास्य रेफः	सूत्र सं०	१६	परि०१८	प्राकृतानुशासन
२. शेषं पूर्व्ववन्नेयम्	,,	२०	,,	,,
३. द्वयोः साङ्कर्यात्	,,	१५	,,	,,
४. उल्लप्राया वैदर्भी	,,	१८	,,	,,
५. सम्बोधन(शब्द)-ढ्या लाटी	,,	१६	,,	,,

-का वाहुल्य होता है ।[१] कैकेयी में शब्दों की पुनरुक्ति मिलती है ।[२] गौड़ी में समास पदों की विशेषता पाई जाती है ।[३] व्राचड़ अपभ्रंश में ष, स > श[४] मिलता है, भृत्य शब्द को छोड़कर 'र' और ऋकार ध्वनियों में कोई परिवर्तन नहीं होता ।[५] इसमें चवर्ग (तालव्य) ध्वनियाँ माहाराष्ट्री और शौरसेनी प्राकृत के सदृश दन्त्य-तालव्य न होकर शुद्ध तालव्य होती हैं ।[६] त् और ध् ध्वनियों का स्पष्ट उच्चारण नहीं मिलता ।[७] शब्द के आदि में प्रयुक्त -त् औ ड् के स्थान पर ट् और द् क्रमशः मिलते हैं ।[८] खण्ड > खण्डु [९], एव > जे, ज्जि, [१०], √भू के स्थान पर यदि वह प्र-के बाद हो तो 'भो' रूप हो जाता है,[११] -क्त के पूर्व √भू धातु का रूप सुरक्षित रहता है ।[१२] √व्रज धातु के स्थान पर वञ्ज मिलता है ।[१३] वृष > वर्ह होता है ।[१४] व्राचड़ का शेष रूप अपभ्रंश के लौकिक (परंपरित) रूप के सदृश ही कहा गया है ।[१५]

---

१. इकारौकार प्रायौ लट्टी (प्रायौड्री)	सूत्र सं०	२०	परि० १८	प्राकृतानुशासन
२. सवीप्साप्रायौ कैकेयी	,,	२१	,,	,,
३. ऋसमा (बहुसमासा) गौडी	,,	२२	,,	,,
४. षसोः शः	,,	२	,,	,,
५. रऋतौ प्रकृत्याभृत्यवर्जम्	,,	३	,,	,,
६. चवर्गः स्पष्टतालव्यः	,,	४	,,	,,
७. तधौ चास्पष्टौ	,,	५	,,	,,
८. पदादौ तड्योः टदौ च	,,	६	,,	,,
९. खण्डस्यखण्डुः	,,	७	,,	,,
१०. जेज्जि चैवस्य	,,	८	,,	,,
११. भवतोभोंऽप्रादे	,,	९	,,	,,
१२. क्ते भूः	,,	१०	,,	,,
१३. व्रजेर्वञ्ज	,,	११	,,	,,
१४. वृषेर्वहः	,,	१२	,,	,,
१५. शेषं प्रयोगात्	,,	१३	,,	,,

तीसरा अध्याय

प्राकृत की ध्वनि संबंधी विशेषताएँ

भारतीय प्राचीन आर्य भाषा-वैदिक की बोलियों का उल्लेख पहले हो ही चुका है। इन बोलियों के स्वरों तथा पद रूपों की विभिन्न स्थानीय विशेषताओं को लिये हुए अनेक प्राकृत रूपों का विकास हुआ। प्राकृत भाषाओं की पहली स्थिति-पालि तथा अशोकी अथवा शिलालेखी प्राकृत में मुख्य प्राकृतों की अपेक्षा कम परिवर्तन मिलते हैं।

प्रारंभिक स्थिति पालि में वैदिक स्वरों का परिवर्तन पर्याप्त रूप में मिलने लगता है। उदा० ऋ> अ, इ, उ, ए और व्यंजन-रूप र, रु का भी विकास हो जाता है। उदा० कृपण> कपण, कृषि> कसि, ऋषि>इसि, ऋण >इण, तृण> तिण, ऋतु> उतु, वृषभ> उसभ, गृह> गेह, वृक्ष>रुक्ख, बृहत्>ब्रहा, ऐश्वर्य>इस्सरिय। संस्कृत संयुक्त स्वर ऐ, औ का पालि में परिवर्तन हो जाता है। उनके स्थान पर क्रमशः ए, ओ रूप मिलते हैं। उदा० मैत्री> मेत्ती, औषध> ओषध, औ>उ भी मिलता है। उदा० औत्सुक्यं>उस्सुक्कं। संयुक्त व्यंजनों और अनुस्वार के पूर्व दीर्घ स्वरों का प्रायः ह्रस्व रूप होजाता है। उदा० कार्य> कज्ज, लतां> लतं। पालि में स्वरों का परस्पर व्यत्यय भी पर्याप्त मात्रा में मिलता है। उदा० -अ>इ—कस्य>किस्स, तमिस्रा> तिमिस्सा, अ> उ। उदा० सद्यः> सज्जु, उन्मज्जति>उम्मुज्जति, अ> ए। उदा० अत्र>एत्थ, फल्गु>फेल्गु, शय्या>सेज्जा, अ> ओ। उदा०

सम्मर्ष> सम्मोस। आ>ए। उदा० प्रातीहार> पाटिहेर। इ> अ। उदा० पृथिवी> पठवी, गृहिणी> घरणी। इ> उ। उदा० गैरिक> गेरुक, इ> ए। उदा० विहिंसा>विहेसा। ई> अ। उदा० कौसीद्य> कोसज्ज। ई>आ। उदा० तिरश्चीन>तिरच्चान। ई>उ। उदा०क्रीडा> खेला, ई>उ। उदा० ष्ठीव >ठुभ, उ >अ। उदा० मुकुलं>मकुलं स्फुरति>फरति। उ>इ। उदा० पुरुषः > पुरिसो। उ>ए। उदा० डुण्डुभः> देड्डुभो। उ> ओ। उदा० पामुख्यं> पामोक्खं, पुस्तक> पोत्थक। ऊ> अ। उदा० कूर्परः>कूप्परो, अ>आ। उदा० भ्रकुटि> भाकुटि, अ > इ। उदा० भूयः >भिय्यो। ऊ > ओ। उदा० ऊर्ज> ओज, ए >अ। उदा० म्लेच्छ>मिलक्ख, ए>आ। उदा० केयूर> कायूर, ए >इ। उदा० महेन्द्र> महिन्द, ए> ओ। उदा० द्वेषः> दोसो, ओ> उ। उदा० होत्रं> हुत्तं, ज्योत्स्ना>जुण्हा, द्रोह>दुह। मूल स्वर ए>ऍ, ओ>ऑ हो जाता है। उदा० प्रेम>प्रॅम्म,ओष्ठ> ऑष्ठ। संधि स्वर -अय>-ए और -अव>ओ मिलता है। उदा० जयति> जेति, अवधि>ओधि, भवति> होति, लवण> लोण।

मुख्य प्राकृतों में भी ध्वनि-परिवर्तन जितना माहाराष्ट्री प्राकृत में मिलता है उतना किसी और प्राकृत में नहीं मिलता। यह परिवर्तन भी अधिकतर ध्वनि लोप प्रकार का ही है। इसमें स्वर और व्यंजन दोनों का ही लोप मिलता है। परन्तु सभी प्राकृत भाषाओं की यह सामान्य विशेषता है कि उनमें वैदिक स्वरों के परिवर्तन तथा लोप किसी न किसी रूप में समान ढंग से हुए हैं।

प्राकृत के वय्याकरणों ने इस स्वर-विकास को सूत्र रूप में विस्तार-पूर्वक दिया है। जैसा पहले कहा जा चुका है कि प्राकृत व्याकरणों में वररुचि कृत प्राकृत-प्रकाश और हेमचन्द्र कृत प्राकृत-व्याकरण प्राचीन और महत्वपूर्ण रचनाएँ हैं। इसलिये विविध नियमित रूपों की व्याख्या के साथ-साथ पाद-टिप्पणी में उक्त ग्रंथों से तत्संबंधी सूत्रों का भी निर्देश कर दिया गया है।

वैदिक के ऋ, ॠ, ऌ और अन्य मूल स्वरों तथा संधि स्वर–ऐ, औ के निम्नलिखित परिवर्तन प्राकृत में मिलते हैं। प्राकृत शब्दों में वैदिक स्वर ऋ के स्थान पर रि, रु व्यंजन पाये जाते हैं। उदा० ऋ > रि[1], -ऋण > रिण, ऋद्धि > रिद्धि, ऋषि > रिसि। यह परिवर्तन प्रायः शब्द के आरंभ में मिलता है परन्तु कभी-कभी शब्द के मध्य में संयुक्त व्यंजन के साथ भी उक्त स्वर का परिवर्तन मिलता है।[2] उदा० ईदृशः > एरिसो, सदृशः > सरिसो, कीदृशः > केरिसो, तादृशः > तारिसो। ऋ > रु[3]। उदा० वृक्ष > रुक्खो, ऋषि > रुसि। शब्द के आदि तथा मध्य दोनों में ऋ स्वर के परिवर्तन अ, इ, उ स्वरों के रूप में मिलते हैं। उदा० ऋ > अ[4], तृण > तण, घृणा > घणा, कृत > कद (शौ०), कअ (माहा०), कृष्ण > कण्ह, ऋण > अण। ऋ > इ[5] -ऋषि > इसि, कृपण > किविण, हृदय > हिअअ, शृङ्गार > सिंगार, मृगाङ्क > मिअंक, दृष्टि > दिट्ठि, भर्तृदारक > भट्टिदारअ, कृपा > किवा। ऋ > उ,[6] ऋतु > उदु, मृणाल > मुणाल, पृथ्वी > पुहवी, ऋजु > उज्जु, जामातृक > जामादुअ।

दीर्घ -ॠ के स्थान पर दीर्घ स्वर -ई, ऊ मिलते हैं। वैदिक स्वर-ऌ

---

१ अयुक्तस्य रिः	सूत्र सं० ३०	प्र० परि०	प्रा० प्रकाश
रिः केवलस्य	,, १४०	,, पाद	,, व्या०
२. क्वचिद् युक्तस्यापि	,, ३१	,, परि०	,, प्र०
दृशः क्विप् टक्सकः	,, १४२	,, पाद	,, व्या०
३. वृक्षे वेनरुर्वा	,, ३२	,, परि०	,, प्र०
४. ऋतोऽत्	,, २७	,, परि०	,, ,
ऋतोत	,, १२६	,, पाद	,, व्या०
५. इद् ऋष्यादिषु	,, २८	,, परि०	,, प्र०
इत् कृपादौ	,, १२८	,, पा०	,, व्या०
६. उदे ऋत्वादिषु	,, २९	,, परि०	,, प्र०
उदृत्वादौ	,, १३१	,, पाद	,, व्या०

के स्थान पर-इलि,-लि,-अ मिलते है। उदा० क्लृप्त> किलित्त।[1]

वैदिक सन्धिस्वर ऐ, औ> ए, ओ मूलस्वर मिलते हैं। उदा० ऐ> ए।[2] शैल> सेल, ऐतिहासिक> एदिहासिअ, वैद्य> वेज्ज। संधिस्वर ऐ > संयुक्तस्वर अइ[3], दैत्य> दइच्च, भैरव> भइरव, दैव> दइव, औ> ओ[4], कौमुदी> कोमुई (माहा०) कोमुदी (शौ०), यौवन > जोव्वण। संधिस्वर औ > संयुक्तस्वर आउ।[5] पौरुष> पउरुस, कौरव> कउरव, पौर> पउर। यह परिवर्तन माहाराष्ट्री तथा कुछ उप-प्राकृतों में ही मिलता है, शौरसेनी और मागधी प्राकृतों में नहीं मिलता।

शब्द में संयुक्त व्यंजन के पूर्व ह्रस्व स्वर तथा असंयुक्त व्यंजन के पूर्व दीर्घ स्वर का प्रयोग प्रायः सभी प्राकृत भाषाओं की विशेषता है।[6] वैसे शौरसेनी और मागधी की अपेक्षा माहाराष्ट्री, अर्धमागधी में यह प्रवृत्ति अधिक मिलती है। उदा० मनुष्य> मणुस्स (शौ०) मणूस (माहा०), अश्व>अस्स (शौ०) आस (माहा०), उत्सव>ऊसव (शौ०, माहा०)। जिह्वा> जीहा, मार्ग> मग्ग, वर्ष> वस्स, वास।

कभी-कभी असंयुक्त व्यंजन के पूर्व दीर्घस्वर की अपेक्षा सानुस्वार स्वर भी मिलता है। उदा० अश्रु>अंसु, स्पर्श>फंस, दर्शन>दंसण।

---

१. लृतः क्लृप्त इलि	सूत्र सं०	३३	प्र० परि०	प्रा० प्र०
लृत इलिः क्लृप्त क्लृन्ने	,,	१४५	,, पा०	,, व्या०
२. ऐत एत्	,,	३५	,, परि०	,, प्र०
ऐत एत्	,,	१४८	,, पा०	,, व्या०
३. दैत्यादिष्वइ	,,	३६	,, परि०	,, प्र०
अइर्दैत्यादौ च	,,	१५१	,, पा०	,, व्या०
४. औत ओत्	,,	४१	,, परि०	,, प्र०
औत ओत्	,,	१५९	,, पा०	,, व्या०
५. पौरादिष्वउ	,,	४२	,, परि०	,, प्र०
अउः पौरादौच	,,	१६२	,, पा०	,, व्या०
६. ईत् सिंह जिह्वयोश्च	,,	१७	,, परि०	,, प्र०
ईर्जिह्वासिंहत्रिंशद्विंशतौ त्या	,,	९२	,, पा०	,, व्या०

कुछ शब्दों में संयुक्त व्यंजन के अनुनासिक स्वर का लोप हो कर पूर्व का स्वर दीर्घ मिलता है। उदा० दंष्ट्र > दाढ, सिंह > सीह। कभी-कभी असंयुक्त व्यंजन के पूर्व दीर्घ स्वर ह्रस्व और बाद वाले व्यंजन का द्वित्व-रूप हो जाता है। उदा० तैल > तेल्ल, प्रेम > पॅम्म, एवम् > एव्वं, यौवन > जॉव्वण, शौरसेनी में एव > जेव, जेव्व। ह्रस्व स्वर के बाद में यह - ज्जेव, -ज्जेव्व हो जाता है।

प्राकृत भाषाओं के शब्दों में प्रयुक्त एक स्वर के स्थान पर दूसरे स्वर का प्रयोग भी मिलता है। इसे स्वर-व्यत्यय का उदाहरण कहा जा सकता है। उदा० अ > इ[1] -ईषत् > इसि, पक्व > पिक्क, वेतस > वेडिस, व्यजन > विअण, मृदंग > मुइंग, अंगार > इंगाल, ललाट > णिडाल, तस्य > तिस्स, मध्यम > मज्झिम (माहा०), मज्झम (शौ०)। अ > उ। माहाराष्ट्री और अर्ध-मागधी में यह परिवर्तन अधिक मिलता है। उदा० प्रलोकयति > पुलोएदि। सर्वज्ञ > सव्वण्णु। -अ > -ए[2], उदा० शय्या > सेज्जा, सौन्दर्य > सुन्देर, त्रयोदश > तेरह, आश्चर्य > अच्छेर, वल्लि > वेल्लि। आ > अ[3]- तथा > तह, यथा > जह, प्राकृत > पउअ, उत्खतादि > उक्खयं। आ > इ[4] -का प्रयोग विकल्प से मिलता है।

---

१ ईद् ईषत् पक्व-स्वप्न-वेतस-व्यजन मृदंगारेषु	सूत्र सं	३	द्वि० परि०	प्रा० प्र०
पक्वाङ्गार-ललाटे वा	,,	४७	प्र० पा०	प्रा० व्या०
मध्यम कतमे द्वितीयस्य	,,	४८	,,	,,
ई स्वप्नादौ	,,	४६	,,	,,
२. ए शय्यादिषु	,,	५	द्वि० परि०	प्रा० प्र०
एच्छय्यादौ	,,	५७	प्र० पा०	प्रा० व्या०
३. अद आतो यथादिषु	,,	१०	द्वि० परि०	,, प्रा०
वाव्ययोत्खातादावदातः	,,	६७	प्र० पा०	,, व्या०
४ इत सदादिषु	,,	११	द्वि० परि०	,, प्रा०
इः सदादौ वा	,,	७२	प्र० पा०	,, व्या०

उदा० सदा>सइ, तदा>तइ, जल्पामः>जम्पिमो (माहा०)। इ>अ[1] पृथ्वी>पुहवी, हरिद्रा>हलद्दा, पृथ्वी>पुहुई, प्रतिश्रुत> पडंसुआ आदि। इ> उ[2]-इक्षु>इच्छु (माहा०), वृश्चिक>विन्छु, इ>ए[3]-एत्था >इत्था, पिंड> पेएड, विष्णु>वेरहु। ई>ए[4]-नीड> नेड, कीदृश>केरिस, ईदृश> एरिस। उ> अ[5],-मुकुल>मउल, गुरुक>गरुअ। उ>इ,[6]-पुरुष>पुरिस, भ्रकुटि>भिउडी, उ>ओ,[7]-पुष्कर>पोखर, पुस्तक>पोत्थअ, मुग्दर>मोग्गर। ऊ> अ[8]। दुकूल>दुअल्ल। ऊ>ए,[9]-नूपुर>नेउर, मूल्य>मोल्ल, ताम्बूल>तम्बोल। ए>इ,[10]-वेदना>विअना, देवर>दिअर, एतेन> एतिना, मैत्रेय>मित्तेअ।

---

१. अथ पथि हरिद्रा पृथिवीषु	सूत्र सं०	१३	द्वि० परि०	प्रा० प्र०
पाथि-पृथ्वी प्रतिश्रन्मूषिक				
हरिद्राविभीतकेष्वत्	,,	८८	प्र० पा०	,, व्या०
२. उद् इक्षु-वृश्चिकयोः	,,	१५	द्वि० परि०	,, प्रा०
३. इत एत पिण्डसमेषु	,,	१२	,,	,,
इत एद्वा	,,	८५	प्र० पा०	,, व्या०
४. एत नीडा पीड कीदृशेदृशेषु	,,	२६	द्वि० परि०	,, प्र०
५. अत मुकुटादिषु	,,	२२	द्वि० परि०	,, ,,
उतो मुकुलादिष्वत	,,	१०७	प्र० पा०	,, व्या०
६. इत् पुरुषे रोः	,,	२३	द्वि० परि०	प्रा० प्र०
पुरुषे रोः	,,	११०	प्र० पा०	,, व्या०
ई भ्रुकुटौ	,,	१११	,,	,,
७. उत तुण्ड रुपेषु	,,	२०	द्वि० परि०	,, प्र०
ओत्संयोगे	,,	११६	प्र० पा०	,, व्या०
८. अद् दुकूले वा लस्य द्वित्वम्	,,	२५	द्वि० परि०	,, प्र०
दूकूले वा लश्च द्विः	,,	११९	,, पा०	,, व्या०
९. एत् नूपुरे	,,	२६	द्वि० परि०	,, प्र०
इदेतौ नूपुरे वा	,,	१२३	प्र० पा०	,, व्या०
१० एत इद् वेदना देवरयो	,,	२४	द्वि० परि०	,, प्र०
एत इद्वा वेदना चपेटा देवर केसरे	,,	१४६	प्र० पा०	,, व्या०

ऐ> इ।[1] सैन्धव> सिन्धव, शैन्य> सिन्न, ऐश्वर्य> इस्सरिय, ऐ> ई। धैर्य> धीर, एकैक> इकीक, एकीक।[2] ओ> अ[3] का विकल्प से प्रयोग मिलता है। उदा० प्रकोष्ठ> पवठ्ठो। द्वित्व व्यंजन के पूर्व ओ> उ[4] हो जाता है। उदा० अन्योन्य> अण्णुण्ण, अण्णोण्ण(माहा०), एकोनविंशति> एकुनवीस। औ> आ[5], उदा० गौरव> गारव, पौलिन्द> पारिंद, औ> उ[6], उदा० सौन्दर्य> सुन्देर, शौंड> सुंड, दौवारिक> दुव्वारिअ। अव > ओ[7], उदा० लवण>लोण, नवमालिका> णोमालिआ। अय> ओ[8], उदा० मयूर>मोर (मऊर), मयूख>मोह (मऊह)। शब्द में तु के पूर्व, 'अ' के योग से 'ओ' का विकास मिलता है।[9] उदा० चतुर्थी> चोत्थी (चउत्थी), चतुर्दशी> चोद्दही (चउद्दही)। अय> ए, उदा०

---

१. इत सैन्धवे	सूत्र सं०	३८	द्वि० परि०	प्रा० प्र०
इत सैन्धव शनैश्चरे	,,	१४६	प्र० पा०	,, व्या०
२. ईद् धैर्ये	,,	३६	द्वि० परि०	,, प्र०
ई धैर्ये	,,	१५५	प्र० पा०	,, व्या०
३, ओतोऽद्वा प्रकोष्ठे कस्य वः		४०	प्र० परि०	,, प्रकाश
४. ओतोद्वान्दोन्य प्रकोष्ठातोद्य शिरो वेदना मनोहर-सरोरुहे क्तोश्च वः	,,	१५६	प्र० पाद	,, व्या०
५. आच्च गौरवे	,,	४३	द्वि० परि०	,, प्र०
आच्च गौरवे	,,	१६२	प्र० पाद	,, व्या०
६. उत् सौन्दर्यादिषु	,,	४४	द्वि० परि०	,, प्र०
उत्सौन्दर्यादौ	,,	१६०	प्र० पाद	,, व्या०
७. लवण नवमल्लिकयोर्वेन	,,	७	द्वि० परि०	,, प्र०
८. मयूर मयूखवयोर्य्वा वा	,,	८	,, ,,	,, ,,
६ चतुर्थी चतुर्दश्योस्तुना	,,	६	,, ,,	,, ,,
न वा मयूख-लवण-चतुर्गुण-चतुर्थ-चतुर्दश-चतुर्वार-सुकुमार कुतूहलोदूखलोत्भूखले	,,	१७१	प्र० पाद	,, व्या०

कथयतु> कधेदु। दीर्घ ई> ह्रस्व इ[1], उदा० पानीय> पाणिअ, अलीक> अलिअ, तृतीय> तइअ, द्वितीय> दुइअ, गभीर> गहिर, इदानीं> दाणिं। दीर्घ ऊ> ह्रस्व उ[2]। उदा० मधूक> महुअ, कौतूहल> कोउहल। प्राकृत के शब्दों में स्वरों के परिवर्तन के अतिरिक्त स्वर-लोप के भी उदाहरण मिलते हैं। यह लोप आदि, मध्य, और अन्त्य प्रकार का होता है। उदा० अरण्य> रण्णं[3], अपि> पि, वि, अहं> हकं में अ स्वर का लोप हुआ है। इदानीं> दाणिं, इव, एव> व,[4] इति> ति आदि में इ स्वर का लोप, उपवसथ,> पोसथ, उदक> दग, एनं> णं में उ, और ए का लोप मिलता है।

असंयुक्त व्यंजनों का विकास

प्राचीन आर्य-भाषा में असंयुक्त और संयुक्त दोनों प्रकार के व्यंजनों का व्यापक प्रयोग किया जाता था। असंयुक्त व्यंजनों की संख्या उनतालीस थी। परन्तु मध्यकालीन आर्य भाषाओं में ये सभी व्यंजन सुरक्षित नहीं रहे। इनमें से संस्कृत शब्दों के मध्य में प्रयुक्त कुछ व्यंजनों का या तो लोप हो गया या उनका परिवर्तन कर दिया गया। यह अवश्य है कि अधिकांश व्यंजन ज्यों के त्यों प्रयुक्त होते रहे उनमें किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ। यहाँ पर कुछ असंयुक्त व्यंजनों के लोप और परिवर्तन का ही संक्षिप्त विवरण दिया जायगा।

पालि में संस्कृत के मूल और संयुक्त व्यंजनों के परिवर्तन तथा लोप के अनेक उदाहरण मिलते हैं। स्वरमध्यवर्ती अघोष व्यंजन

---

१. इद् ईतः पानीयदिषु	सूत्र सं० १८,	द्वि० परि०	प्रा०	प्र०
पानीयादिष्वित्	,, १०१	प्र० पाद	,,	व्या०
२. उद् ऊतो मधूके	,, २४	द्वि० परि०	,,	प्र०
कुतूहले वा ह्रस्वश्च	,, ११७	प्र० पाद	,,	व्या०
३. लोपोऽरण्ये	,, ४	द्वि० परि०	,,	प्र०
४. इवे लोपः	,, १७	,, ,,	,,	,,

सघोष, महाप्राण व्यंजन प्रायः हकार के रूप में विकसित मिलते है। परन्तु सघोष के स्थान पर अघोष और महाप्राण के लिये अल्पप्राण व्यंजनो के प्रयोग भी पालि मे यत्र-तत्र मिल जाते हैं। विसर्ग का भी पालि में प्राय: -ओ रूप हो जाता है। अघोष के स्थान पर सघोष के कुछ उदाहरण ये है—क > ग, उदा० मूकः > मूगो, च > ज, लकुचं > लकुजं, ट > ड। उदा० लेष्टु > लेड्डु, त > द। उदा० वितस्तिः > विदत्थि। सघोष के स्थान पर अघोष व्यंजन के भी अल्प प्रयोग मिलते है। ग > क। उदा० भृङ्गार > भिङ्कारो, प्राजयति > पाचेति, द > त। उदा० कुसीदः > कुसीतो, ब > प। उदा० अलाबु > अलापु। अल्पप्राण व्यंजनो का महाप्राण-रूप हो जाता है। ग > घ। उदा० गृहं > घर। ट > ठ। उदा० कण्टकं > कण्ठकं। त > थ। उदा० तुषः > थुसो, प > फ। उदा० पलितः > फलितो। ध > ह, प्राघुणः > पाहुणो। भ > ह। उदा० प्रभवति > पहोति। फ > प, उदा० स्फोटयति > पोठेति।

पालि शब्दों मे प्रयुक्त मूल व्यंजनो का परस्पर व्यत्यय भी मिलता है। उदा० क > ट। उदा० कक्कोलं > टक्कोलं, क > य, व,। उदा० स्वकं > सयं, लकुचं > लबुजं, च > त। उदा० चिकित्सा > तिकिच्छा, ज > द। उदा० ज्योत्स्ना > दोसिना, ज > य, उदा० निजं > नियं। ट > ल। उदा० स्फटिक > फळिक, ण > न। उदा० चिरेण > चिरेन, त > ट। उदा० चेतक > चेटक, आर्तः > अट्टो, प्रति > पटि, ट > ळ। खेट > खेळ, थ > ल। उदा० सिथिल > सठिल, ग्रंथि > गण्ठि, द > ळ, ठ। उदा० दोहद > दोहळ, दोहल, उदार > उळार, द > ड। उदा० दंश > डंसो, द > य। उदा० खादितः > खायितो, ध > ल। उदा० गोधिका > गोलिका, न > ण अवनतं > ओणतं, न > ल। एनः > एलं, प > क। उदा० पिपीलकः > किपिल्लको, भ > ध। उदा० अभिप्रेत > अधिप्पेतो, य > व। उदा० आयुध > आवुध, य > ज,

उदा० गवयः > गवजो, य> ल । उदा० यष्टि > लट्ठि, य > ह उदा० रणंजयः> रणंजहो, र> ल । उदा० रुद्र > लुद्द, रोम > लोम, ल > न । उदा० ललाट> नलाटं , श> छ । उदा० शवः > छवो, श> ड । उदा शाकं> डाकं, ष> छ । उदा० षष्ठः>छट्ठो, ष> ढ, उदा० आकर्षणं> आकड्ढनं । ह> घ, भ । उदा० इह> इध, गह्वर> गब्भर ।

मुख्य प्राकृतों में शब्द के मध्य में प्रयुक्त क, ग, च, ज, त, द, प, व, य, व का प्रायः लोप हो जाता है ।[१] उदा० मुकुल>मउल, नकुल> णउलं, काक> ,काअ, सागर>साअर, नगर> णअर वचन > वअणं, सूची > सूई, गज> गअ, रजत > रअद कृत> कअं, मद>मअ, कपि> कइ, विपुल> विउल, नयन> णअणं, जीव> जीअ, दिवस>दिअहो, अलाबू>अलाऊ । उपर्युक्त वर्णों के अतिरिक्ति शब्दों के मध्य में प्रयुक्त कुछ अन्य व्यंजनों के भी परिवर्तन मिलते हैं । -म व्यंजन का लोप मिलता है ।[२] उदा० यमुना>जउँणा, चामुन्डा> चाउँण्डा, कामुक > काउँअ आदि । शब्दों के मध्य में प्रयुक्त व्यंजनो का परिवर्तन भी प्राकृत भाषाओं की एक सामान्य विशेषता है । कुछ शब्दों में -क का परिवर्तन अनेक व्यंजना- रूपों में हुआ है । उदा० क> ह ।[३] उदा० स्फटिक > फळिहो, निकष > णिहसो,

---

१. क-ग-च-ज-त-द-प-य-वा प्रायोलोपः सूत्र सं० २ परि० २ प्रा० प्र०
,, ,, ,, ,, १७७ प्र० पा० ,, व्या०
वो वः ,, २३७ ,, ,,
२. यमुनायां यस्य च ,, ३ परि० २ ,, प्र०
यमुना-चामुण्डा-कामुकातिमुक्तके
मोनुनासिकश्च् ,, १७८ प्र० पा० ,, व्या०
३. स्फटिक निकषचिकुरेषु कस्य हः ,, ४ परि० २ ,, प्र०
निकषस्फटिक चिकुरे हः ,, १८६ प्र० पा० ,, व्या०
कुब्ज कर्पर कीले कः खोपुष्पे ,, १८१ ,, ,,

चिकुर> चिहुर, क> ख। उदा० कुब्ज> खुज्ज, कर्पर> खप्पर, क> भ[1], उदा० शीकर> सीभर। क> म[2],उदा० चंद्रिका>चन्द्रिमा।

इसी प्रकार -त व्यंजन का परिवर्तन अनेक व्यंजन-रूपों में मिलता है। उदा० त> द[3]-उदा०-ऋतु> उदु, रजत> रअदं, आगत> आअप्रद, सुकृति> सुइदी। उक्त ध्वनि-परिवर्तन शौरसेनी प्राकृत की प्रमुख विशेषता है। इसी प्रकार थ> ध का विकास भी क्रमिक रूप में मिलता है। उदा० यथा> जधा, कथयतु>कधेदु। शिलालेखी प्राकृत में भी यह परिवर्तन मिलता है। उदा० सातवाहन>सादवाहन। त>ड[4] उदा० प्रति>पडि, वेतस>वेडिसो, पताका>पडाआ प्रतिच्छन्दः> पडिच्छन्दो। त>ह[5]-वसति>वसही, भरत> भरहो, त> ण[6]-उदा० गर्भित> गब्भिणं, ऐरावत> एरावणो।[7]

प्राकृत शब्दों में -द व्यंजन का विकास भी अन्य व्यंजन-रूपों में हुआ है। उदा० द> ल[8], उदा० प्रदीप्त> पलित्तं, कदम्ब> कलम्बो,

---

१. शीकरे भः	सूत्र सं०	५	परि० २	प्रा० प्र०
शीकरे भ-हौ वा	,,	१८४	प्र० पाद	,, व्या०
२ चन्द्रिकायां मः	,,	६	परि० २	,, प्र०
,, ,,	,,	१५८	प्र० पा०	,, व्या०
३. ऋत्वादिषु तो दः	,,	७	परिच्छेद २	,, प्र०
४. प्रतिवेतस पताकासु डः	,,	८	,,	,,
प्रत्यादौ डः	,,	२०६	प्र० पा०	,, व्या०
५. वसति भरत योर्हः	,,	९	परि० २	,, प्र०
६. गर्भिते णः	,,	१०	,,	,,
गर्भितातिमुक्तके णः	,,	२०८	प्र० पा०	,, व्या०
७ एरावते च	,,	११	परि० २	,, प्र०
८. प्रदीप्त कदम्ब-दोहदेषु दो लः	,,	१२	,,	,,
प्रदीपि-दोहदे लः	,,	२२१	प्र० पा०	,, व्या०

दोहद>दोहलो, द>र[१]-उदा० गद्गद>गग्गर। संख्यावाचक शब्दों में भी उक्त परिवर्तन उपलब्ध होता है।[२] उदा० एकादश> एग्रा-रह, द्वादश>बारह, त्रयोदश>तेरह, अष्टादश>अठारह। परन्तु यह परिवर्तन संख्यावाचक शब्दों में संयुक्त व्यंजन के साथ प्रयुक्त -द का नहीं मिलता। उदा० चतुर्दश> चउद्दह।

इसी प्रकार शब्द के मध्य में प्रयुक्त -प वर्ण का परिवर्तन कई व्यंजन-रूपों में हुआ है। उदा० प> व[३], उदा० शाप> सावो, शपथ> सवहो। परन्तु शब्द के मध्य में प्रयुक्त -प का प्राय: लोप भी हो जाता है। प> म[४], उदा० आपीड> आमेलो।

-य ध्वनि के स्थान पर -ज्ज,[५] ह[६] व्यंजनों के प्रयोग मिलते हैं। उदा० उत्तरीय> उत्तरिज्जं, करनीय> करणिज्जं, छाया>छाहा, व> म[७], उदा० कवन्ध>कमन्धो, ट>ड[८], उदा० नट> णडो, विटप>

---

१ गद्गदे रः	सूत्र संख्या	१३	परि० २	प्रा० प्र०
२. संख्यायां च	,,	१४	,,	,,
संख्या-गद्गदे रः	,,	२१६	प्र० पा०	,, व्या०
३. पो वः	,,	१५	परि० २	,, प्र०
पो वः	,,	२३१	प्र० पा०	,, व्या०
४. अपीडे मः	,,	१६	परि० २	,, प्र०
नीपापीडे मो वा	,,	२३४	प्र० पा०	,, व्या०
५. उत्तरीयानीययोर्जो वा	,,	१७	परि० २	,, प्र०
आदेर्यो जः	,,	२४५	प्र० पाद	,, व्या०
६. छाया या हः	,,	१८	परि० २	,, प्र०
छायायां होकान्तौ वा	,,	२४९	प्र० पाद	,, व्या०
७. कवन्ध वो मः	,,	१९	परि० २	,, प्र०
,, म-यौ	,,	२३९	प्रथम पाद	,, व्या०
८. टो डः	,,	२०	परि० २	,, प्र०
,,	,,	१९५	प्र० पाद	,, व्या०

विडवो, कट्ट>कड्ड, ट>ढ[१], उदा० सटा>सढा, शकट> स-अढो, कैटभ>केढवो, ट>ल[२], उदा० स्फटिक>फलिहो, ड>ल,[३] उदा० तडाग>तलाअ, दाडिम्ब> डालिम, ठ> ढ[४], उदा० मठ>मढ, जठर> जढरं, कठोर> कठोरं, ठ> ल्ल[५], उदा० अंकोठ> अंकोल्लो, फ>भ[६], उदा० शेफालिका>सेभालिआ, शफरी>सभरी।

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि संस्कृत शब्दो के मध्य में प्रयुक्त कुछ व्यंजनों के स्थान पर प्राकृत शब्दो में भिन्न व्यंजनो को प्रयोग मिलते हैं। असंयुक्त व्यंजनों में से कुछ व्यंजन ऐसे भी हैं जिनका बिल्कुल रूप-परिवर्तन तो नही होता परन्तु लुप्त-ध्वनि के स्थान पर उसका एक अंश प्राय: वर्तमान रहता है। इस प्रकार के उदाहरण कुछ महाप्राण व्यंजनों के ही मिलते हैं, जिनके स्थान पर केवल -ह ध्वनि सुरक्षित रहती है। उदाहरण के लिये ख, घ, थ, ध, भ> ह का विकास मिलता है।[७] उदा० मुख> मुह, मेखला> मेहला, मेघ> मेहो, गाथा> गाहा, यथा> जहा,

---

१. सटा शकट कैटभेषु ढः — सूत्र० सं० २१ परि० २ प्रा० प्र०
सटा-शकट कैटभे ढः — ,, १९६ प्र० पाद ,, व्या०
२. स्फटिक लः — ,, २२ परि० २ ,, प्र०
,, ,; — ,, १९७ प्र० पाद ,, व्या०
३. डस्य च — ,, २३ परि० २ ,, प्र०
डो-लः — ,, २०२ प्र० पाद ,, व्या०
४ ठो ढः — ,, २४ परि० २ ,, प्र०
,, — , १९९ प्र० पाद ,, व्या०
५ अंकोठे ल्लः — ,, २५ परि० २ ,, प्र०
,, ,, — ,, २०० प्र० पाद ,, व्या०
६. फो भः — ,, २६ परि० २ ,, प्र०
फो भ हौ — ,, २३६ प्र० पाद ,, व्या०
७ ख-घ-थ-ध-भां हः — ,, ८७ परि० २ ,, प्र०
,, ,, — ,, १८७ प्र० पाद ,, व्या०

राधा> राहा, वधिर> वहिरो, सभा> सहा। परन्तु कुछ शब्दों में इस प्रकार का परिवर्तन नहीं पाया जाता। उदा० प्रखर> पखलो, प्रलङ्घ> पलंघणो, अधीर> अधीरो।

संस्कृत शब्दों में -थ,- ध के स्थान पर प्राकृत में -ढ का प्रयोग मिलता है।[1] उदा० प्रथम> पढयो, शिथिल> सिढिलो, औषध> ओसुढ, इसी प्रकार -भ> व[2]- उदा० कैटभ> केढवो, ऋषभदत्त> उषवदात. भ> व, उदा० अभय> अवय। महाप्राण व्यंजनों के महाप्राणत्व का लोप द्राविड़ी और ईरानी प्रभाव के फलस्वरूप माना जाता है। इसी प्रकार र> ल[3] उदा० हरिद्रा> हलद्दा, चरण> चलणो, मुखर> मुहलो, करुण> कलुण, अङ्गुरी> अङ्गुली, अङ्गार> इङ्गालो, सुकुमार> सोमालो (सुउमालो), र>ल का प्रयोग जिसका निर्देश पहले प्राकृत भाषाओं की विशेषता के अंतर्गत हो चुका है मागधी प्राकृत की एक प्रधान विशेषता है। संस्कृत व्याकरणों में भी 'रलयोर -भेद:' सूत्र काफी व्यापक है। उदा० रोहित> लोहित, रोम> लोम, किर> किल।

उपर्युक्त उदाहरणों में प्राय: ऐसे असंयुक्त व्यंजनों का परिवर्तन संबंध में परिचय दिया गया जो शब्द के मध्य में प्रयुक्त होते हैं। शब्द में प्रयुक्त आरंभिक व्यंजनों का भी परिवर्तन मिलता है। यहाँ पर इस परिवर्तन के कुछ उदाहरण प्रस्तुत किये जायेंगे। उदा० य> ज,[4] उदा० यष्टि> जट्ठी, यश:>

---

१. प्रथम शिथिल निषधेषु ढः	सूत्र सं०	२८	द्वि० परि०	प्रा० प्र०
मेथि शिथिर शिथिल प्रथमेथस्य ढः	,,	२१५	प्र० पा०	प्रा० व्या०
२. कैटभे भो वः	,,	२६	परि० २	प्रा० प्र०
कैटभे भो वः	,,	२४०	प्र० पा०	प्रा० व्या०
३ हरिद्रादीना रोलः	,,	३०	परि० २	प्रा० प्र०
हरिद्रा दौ लः	,,	२५४	प्र० पा०	प्रा० व्या०
४. आदेर्यो जः	,,	३१	हरि० २	प्रा० प्र०
आदेर्यो जः	,,	२४५	प्र० पा०	प्रा० व्या०

जसो। अशोकी प्राकृत में य>अ स्वर शेष मिलता है। उदा० यावत्> आव, यथा>अथ, य> ल[१], उदा० यष्टि> लठी। क> च[२] उदा० किरात> चिलात। तामिल में केरल> चेर मिलता है। क> ख[३] उदा० कुब्ज> खुज्जो, कुब्ज। >खुज्ज। इसी प्रकार अल्पप्राण व्यंजन के स्थान पर महाप्राण व्यंजन के अन्य उदाहरण भी मिलते हैं। उदा० दण्ड>धड्ड, दिवस>धिवभ, चिन्हित>छिनिद, दुहिता> धुदा, धिता। द>ड[४], उदा० दोला>डोला, दण्ड>डण्डो, दशन> डसणो। शब्द के मध्य में भी प्रयुक्त द>ड का विकास मिलता है। उदा० उदार> उडाल, द्वादश> दुवाडस, दोहद> दोहड, कदन> कडण, दर्भ> डब्भो, दाह> डाह। प>फ[५]- उदा० परुष> फरुसो, परिघ>फलिहो, परिखा> फलिहा, पनस> फणसो।[६] व> भ[७]- उदा० विसिनी> भिसिणी, म> व[८], उदा० मन्मथ>वम्महो,

---

१. यष्ट्यां लः	सूत्र सं० ३२	परि० २	प्रा० प्र०
यष्ट्यां लः	,, २४७	प्र० पा०	प्रा० व्या०
२. किराते चः	,, ३३	परि० २	प्रा० प्र०
किराते चः	,, १८३	प्र० पा०	प्रा० व्या०
३. कुब्जे खः	,, ३४	परि० २	प्रा० प्र०
कुब्ज-कर्पर कीले कः खो पुष्पे	,, १८१	प्र० पाद०	प्रा० व्या०
४. दोलादण्ड दशनेषु डः	,, ३५	परि० २	प्रा० प्र०
दशन-दष्टदग्ध दोला दण्ड दर-दाह दम्भ दर्भकदन दोहदे दो वा डः	,, २१७	प्र० पा०	प्रा० व्या०
५. परुष परिघपरिखासु फः	,, ३६	परि० २	प्रा० प्र०
पाटि परुष परिघ परिखा पनस पारिभद्रे फः	,, २३२	प्र० पा०	प्रा० व्या०
६. पनसेऽपि च	,, ३७	,,	,,
७. विसिन्यां भः	,, ३८	,,	,,
८. मन्मथे वः	,, ३९	परि० २	प्रा० प्र०
मन्मथे वः	,, २४२	प्र० पा०	प्रा० व्या०

-ल> ण[1] उदा० लाहलो > णाहलो, लंगलं > णंगलं, लंगूलं> णंगूलं ।

संस्कृत की ऊष्म ध्वनियों -ष,श,स का परिवर्तन प्राकृत में -छ व्यंजन के रूप में मिलता है।[2] उदा० षष्ठी>छट्ठी, षण्मुख>छम्मुहो, शावक> छावओ, सप्तपर्ण> छत्तिवण्णो, षट्पद> छप्पओ। अशोकी प्राकृत में -श के स्थान पर -च का विकास भी मिलता है। उदा० शान्तमूल> चांतमूल, शान्तिश्री>चांतिसिरि। न>ण[3], उदा० नदी>णई। शब्द के मध्य में प्रयुक्त -न का विकास सर्वत्र -ण के रूप में मिलता है। उदा० कनक> कणअ, वचन> वअणं, मानुष> माणुसो। इसी प्रकार -श, ष> स[4] मिलता है। उदा० शब्द> सद्दो, षण्ढ> सण्ढो। शब्द के मध्य में प्रयुक्त -श -ष का -स ही मिलता है। उदा० निशा>णिसा, वृषभ> वसहो, कषाय> कसाअं। इसका उल्लेख पहले ही हो चुका है कि मागधी प्राकृत में ष, स के लिये सर्वत्र -श ही मिलता है। श> ह[5] उदा० शक्तिश्री > हकुसिरि। शब्द के मध्य में भी यही परिवर्तन मिलता है। उदा० दश> दह, एकादश> एआरह, स> ह।[6] उदा० दिवस> दिअह, संघ> हंघ।

---

१. लोहले णः	सूत्र सं० ४०	परि० २	प्रा०	प्र०
लाहल लांगल लांगूले वादेर्णः	,, २५६	प्र० पा०	,,	व्या०
२. षट् शावक सप्तपर्णानां छः	,, ४१	परि० २	,,	प्र०
षट्-शमी-शाव-सुधा सप्तपर्णेष्वादेश्छः	,, २६५	प्र० पा०	,,	व्या०
३. नो णः सर्वत्र	,, ४२	परि० २	,,	प्र०
नो णः	,, २२८	प्र० पा०	,,	व्या०
४. शषो सः	,, ४३	परि० २	,,	प्र०
शषो सः	,, २६०	प्र० पा०	,,	व्या०
५. दशादिषु हः	,, ४४	परि० २	,,	प्र०
दश-पाषाणे हः	,, २६२	प्र० पा०	,,	व्या०
६. दिवसे सस्य	,, ४६	परि० २	,,	प्र०
दिवसे सः	,, २६२	प्र० पा०	,,	व्या०

संयुक्त व्यंजनों का विकास

प्राचीन आर्यभाषा के शब्दों में संयुक्त स्वरों की संख्या तो सीमित थी परन्तु संयुक्त व्यंजनों के प्रयोग का कोई सीमित-रूप नहीं था। शब्द के आदि अथवा मध्य में कोई भी दो व्यंजन संयुक्त-व्यंजन के रूप में प्रयुक्त हो सकते थे। परन्तु प्राकृत भाषाओं में संयुक्त व्यंजनों का यह व्यापक प्रयोग नहीं मिलता। उनका परिवर्तन या तो समीकृत-व्यंजन के रूप में हो गया, अथवा उनमें से किसी एक व्यंजन का लोप कर दिया गया या 'स्वरभक्ति' के द्वारा उनको विभक्त कर दिया गया। यहाँ पर ऐसे ही संयुक्त व्यंजनों के विकास का संक्षिप्त परिचय दिया जायगा।

संस्कृत के संयुक्त व्यंजनों का पालि में प्रायः समीकृत-रूप मिलता है अथवा संयुक्त व्यंजन के दोनों वर्णों में से पहले किसी एक का परिवर्तन और फिर उनका स्थान-विपर्यय कर दिया गया। संयुक्त व्यंजनों में से किसी एक वर्ण का प्रायः लोप अथवा संयुक्त-व्यजन के बीच में किसी स्वर के प्रयोग से उसे विभक्त कर दिया गया। इस परिवर्तन को स्वरभक्ति (Anaptyxis) कहते हैं। उदा० मर्यादा>मरियादा, वज्र>वजिर, ह्लाद> हिलाद, स्नेह>सिनेह, ह्री>हिरी, क्लेश >किलेश। संयुक्त व्यंजन के दोनों वर्णों का स्थान-परिवर्तन ध्वनि-विपर्यय (Metathesis) कहलाता है। उदा० करेणु>कणेरु, मशक> मकस। संयुक्त व्यंजन के दोनों वर्णों में से यदि कोई ऊष्मवर्ण हो तो उसका ह में परिवर्तन और फिर स्थान-परिवर्तन होता है। उदा० तृष्णा> तण्हा, स्नान>नहान, ग्रीष्म> गिम्ह, स्मित> म्हित, आश्चर्य> अच्छरिय, अच्छेर, प्रश्न> पञ्ह, युष्मे> तुम्हे, अस्माकं> अम्हाकं, विष्णु>वेण्हु। संयुक्त व्यंजन में स के साथ कोई अनुनासिक व्यंजन -न, -म, -य,-व हो तो भी स्थान-परिवर्तन हो जाता है। उदा० चिह्न > चिन्ह, सायह्न>सायन्ह, जिह्म> जिम्ह, आरुह्य>आरुय्ह, जिह्वा > जिव्हा। संयुक्त व्यंजनों के दो भिन्न वर्णों का यदि समरूप हो जाता

है तो उसे समीकरण (Assimilation) कहते हैं। जब संयुक्त व्यंजन का पहला व्यंजन बाद वाले व्यंजन को अपने सदृश कर लेता है तो उसे पुरोगामी समीकरण (Progressive Assimilation) कहते हैं। उदा० उद्विग्न> उव्विग्ग, शुक्ल> सुक्क, चत्वारः > चत्तारो, स्वप्न> सोप्प और जब बाद का वर्ण पहले वर्ण को अपने सदृश कर लेता है तो उसे पश्चगामी समीकरण (Regressive Assimilation) कहते हैं। उदा० वल्क> वक्क, स्पर्श> फस्स, उर्मि> उम्मि, उन्मूल्यति> उम्मूलेति। रेफ के साथ व य, ल, भ वर्णों का पश्चगामी समीकरण होता है। उदा० आर्य> अय्य, निर्याति> निय्याति, निर्यामि>निय्याम, सर्व>सव्व। ऊष्म ध्वनि के साथ य, र, व आदि के होने पर पुरोगामी समीकरण होता है। उदा० मिश्र> मिस्स, अवश्यं> अवस्सं, अश्व> अस्स, श्वेत7 सेत। शब्द में दो समान ध्वनियों के विभिन्न रूप भी हो जाते हैं। इसे विषमीकरण (Dissimilation) कहते हैं। उदा० पिपीलिका>किपिल्लिका, चिकित्सति> तिकिच्छति। संयुक्त व्यंजन के किसी एक वर्ण का प्रायः लोप भी हो जाता है। यह लोप शब्द के आरम्भ और मध्य दोनों में मिलता है। शब्द के आरंभ में किसी व्यंजन के लोप को आदि-वर्ण लोप (Apocope) कहते हैं। उदा० स्थान> ठान, स्थूल> थूल, ज्ञान> ञान, स्खलित> खलित, स्फटिक> फटिक। शब्द के मध्य में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजन का वर्ण-लोप मध्यव्यंजन-लोप (Syncope) कहलाता है। उदा० द्विज> दिज, द्वादश> बारस। कभी संयुक्त व्यंजन के स्थान पर किसी एक नये वर्ण का प्रयोग मिलता है। उदा० द्युति> जुति, क्षुद्रः> खुद्दो, त्यागः > चागो, ध्यानं > झानं, न्यायः> ञायो, व्यतिक्रम> वितिक्कमो, स्कन्धः > खन्धो, स्पन्दः> फन्दो। कभी-कभी संयुक्त व्यंजनों के दोनों वर्णों अथवा एक वर्ण का परिवर्तन हो जाता है। उदा० नृत्य> नच्च, सत्य> सच्च, शून्य> सुञ्ञ, आश्चर्य> अच्छरिय, अर्थ> अट्ठ, अप्सरा> अच्छरा, पुष्प> पुप्फ, पुस्तक> पोत्थक।

मुख्य प्राकृतों के शब्दों में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजन के प्रथम वर्ण -क,-ग,- ड,-त,-प,-श,-स का लोप और वाद वाले शेष वर्ण का द्वित्व-रूप हो जाता है।[१] इसे उपरिलोप-विधि कहा गया है। द्वित्व रूप में प्रत्येक वर्ग के दूसरे और चौथे वर्ण के साथ क्रमशः पहले और तीसरे वर्णों का प्रयोग किया जाता है। यदि संयुक्त व्यंजन का प्रयोग शब्द के आदि में हो और उसका एक वर्ण -र अथवा -ह हो तो द्वित्व-रूप का विकास नहीं होता। उक्त वर्णों के कुछ परिवर्तन ये हैं उदा० भक्त > भत्त, मुग्ध > मुद्धो, खड्ग > खग्गो, उत्पलं > उप्पल, मुग्द > मुग्ग, सुप्त > सुत्तो, गोष्ठी > गोट्ठी।

संयुक्त व्यंजन के अंत का वर्ण यदि -म, -न, -य हो तो उनका लोप हो जाता है और शेष वर्ण का द्वित्व-रूप हो जाता है।[२] इसे अधोलोप-विधि माना गया है। उदाहरण शुष्म > सोस्स, रश्मि > रस्सी, युग्म > जुग्गं, नग्न > णग्गो, सौम्य > सोम्मो, योग्य > जोग्गो।

संयुक्त व्यंजन में प्रयुक्त अंतस्थ वर्णों-र, ल, व अथवा ब वर्णों का भी प्रायः लोप हो जाता है और शेष वर्ण का द्वित्व-रूप हो जाता है।[३] उदा० वल्कल > वक्कल, लुब्धक > लुद्धओ, पक्व > पिक्कं, (पक्क), शक्र > सक्को, स्वयं > सयं, कल्य > कल्लं, काव्यं > कव्वं।

संयुक्त व्यंजन -द्र में -र का वैकल्पिक लोप मिलता है।[४] उदा० द्रोह > द्रोहो, दोहो, चन्द्र > चन्द्रो, चन्दो, रुद्र > रुद्रो, रुद्दो।

---

१. उपरि लोपः क-ग-ड-त-द-प-व-साम्	सूत्र सं०	१	तृ० परि०	प्रा० प्र०
क-ग-ट-ड-त-द-प-श-ष-स-ᳵपामूर्ध्वं लुक्	,,	७७	द्वि० पा०	प्रा० व्या०
२. अधो म-न-याम्	,,	२	तृ० परि०	प्रा० प्र०
अधो म-न-याम्	,,	७८	द्वि० पा०	प्रा० व्या०
३ सर्वत्र ल-व-राम्	,,	३	तृ० परि०	प्रा० प्र०
सर्वत्र-ल-वरामवन्द्रे	,,	७९	द्वि० पा०	प्रा० व्या०
४. द्रे रो वा	,,	४	तृ० परि०	प्रा० प्र०
द्रे रो न वा	,,	८०	द्वि० पा०	प्रा० व्या०

'सर्वज्ञ' शब्द में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजन -ज्ञ का लोप हो जाता है[1] और उसके स्थान पर -ज्ज, -ञ,-ञ का प्रयोग मिलता है। उदा॰ सर्वज्ञ> सव्वज्जो, इङ्गितज्ञ> इगिअज्जो, विज्ञ> विञ्ञो (शौर॰) मागधी और पैशाची में–ज्ञ>-ञ्ञ हो जाता है।

शब्दों में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजनों के स्थान पर अन्य समीकृत व्यंजनों के प्रयोग भी मिलते हैं। उदाहरण -ष्ट>-ट्ठ।[2]-उदा॰ यष्टि> लट्ठी, दृष्टि> दिट्ठी। स्थ>-ट्ठ[3], उदा॰ अस्थि> अट्ठी। स्त> -त्थ[4]- उदा॰ हस्त> हत्थो, समस्त> समत्थो, वस्तु> वत्थु। कुछ शब्दों में -स्त> -त्थ का प्रयोग नहीं भी मिलता।[5] उदा॰ स्तम्ब> तम्ब।[5] स्त> ख[6], उदा॰ स्तम्भ> खम्भो।-स्थ>-ख[7], उदा॰ स्थाणु>खाणु। स्फ> ख[8], उदा॰ स्फोटक> खोडओ। इसी प्रकार -र्य,-य्य,-न्य के स्थान पर -ज का प्रयोग मिलता है।[9] उदा॰ कार्य> कज्जं, शय्या>

---

१. सर्वज्ञ तुल्येषु ञः	सूत्र सं॰	५	तृ॰ परि॰	प्रा॰ प्र॰
ज्ञो ञः	,,	८३	द्वि॰ पा॰	प्रा॰ व्या॰
२. ष्टस्य ठः	,,	१०	तृ॰ परि॰	प्रा॰ प्र॰
ष्टस्यानुष्ट्रेष्टासंदष्टे	,,	३४	द्वि॰ पा॰	प्रा॰ व्या॰
३. अस्थिनि	,,	११	तृ॰ परि॰	प्रा॰ प्र॰
ठोऽस्थि विसंस्थुले	,,	३२,	द्वि॰ पा॰	प्रा॰ व्या॰
४. स्तस्य थः	,,	१२	तृ॰ परि॰	प्रा॰ प्र॰
५. न स्तम्बे	,,	१३	,,	,,
स्तस्य थोसमस्त-स्तम्बे	,,	४५	द्वि॰ पाद	प्रा॰ व्य॰
६. स्तम्भे खः	,,	१४	तृ॰ परि॰	प्रा॰ प्र॰
स्तम्भे स्तो वा	,,	८	द्वि॰ पा॰	प्रा॰ व्या॰
७. स्थाणावहरे	,,	१५	तृ॰ परि॰	प्रा॰ प्र॰
स्थाणावहरे	,,	७	द्वि॰ पा॰	प्रा॰ व्या॰
८. स्फोटके	,,	१६	तृ॰ परि॰	प्रा॰ प्र॰
ष्वेटकादौ	,,	६	द्वि॰ पा॰	प्रा॰ व्या॰
९. र्य शय्याभिमन्युषु जः	,,	१७	तृ॰ परि॰	प्रा॰ प्र॰

सेज्जा, अभिमन्यु> अहिमज्जू। मागधी प्राकृत में -र्य> -य्य, -न्य> -ञ्ञ का विकास मिलता है। पैशाची में भी -न्य > -ञ्ञ का प्रयोग मिलता है। उदा० कार्य > कय्य, कन्या > कञ्ञा।

संस्कृत के तूर्य, धैर्य, सौन्दर्य, आश्चर्य, पर्यन्त में -र्य के स्थान पर र का परिवर्तन मिलता है।[1] उदा० तूर्य> तूरं, धर्य>धीरं, सौन्दर्य > सुन्देरं, आश्चर्य > अच्छेरं, पर्यन्त > पेरन्तं। शौरसेनी में आश्चर्य का अच्छरियं रूप मिलता है।

संस्कृत शब्द सूर्य में -र्य के स्थान पर -र का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[2] उदा०-सूर्य > सूरो, सुज्जो। इसी प्रकार चौर्य आदि शब्दों में -र्य के लिये -रिअं का प्रयोग मिलता है।[3] उदा० -चौर्य> चोरिअं, वीर्य > वीर्यअं, शौर्य > सोरिअं, आश्चर्य> अच्छरिअं। यह परिवर्तन पैशाची प्राकृत की एक सामान्य विशेषता है। उदा० आर्य> अरिय। इसी प्रकार कुछ शब्दों में -र्य का विकास -ल वर्ण के रूप में हुआ है।[4] उदा० पर्यस्त > पल्लत्थं, पर्याण > पल्लाण, सौकुमार्य> सोअमल्लं। इसी प्रकार -त> -ट[5], उदा० कैवर्तक> केव-

---

द्य-य्य र्यां जः	सूत्र सं०	२४	द्वि० पा०	प्रा० व्या०
अभिमन्यौ ज ञ्जौ वा	,,	२५	,,	,,
१. तूर्य-धैर्य सौन्दर्याश्चर्य पर्यन्तेषु रः	,,	१८	तृ० परि०	प्रा० प्र०
ब्रह्मचर्य तूर्य सौन्दर्य-शौण्डीर्येयों रः	,,	६३	द्वि० पा०	प्रा० व्या०
धैर्ये वा	,,	६४	,,	,,
२, सूर्ये वा	,,	१९	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
धैर्ये वा	,,	४६	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०
३. चौर्य समेषु रिअं	,,	२०	तृ० परि०	प्रा० प्र०
आश्चर्ये	,,	६६	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
४. पर्यस्त पर्याण सौकुमार्येषु लः	,,	२१	तृ० परि०	प्रा० प्र०
पर्यस्त पर्याण सौकुमार्येल्लः	,,	६८	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
५. र्तस्य टः	,,	२२	तृ० परि०	प्रा० प्र०

इग्रो, नर्तकी>नट्टई। धूर्त में -र्त का ट नहीं होता।[1] -त्त> ट[2] उदा० पत्तन> पट्टणं। शब्दों में- र्त के स्थान पर -ट का विकास सर्वत्र नहीं मिलता है। इसके अनेक अपवाद मिलते हैं—उदा० धूर्त> धुत्तो, कीर्ति> कित्ती, वर्तमान> वत्तमाण, वार्ता>वत्ता, वर्तिका>वत्तिश्रा, आर्त > अत्तो, कर्तरी > कत्तरी, मूर्ति > मुत्ती। इस प्रकार र्त का या तो समीकृत रूप -त का द्वित्व हो जाता है या -र का लोप हो कर केवल -त बच रहता है। -र्त >-ड,[4] उदा० गर्त > गड्डो, -र्द >ड, उदा० गर्दभ>गड्डहो, संमर्द> संमड्डो, वितर्दि> विश्रड्डी, विछर्दि> विछड्डी। कुछ शब्दों में -त्य, -थ्य, -द्य के स्थान पर क्रमशः च, छ और ज वर्णों के प्रयोग मिलते हैं।[5] उदा० सत्य >. सच्च, नित्य> णिच्च, मिथ्या > मिच्छा, विद्या> विज्जा, वैद्य> वेज्जं। संस्कृत शब्दों में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजन -ध्य, ह्य के स्थान पर प्राकृतों में -ज्झ का विकास मिलता है।[6] उदा०मध्य > मज्झ, अध्याय> अज्झाश्रो, गुह्यक > गुज्झश्रो, सह्य > सज्झं। 'सह्य'

---

१. नधूर्तादिपु	सूत्र सं	२४	तृ० परि०	प्रा० प्र०
तस्या धूर्तादौ	,,	३०	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
२. पत्तने	,,	२३	,,	,,
३. गर्त्तेड	,,	२५	,, ,,	,,
गर्त्तेडः	,,	३५	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
४. गर्दभ समर्द वितर्दि विछर्दिपुर्दस्य	,,	२६	,,	,,
संमर्द वितर्दि विच्छर्द च्छर्दिकपर्द-मर्दिते र्दस्य	,,	३६	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
गर्दभेवा	,,	३७	,,	,,
५. त्य-थ्य-द्यां च-छ-जाः	,,	२७	तृ० परि०	प्रा० प्र०
त्यो चैत्ये	,,	१३	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
६. ह्य ह्योर्भः	,,	२८	तृ० परि०	प्रा० प्र०
साध्वस ध्य ह्यां झः	,,	२६	द्वि० पाद	प्रा० व्या०

का ध्वनि-विपर्यय के अनुसार 'सच्ह' रूप भी अशोकी-प्राकृत में मिलता है। इसी प्रकार संयुक्त व्यंजन-ष्क, -स्क-क्ष के स्थान पर -ख का विकास हुआ है।[1] उदा०-पुष्कर> पोक्खरो। स्कन्द> खन्दो, स्कन्ध> खन्दो, क्षत> खदो, भास्कर> भाक्खरो। संयुक्त व्यंजन -क्ष के स्थान पर -छ का प्रयोग भी मिलता है।[2] उदा०-अक्षि> अच्छी, लक्ष्मी> लच्छी, क्षीर,> छीरं, क्षुब्धो> छुद्धो, क्षार> छारं, मक्षिका> मच्छिआ, क्षुर> छुरं। कुछ शब्दों में -क्ष संयुक्त व्यंजन के स्थान पर -छ का वैकल्पिक रूप में विकास मिलता है।[3] उदा० क्षमा> छमा, खमा, वृक्ष> वच्छो, रुक्खो, क्षण> छणं, खणं। यहाँ पर उपर्युक्त शब्दों में-क्ष> छ के अतिरिक्त-ख का प्रयोग भी मिलता है। इसी प्रकार संयुक्त व्यंजन -ष्म के स्थान पर-म्ह संयुक्त व्यंजन का विकास मिलता है।[4] उदा० ग्रीष्म> गिम्हो, उष्मन्> उम्हा, विस्मय> विम्हओ, अस्माकं> अम्हाकं। उक्त परिवर्तन स, ष> ह और फिर उसका ध्वनि-विपर्यय हो जाने के कारण ही हुआ होगा। कुछ शब्दों में संयुक्तव्यंजन-ह्न,-स्न,-ष्ण,-क्ष्ण,-क्न के स्थान पर -ण्ह का विकास मिलता है।[5] उदा० वह्नि> वण्ही, जह्नु> जण्हु,

---

१. ष्क-स्क-क्षां खः	,,	२६	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
क्षः ख- क्वचित्तु छ-झौ	,,	३	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०
ष्क-स्कयोर्नाम्नि	,,	४	,,	,,
२. अक्ष्यादिषु छः	,,	३०	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
छोऽक्ष्यादौ	,,	१७	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०
३. क्षमावृक्ष क्षणेषु वा	,,	३१	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
क्षमायां कौ	,,	१८	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०
ऋक्षे वा	,,	१९	,,	,,
४. ष्म पक्ष्म विस्मयेषु म्हः	,,	३२	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
पक्ष्म श्म-ष्म-स्म ह्मां म्हः	,,	७४	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०
५. ह्न स्न-ष्ण, क्ष्ण, क्नां ण्हः	,,	३२	तृतीय परि०	प्रा० प्र०

तीक्ष्ण> तेण्हं, प्रश्न> पण्ह, स्नपन> ण्हवणं। इसी प्रकार -ह्न> न्ध[1], उदा० चिह्न> चिन्ध, -ष्प>-फ[2], उदा० पुष्प> पुप्फं, शष्प> सप्फ, निष्पात> निप्फाओ।

शब्द के आदि, मध्य अथवा अंत में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजन में -स्प का विकास-फ वर्ण में हुआ है।[3] उदा० स्पर्श> फंसो, स्पन्दन,> फन्दनं, स्पष्ट> फट्ठो, वृहस्पति> भअप्फई। इसी प्रकार -स्प के स्थान पर -सि का विकास भी मिलता है[4], उदा० प्रतिस्पर्द्धिन्> पाडिसिद्धी, -ष्प>-ह,[5] उदा० वाष्प> वाहो (अश्रु)-र्ष> ह,[6] उदा० कार्षापण> काहावणो। शब्दों में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजन -श्च,-त्स,-प्स के स्थान पर -छ का विकास मिलता है।[7] उदा० पश्चिम> पच्छिम, आश्चर्य> अच्छेरं, वत्स> वच्छो, लिप्स> लिच्छा, जुगुप्सा> जुगुच्छा, पश्चात्> पच्छा अप्सरा> अच्छरा। श्च> ञ्छ[8], उदा० वृश्चिक> विञ्छुओ। कुछ शब्दों में- त्स के स्थान पर-छ का प्रयोग नहीं

सूक्ष्म-श्न-ष्ण-स्न-ह्न-ह्ण-क्ष्णां ण्हः सूत्र सं० ७५ द्वि० परि० प्रा० प्र०

१. चिह्ने न्धः	,,	३४	तृ० परि०	,, प्र०
२. ष्पस्य फः	,,	३५	तृ० परि०	,, प्र०
ष्प स्पयोः फः	,,	५३	द्वि० पाद	,, व्या०
३. स्पस्य सर्वत्र स्थितस्य	,,	३६	तृ० परि	प्रा० प्र०
ष्प-स्पयोः फः	,,	५३	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
४. सि च	,,	३७	तृ० प०	प्रा० प्र०
५. वाष्पेऽश्रुणि हः	,,	३८	तृ० परि०	प्रा० प्र०
वाष्पे हो श्रुणि	,,	७०	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
६. कार्षापणे	,,	३९	तृ० परि०	प्रा० प्र०
,,	,,	७१	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
७. श्च-त्स-प्सां छः	,,	४०	तृ० परि०	प्रा० प्र०
८. वृश्चिके ञ्छः	,,	४१	,,	,,
वृश्चिके श्चेञ्चु वा	,,	१६	द्वि० पाद	प्रा० व्या०

मिलता है ।[1] उदा० उत्सुक>उस्सुओ, उत्सव> उस्सओ । -न्म>-म[2] उदा० जन्मन् > जम्मो, मन्मथ> वम्महो । कुछ शब्दों में- म्न,-ज्ञ,-ञ्ज के स्थान पर -ण का विकास मिलता है ।[3] उदा०, प्रद्युम्न> पज्जुण्णो, यज्ञ>जण्णो, विज्ञान>विण्णाणं, पञ्चाशत् >पण्णासा, ज्ञान>णाणं, निम्न> णिण्णं, -न्त>-ण्ट,[4] उदा० तालवृन्त> तालवेण्टं, -न्द> -ण्ड[5] उदा० भिन्दिपाल>भिण्डिवालो, -ह्व>भ,-ह[6] , उदा० विह्वल >वेब्भलो, वहिलो, -त्म> प, त[7], उदा० आत्मन् >अप्पा, अत्ता । संयुक्त व्यंजन क्म-के स्थान पर -प का प्रयोग मिलता है ।[8] उदा० रुक्मिणी>रुप्पिणी । शब्दों में संयुक्त व्यंजन के एक वर्ण के लोप होने पर शेष वर्ण का द्वित्व रूप हो जाता है परन्तु यदि यह शेष वर्ण -ह अथवा -र हो अथवा वह शेष वर्ण शब्द के आरंभ में हो तो उसका द्वित्व नहीं होता ।[9] उदा० भुक्त> भुत्तं, अग्नि> अग्गी,

१.	नोत्सुकोत्सवयोः	सू० सं० ४२	तृ० परि०	प्रा० प्र०
२.	न्मो मः	,, ४३	तृ० परि०	प्रा० प्र०
	,,	,, ६१	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
३.	म्न-ज्ञ-पञ्चाशत्-पञ्चदशेषु णः	,, ४४	तृ० परि०	प्रा० प्र०
	म्नज्ञोर्णः, पञ्चशतपञ्चदश दत्ते	,, ४२, ४३	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
४.	ताल वृन्ते ण्टः	,, ४५	तृ० परि०	प्रा० प्र०
	,, ,,	,, ३१	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
५	भिन्दिपाले ण्डः	,, ४६	तृ० परि०	प्रा० प्र०
	कन्दरिका भिदिपाले ण्डः	,, ३८	द्वि० पा०	प्रा० व्या०
६.	विह्वले भहौ वा	,, ४७	तृ० परि०	प्रा० प्र०
	ह्वो भों वा	,, ५७	द्वि० पा०	प्रा० व्या०
	वा विह्वले वौ वश्च	,, ५८	,,	,,
७,	आत्मनि पः	,, ४८	तृ० परि०	प्रा० व्या०
८.	क्मस्य	,, ४९	परि० ३	प्रा० प्र०
	ड्म क्मोः	,, ५२	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
९.	शेषादेशयोर्दित्वमनादौ	,, ५०	परि० ३	प्रा० प्र०
	अनादौशेषादेशयोर्द्वित्वम्	,, ८९	द्वि० पाद	प्रा० व्या०

मार्ग> मग्गो, दृष्टि> दिट्ठी, स्तवक> थवओ, स्तम्भ> खम्भो। संयुक्त व्यंजन का शेष वर्ण यदि वर्ग का दूसरा अथवा चौथा महाप्राण व्यंजन हो, तो उसी वर्ग के अल्पप्राण वर्ण के साथ उसका द्वित्त्व-रूप हो जाता है।[1] उदा० व्याख्यान> वक्खाणं, अर्घ> अग्घो, मूर्छा> मुच्छा, निर्झर> निज्झरो, लुब्ध> लुद्धो, निर्भर> निब्भरो, दृष्टि> दिट्ठी। कुछ शब्दों में प्रयुक्त मध्य व्यंजन का भी द्वित्व-रूप हो जाता है।[2] इसे स्वत: द्विरुक्ति (Spontaneous-Reduplication) का उदाहरण कहा जा सकता है। उदा० नीड> णेड्डं, नील> णेल्लं, स्रोत्तं> सोत्तं, प्रेमन् > पॅम्म्, ऋजुक> उज्जुओ, जनक> जण्णओ, यौवन> जोव्वणं, जानु> जाण्णु। संयुक्त व्यंजन -म्र के स्थान पर-म्व का प्रयोग मिलता है।[3] उदा० आम्र> अम्व, ताम्र> तम्व। शब्द में प्रयुक्त व्यंजन -र, -ह का द्वित्व नहीं होता।[4] उदा० धैर्य> धीरं, तूर्य> तूरं, जिह्वा> जीहा। शब्द में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजन -ज्ञ के पूर्व यदि -आ अव्यय का प्रयोग हो तो उसका विकास -ण रूप में होता है।[5] उदा० आज्ञा> आणा, आज्ञप्ति> आणत्ती। यदि कोई अन्य अव्यय पूर्व में हो तो उक्त परिवर्तन नहीं मिलता। उदा० संज्ञा> सण्णा, प्रज्ञा> पण्णा।

---

१. वर्गेषु युजः पूर्वः	सूत्र सं०	५१	परि० ३	प्रा० प्र०
द्वितीय तुर्ययोरुपरि पूर्वः	,,	९०	पाद २	प्रा० व्या०
उक्त सूत्र में युज् का आशय वर्णमाला के दूसरे और चौथे वर्ण से होता है।				
२. नीडादिषु	सूत्र सं०	५२	परि० ३	प्रा० प्र०
३. आम्र ताम्र योर्म्वः	,,	५३	,,	,,
ताम्राम्रे म्बः	,,	५६	,,	प्रा० व्या०
४. न र होः	,,	५४	,,	,,
,, ,, ,,	,,	९३	पाद २	प्रा० व्या०
५. आङो ज्ञस्य	,,	५५	परि० ३	प्रा० प्र०
ज्ञो ञः	,,	८३	पाद २	प्रा० व्या०

प्राकृत शब्दों में अनुस्वार के बाद प्रयुक्त वर्ण का द्वित्व नहीं होता है।[१] उदा० संक्रात > संकन्तो, सन्ध्या > संझा। समास पदों में वर्ण-लोप हो अथवा किसी अन्य वर्ण का परिवर्तन हो तो द्वित्व का विकास वैकल्पिक रूप में होता है।[२] उदा० नदीग्राम > णइग्गम, णईगामो, कुसुमप्रकर > कुसुप्पअरो कुसुमपअरो, देवस्तुति > देवत्थुइ, देवथुई। इसी प्रकार शब्द में प्रयुक्त मध्य-व्यंजन का विकल्प से द्वित्व-रूप होता है।[३] उदा० सेवा > सेव्वा, सेवा, एक > एक्क, एअं, नख > णक्ख, णहो, दैव > देव्व, दइव, त्रैलोक्यं > तेलोग्र, निहित > णिहित्त, निहिओणि।

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि संयुक्त व्यंजन के किसी एक वर्ण अथवा दोनों वर्णों के लोप और उनके स्थान पर शेष वर्ण का द्वित्व अथवा कोई नये संयुक्त व्यंजन का आदेश हो जाता है अथवा संयुक्त व्यंजन का ध्वनि-विपर्यय हो जाता है। उक्त परिवर्तनों के अतिरिक्त संयुक्त व्यंजन का विभाजन भी कर दिया गया है। इसे स्वरभक्ति के नाम से कहा जाता है क्योंकि किसी स्वर को ही बीच में डाल कर संयुक्त व्यंजन के दोनों वर्णों को विभक्त किया जाता है।[४] संयुक्त व्यंजन का पहला वर्ण जिसमें स्वर का अभाव होता है, वह बाद वाले वर्ण के स्वर को अपना लेता है।[५] उदा० क्लिष्ट > किलिट्ठं,

---

१. न विन्दुपरे	सूत्र संख्या	५६	तृतीय परिच्छेद	प्रा० प्र०
२. समासे वा	,,	५७	,,	,,
,, ,,	,,	६७	द्वि० पाद	प्रा० व्या०
३. सेवादिषु च	,,	५८	तृ० परि०	प्रा० प्र०
सेवादौ वा	,,	९९	द्वितीय पा०	प्रा० प्र०
४. विप्रकर्षः	,,	५९	तृ० परि०	प्रा० प्र०
५. क्लिष्ट-श्लिष्ट-रत्न-क्रिया-शार्ङ्गेषु तत्स्वरवत् पूर्वस्य	,,	६०	,,	,,
शार्ङ्गे ङात्पूर्वोत्, लात्	,,	१००, १०६	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०

शिलष्ट > सिलिह, रत्न > रदणं, क्रिया > किरिग्रा, शाङ्ग > सारङ्गो। कृष्ण शब्द में-ष्ण संयुक्त व्यंजन का विकास वैकल्पिक रूप में मिलता है।[१] उदा० कृष्ण>कण्हो,कसनो। कुछ शब्दों में संयुक्त व्यंजन के विभाजन में -इ स्वर का प्रयोग मिलता है।[२] उदा० श्री > सिरी, ह्री> हिरी, क्रीत> किरीतो, क्लान्त> किलन्तो, क्लेश> किलेसो, म्लान > मिलाण, स्वप्न> सिविणो, स्पर्श>फरिसो, हर्ष> हरिसो, अर्ह> अरिहो, गर्ह> गरिहो। कुछ शब्दों में संयुक्त व्यंजन का विभाजन -अ स्वर के द्वारा मिलता है।[३] उदा० क्षमा > खमा, श्लाघ्य > सलाहा। स्नेह शब्द में संयुक्त व्यंजन का विभाजन वैकल्पिक रूप में मिलता है।[४] उदा० स्नेह>सनेहो, णेहो। कुछ शब्दों में व्यंजन का विभाजन-उ स्वर के द्वारा होता है।[५] उदा० पद्म> पउम, तन्वी> तनुई, लघ्वी > लहुई, गुर्वी > गुरुइ। सयुक्त व्यंजन के विभाजन में -ई स्वर का भी प्रयोग होता है।[६] -ज्या > जीआ।

सन्धि -रूप में प्रयुक्त स्वरों के परिवर्तन और लोप के भी

---

१. कृष्णे वा	सूत्र सं० ६१	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
कृष्णे वर्णेवा	,, ११०	द्वितीय पाद	प्रा व्या०
२. इः श्री ह्री क्रीत क्लान्त-क्लेश म्लान स्वप्न स्पर्श हर्षार्ह-गर्हेषु	,, ६२	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
ह-श्रीह्री-कृत्स्न क्रिया दिष्टयास्वित्	,, १०४	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०
३. अः क्षमा-श्लाघयोः	,, ६३	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
क्षमा श्लाघा रत्नेन्त्यव्यंजनात्	,, १०१	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०
४. स्नेहे वा	,, ६४	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
स्नेहाग्न्योर्वा	,, १ २	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०
५. उः पद्मतन्वी समेषु	,, ६५	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
पद्म छद्म मूर्ख द्वारे वा	,, ११२	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०
तन्वीतुल्येषु	,, ११३	,,	,,
६. ज्यायामीत्	,, ६६	तृतीय परि०	प्रा० प्र०
,, ,,	,, ११५	द्वितीय पाद	प्रा० व्या०

अनेक उदाहरण मिलते हैं।[१] सन्धि अथवा समास-रूप में प्रयुक्त स्वरों के कुछ परिवर्तन ये हैं । उदा० यमुनातट > जउणग्रंड, जउणाश्रडं, नदीजल > णइजलं, णईजला, सरोरुह > सरोरुहं, सररुहा, नमस्कार > णमक्कारो, णमेक्कारो, महेन्द्र > महिन्दो, सोऽयं > सोश्रं, सोअग्रं, शिरोरोगं > सिरोरोश्रो, सिररोश्रो। स्वर-लोप के उदाहरण भी पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं। उदा० राजकुल > राउलं, राश्रउलं, तवार्द्ध > तुहद्धं तुहश्रद्धं, ममार्द्ध > महद्धं, महश्रद्धं, पादपतन > पावउणं, पाश्रवउणं, पादपीठ > पापीठं, पाश्रपीठं, चंद्रकला > चंदला, चंदश्रला । सहकार > सहारो, सहश्रारो । अतएव सन्धि अथवा समास रूपों में दीर्घ स्वर के स्थान पर ह्रस्वस्वर -श्रा > -अ, श्रो > -उ,-ए > -इ श्रादि अथवा प्रयुक्त स्वरों में पूर्व स्वर का लोप हो जाता है।

इसी प्रकार शब्दों के मध्य में प्रयुक्त व्यंजनों और अक्षरों में से किसी एक व्यंजन अथवा अक्षर का लोप हो जाता है । उदा०उदुम्बरं > उम्बरं में-दु अक्षर का लोप हो गया है ।[२]कालायस शब्द में -य का वैकल्प से लोप मिलता है ।[३] उदा०कालायस > कालासं, कालाश्रसं, भाजन शब्द में -ज का वैकल्पिक लोप मिलता है।[४]उदा०भाजन > भाणं, भाश्रणं, यावत् श्रादि शब्दों में-व का भी वैकल्पिक लोप होता है।[५] उदा०यावत् > जा, जाव, तावत् > ता, ताव, पारावत > पाराश्रो, पारावो, जीवित > जीश्रं, जीविश्रं, एवं > एश्र, एव्व । प्राकृत में शब्दों के अन्त्य व्यंजन का लोप बराबर मिलता है।[६] उदा० यशस् > जशो, नभस् > णहं, सरस् > सरो, कर्मन् > कम्मो, यावत् > जाव, पश्चात् > पच्छा, मरुत् > मरू,

---

१. सन्धावचामज्लोप विशेषा बहुलम् सूत्र सं० १ चतुर्थ परिच्छेद प्रा० प्र०
२. उदुम्बरे दोर्लोपः „ २ „ „
३. कालायासे यस्य वा „ ३ „ „
४. भाजने जस्य „ ४ „ „
५. यावदादिषु वस्य „ ५ „ „
६. अन्त्यस्य हलः „ ६ „ „

-का आगम हुआ है।[१] उदा० विद्युत् > विज्जू, विज्जुली, पीत > पीअलं, पीअं। क्रमदीश्वर के अनुसार पीत शब्द के अंत में -व अक्षर का भी आगम होता है।[२] उदा० पीत > पीअवं। 'वृन्द' शब्द में -व के अनतर -र का आगम वैकल्पिक है।[३] उदा० वृन्द > व्रन्दं, वन्दं करेणु शब्द में स्थिति-परिवृत्ति (वर्णविपर्यय) मिलता है।[४] उदा० करेणु > कणेरु, आलान शब्द में -ल और -न वर्णों का व्यत्यय हो जाता है।[५] उदा० आलान > आणालं। इसी प्रकार -र और -व वर्णों का व्यत्यय कुछ शब्दों से मिलता है। उदा० धर्म > ध्रम, पूर्व > प्रुव, पार्षद > प्रपंड। वृहस्पति शब्द में -व और -ह के स्थान पर -भ और -अ का परिवर्तन मिलता है।[६] उदा० वृहस्पति > भअप्पुई। यहाँ -ह के महाप्राणत्व का प्रभाव पूर्व व्यंजन -व पर जान पड़ता है। मलिन शब्द में- लि और -न के स्थान पर क्रमशः -इ और -ल वैकल्पिक परिवर्तन लिखता है।[७]-मलिन > मइलं, मलिणं। गृह शब्द का विकास 'घर' के रूप में मिलता है परन्तु पति शब्द वाद में होने पर ऐसा नहीं होता।[८] उदा० गृह > घर परन्तु गृहपति > गहपई, गहवई।

अपभ्रंश

साहित्यिक प्राकृत भाषाओं की अपेक्षा अपभ्रंश भाषाओं में ध्वनि-

---

१. विद्युत् पीताभ्यां लः	सूत्र सं० ६	च० परि०	प्रा० प्र०
२. पीताद्वश्च	,, २६ (क)	,,	,,
३ वृन्दे वो रः	,, २७	,,	,,
४. करेण्वां रणोः स्थिति परिवृत्तिः	,, २८	,,	,,
५. आलाने लणोः	,, २९	,,	,,
६. वृहस्पतौ वहोर्भश्री	,, ३०	,,	,,
७. मलिने लिनोरिलौ वा	,, ३१	,,	,,
८. गृहे घरोऽपतौ	,, ३२	,,	,,

परिवर्तन और पद-विकास अपेक्षाकृत अधिक विकसित रूप में मिलते हैं। हेमचंद्र ने प्राकृत-व्याकरण के चौथे पाद में अपभ्रंश की विशेषताओं का वर्णन सूत्र सं० ३२९ से ४४६ में किया है। हेमचंद्र द्वारा वर्णित अपभ्रंश का यह रूप व्यापक और सर्वप्रचलित माना गया है जिसे नागर अथवा पश्चिमी अपभ्रंश के नाम से कहा जा सकता है। इसी को शौरसेनी अपभ्रंश भी कहा गया है। परन्तु शौरसेनी अपभ्रंश शौरसेनी प्राकृत के अतिरिक्त कुछ और व्यापक क्षेत्र की भाषा मानी गई है। मार्कण्डेय ने प्राकृतसर्वस्व में अपभ्रंश के २७ भेदों का उल्लेख किया है।[1] परन्तु वे संभवतः उसके लोकप्रचलित रूप थे और कुछ शैली-भेद के साथ व्यापक हो गये थे। साहित्यिक दृष्टि से वय्याकरणों के द्वारा उनके तीन भेद नागर, उपनागर और व्राचड़ किये गये हैं।[2] इनमें नागर रूप ही सर्वप्रतीष्ठित रूप था। अपभ्रंश के तीन भेद पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी नाम से भी किये गये हैं परन्तु पश्चिमी और पूर्वी भेद तो विशेषताओं की दृष्टि से मान्य हैं, दक्षिणी भेद को पश्चिमी का एक शैली रूप माना जाता है। यहाँ पर अपभ्रंश की ध्वनि संबंधी विशेषताओं को हेमचन्द्र के प्राकृत-व्याकरण के आधार पर मुख्यतया दिया गया है। ये परिवर्तन सूत्र सं० ३२९ तथा ३९६-३९९, ४१०-४१२ में मिलते हैं।

अपभ्रंश शब्दों में एक स्वर के लिये विविध स्वरों का प्रयोग मिलता है।[3] अपभ्रंश में शौरसेनी आदि प्राकृतों के सदृश ही कुछ

---

१. व्राचडो लाट वैदर्भावुपनागर नागरौ वावरोवन्त्य पाञ्चाल टाक्क मालव कैकयः। गौडौढ् वैवपश्चात्य पाण्ड्य कौन्तल सैंहलाः। कलिङ्ग प्राच्य कार्णाटिकाञ्च्व द्राविड़गौर्जराः। आभीरो मध्यदेशीयः सूक्ष्म भेदव्यवस्थिताः, सप्तविंशत्यपभ्रंशाः वैतालादि प्रभेदताः। प्राकृत सर्वस्व, २

२. नागरो व्राचडश्चोपनागरश्चेति ते त्र्यः,
अपभ्रंशाः परेसूक्ष्मभेदत्वान्न पृथङ् मतः॥ ,,

३. स्वराणां स्वराः प्रायोपभ्रंशे सूत्र सं० ३२९ च० पाद प्रा० व्या०

भिन्नता के साथ स्वरों का प्रयोग होता है। उदा० कश्चित्> कच्चु, काच्च, वेणी> वेण, वीण, बाहु> वाह, वाही, पृष्ठ> पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि, तृण> तनु, तिणु, सुकृतम्> सुकिदु, सुकिउ, सुकृदु। ऋ> ए, अर, रि, उदा० गृह, गेहु, कृ> अ, इ उ,—कृत> कर, ऋषि> रिसि, लेखा> लिह, लीह, लेह, औ> ओ, अउ, उ, उदा० गौरी> गउरी, गोरी, गौरव> गउरव, रौद्र> रउद, सौख्य> सुक्ख। अपभ्रंश में ए, ओ का ह्रस्व उच्चारण भी होता है[1] और प्रत्येक छंद के अंतिम पद में प्रयुक्त अन्त्य उं, हं, हिं, हुँ का भी ह्रस्व उच्चारण होता है।[2] उदा० सुधि चिन्तिज्जइ माणु (३६६-२), तसु हउँ कलिजुगि दुल्लहहो (३३८-१), अन्नु जु तुच्छउँ तहें धणहे (३५०-१), दइउ घडावइ वणि तरुहुँ (३४०-१), खग्ग विसाहिउ जहिं लहहूँ (३८६-१), तणहँ तइज्जी भङ्गि नवि (८३०-१)। संयुक्त व्यंजन के पूर्व दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है। उदा० आख्यान> अक्खाण, आग्नेय> अग्गेय, आर्या> अज्जा आदि। स्त्रीलिंग आकारांत का ह्रस्व रूप हो जाता है। उदा० कमला> कमल, बाला> बाल आदि।

शब्द के प्रारंभ में स्वरलोप के भी उदाहरण मिलते हैं। उदा० अरण्य> रण्ण, अरविन्द> रविन्द, अहकम्> हउं, उपविष्ट> वइट्ठ आदि। शब्दों में अक्षरलोप भी हो जाता है। उदा० एवमेव> एमेव, भविष्यदत्त> भविसयत्त।[?] मध्यवर्ती व्यंजन का लोप और अवशिष्ट स्वर -अ के स्थान पर -य अथवा -व की अपश्रुति (Ablaut) मिलती है। उदा० अनेक> अणेय, अन्धकार> अंधयार, लोक> लोय, अनुराग> अणुराय, कंचुकम> कंचुय, उदय> उवय, चिस्तयति> चिंतवइ आदि। शब्द में स्वर के बाद प्रयुक्त मध्यवर्ती असंयुक्त व्यंजन क, ख, त, थ, प, फ, के स्थान पर प्रायः

---

१. कादि स्थैदोतोरुच्चार-लाघवम् सूत्र सं० ४१० च० पाद प्रा० व्या०
२. पदान्ते उं -हुं हिं-हंकाराणाम् „ ४११ „ „

ग, घ, द, ध, व, भ व्यंजन मिलते हैं।[1] उदा० विच्छोह गरु < विक्षोभकरं, कडभवं < कटाक्ष, सुघ < सुख, सुवधु < शपथं, कधिदु < कथितं, सभलउं < सफलं। मध्यवर्ती असंयुक्त व्यंजन -म > -वँ का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[2] उदा० कमल > कवँलु, भ्रमर > भवँरु, ग्राम > गाँव, यावत्- जिम > जिवँ, जेवँ, तावत्-तिम > तिवँ, तेवँ।

शब्दों में प्रयुक्त संयुक्त व्यंजन में दूसरा वर्ण यदि रेफ हो तो उसका विकल्प से लोप मिलता है।[3] उदा० प्रियेण > पियेण (३७६-२), सर्वाङ्गेण > सव्वङ्गे (३६६-४)। शब्द में संयुक्त व्यंजन के किसी एक वर्ण के लिये रेफ का प्रयोग भी मिलता है।[4] उदा० व्यास > व्रासु (३६६-१)।

पुरुषोत्तमदेव ने प्राकृतानुशासन में नागर अपभ्रंश के अंतर्गत कुछ और ध्वनि-परिवर्तन दिये हैं जो हेमचन्द्र द्वारा वर्णित अपभ्रंश के सामान्यरूप के अंतर्गत माने जा सकते हैं। गृध्र आदि शब्दों में ऋ > -इ हो जाता है।[5] औ > अउ उदा० पौरुष > पउरुस मिलता है।[6] छंद के बंधान में दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है।[7] स्वरमध्यवर्ती व्यंजन क, ग, च, ज, त, द, प, ब, य और व के स्थान पर स्वर-रूप मिलते हैं।[8] ख, घ, थ, भ का विकास -ह में मिलता है।[9]

---

१. अनादौ स्वरादसंयुक्तानाँ क-ख-त-थ-प-फां ग, घ द-ध-ब-भाः	सूत्र सं०	३९६	च० पाद	प्रा० व्या
२. मोनुनासिको वो वा	,,	३९७	,,	,,
३. वाधो रो लुक्	,,	३९८	,,	,,
४. अभूतोपि क्वचित्	,,	३९९	,,	,,
५. गृध्रादेः ऋतः इत्वम्	,,	१०	परि० १७	प्राकृतानुशासन
६. अउः पौरुषादिषु	,,	१२	,,	,,
७. गुरुलाघवंच्छन्दोवशात्	,,	१६	,,	,,
८. कगादेः स्वरविशेषता	,,	५	,,	,,
९. ख ध थ भां हः	,,	८	,,	,,

उदा० दुःख> दुह, नख> नह, मुख> मुह, सखि> सहि, सुख> सुह, ओघ> ओह, दीर्घ> दीहर, अथ> अह; कथा > कह, अधर> अहर, धर्म> हम्म, मुक्ताफल>मुत्ताहल, स्वभाव> सहाव आदि। व्यंजन परिवर्तन श, ष> स[1]; य>ज[2], न> ण[3]। उदा० शत्>सय, शोभा> सोह, यमुना>जउणा, पर्याप्त> पज्जत्त।

संयुक्त व्यंजन यदि शब्द के आरंभ में होता है तो प्राय: दूसरे वर्ण का लोप हो जाता है अथवा उसका स्वर-भक्ति का रूप हो जाता है। उदा० त्याग> चाय, क्रय> कय, द्रुम> दुम, प्रकाश>पयास, प्रेम> पिम्म, दीप> दीव, क्रिया> किरिया, श्री> सिरी, क्लेश> किलेस आदि। संयुक्त व्यंजन के पहले वर्ण के लोप के भी उदाहरण मिलते हैं। उदा० स्कंभ, > खंभ, स्तन>थण स्पर्श > फंस, स्फटिक> फडिय। संयुक्त व्यंजनों का समीकरण रूप पालि, प्राकृत के सदृश ही अपभ्रंश में भी मिलता है। उदा० युक्त> जुत्त, रक्त> रत्त, अद्य> अज्ज, उत्पन्नः> उप्पणु, मित्र> मित्तु, समुज्वल> समुज्जल, अन्य> अन्न, दुर्लभ> दुल्लह, दुर्गम> दुग्गम आदि। शब्दों में संयुक्त व्यंजन के स्थान पर विभिन्न व्यंजनों का भी प्रयोग मिलता है। उदा०-ज्ञ> -ण, उदा० आज्ञा> आण, ज्ञान> नाण, -क्ष> -क्ख, -झ, उदा० अन्तरिक्ष> अन्तरिक्ख, क्षीण> झीण, -ध्य, -ध्व> -झ उदा० ध्यान> झाण, सन्ध्या> संझा. ध्वनि>झुणि।-प्स, >-त्स् > -छ, उदा० अप्सरा> अच्छरा, मत्सर> मच्छर, मत्स्य> मच्छ। संयुक्त व्यंजन के किसी एक वर्ण के लोप होने पर पूर्व अक्षर का अनुस्वार-रूप हो जाता है। उदा० अश्रु> अंसु, जल्पति>जंपइ, दर्शन>दंसण, वक्र>वंक आदि।

अपभ्रंश में आपद्, विपद्, संपद् शब्दों में-द> -इ हो जाता

---

१. शषो सः	सूत्र सं०	२	परि० १७	प्राकृतानुशासन
२. यस्य जः	,,	३	,,	,,
३ नो णः	,,	४	,,	,,

है।[1] उदा० आपद् > आवइ, विपद् > विवइ, संपद् > संपइ (३३५-१)। कथं, यथा, तथा शब्दों के स्थान पर केम (केवँ), किम (किवं), किह, किध, जेम (जेवँ), जिम (जिवं), जिह, जिध, तेम (तेवं), तिम (तिवँ), तिह, तिध (४०१-१५) (३४४-१) रूप मिलते हैं।[2] यादृश, तादृश, कीदृश और ईदृश के स्थान पर जेहु, तेहु, केहु और एहु (४०२-१) रूप मिलते हैं।[3] यादृश आदि शब्दों के अंत में जब अ स्वर होता है तो उनके रूप जइसो, तइसो, कइसो और अइसो मिलते हैं।[4]

यत्र और तत्र शब्दों के लिये अपभ्रंश में जेत्थु, जेत्रु, जत्रु और तेत्थु, तत्तु शब्द प्रयुक्त होते हैं।[5] इसी प्रकार अत्र>एत्थु और कुत्र> केत्थु शब्द मिलते हैं (४०४-१)।[6] यावत् > जाम (जावँ), जाउँ, जामहिं, तावत् > ताम (तावं), ताउँ, तामहिं (४०६-१-३) रूप पाये जाते हैं।[7] यावत् > जेंवड, जेत्तुल, तावत>तेवड, तेत्तुल (४०७-१) के प्रयोग विकल्प से मिलते हैं।[8] इदम् > एवड्ड, एत्तुलो, किम् > केवड्ड, केत्तुलो रूप मिलते हैं।[9] 'परस्पर' शब्द में आदि स्वरागम का प्रयोग मिलता है।[10] उदा० परस्परं>अवरोप्परु (४०९-१) अपभ्रंश में शब्दों के सजातीय स्वरों का एकादेश हो जाता है। उदा० भण्डार<भाण्डागार, उण्हाल<उष्णकाल।

---

१. अपाद्विपत्संपदां द इः	सूत्र सं०	४००	च० पा०	प्रा० व्या०
२. कथं यथा तथां थादेरेमेमेहेधा डितः	,,	४०१	,,	,,
३. यादृक्तादृक्कीदृगीदृशाँ दादेर्डेहः	,,	४०२	,,	,,
४. अतां डइसः	,,	४०३	,,	,,
५. यत्र-तत्रयोस्त्रस्य डिदेत्थ्वत्तु	,,	४०४	,,	,,
६. एत्थु कुत्रात्रे	,,	४०५	,,	,,
७. यावत्तावतोर्वादेर्म उंमहिं	,,	४०६	,,	,,
८. वा यत्तदोतोर्डेवडः	,,	४०७	,,	,,
९. वेदं किमोर्यादेः	,,	४०८	,,	,,
१०. परस्परस्यादिरः	,,	४०९	,,	,,

सन्धि-विवेचन

भाषा के समास-पदों में पहले शब्द की अन्त्य ध्वनि और अगले शब्द की आदि ध्वनि के योग से सन्धि का विकास होता है। भाषा के साहित्यिक रूप में सन्धि का प्रयोग अधिक दृष्टिगत होता है। भाषा के लोक व्यावहारिक रूप में सन्धि का अपेक्षा-कृत कम प्रयोग मिलता है। साहित्यिक और लोक-व्यावहारिक भाषाओं में संधि-प्रयोग के द्वारा भाषा के मूल रूप में कुछ अन्तर भी हो जाता है. संस्कृत में संधि-रूपों का व्यापक प्रयोग हुआ है। प्राकृत भाषाओं में संधि के कुछ प्रयोग संस्कृत के सदृश और कुछ नये मिलते हैं। सन्धि का प्रारंभिक रूप सन्धि-स्वरों -ऐ, औ का विकास माना जा सकता है। संस्कृत-संधि में प्राय: पहले शब्द के अन्त्य स्वर का परिवर्तन अगले शब्द के आदि स्वर की अपेक्षा अधिक हुआ है। उसका उदाहरण वैदिक संधि-स्वर आ+इ>ऐ, आ+उ> औ का विकसित रूप अ+इ>ऐ, अ+उ>औ माना गया है। पालि, प्राकृत में पहले शब्द के अन्त्य स्वर का प्राय: लोप हो जाता है। उदा० नर + इन्द्र > नरिन्द, णरिन्द, गज + इन्द्र > गइन्द (माहा०)। प्राकृत के संधि रूपों की यह विशेषता है कि जब अगले शब्द का आदि स्वर दीर्घ हो अथवा अपने स्थान विशेष के कारण महत्वपूर्ण हो तो पहले शब्द के अन्त्य स्वर का लोप हो जाता है।

प्राकृत की ध्वनि संबंधी विशेषताओं के अन्तर्गत ऐसे अनेक शब्दों और सम पदों का उल्लेख किया गया है जो सन्धि-रूप के उदाहरण माने जा सकते हैं। प्राकृत शब्दों में संयुक्त स्वर के प्रयोग का निर्देश पहले किया जा चुका है। उनमें स्वरमध्यवर्ती व्यंजन के लोप होने पर अवशिष्ट स्वरों की संधि नहीं होती। प्राकृत के एक ही शब्द में दो स्वरों का अलग-अलग प्रयोग संभव था परन्तु संस्कृत में इस प्रकार की स्थिति नहीं मिलती। प्राकृत भाषाओं में सन्धि रूपों को स्वर-संधि और व्यंजन-

संधि इन दो रूपों में विभाजित किया गया है। पालि में एक तीसरे प्रकार की निग्गहीत (अनुस्वार) सन्धि का भी उल्लेख मिलता है। परन्तु यह स्वर-सन्धि का ही एक रूप माना जाता है। इसमें दो शब्दों का संधि-रूप में प्रयुक्त होने पर कहीं अनुस्वार का आगम और कहीं लोप हो जाता है। उदा० चक्खु+उदपादि,>चक्खुं उदपादि, त+खणे> तंखणे, बुद्दानं सासनं>बुद्दान शासनं, गन्तुं+कामो>गन्तुकामो। पहले शब्द के अनुस्वरांत होने पर अगले शब्द के आदि स्वर का विकल्प से लोप मिलता है। उदा० त्वं+असि> त्वंसि, इदं+अपि > इदम्पि। अगले शब्द के आदि में यदि कोई वर्गीय व्यंजन हो तो पहले शब्द का अनुस्वरांत रूप कहीं-कहीं उसी वर्ग के अनुनासिक व्यंजन में बदल जाता है। उदा० तं+करोति> तङ्करोति, तं+ठानं>तण्ठानं। पालि में पहले शब्द के अन्त्य स्वर के बाद कोई स्वर हो तो पूर्व स्वर का लोप हो जाता है। उदा० यस्स+इन्द्रियाणि> यस्सिंद्रियाणि। कभी-कभी पर स्वर का भी लोप मिलता है। उदा० सो+अपि>सोपि, ततो+एव>ततोव। कभी दोनों स्वरों में से किसी का भी लोप नहीं होता। उदा० लता+इव>लताइव।

पालि, प्राकृत में पहले शब्द के अन्त्य स्वर और अगले शब्द के आदि स्वर में संस्कृत के सदृश सन्धि मिलती है। उदा० वाम+उरु> वामोरु, तस्स+इदं>तस्सेदं (पालि), क्लेश+अनल> किलेसाणल (शौ०), राअ+इसि (राजर्षि)> राएसि, एग+ऊरु> एगोरु (अमा०)। उक्त सन्धि का प्रयोग कभी नहीं भी मिलता। उदा० वसन्तोत्सवोपायन>वसन्तुस्सवउवाअण, अप्पउदग (अमा०)। पहले का अन्त्य स्वर यदि-इ,उ हो और अगले शब्द का पूर्व स्वर इनसे कोई शब्द भिन्न स्वर हो तो संस्कृत के समान ही पालि और प्राकृत में सन्धि-रूप मिलता है। उदा० इति+अस्स=इत्यस्स> इच्चस्स, सु+आगतं> स्वागतं, अत्यन्त>अच्चन्त, पर्याप्त >पज्जत्त।

यदि अगले शब्द का आदि स्वर -इ, - उ हो और उसके बाद

संयुक्त व्यंजन हो तो पहले शब्द के अन्त्य -अ और -आ स्वर का लोप हो जाता है। उदा० वसन्तोत्सव> वसन्तूसव, नीलोत्पल> नीलुप्पल, राय+रईसर>राईसर, एग+इंदिय>एगिंदिय (अमा०), रयण+उज्जल> रयणुज्जल, महोत्सव> महूसव, तहा+एव> तहेव, महा+ओसहि > महोसहि (अमा०) । पहले निर्देश किया जा चुका है कि अगले शब्द के आदि और पहले के अन्त्य स्वरों की सन्धि हो जाती है परन्तु इस सन्धि-रूप में प्राकृत के अगले शब्द के आदि स्वर के अनंतर असंयुक्त व्यंजन का भी प्रयोग प्रायः पाया जाता है।

प्राकृत में स्वरमध्यवर्ती व्यंजन के लोप होने पर पास-पास आने वाले अवशिष्ट स्वरों का प्रायः सन्धि-रूप नहीं होता परन्तु पहले और अगले शब्दों में समान स्वरों के होने पर कभी-कभी उनका दीर्घ रूप हो जाता जाता है। उदा० पाआइक (पादातिक)> पाइक, उदुंवर>उंवर। कुछ शब्दों में अ और आ के साथ इ, उ का योग मिलता है। थइर (स्थविर)>थेर, चतुर्दश>चोद्दस, पउम (पद्म)> पोम्म (माहा०)। अन्य प्रकार के शब्दों में भी दोनों स्वरों का योग दीर्घस्वर के रूप में मिलता है। उदा० धम्म+अधम्म > धम्माधम्म, किच्च (कृत्य)+ अकिच्च (अकृत्य)> किच्चाकिच्च, धम्मकहा+अवसाण > धम्मकहावसाण, मुणि+ईसर>मुणीसर, वहु+उदग>वहूदग (अमा०) । समास रूपों में भी इस प्रकार की सन्धि मिलती है। उदा० कुंभकार > कुंभार, कर्मकार>कम्मार, चक्रवाक>चक्काय, देवकुल> देउल, राजकुल> लाउल (मा०), सुकुमार>सूमाल, स्कंधावार>खंधार (अमा०)। वाक्य में प्रयुक्त पदों में प्रायः सन्धि का प्रयोग नहीं मिलता। उदा० एगे आह, एयाओ अज्जाओ। परन्तु न के वाद यदि कोई स्वर हो, तो उस स्वर की न के साथ सन्धि हो जाती है। उदा० नास्ति > नत्थि, नातिदूरे>णादिदूरे, अनारंभे> नारंभे।

पालि, प्राकृत में व्यंजन-संधि का संस्कृत के सदृश कोई व्यापक रूप नहीं मिलता क्योंकि उक्त भाषाओं में शब्द के अन्त्य व्यंजन का प्राय: लोप हो गया है। परन्तु पहले शब्द के अन्त्य व्यंजन का अगले शब्द के आदि स्वर के पूर्व लोप नहीं होता। उदा० यदस्ति > जदत्थि, पुनुरुक्त > पुणरुत्त, पुनरपि > पुणरवि (अमा०)। दुर् और निर् उपसर्गों के अन्त्य व्यंजन का भी लोप नहीं होता। उदा० दुरतिक्रम > दुरइक्कम, निरन्तर > णिरन्तर।

समास पदों में पहले शब्द के अन्त्य व्यंजन का अगले शब्द के आदि व्यंजन के साथ समीकरण हो जाता है। उदा० दुश्चरित > दुच्चरिय, दुर्लभ > दुल्लह, दु:सह > दुस्सह, दूसह। समास शब्दों में यदि किसी वर्ग का चौथा या दूसरा वर्ण हो तो सन्धि होने पर उसी वर्ग का तीसरा या पहला वर्ण हो जाता है। पालि में इसका प्रयोग अधिक मिलता है उदा० सेत+छत्तं > सेतच्छत्तं, नि+ठानं > निट्ठानं। प्राकृत में भी इसका उदाहरण मिलता है। उदा० प्रादुर्भाव > पाउब्भाव (अमा०)। पहले शब्द के अन्त्य स्वर के अनंतर यदि कोई व्यंजन हो तो उसका व्यंजन द्वित्व-रूप हो जाता है। उदा० प + गहो > पग्गहो, दु + कतं > दुक्कतं, दुक्कटं (पालि)।

प्राय: दो शब्दों के मध्य में किसी विशेष ध्वनि के प्रयोग से भी सन्धि का विकास मिलता है। इस विशेष ध्वनि को सन्धि-व्यंजन का नाम दिया गया है। उक्त सन्धि व्यंजनों में म, य, र के उदाहरण मिलते हैं। यह अनुमान किया गया है कि संभवत: उक्त म, र सन्धि-व्यंजन संस्कृत के कुछ मूल शब्दों में नियमित रूप से प्रयुक्त होते थे परन्तु बाद में वे अन्य शब्दों के लिये भी प्रयुक्त कर लिये गये। 'म' का योग सन्धि-व्यंजन के लिये प्राय: किया जाता है। उदा० एकैकम (एकमेकम्) > एक्कमेक्कं, (साहा०) एगएग >

एगमेग (अमा०), गोण+आई (गवादयः)> गोणमाई, आरिय + अणारिय> आरियमणारिय (अमा०)। इसी प्रकार य, र का भी योग किया जाता है। उदा० दु + अंगुल> दुयंगुल, सु+अक्खाए> सुयक्खाए (अमा०)। धि+अत्थु (धिग् अस्तु)> धिरत्थु, सिहि + इव> सिहिरिव, दु+अंगुल > दुरंगुल (अमा०)। वस्तुतः उक्त उदाहरणों में दो शब्दों के मध्य में म, य, र के प्रयोग द्वारा सन्धि का निषेध किया गया है।

अपभ्रंश भाषाओं में भी सन्धियों का नियमन सामान्यतः प्राकृत भाषा के संधि-सिद्धान्तों के ही अनुसार हुआ है। अपभ्रंश के ध्वनि-परिवर्तन का विवेचन करते समय पूर्व-पृष्ठों में कुछ ऐसे उदाहरण आये हैं जो कि अपभ्रंश की संधियों के उदाहरण के रूप में गृहीत हो सकते हैं।

चौथा अध्याय

प्राकृत के पद्-रूपों का विकास

प्राचीन आर्य भाषा में संज्ञा, सर्वनाम आदि के रूपों का विकास बहुत ही संपन्न और विविध प्रकार का था। सभी शब्दों के स्वरांत और व्यंजनांत रूपों का विकास एक वचन, द्विवचन, बहुवचन तथा प्रथमा से संबोधन तक की विभक्तियों के अनेकार्थ रूपों में होता था। परन्तु प्राकृत भाषाओं में यह विविधता स्थिर नहीं रही। विभिन्न रूपों के विकास में एकीकरण तथा सरलीकरण का आश्रय लिया गया। शब्दों के अन्त्य व्यंजनों का अधिकांशत: लोप हो गया इसलिये व्यंजनान्त रूप भी प्राय: स्वरांत के सदृश ही हो गये और विविध स्वरांत रूपों में अन्त्य-दीर्घ स्वरों के ह्रस्व हो जाने के कारण भी रूपों में कमी हो गई। इस प्रकार पुलिंग के अन्तर्गत केवल अकारांत, इकारांत और उकारान्त, स्त्रीलिंग के अन्तर्गत आकारान्त, ईकारान्त और अकारांत, नपुंसक-लिंग के अन्तर्गत अकारान्त रूप ही शेष मिलते हैं। ध्वनि-परिवर्तन और सादृश्य के द्वारा विविध रूपों का विकास बहुत सरल कर लिया गया था। रूपों की जटिलता का प्राय: लोप हो गया था।

संज्ञा, सर्वनाम आदि के द्विवचन के प्रयोग बहुवचन के रूपों में सम्मिलित हो गये[1]। एक०, बहु० दोनों में चतुर्थी विभक्ति के लिये प्राय:

---

[1] द्विवचनस्य बहुवचनम्   सूत्र सं० ६३   परि० ६   प्रा० प्र०

षष्ठी का प्रयोग किया जाने लगा[1] और इस प्रकार द्विवचन और चतुर्थी विभक्ति का लोप हो गया। केवल पालि और शिलालेखी प्राकृत में चतुर्थी विभक्ति के एक वचन का भिन्न प्रयोग मिलता है।

प्राचीन वय्याकरणों के द्वारा लिखे हुए पालि व्याकरण के ग्रन्थ मिलते हैं। कुछ प्राचीन व्याकरण-ग्रंथों में कच्चान, मोग्गल्लान, अग्गवंश की कृतियाँ मुख्य हैं। इनके अतिरिक्त महानिरुत्ति, निरुत्ति-पिटक, कारिका, सम्बन्ध-चिन्ता आदि व्याकरण-ग्रंथ भी उपलब्ध होते हैं। परन्तु इसमें मोग्गल्लान-व्याकरण को ही सबसे अधिक महत्व दिया गया है क्योंकि ग्रन्थ में सूत्रों की वृत्ति और उनकी व्याख्या वय्याकरण के द्वारा स्वयं दी गई है। अतएव यह व्याकरण-ग्रंथ पूर्ण और पुष्ट माना जाता है। भिक्षु जगदीश काश्यप ने अपने पालि महाव्याकरण में उक्त व्याकरण का आधार लिया है। यहाँ पर उक्त ग्रन्थ में उद्धृत मोग्गल्लान-व्याकरण के सूत्रों के आधार पर पालि-भाषा का रूप-विकास दिया गया है। संज्ञा,सर्वनाम आदि रूपों में निम्नलिखित प्रत्ययों का प्रयोग होता है।[2]

पठमा एक०, वहु० में सि -यो, आलपन (संवोधन) में ग -यो, दुतिया एक०, वहु० में अं -यो, ततिया एक०, वहु० में ना -हि, चतुत्थी, छट्ठी एक० वहु० में स -नं, पंचमी एक०, वहु० में स्मा -हि, सत्तमी एक०, वहु० में स्मिं -सु के प्रयोग मिलते हैं।

पुलिंग अकारान्त में -सि > ओ का प्रयोग होता है।[3] उदा० वुद्ध+ओ > वुद्धो। उक्त प्रयोग में कभी-कभी -ए का प्रयोग भी मिलता है।[4] उदा० वनप्पगुम्मे। पु० अका०, प० वहु० (यो) में

---

१. चतुर्थ्याः षष्ठी	सूत्र सं० ६४	परि० ६	प्रा० प्र०
२. नाम स्मा सियो अंयो नाहि सनं स्माहि सनं स्मिं सु	१	काण्ड २	मोग्गलान व्या०
३. सि स्सो	,, १११	,,	,,
४. क्व चे वा	,, ११२	,,	,,

-हा > आ, द्वि० बहु० (-यो) में -टे > -ए का प्रयोग होता है।[१] उदा० बुद्ध+आ> बुद्धा, बुद्ध+ए> बुद्धे। पु० अका०, तृ० एक० -ना> -एन का प्रयोग मिलता है।[२] उदा० बुद्ध+एन>बुद्धेन। पु० अका० पं० एक० -स्मा> -म्हा, पं० बहु० -हि>-भि, स० एक० स्मिं>-म्हि के वैकल्पिक प्रयोग मिलते हैं।[३] उदा० बुद्धस्मा>बुद्धम्हा, बुद्धेहि> बुद्धेभि, बुद्धस्मि>बुद्धम्हि। पु० अका० च० एक० -स> -आय और ष० एक० में -स्स का प्रयोग होता है।[४] उदा० बुद्ध+आय> बुद्धाय, बुद्धस्स पु० अका० में स० बहु० -सु, तृ० पं० बहु० -हि विभक्ति के पूर्व अंत्य स्वर -अ>-ए हो जाता है।[५] उदा० बुद्धेभि, बुद्धेसु। पु० अका० में प्र० बहु० नपुं० इका० तृ० बहु० -हि, पु० इका० सं० बहु० -सु के पूर्व मूल शब्द के अन्त्य स्वर -अ >-आ, -इ>-ई हो जाता है।[६] उदा० बुद्धानं, मुनीसु, अग्गीहि। पु० अका० पं० एक० में -टा> -आ, सं० एक० -टे> -ए का भी वैकल्पिक प्रयोग मिलता है। उदा० बुद्धा, बुद्धस्मा, बुद्धे, बुद्धस्मिं। संबोधन एक० में विभक्ति का प्राय: लोप हो जाता है।[८] उदा० बुद्ध, दण्डी। पु० स्त्री० नपुं० अका०, इका०, उका०, संबोधन एक० में मूल शब्द का अन्त्य स्वर प्राय: दीर्घ हो जाता है।[९] उदा० बुद्ध, बुद्धा, हे मुनि, मुनी अकारान्त पुलिंग बुद्ध का रूप-विकास निम्नलिखित होगा।

---

१. अतो यो नं टाटे	सू० सं०	४३	काण्ड २	मोग्गल्लान-व्या०
२. अते न	,,	११०	,,	,,
३. स्माहि स्मिन्नं म्हा भि म्हि	,,	६६	,,	,,
४. सस्साय चतुत्थिया, सुन्सस्स	,,	४६,५३	,,	,,
५. सु हि स्व स्से	,,	१००	,,	,,
६. सु नं हि सु	,,	६१	,,	,,
७. स्मा स्मिन्नं	,,	४५	,,	,,
८. गसीनं	,,	११६	,,	,,
९. अमू नं वा दीघो	,,	६१	,,	,,

	एक०	बहु०
प०	बुद्धो (बुद्धे)	बुद्धा
दु०	बुद्धं	बुद्धे
त०	बुद्धेन	बुद्धेहि, बुद्धेभि
च०	बुद्धाय, बुद्धस्स	बुद्धानं
पं०	बुद्धा, बुद्धम्हा, बुद्धस्मा	बुद्धेहि, बुद्धेभि
छ०	बुद्धस्स	बुद्धानं
स०	बुद्धे, बुद्धम्हि, बुद्धस्मिं	बुद्धेसु
आल०	बुद्ध, बुद्धा	बुद्धा

नपुंसक लिंग अकारांत प्र० एक० (सि) में -अं, प्र० बहु० में -टा > -आ, -यो > -नि का प्रयोग मिलता है।[1] उदा० फलं, फला, फलानि। द्वि० बहु० में-नि के अतिरिक्त -ए रूप का भी प्रयोग होता है।[2] उदा० फले, फलानि। शेष रूप पुलिंग बुद्ध के समान पाये जाते हैं। अकारांत नपु० का रूप इस प्रकार होगा—

	एक०	बहु०
प०	फलं	फला, फलानि
दु०	,,	फले, फलानि

शेष रूप पुलिंग के सदृश होते हैं।

पुलिंग इकारांत, ईकारांत, उकारांत, ऊकारांत बहु० में -यो का वैकल्पिक रूप में लोप हो जाता है और मूल शब्द का अंत्य ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है।[3] उदा० मुनी, अट्ठी, दण्डी, आयू। -यो विभक्ति के पूर्व संज्ञा के अंत्य -उ -इ > -अ हो जाता है।[4] उदा० मुनयो, भिक्खवो। च० प० क० में (स) में -नो का वैकल्पिक योग

१. अं नपुसंके	सूत्र सं०	११३	काण्ड २	मोगल्लान व्या०
२. नीनं वा	,,	४४	,,	,,
३. लोपो	,,	११६	,,	,,
४. यो सु भिस्स पुमे	,,	६९	,,	,,

मिलता है ।[१] उदा० मुनिनो, दण्डिनो, भिक्खुनो । पुलिंग इका०, ईका०, उका०, ऊका० (स्मा) में -ना का वैकल्पिक प्रयोग होता है ।[२] उदा० मुनिना, दण्डिना, दण्डिस्मा, भिक्खुना, भिक्खुस्मा । पुलिंग इका०, ईका०, उका०, ऊका० में -सु, -न तथा -हि विभक्तियों के पूर्व संज्ञा के अंत्य ह्रस्व स्वर का दीर्घ रूप हो जाता है ।[३] उदा० मुनीसु, मुनीनं, मुनीहि, भिक्खूसु भिक्खूनं, भिक्खूहि आदि । नपुं० इका० ईका०, उका०, ऊका० (यो) में -नि का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है ।[४] अट्ठीनि, आयूनि आदि । पुलिंग उका० ऊका में प्र० द्वि० बहु० में यो>वो हो जाता है ।[५] उदा० भिक्खवो, सयम्भूवो । संबोधन में पु० उका० प्र० बहु० में यो>वे, वो मिलता है । हे भिक्खवे, भिक्खवो । पुलिंग ईका० प्र० बहु० यो>नो, द्वि० बहु० यो> ने, नो हो जाता है ।[६] उदा० दण्डिनो, दण्डिने । पुलिंग ईका० द्वि० एक० में अं> नं का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है ।[७] उदा० दण्डिनं, दण्डिं पु० ईका० सप्तमी एक० -स्मि का विकल्प से -नि हो जाता है ।[८] उदा० दण्डिनि । दण्डिस्मिं । पु०, नपु०, स्त्री० में संबोधन एक० में कुछ रूपों को छोड़कर अन्त्य दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है ।[९] उदा० दण्डि, इत्थि, वधु, सयम्भु । पुलिंग ऊकारांत में प्र० द्वि० बहु०-यो>नो का वैकल्पिक रूप मिलता है ।[१०] उदा० सब्बञ्ञुनो, विदुनो । पुलिंग ओकारान्त गो का प्र० एक० -सि, तृ० पं० बहु० -हि, पं० बहु० -नं.

---

१. झ ला सस्स नो	सूत्र सं०	८३	कांड २	मोग्गल्लान व्या०
२. ना स्मा स्स	,,	८४	,,	,,
३. सुनं हिसु	,,	६१	,,	,,
४. झ ला वा	,,	११५	,,	,,
५. ला यो नं वो पुमे	,,	८५	,,	,,
६. वे वो सु लुस्स	,,	२४	,,	,,
७. नं झी तो	,,	७६	,,	,,
८. स्मि नो नि	,,	७६	,,	,,
९. गे वा	,,	६७	,,	,,
१०. कू तो	,,	८७	,,	,,

संवोधन एक० -ग के अतिरिक्त अन्य विभक्तियों के पूर्व गाव, गव रूप हो जाता है।[१] उदा० प्र० द्वि० वहु० गाव, गवो आदि। पुलिंग ओका० गो में द्वि० एक० -अं के जुड़ने पर गावु का वैकल्पिक प्रयोग भी होता है।[२] उदा० गावुं। तृतीया एक० -ना का विकल्प से -आ होता है।[३] उदा० गावा। च० ष एक० में गो + स > गवं मिलता है।[५] षष्ठी वहु० में गो+नं > गुन्नं, गंव, गोनं रूप मिलते हैं।[४] स० वहु० में -सु के पूर्व गो > गाव, गव हो जाता है।[६] उदा० गावेसु। अस्तु, पुलिंग और नपुंसक इकारान्त, ईकारांत उकारान्त, अकारान्त, ओकारान्त का रूप-विकास निम्नलिखित होगा—

पु० इका० मुनि—

	एक०	वहु०
प०	मुनि	मुनी, मुनयो
दु०	मुनिं	"
त०	मुनिना	मुनीहि, मुनीभि
पं०	मुनिना, मुनिम्हा, मुनिस्मा	"
छ०	मुनिनो, मुनिस्स	मुनीनं
स०	मुनिम्हि, मुनिस्मिं	मुनिसु, मुनीसु
आल०	मुनि, मुनी	मुनी, मुनयो

नपु० इका० अट्ठि > अस्थि—

प०	अट्ठि	अट्ठीनि, अट्ठी

१. गो स्सा ग सि हि नं सु गा व ग वा	सूत्र सं०	६६	काण्ड २	मोग्गल्लान व्या०
२. गा वु म्हि	"	७४	"	"
३. ना स्सा	"	७३	"	"
४. ग वं से न	"	७१	"	"
५. गुन्नं च नं ना	"	७२	"	"
६. सुम्हिवा	"	७०	"	"

	एक०	बहु०
दु०	अट्ठिं	अट्ठीनि, अट्ठी

शेष रूप पुलिंग इकारान्त मुनि के समान होंगे ।

पु० उका० भिक्खु <भिक्षु—

प०	भिक्खु	भिक्खू, भिक्खो
दु०	भिक्खु	भिक्खू, भिक्खो
त०	भिक्खुना	भिक्खूहि, भिक्खूभि
पं०	भिक्खुस्मा, भिक्खुम्हा	,, ,,
छ०	भिक्खुनो, भिक्खुस्स	भिक्खूनं
स०	भिक्खुस्मिं, भिक्खुम्हि	भिक्खुसु, भिक्खूसु
आल०	भिक्खु	भिक्खू, भिक्खवे, भिक्खवो

नपु० उका० आयु—

प०	आयु	आयूनि, आयू
दु०	आयुं	,, ,,
आल०	आयु	,, ,,

शेष रूप पुलिंग उकारांत के सदृश होते हैं ।

पु० ईका० दण्डी—

प०	दण्डी	दण्डी, दण्डिनो
दु०	दण्डिनं, दण्डिं	,, ,, दण्डिने
त०	दण्डिना	दण्डीहि, दण्डीभि
पं०	दण्डिस्मा, दण्डिम्हा	,, ,,
छ०	दण्डिनो दण्डिस्स	
स०	दण्डिनि, दण्डिस्मिं दण्डिसु, दण्डीसु दण्डिम्हि, दण्डीनं	
आल०	दण्डि, दण्डी	दण्डी, दण्डिनो

नपु० ईका० सुखकारी—

प०	सुखकारि	सुखकारीनि, सुखकारी

	एक०	वहु०
दु०	सुखकारिं	,, ,,
आल०	सुखकारि	,, ,,

शेष रूप पु० ईकारांत के सदृश मिलते हैं।

पु० ऊका० विदू <विदु—

प०	विदू	विदू, विदुनो
दु०	विदु	,,
त०	विदुना	विदूहि, विदूभि
प०	,,, विदुस्मा, विदुम्हा	,,
छ०	विदुनो, विदुस्स	विदूनं
स०	विदुम्हि, विदुस्मि	विदूसु
आल०	विदु	विदू, विदुनो

नपु० अ० सयम्भू <स्वयम्भू—

प०	सयम्भु	सयम्भु, सयम्भुनि
पु०	सयम्भुं	,, ,,
आल०	सयम्भु	,, ,,

शेष रूप पुलिंग ऊकारान्त के समान होते हैं।

पु० ओका० गो—

प०	गो	गवो, गावो
दु०	गावु, गावं, गवं	,,
त०	गावेन, गवेन, गावा, गवा	गोहि, गोभि
पं०	गवा, गावा, गावस्मा,	,, ,,
	गावम्हा गवस्मा, गवम्हा	,, ,,
छ०	गावस्स, गवस्स, गवं	गवं, गुन्नं, गोनं
स०	गावम्हि, गावस्मि,	गावेसु, गवेसु, गोसु
	गवम्हि, गवस्मि, गावे, गवे	
आल०	गो	गावो, गवे

नपु० ओ० चित्तगो (विचित्र गायों वाला)—

	एक०	बहु०
प०	चित्तगु	चित्तगू, चित्तगूनि
पु०	चित्तगुं	„ „
आल०	चित्तगु	„ „

शेष रूप पुलिंग ओकारांत के सदृश पाये जाते हैं।

व्यंजनांत पुलिंग शब्द आत्मन् > अत्त का सप्तमी बहु० -सु तथा तृ० पं० -बहु० की विभक्ति -हि के पूर्व विकल्प से अत्तन और आतुमन हो जाता है।[1] उदा० अत्तनेसु, अत्तेसु, आतुमनेसु, आतुमेसु, अत्तनेहि, अत्तेहि, आतु- मनेहि, आतुमेहि। उक्त शब्द में च०, प० एक० (-स) की विभक्ति का विकल्प से -नो रूप मिलता है।[2] उदा० अत्तनो, अत्तस्स, आतुमनो, आतुमस्स। राजन् आदि शब्द में प्र० एक० (-सि) में -आ रूप मिलता है।[3] उदा० राजा। उक्त शब्द के प्र० बहु०, द्वि० बहु० (-यो) में -आन रूप हो जाता है।[4] उदा० राजानो। द्वि० एक० (-अं) में विकल्प से -नं मिलता है।[5] उदा० राजानं। तृ० एक० (-ना) और पं० एक० (-स्मा) में राज > रञ्ञा रूप हो जाता है।[6] तृ० एक० में राज के लिये विकल्प से राजि होता है।[7] उदा० राजिना। सप्तमी बहु० (-सु) प्र० बहु० (-नं) तृ० पं० बहु० (-हि) में

---

१. सुहि सु न क्	सूत्र सं०	१६७	का० २	मोग्ग० व्या०
२. नो त्वा तु मा	„	१६९	„	„
३. राजादि यु वा दि त्वा	„	१५६	„	„
४. यो न मानो	„	१५८	„	„
५. वा ह्मा न ङ	„	१५७	„	„
६. ना स्मा सु रञ्ञा	„	२२४	„	„
७. राज स्सि नाम्हि	„	१२५	„	„

राज का वैकल्पिक प्रयोग राजू मिलता है।[१] उदा० राजूसु, राजूनं, राजूहि। चतुर्थी, षष्ठी एक० (-स) में राज के रञ्ञो, रञ्ञस्स, राजिनो रूप मिलते हैं।[२] च० प० बहु० (-नं) के साथ राज का रूप रञ्ञं होता है।[३] सप्तमी एक० (-स्मिं) में राज के रञ्ञे, राजिनि रूप होते हैं।[४] पुलिंग रूपों में -वन्तु और -मन्तु प्रत्ययांत शब्द भी मिलते हैं। अकारांत और आकारांत शब्दों के बाद -वन्तु प्रत्यय और भिन्न स्वरांत शब्दों के बाद -मन्तु प्रत्यय का योग होता है। उदा० गुणवन्तु (गुणवाला), गतिमन्तु (गतिवाला)। प्र० एक० (-सि) में -न्तु> -आ हो जाता है।[५] उदा० गुणवा। प्रथमा बहु० (-यो) में विकल्प से -न्तो होता है।[६] उदा० गुणवन्तो, गुणवन्ता, द्वि बहु०(-यो) तृ० एक (-ना) प० बहु० (-नं) आदि में -न्तु >-न्त और टा>-टे=ए हो जाता है।[७] उदा० गुणवन्ता, गुणवन्ते, गुणवन्तं, गुणवन्तेन आदि। प्र०एक० (-स) पं० एक० (-स्मा) स० एक० (-स्मिं) तृ० एक० (-ना) के साथ -न्तु, -न्त का क्रमशः -तो, -ता, -ति तथा -ता रूप मिलते हैं।[८] उदा० गुणवतो, गुणवता, गुणवता, गुणवति।

च० प० बहु -नं के साथ विकल्प से -न्त, -न्तु का -तं हो जाता है।[९] उदा० गुणवतं। संबोधन एक० में -न्त -न्तु के -अ, -आ, -अं रूप

---

१. सु नं हि सु	सूत्र सं०	१२६	काण्ड २	मोग्गल्लान व्या०
२. रञ्ञो रञ्ञस्स राजिनो से	,,	२२५	,,	,,
३. राजस्य रञ्ञं	,,	२२३	,,	,,
४. स्मिं म्हि रञ्ञे राजिनि	,,	२२६	,,	,,
५. न्तु स्स	,,	१५३	,,	,,
६. न्त न्तू नं न्तो यो म्हि पठमे	,,	२१७	,,	,,
७. य्वा दो न्तु स्स	,,	६३	,,	,,
८. तो ता ति ता स,स्मा स्मिं ना सु	,,	२१६	,,	,,
९. तं न म्हि	,,	२१८	,,	,,

होते हैं।[1] उदा० भो गुणव, गुणवा, गुणवं। नपुंसक लिंग में प्र० एक० में -न्तु > -अं, -न्तं हो जाता है।[2] उदा० गुणवं कुलं, गुणवन्तं कुलं। स्त्रीलिंग में -वन्तु > -वती, -वन्ती तथा मन्तु > मती, मन्ती होता है। उदा० गुणवती, गुणवन्ती। अतएव कुछ पुलिंग व्यंजनांत रूप इस प्रकार होंगे—

अत्त<आत्मन्—

	एक०	बहु०
प०	अत्ता	अत्ता, अत्तानो
दु०	अत्तानं, अत्तं	अत्ते, ,,
त०	अत्तेन, अत्तना	अत्तेहि, अत्तेभि, अत्तनेहि, अत्तनेभि
पं०	अत्तना, अत्तस्मा, अत्तम्हा	,, ,,
च० छ०	अत्तनो, अत्तस्स	अत्तानं
स०	अत्तनि, अतस्मिं, अत्तम्हि, अत्ते	अत्तनेसु, अत्तेसु
आल०	अत्त, अत्ता	अत्ता, अत्तानो

राज<राजन्—

प०	राजा	राजा, राजानो
दु०	राजानं, राजं	राजानो
त०	रञ्ञा, राजेन, राजिना	राजेहि, राजेभि, राजूहि, राजूभि
प०	रञ्ञा, राजम्हा, राजस्मा	,, ,,
च० छ०	रञ्ञो, रञ्ञस्स, राजिनो, राजस्स	रञ्ञं, राजानं, राजूनं
स०	रञ्ञे, राजिनि, राजस्मिं,	

---

१. ट टा अं गे — सूत्र सं० २२० काण्ड २ मोग्गा० व्या०

२. अं ङं नपुंसके — ,, १५४ ,, ,,

	एकवचन	बहुवचन
	राजम्हि	राजूसु, राजेसु
आल०	राज, राजा	राजा, राजानो

गुणवन्तु—

प०	गुणवा	गुणवन्तो, गुणवन्ता
दु०	गुणवन्तं	गुणवन्ते
त०	गुणवता, गुणवन्तेन	गुणवन्तेहि, गुणवन्तेभि
पं०	गुणावता गुणवन्तस्मा, गुणवन्तम्हा	,, ,,
च० छ०	गुणवतो, गुणवन्तस्स	गुणवतं, गुणवन्तानं
स०	गुणवति, गुणवन्ते, गुणवन्तस्मिं, गुणवन्तम्हि	गुणवन्तेसु
आल०	गुणवं, गुणव, गुणवा	गुणवन्तो, गुणवन्ता

-तु प्रत्ययांत पुलिंग शब्दों का रूप-विकास अ धिकांशतः अन्य पुलिंग सामान्य रूपों के सदृश ही होता है। कुछ रूप भिन्न होते हैं। प्रथमा एक०-सि में-तु अन्त्य स्वर के स्थान पर -आ हो जाता है।[1] उदा-दाता, पिता, माता आदि। च०, प० एक०-स के अतिरिक्त अन्य विभक्तियों में -तु के अन्त्य स्वर का -आर (-आ) हो जाता है।[2] उदा० दातारो, पितरो, दातारा, पितरा आदि। उक्त प्रयोग में -आर रूप के वाद प्र० द्वि० वहु०, -यो> -ओ होता है।[3] उदा० दातारो, पितरो। द्वि० वहु० -यो>-ए भी हो जाता है।[4] उदा० दातारो, दातारे। -आर के वाद तृतीया एक० -ना और पंचमी एक० -स्मा के स्थान पर -आ मिलता है।[5] उदा० दातारा, पितरा। -आर के वाद सप्तमी

---

1. ल्तु पिता दीन मा सिम्हि सूत्र सं० ५६ काण्ड २ मोग्ग० व्याकरण
2. ल्तु पितादीनम से ,, १६४ ,, ,,
3. आर ङ स्मा ,, १७३ ,, ,,
4. टोटे वा ,, १७४ ,, ,,
5. ष्टि टा ना स्मा नं ,, १७५ ,, ,,

एक० -स्मि> -इ और -आर का ह्रस्व रूप -अर हो जाता है।[१] उदा० दातरि। चतुर्थी, षष्ठी एक० -स में विभक्ति का वैकल्पिक लोप भी मिलता है।[२] उदा० दातु, पितु। चतुर्थी, षष्ठी बहु० (-नं) में अन्त्य स्वर का विकल्प से -आर हो जाता।[३] उदा० दातारानं, दातानं, पितरानं, पितुन्नं। उक्त विभक्ति में विकल्प से -आर> -आ भी मिलता है।[४] उदा० दातानं, दातूनं, पितानं, पितुन्नं। सप्तमी बहु० (-सु, तृ० पं बहु०)-हि में विकल्प से -आर मिलता है।[५] उदा० दातारेसु, दातुसु, पितरेसु, पितुसु, दातारेहि, दातूहिं, पितरेहि, पितूहिं। संबोधन एक० में -तु के अन्त्य स्वर का -अ और -आ हो जाता है।[६] उदा० भो दात, दाता, भो पित, पिता। पितु, मातु आदि शब्दों में जहाँ अन्त्य स्वर का जहाँ -आर होता है -अर हो जाता है।[७] उदा० पितरो, पितरं, मातरो, मातरं। कुछ -तु प्रत्ययांत शब्दों के रूप इस प्रकार होंगे—

दातु<दातृ

	एक०	बहु०
प०	दाता	दातारो
दु०	दातारं	दातारो, दातारे
त०	दातारा	दातारेहि, दातारेभि, दातूहि, दातूभि
पं०	,,	,,
च० छ०	दातु, दातुनो दातुस्स	दातारानं, दातानं
स०	दातरि	दातारेसु, दातुसु
आल०	दात, दाता	दातारो

१. टि स्मि नो, सूत्र सं० १७६, काण्ड २ मोग्ग० व्या०
२. रस्सा रङ सलोपो ,, १७८ ,, ,,
४. नम्हि वा ,, १६५ ,, ,,
५. सुहिस्वा रङ ,, १६६ ,, ,,
६. गे अ च ,, ६० ,, ,,
७. पितादीनमनत्वादी नं ,, १७६ ,, ,,

पितु > पितृ—

	एक०	बहु०
प०	पिता	पितरो
दु०	पितरं	,, पितरे
त०	पितरा	पितरेहि, पितरेभि, पितूहि, पितूभि
पं०	,,	,, ,,
च० छ०	पितु, पितुनो, पितुस्स	पितरानं, पितानं, पितूनं
स०	पितरि	पितरेसु, पितूसु
आ० ल०	पित, पिता	पितरो

पालि में स्त्रीलिंग के आकारांत, इकारांत, ईकारांत, उकारांत और ऊकारांत रूप मिलते हैं। आकारांत में प्र० एक०-सि, संबोधन एक०-ग के प्रत्ययों का लोप हो जाता है।[1] उदा० लता। प्र० बहु०, द्वि० बहु० की विभक्तियों का स्त्रीलिंग के सभी रूपों में विकल्प से लोप मिलता है।[2] उदा० लता, लतायो, रत्ती, रत्तियो, इत्थी, इत्थियो, धेनु, धेनुयो, वधू, वधुओ। स्त्रीलिंग के एक वचन के सभी रूपों में -य अथवा -या का प्रयोग होता है।[3] उदा० लताय, रत्तिया आदि। स्त्रीलिंग में सप्तमी एक०-स्मिं का विकल्प से -यं मिलता है।[4] उदा० लतायं, लताय, रत्तियं, रत्तिया आदि। संबोधन एक० में विकल्प से -ए रूप होता है।[5] उदा० हे लते, लता।

स्त्रीवाचक शब्दों में यकार बाद में हो तो अन्त्य -इ, -ई का विकल्प से लोप मिलता है।[6] उदा० रत्यो, रत्या, रत्यं। सप्तमी एक०

---

१. गसी नं	सूत्र सं० ११६	काण्ड २	मोग्गल्लान व्याकरण
२. जन्तु हे त्वी घपेहि वा	,, ११७	,,	,,
३. घपते कस्मि नादीनं यया	,, ४७	,,	,,
४. यं	,, १०५	,,	,,
५. घ ब्रह्मादितो ये	,, ६२	,,	,,
६. ये प स्सि व एण स्स	,, ११८	,,	,,

-स्मिं में रत्ति आदि शब्दों के बाद -ओ होता है ।[१] उदा० रत्तो, रत्तियं । स्त्रीवाचक ईकारांत शब्द के बाद -अं का विकल्प से -यं हो जाता है ।[२] उदा० इत्थियं, इत्थिं । स्त्रीवाचक एक० के सभी रूपों में आकारांत और ओकारांत शब्दों को छोड़ कर शेष में दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है ।[३] उदा० इत्थिं, इत्थिया, इत्थियो, वधुं, वधुया, वधुयो आदि ।

स्त्रीलिंग के उक्त रूपों का विकास निम्नलिखित होगा—

लता—	एक०	बहु०
प०	लता	लता, लतायो
दु०	लतं	,, ,,
त०	लताय	लताहि, लताभि
पं०	,,	,, ,,
च० छ०	,,	लतानं
स०	,, , लतायं	लतासु
आल०	लते	लता, लतायो

रत्ति <रात्रि—

प०	रत्ति	रत्ती, रत्तियो, रत्यो
दु०	रत्तिं	,, ,,
त०	रत्तिया, रत्या	रत्तीहि, रत्तीभि
पं०	,, ,,	,, ,,
च० छ०	,, ,,	रत्तीनं
स०	रत्तियं, रत्यं, रत्तिं, रत्तो	रत्तीसु, रत्तिसु
आल०	रत्ति	रत्ती, रत्तियो, रत्यो

---

१. रत्यादीहि टो स्मिनो   सूत्र सं० ५७ काण्ड २   मोग्ग० व्या०
२. यं पीतो   ,, ७५ ,,   ,,
३. घो सु अघो नं   ,, ६६ ,,   ,,

		एक०	बहु०
इत्थी <स्त्री—			
	प०	इत्थी	इत्थी, इत्थियो
	दु०	इत्थियं, इत्थिं	,, ,,
	त०	इत्थिया	इत्थीहि, इत्थीभि
	पं०	,,	,, ,,
	च० छ०	,,	इत्थीनं
	स०	,, , इत्थियं	इत्थीसु
	आल०	इत्थि	इत्थी, इत्थियो
धेनु—	प०	धेनु	धेनू, धेनुयो
	दु०	धेनुं	धेनू, धेनुयो
	त०	धेनुया	धेनूहि, धेनूभि
	पं०	,,	,, ,,
	च० छ०	,,	धेनूनं
	स०	,, , धेनुयं	धेनूसु
	आल०	धेनु	धेनू, धेनुयो
वधू—	प०	वधू	वधू, वधुयो
	पु०	वधुं	,, ,,
	त०	वधुया	वधूहि, वधूभि
	पं०	,,	,, ,,
	च० छ०	,,	वधूनं
	स०	,, , वधुयं	वधूसु
	आल०	वधु	वधू, वधुयो
मातु <मातृ—			
	प०	माता	मातरो
	दु०	मातरं	मातरे, मातरो
	त०	मातुया	मातरेहि, मातरेभि

	एक०	बहु०
पं०	मातुया	मातरेहि, मातरेभि
च० छ०	,,	मातरानं, मातानं, मातूनं
स०	मातरि	मातरेसु, मातुसु
आल०	मात, माता	मातरो

मुख्य प्राकृतों में पालि की अपेक्षा संज्ञा आदि रूपों के विकास में साहृश्य का प्रभाव कुछ और व्यापक रूप में मिलता है। पुलिंग अकारांत शब्द प्रथमा एक० (-सु) में -ओ का प्रयोग मिलता है।[1] उदा० वृक्षः > वच्छो, कामः > कामो। पु० अका० प्रथमा बहु० और द्वितीया बहु० (क्रमशः जश् और शस) की विभक्तियों का लोप हो जाता है।[2] उदा० वृक्षाः > वच्छा, वृक्षान् > वच्छे। संभवतः प्रथमा बहु० और द्वितीया बहु० में अन्तर रखने के लिये एक का रूप तो वच्छा ही रहा और दूसरे का वच्छे हो गया। पु० अका० द्वितीया एक० (-अम्) की विभक्ति का लोप हो जाता है।[3] उदा० वृक्षम् >वच्छं पु० अ० तृतीया एक० (-टा) और षष्ठी बहु० (-आम्) की विभक्तियों के स्थान पर-ण का प्रयोग मिलता है।[4] उदा० वृक्षेण>वच्छेण, वृक्षाणां> वच्छाण। पु० अका० तृतीया

---

१ अत ओत सोः	सूत्र सं० १	परि० ५	प्रा० प्र०	
अतः सेर्डोः	,, २	तृ० पाद	,,	व्या०
२. जश शसोर्लोपः	,, २	परि० ५	,,	प्र०
जस शसोर्लुक	,, ४	तृ० पाद	,,	व्या०
३. अतोऽमः	,, ३	परि० ५	,,	प्र०
अमोस्य	,, ५	तृ० पाद	,,	व्या०
४. टामोर्णः	,, ४	परि० ५	,,	प्र०
टा आमोर्णः	,, ६	तृ० पाद	,,	व्या०

बहु० (भिस्) की विभक्ति के लिये -हिं य -हि का प्रयोग हुआ है।[१] उदा० वृक्षैः>वच्छेहिं, वच्छेहि। इसी का योग पुलिंग इका० उका०, स्त्री० अका०, ईका०, ऊका० और संख्यावाचक शब्दों में होता है।[२] उदा० अग्गीहिं, वाऊहिं, मालाहिं, णईहिं, वहूहिं, दोहिं, तीहिं, चअहिं आदि। पु० अका० पंचमी एक० (ङ)सि की विभक्ति के लिये-आ-, दो, -दु, -हि के प्रयोग मिलते हैं।[३] उदा० वृक्षात् >वच्छा, वच्छादो, वच्छादु, वच्छाहि। पु० अका० पंचमी वहु (भ्यस्) की विभक्ति के लिये-हिन्तो, सुन्तो के प्रयोग हुए हैं।[४] उदा० वृक्षेभ्यः> वच्छाहिन्तो, वच्छासुन्तो। पालि और शिलालेखी प्राकृत में यह विकास नहीं मिलता। -भ्यस् के पूर्व अकार वैकल्पिक रूप से दीर्घ स्वर में बदल जाता है। वच्छाहिन्तो, वच्छेहिंतो।[५]

पु० अका० षष्ठी एक० (ङस) की विभक्ति के लिये -स्स का विकास मिलता है।[६] उदा० वृक्षस्य>वच्छस्स। पु० अका० सप्तमी एक० -ङी की विभक्ति का विकास -ए और -म्मि में हुआ है।[७] उदा०

---

१. भिसोहिं	सूत्र संख्या	५	परि० ५	प्रा०	प्र०
भिसोहि हिं हिं	,,	७	तृ० पाद	,,	व्या०
२. शेषोऽदन्तवत्	,,	३०	परि० ६	,,	प्र०
३. ङसेरा-दो-दु-हयः	,,	६	,, ५	,,	,,
ङसेस् त्तो दो-दु हि-हिन्तो लुकः	,,	८	तृ० पाद	,,	व्या०
४ भ्यसो हिन्तो सुन्तो	,,	७	परि० ६	,,	प्र०
भ्यसस् त्तो दो दु हि हिन्तो सुन्तो	,,	९	तृ० पाद	,,	व्या०
५. भ्यसि वा	,,	१३	,,	,,	,,
६. स्सो ङसः	,,	८	परि० ५		प्र०
ङ सः स्सः	,,	१०	तृ० पाद	,,	व्या०
७. ङे रेम्मी	,,	६	परि० ५	प्रा०	प्र०
डेम्मि ङेः	,,	११	तृ० पाद०	प्रा०	व्या०

वृक्षे > वच्छे, वच्छम्मि। पु० अका० सप्तमी वहु० (सुप्) का विकास -सु रूप में मिलता है।[1] उदा० वृक्षेषु > वच्छेसु, वच्छेसुं। पु० अका० प्रथमा वहु० जस द्वितीया वहु० शस, पंचमी एक० (ङसि,) षष्ठी वहु० (-आम्) में -आ का योग हो जाता है।[2] उदा० वृक्षा > वच्छा, वृक्षान् > वच्छा, वृक्षात् > वच्छादो, वच्छादु > वच्छाहि, वृक्षाणाम् > वच्छाण, वच्छाणं। पु० अका० षष्ठी एक०, सप्तमी एक० की विभक्तियों को छोड़ कर शेष में संज्ञाओं के अन्त्य -अ के लिये -ए का प्रयोग मिलता है।[3] उदा० वृक्षान् > वच्छे, वृक्षेण > वच्छेण, वृक्षैः > वच्छेहिं, वच्छेहि, वृक्षेषु > वच्छेसु। पु० अका० शब्द में पंचमी एक० (ङसि) और सप्तमी एक -ङि० के पूर्व संज्ञा के अन्त -अ का लोप हो जाता है।[4] उदा० वृक्षात् > वच्छा, वृक्षे > वच्छे।

अतएव प्राकृत में पुलिंग अकारान्त का रूप-विकास इस प्रकार होगा—

वच्छ > वृक्ष	एक वचन	द्विवचन
प्र०	वच्छो	वच्छा
द्वि०	वच्छं	वच्छे, वच्छा
तृ०	वच्छेण	वच्छेहिं, वच्छेहि
पं०	वच्छादो, वच्छादु, वच्छाहि, वच्छा	वच्छाहिन्तो, वच्छासुन्तो, वच्छेहिन्तो, वच्छेसुंतो
च० ष०	वच्छस्स	वच्छाण, वच्छाणं

---

१ सुपः सुः	सूत्र संख्या	१०	परि० ५	प्रा० प्र०
२. जश-शस्-ङस्यांसु दीर्घः	,,	११	,,	,,
जस्-शस्-ङसि-त्तो-दो द्वामि दीर्घः	,,	१२	तृ० पाद	प्रा० व्या०
३. ए च सुप्यङिङसोः	,,	१२	परि ५	प्रा० प्र०
टाण शस्येत्	,,	१४	तृ० पा०	प्रा० व्या०
भिस्भ्यस्सुपि	,,	१५	,,	,,
४. क्वचिद् ङसि-ङ्योर्लोपः	,,	१३	परि० ५	प्रा० प्र०

	एक०	वहु०
स०	वच्छे, वच्छम्मि	वच्छेसु, वच्छेसुं
अ०	वच्छ	वच्छा

इकारांत और उकारान्त शब्दों में द्वितीया वहु० (शस्) में -णो का योग मिलता है।[१] उदा० अग्नीन्>अग्गिणो, वायून् >वाउणो। इका० और उका० शब्दों में षष्ठी एक० (-ङस्) का विकास भी -णो में हुआ है।[२]उदा० अग्नेः>अग्गिणो, अग्गिस्स, वायोः>वाउणो, वाउस्स। इका० और उका० शब्दों में प्रथमा वहु० (जस) में -ओ और -णो मिलते हैं।[३] उदा० अग्नयः>अग्गीओ, अग्गिणो, वायवः> वाउओ, वाउणो। नपुंसक लिंग में भी यही प्रयोग मिलता है। इका० और उका० शब्दों में तृतीया एक० (-टा) में -णा का विकास हुआ है।[४] उदा० अग्निना> अग्गिणा, वायुना> वाउणा। इका० और उका० शब्दों में प्रथमा एक० (सु), तृतीया वहु० (भिस्), सप्तमी वहु० में पूर्व स्वर दीर्घ हो जाता है।[५] उदा० अग्निः > अग्गी, वायुः> वाऊ, अग्निभिः > अग्गीहिं, अग्गीहि, वायुभिः> वाऊहिं, वाऊहि, अग्निषु> अग्गीसु, वायुषु> वाऊसु। नपुसंक लिंग में भी ये ही रूप मिलते हैं। उदा० गिरी, बुद्धी, तरू।

---

१. इदुतोः शसो णो	सूत्र सं०	१४	परि० ५	प्रा० प्र०
२. ङसो वा	,,	१५	,,	,,
ङसि ङसोः पुंक्लीवे वा	,,	२३	तृ० पा०	प्रा० व्या०
३ जसश्च ओ णत्वम्	,,	१६	परि० ५	प्रा० प्र०
जस् शसोर्णो वा	,,	२२	तृ० पा०	प्रा० व्या०
४. टा णा	,,	१७	परि० ५	प्रा० प्र०
टो णा	,,	२४	तृ० पा०	प्रा० व्या०
५. सुभिस् सुप्सु दीर्घः	,,	१८	परि० ५	प्रा० प्र०
अक्लीवे सौ	,,	१९	तृ० पा०	प्रा० व्या०
८. इदुतो दीर्घः	,,	१६	तृ० पा०	प्रा० व्या०

जब कि प्रथमा एक० की विभक्ति (सु) संबोधन के लिये प्रयुक्त होती है तो -ओ, कोई दीर्घ स्वर और अनुस्वार का प्रयोग नहीं किया जाता।[1] उदा० हे वच्छ, हे अग्गि, हे वाऊ, हे वण, हे दिहि, हे महु, हे विलासिणि। इकारांत और उकारांत संज्ञाओं में सप्तमी एक० (ङि), पंचमी एक० (ङसि) में -ए और -आ का क्रमशः प्रयोग नहीं मिलता।[2] उदा० अग्नौ > अग्गिम्मि, वायौ > वाउम्मि, अग्नेः > अग्गीदो, अग्गीदु, अग्गीहि, वायोः > वाऊदो, वाऊदु वाऊहि। इकारान्त और उकारान्त संज्ञाओं के अन्त्य स्वर के लिये यदि पंचमी बहु० (भ्यस्) की विभक्ति बाद में हो तो -ए का प्रयोग नहीं होता।[3] उदा० अग्निभ्यः > अग्गीहिन्तो, अग्गीसुन्तो, वायुभ्यः > वाउहिन्तो, वाऊसुन्तो। अतएव पुंलिंग इकारान्त और उकारान्त का रूप-विकास निम्नलिखित होगा—

अग्गि < अग्नि

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	अग्गी	अग्गी, अग्गीओ, अग्गिणो, अग्गओ
द्वि०	अग्गिं	अग्गिणो
तृ०	अग्गिणा	अग्गीहिं अग्गीहि
पं०	अग्गीदो	अग्गीदु, अग्गीहि, अग्गीहिन्तो, अग्गीसुंतो
च०ष०	अग्गिस्स, अग्गिणो, अग्गओ	अग्गीणं, अग्गीण
स०	अग्गिम्मि	अग्गीसुं, अग्गीसु
सं०	अग्गि,	अग्गी, अग्गीओ, अग्गिणो, अग्गओ

वाउ		
प्र०	वाऊ	वाऊ, वाऊओ, वाउणो, वाअओ
द्वि०	वाउं	वाउणो

1. नामन्त्रणे सावोत्वदीर्घ बिन्दवः सूत्र सं० २७ परि० ५ प्रा० प्र०
2. न ङिङस्योरेदातौ „ ६१ परिच्छेद ६ प्रा० व्या०
3. ए भ्यसि „ ६२ „ प्रा० प्र०

	एकवचन	वहुवचन
तृ०	वाउणा	वाऊहिं, वाऊहि
पं०	वाऊदो, वाऊदु, वाऊहि	वाऊहिन्तो, वाऊसुन्तो
च० ष०	वाउणो, वाउस्स, वाअओ	वाऊणं, वाउण
स०	वाउम्मि	वाऊसु, वाऊसुं
सं०	वाउ	वाऊ, वाउणो, वाऊओ, वाअओ

स्त्रीवाचक संज्ञाओं के द्वितीया वहु० (शस्) में -उ और -ओ का प्रयोग मिलता है।[1] उदा० माला:> मालाओ, मालाउ, नदी > नईओ, नईउ, वधू:> वहूओ, वहूउ। स्त्रीवाचक संज्ञाओं में प्रथमा वहु० (जस्) में -उ, -ओ के वैकल्पिक प्रयोग मिलते हैं।[2] उदा० माला:> मालाओ, मालाउ, नद्य:>णईओ, णईउ, णई। स्त्रीवाचक संज्ञाओं में द्वितीया एक० (-अम्) की विभक्ति के पूर्व दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है।[3] उदा० मालाम् >मालं,नदीम् >णइं,वधूम् >वहुं। स्त्रीवाचक संज्ञाओं मे तृतीया एक० (टा) षष्ठी एक० (ङस्) सप्तमी एक० (ङि) की विभक्तियों के स्थान पर -इ,-ए, -अ और-आ के प्रयोग मिलते हैं।[4] उदा० नद्या, नद्या:, नद्याम्> णईइ, णईए, णईअ, णईआ। परन्तु स्त्रीलिंग की आकारांत संज्ञाओं में -अ और -आ के प्रयोग नहीं मिलते।[5] उदा० मालया, मालाया:, मालायाम्> मालाइ, मालाए, मालाउ। स्त्रीवाचक आकारांत संज्ञाओं में अन्त्य वर्ण -आ

१. स्त्रियां शस उदोतौ	सूत्र सं०	१९	परि० ५	प्रा० प्र०
स्त्रियामुदोतौ वा	,,	२७	तृ० पाद	प्रा० व्या०
२. जसो वा	,,	२०	परि० ५	प्रा० प्र०
३. अमिह्रस्वः	,,	२१	,,	,,
ह्रस्वोमि	,,	३६	तृ० पाद	प्रा० व्या०
४. टा-ङस् ङीनाम इदे ददातः	,,	२२	परि० ५	प्रा० प्र०
टा-ङस्-ङेर दादिदेद्वातुङसेः	,,	२९	तृ० परि०	प्रा० व्या०
५. नातोऽदातौ	,,	२३	परि० ५	प्रा० प्र०
नात आत्	,,	३०	तृ० पा०	प्रा० व्या०

और -ई का अनियमित विपर्यय मिलता है।[१] उदा० सहमाना>सहमाणा, सहमाणी, हरिद्रा> हलद्दा, हलद्दी, सूर्पनखा > सुप्पणहा, सुप्पणही, छाया> छाहा, छाही। पुलिंग रूपों में भी यह परिवर्तन मिलता है। उदा० हसमाणी, हसमाणा। स्त्रीवाचक आकारांत संज्ञाओं की संबोधन विभक्ति में प्रथमा एक० -आ के स्थान पर-ए-हो जाता है।[२] उदा० हे माले। स्त्रीवाचक ईकारात और ऊकारान्त संज्ञाओं का संबोधन विभक्ति में ई और -ऊ का ह्रस्व रूप हो जाता है।[३] उदा० हे नइ, हे वहु। नपुंसकसूचक संज्ञाओं में प्रथमा एक वचन (सु) के पूर्व अन्त्य स्वर दीर्घ नहीं होता।[४] उदा० दधि> दहिं, मधु> महुं, हविस्> हविं। नपुंसकसूचक संज्ञाओं में प्रथमा बहु० (जस्), द्वितीया बहु० (शस्)में -इ का प्रयोग होता है और पूर्व का स्वर दीर्घ हो जाता है।[५] उदा० वनानि> वणाइ, दधीनि> दहीइ, मधूनि> महूइ। नपुंसकसूचक संज्ञाओं में प्रथमा एक० (सु) में अनुस्वार का प्रयोग होता।[६] उदा० वणं, दहिं, महुं। अतएव स्त्रीवाचक संज्ञाओं ईकारान्त,-अकारांत, आकारांत तथा नपुंसकसूचक अकारांत का रूप-विकास प्राकृत भाषाओं में इस प्रकार होगा—

नदी > णई

	एक०	बहु०
प्र०	णई	णईओ, णईउ, णई

---

१. आदीतौ बहुलम्	सूत्र संख्या	२४	परि० ५	प्रा० प्र०
प्रत्यये ङीर्न वा	,,	३०	तृ० पा०	प्रा० व्या०
२. स्त्रियामात एत	,,	२८	परि० ५	प्रा० प्र०
वाप ए	,,	४१	तृ० पाद	प्रा० व्या०
३. इदूतोर्ह्रस्वः	,,	२६	परि० ५	प्रा० प्र०
,, ,,	,,	४२	तृ० पाद	प्रा० व्या०
४. न नपुंसके	,,	२५	परि० ३	प्रा० प्र०
५. इज् जस् शसोर् दीर्घश्च	,,	२६	,,	,,
६. सोर्बिन्दुर्नपुंसके	,,	३०	,,	,,

	एक०	बहु०
द्वि०	णइं	णईओ, णईउ, णई
तृ०	णईइ, णईअ, णईआ, णईए, णईउ	णईहि, णईहिं
पं०	णईदो णईदु, णईहि, णइई णईअ, णईआ, णईउ	णईहिन्तो, णइसुन्तो
च०,ष०	णईइ, णईआ, णईअ, णईआ, णईउ णईए	णईणं, णईण
स०	णईइ, णईअ, णईआ, णइए णईउ	णईसु, णईसुं
सं०	णइ	णईओ, णईउ, णई

माला

प्र०	माला	माला, मालाओ, मालउ
द्वि०	मालं	,,
तृ०	मालाअ, मालाइ, मालाए	मालाहि, मालाहिं
पं०	मालाअ, मालाइ, मालाए मालत्तो, मालाओ, मालाउ मालाहितो	मालत्तो, मालाओ, मालाउ मालाहिन्तो, मालासुन्तो
च० ष०	मालाअ, मालाइ, मालाए	मालाण, मालाणं
स०	,,	मालासु, मालासुं
अ०	माले, माला	माला, मालाओ, मालाउ

वधू > वहू

प्र०	वहू	वहूओ, वहूउ, वहू
द्वि०	वहुँ	वहूओ, वहूउ, वहू
तृ०	वहूई, वहूअ, वहूआ वहूए, वहूउ	वहूहि, वहूहिं

	एक वचन	बहु वचन
पं०	वहूदो, वहूदु, वहुअ, वहूहि, वहूओ, वहूए वहूउ	वहूहिन्तो, वहूसुन्तो ,,
ष०	वहूई, वहूअ, वहूआ, वहूए वहूउ	वहूणं, वहूण
स०	वहूई, वहूअ, वहूआ, वहूए वहुउ	वहूसु, वहूसं
सं०	वहु	वहूओ, वहूउ, वहू

वन (नपु०) > वण

प्र०	वणं	वणाइं, वणाइ
द्वि०	,,	,,
तृ०	वणेण	वणेहिं, वणेहि
प०	वणादो, वणादु, वणाहि	वणासुन्तो, वणेसुंतो, वणाहिन्तो, वणेहिन्तो
ष०	वणस्स	वणाणं, वणाण
स०	वणे, वणम्मि	वणेसु
सं०	वण	वणाइं, वणाइ, वणाईं

संस्कृत ऋकारान्त शब्दों में विभक्तियों (सुप्) के पूर्व-ऋ का विकास -आर मिलता है ।[1] उदा० भर्तृ > भत्तार, भत्तारो, भत्तारे। मातृ शब्द के -ऋ का विकास -आ मिलता है और इसका रूप-विकास स्त्रीवाचक आकारांत रूप के सदृश होता है ।[2] उदा० मातृ > माआ, मातरम् > माअं, मात्रा, मातुः। मातरि > माआइ, माआए, माआउ। ऋकारान्त शब्दों में प्रथमा

---

1. ऋत आरः सुपि — सूत्र संख्या ३१ : परि० ५ प्रा० प्र०
   आरः स्यादौ — ,, ४५ तृ० पाद ,, व्या०
2. मातुरात् — ,, ३२ परि० ५ ,, प्र०
   आ अरा मातुः — ,, ४६ तृ० पाद ,, व्या०

वहु० (जस्), द्वितीया वहु० (शस्) तृतीया एक० (टा), षष्ठी एक० (ङस्), सप्तमी वहु० (सुप) में ऋ>उ का प्रयोग मिलता है।[1] उदा० भर्तृ-भर्तारः>भत्तुणो,भर्तॄन् >भत्तुणो, भत्तारे,भर्त्रा>भत्तुणा, भत्तारेण, भर्तुः>भत्तुणो, भत्तारस्स, भर्तृषु>भत्तुसु, भत्तारेसु। क्रमदीश्वर के अनुसार उक्त विभक्तियों में भर्तृ > भट्टि हो जाता है। पितृ, भ्रातृ और जामातृ शब्दों में विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व ऋ > अ हो जाता है।[2] उदा० पितरम् > पिअरं, पिता > पिअरेण, भ्रातरम् > भाअरं भ्रात्रा > भाअरेण, जामातरम् >जामाअरं, जामात्रा >जामाअरेण। पितृ, भ्रातृ, जामातृ शब्दों में प्रथमा एक० (सु) में-ऋ>-आ का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[3] उदा० पितृ, पिता> पिआ, पिअरो, भ्राता> भाआ, भाअरो, जामातृ, जामाता> जामाआ, जमाअरो। अतएव पुलिंग ऋकारान्त का रूप-विकास इस प्रकार होगा—

भर्तृ—	एक०	वहु०
प्र०	भत्तारो	भत्तारा, भत्तुणो, भत्तू, भट्टिणो
द्वि०	भत्तारं	भत्तारो, भत्तुणो, भत्तू, भट्टिणो
तृ०	भत्तारेण, भत्तुणा, भट्टिणा	भत्तारेहि, भत्तारेहिं
पं०	भत्तारादो, भत्तारादु, भत्ताराहि	भत्ताराहिन्तो, भत्तारासुन्तो
ष०	भत्तारस्स, भत्तुस्स, भत्तुणो, भट्टिणो	भत्ताराणं, भत्ताराण
स०	भत्तारे, भत्तारम्मि	भत्तारेसु, भत्तारेसुं, भत्तूसु भत्तूसुं
सं०	भत्तार	भत्तारा, भत्तुणो, भत्तू, भट्टिणो

---

१. उर् जश् टाङस् सुप्सु वा	सूत्र संख्या ३३	परि० ५	प्रा०	प्र०
ऋतामुदस्यमौसु वा	,, ४४	तृ० पाद	,,	व्या०
२. पितृ भ्रातृ जामातृणामरः	,, ३४	परि० ५	,,	प्र०
नाम्यरः	,, ४७	तृ० पाद	,,	व्या०
३ आच सौ	,, ३५	परि० ५	,,	प्र०
आ सौ न वा	,, ४८	तृ० पाद	,,	व्या०

भ्रातृ—	एक वचन	बहु वचन
प्र०	भाश्रा, भाअरो	भाअरा
द्वि०	भाअरं	भाअरे
तृ०	भाअरेण	भाअरेहिं, भाअरेहि
पं०	भाआरादो, भाअरादु, भाअराहि	भाअराहिन्तो, भाअरासुन्तो
	भाअरस्स	भाअराणं, भाअराण
स०	भाअरे, भाअरम्मि	भाअरेसुं, भाअरेसु
सं०	भाअ, भाअर,	भाअरा

ऋकारान्त शब्दों का विकास स्त्रीवाचक आकारांत के सदृश होता है। व्यंजनांत राजन् शब्द के प्रथमा एक० (सु) में अन् > आ का प्रयोग मिलता है।[1] उदा० राजन्- राजा > राआ। संबोधन में राजन् में अनुस्वार का वैकल्पिक प्रयोग होता है।[2] उदा० हे राअं, हे राअ। राजन् शब्द में प्रथमा बहु० (जस्), द्वितीया बहु० (शस्), षष्ठी एक० (ङस्) स्थणो के लिये-णो का प्रयोग होता है।[3] उदा० राजानः > राआणो, राज्ञः > राआणो, राज्ञः > राइणो। क्रमदीश्वर के अनुसार -णो का वैकल्पिक प्रयोग होता है। उदा० राजानः > राइणो, राआ। राज्ञः > राइणो, राआणे, राज्ञः > राअस्स। राजन् शब्द में द्वितीया बहु० (शस्) में -ए का वैकल्पिक प्रयोग किया जाता है।[4] उदा० राज्ञः > राए, राइणो, राआणे, राआणो। राजन् शब्द में षष्ठी बहु० (आम्) के लिये-णं का प्रयोग मिलता है।[5] उदा

---

१. राज्ञश्च	सूत्र संख्या ३९	परि० ६	प्रा०	प्र०
राज्ञः	„ ४९	तृ० पाद	„	व्या०
२. आमन्त्रणे वा बिन्दुः	„ ३७	परि० ५	„	प्र०
३. जश् शस् ङसां णो	„ ३८	„	„	
जस्-शस् ङसि, ङसां णो	„ ५०	तृ० पाद	„	व्या०
४. शस् एत्	„ ३९	परि० ५	„	प्र०
५. आमो णं	„ ४०	„	„	

राज्ञाम्> रान्नाणं। राजन् में तृतीया एक० (टा) में -णा का प्रयोग होता है।[१] उदा० राज्ञा> राइणा, रण्णा। राजन् में षष्ठी एक० (ङस्) और तृतीया एक० (टा) के अन्त्य व्यंजन का या तो लोप हो जाता है या वैकल्पिक रूप से उसका द्वित्व हो जाता है।[२] उदा० राज्ञ:> राइणो, रण्णो, राज्ञा> राइणा, रण्णा। राजन् के अन्त्य व्यंजन का यदि द्वित्व नहीं होता तो तृतीया एक० (टा०) और षष्ठी एक० (ङस्) के पूर्व -इ का योग हो जाता है।[३] उदा० राज्ञा> राइणा, राज्ञ:> राइणो। राजन् में षष्ठी एक० (ङस्) के अतिरिक्त अन्य विभक्तियों में भी णो या -णं हो तो -ज> -अ जाता है।[४] उदा० राज्ञ:>राआणो, राज्ञाम्> राआणं। अन्य विभक्तियों में राजन् का विकास पुलिंग अकारांत के सदृश होता है। अस्तु, राजन् का रूप विकास निम्नलिखित होगा—

	एक०	बहु०
प्र०	राआ	राआणो, राआ
द्वि०	राअं	राआणो राए, राआणे
तृ०	राइणा, रण्णा	राएहि, राएहिं
पं०	राआ, राआदो, राआदु, राआहि	राआहिन्तो, राआसुन्तो, राएहिन्तो, राएसुन्तो
ष०	राइणो, रण्णो, राणो, राअस्स	राअणं, राआण
स०	राए, राअम्मि	राएसुं, राएसु
सं०	राअ, राअं	राआणो, राआ

---

१. टाणा	सूत्र सं० ४१	परि० ५	प्रा० प्र०
टोणा	,, ५१	तृ० पाद	,, व्या०
२. ङसश्च् द्वित्वं वान्त्यलोपश्च	,, ४२	परि० ५	,, प्र०
३. इद्‌द्वित्वे	,, ४३	,,	,, ,,
इणममामा	,, ५३	तृ० पाद	,, व्या०
४. आ णोणमोर ङसि	,, ४४	परि० ५	,, प्र०
इर्जस्य णो णा ङौ	,, ५२	तृ० पाद	,, व्या०

आत्मन् शब्द का विकास अप्पाण मिलता है।[1] अप्पाणो, अप्पा, अत्ता आदि। आत्मन् शब्द का परिवर्तन जब अप्पाण रूप में नहीं होता तो उसका रूप-विकास राजन् के सदृश होता है परन्तु इसमें विभक्ति के पूर्व -ई का योग या अन्त्य व्यंजन का द्वित्व नही होता। अप्पण का रूप-विकास पु० अकारांत के सदृश होता है।[2] ब्रह्मन् आदि शब्दों का रूप-विकास भी आत्मन् के सदृश होता है।[3] उदा० ब्रह्मन् > बह्मा, ब्रह्माणो, युवन् > जुवा, जुआणो, अध्वन् > अद्धा, अद्धाणो। आत्मन् (अत्ता, अप्पा) शब्द का रूप-विकास इस प्रकार होगा—

	एक०	बहु०
प्र.	अत्ता, अप्पा, अप्पाणो	अत्ता, अत्ताणो, अप्पा, अप्पाणो, अप्पाणा
द्वि.	अत्तं, अप्पं, अप्पाणं	अप्पाणो, अप्पाणे, अप्पाणा
तृ.	अत्तणा, अप्पणा, अप्पाणेण	अत्तेहिं, अत्तेहि, अप्पेहिं, अप्पेहि, अप्पाणेहिं, अप्पाणेहि
पं.	अत्ता, अत्तादो, अत्तादु, अत्ताहि, अप्पा, अप्पाणहि, अप्पादो, अप्पादु, अप्पाहि, अप्पाणा, अप्पाणादो, अप्पाणादु	अत्ताहिन्तो, अत्तासुन्तो, अप्पाहिन्तो, अप्पासुन्तो, अप्पाणाहिन्तो, अप्पाणासुन्तो, अप्पाणेहिन्तो, अप्पाणेसुन्तो
ष०	अत्तस्स, अत्तणो, अप्पस्स, अप्पणो, अप्पाणस्स	अत्ताणं, अत्ताण, अप्पाणं, अप्पाण, अप्पाणाणं, अप्पाणाण
स.	अत्ते, अत्तम्मि, अप्पे, अप्पम्मि, अप्पाणे, अप्पाणम्मि	अत्तेसुं, अत्तेसु, अप्पेसुं, अप्पेसु, अप्पाणेसुं, अप्पाणेसु

१, आत्मनोऽप्पाणो वा	सूत्र सं० ४५	परि० ५	प्रा० प्र०
२, इत्व द्वित्व वर्ज राजवदनादेशे	,, ४६	,,	,, ,,
पुंस्यन् आणो राजवच्च	,, ५६	तृ० पाद०	,, व्या०
३. ब्रह्माद्या आत्मवत्	,, ४७	परि० ५	,, प्र०

एक वचन	वहु वचन
सं. अत्तं, अत्त, अप्पं, अप्प, अप्पाण	अत्ता, अत्ताणो, अप्पा, अप्पाणो, अप्पाणा

सर्वनाम और संख्यावाचक शब्दों का रूप-विकास—

प्राकृत में संज्ञा के विभिन्न रूपों में ध्वनि-परिवर्तन और सादृश्य के कारण जो सरलता प्राप्त होती है वह सर्वनाम आदि रूप के विकास में भी मिलती है। उनमें वहुत अधिक भिन्नता नहीं मिलती। संस्कृत की जिन विभक्तियों का योग संज्ञा रूपों में होता है प्राय: उन्हीं का योग सर्वनाम आदि रूपों में भी पाया जाता है। इसीलिये संज्ञा, सर्वनाम आदि रूपों में पर्याप्त समानता मिलती है।

प्रारंभिक प्राकृत पालि में सर्वनामों का रूप-विकास संज्ञा-रूपों के सदृश होता है। कुछ ही रूपों की विभिन्नता मिलती है। पुरुष-वाचक सर्वनामों में उत्तम पु०, मध्यम पु० के प्रयोग तीनों लिंगों में समान होते हैं। उत्तम पु० अम्ह (अहं) का प्रथमा एक० (सि) में अहं रूप होता है।[१] प्र० वहु० यो में मयं अस्मा, अम्हे रूप मिलते हैं।[२] प्रथमा से लेकर चतुर्थी और षष्ठी वहु० में अम्ह का णो और तुम्ह (मध्यम पु०) का वो रूप होता है।[३] तृ० एक० ना और च० प० एक० (स) में अम्ह का 'मे' और तुम्ह का 'ते' विकल्प से मिलता है।[४] द्वि० एक० (अं) में अम्ह का मं, ममं और 'तुम्ह' का (तं, तवं) होता है।[५] द्वितीया वहु (यो) अम्ह का अम्हं, अम्हाकं, अम्हे और तुम्ह के तुम्हं तुम्हाकं,

१ सि म्ह हं	सूत्र संख्या २१३	काण्ड २	मोग्गल्लान व्या०
२. मय मस्माम्ह स्स	,, २११	,,	,,
३. योनं हि स्च पञ्चम्या वो नो	,, २३५	,,	,,
४. ते मे ना से	,, २३६	,,	,,
५. अम्हि तं मं तवं ममं	,, २२६	,,	,,

तुम्हें मिलते हैं।[१] तृतीया० एक० (-ना), पंचमी एक० (-स्मा) में अम्ह का मया और तुम्हे का तया होता है।[२] चतुर्थी, षष्ठी एक० (स) अम्ह का 'मम, मय्ह', तुम्ह का 'तव, तुय्हं' मिलता है।[३] चतुर्थी, पष्ठी बहु० (-स,-नं) में अम्ह का अस्माकं, अम्हाकं, ममं, मम होते हैं।[४] षष्ठी बहु० में अम्ह का अम्हं, अम्हाकं, तुम्ह का तुम्हं, तुम्हाकं मिलते हैं।[५] सप्तमी एक० (-स्मिं) में अम्ह का मयि और तुम्ह का तयि हो जाता है।[६] सप्तमी बहु० (-सु) में अम्ह का वैकल्पिक प्रयोग अस्मा मिलता है।[७] उदा० अस्मासु, अस्मासु। प्र० एक० (-सि) और द्वि० एक० (-अं) में तुम्ह का त्वं, तुवं मिलते हैं।[८] तुम्ह के तया और तयि के (-त>-त्व) वैकल्पिक प्रयोग होते हैं।[९] उदा० त्वया, तया, त्वयि, तयि। तुम्ह का पंचमी एक -स्मा> -म्हा मिलता है।[१०] प्रथम पुरुष सर्वनामों के दो रूप दूरवर्ती अमु (वह) और पार्श्ववर्ती एत, इम (यह) निश्चयवाचक सर्वनामों के अनुसार मिलते हैं और इनके रूप तीनों लिंगों में कुछ भिन्न होते हैं।

द्वितीया विभक्ति में इन, एत का न रूप हो जाता है।[११]-स्सं, -स्सा,

१ दुतिये योम्हिच	सूत्र सं०	२३३	का० २	मोग्ग० व्या०
२. ना स्मा सु तया मया	,,	२३०	,,	,,
३ तव मम तुम्हं मय्हं से	,,	२३१	,,	,,
४ नं से स्व स्मा कं म मं	,,	२१२	,,	,,
५. डं. डा कं नम्हि	,,	२३२	,,	,,
६ स्मि म्हि तु म्हा म्हानं तयि मयि	,,	२२८	,,	,,
७. सुम्हा म्ह स्सा स्मा	,,	२०५	,,	,,
८, तुम्ह स्स तुवं त्वमम्हि च	,,	२१४	,,	,,
९. तया तयो नं त्व वा तस्स	,,	२१५	,,	,,
१०. स्मा म्हि त्व म्हा	,,	२१६	,,	,,
११. इमे तान मेना न्वादे से दुतियायं	,,	१६६	,,	,,

-स्साय के पूर्व एत, इम आदि के अन्त्य स्वर-अ>-इ मिलता है।[1] उदा० एतिस्सं, एतिस्सा, एतिस्साय आदि। पुलिंग तथा स्त्री० में -प्र० एक० (सि) में इम>अयं हो जाता है।[2] उदा० अयं पुरिसो, अयं इत्थी, पु० तथा नपुं० में तृ० एक० (ना) में इम>अन, इमि मिलता है।[3] उदा० अनेन, इमिना। पु० तथा नपुं० में सप्तमी वहु० (सु)- प० वहु० (नं०), तृ० पं० वहु०-(हि) में इम>-ए का वैकल्पिक प्रयोग किया जाता है।[4] उदा० एसु, इमेसु, एसं इमेसं, एहि, इमेहि। पु० एक० (सि), द्वि० एक० (अं) में इम> इदं का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[5] पुलिंग तथा स्त्री० में प्र० एक० (सि) में अमु>असु होता है।[6] उदा० असु पुरिसो, असु इत्थी। उक्त प्रयोग में-क के आगम होने पर भी अमु>असु मिलता है।[7] उदा० असुको, अमुको, असुका, अमुमा आदि। पुलिंग में प्र० द्वि० वहु०-यो का अमु के वाद लोप मिलता है।[8] उदा० अमू पुरिसा चतुर्थी एक० (स) में अमु में-नो विभक्ति का प्रयोग नहीं होता।[9] उदा० अमुस्स। नपुं० में प्र० एक० (सि,) द्वि० एक (अं) में अमु> अहुं का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[10] अस्तु, पुरुषवाचक सर्वनाम के रूपों का विकास निम्नलिखित होगा—

---

१. स्स स्सा स्सा येस्वि तरे कञ्ञेतिमा न मि	सूत्र सं०	५४	का० २	मो॰ग० व्या०
२. सि-म्ह नपुंसक स्सा यं	,,	१२६	,,	,,
३. ना म्ह नि मि	,,	१२८	,,	,,
४. इम स्सा निथियं टे	,,	१२७	,,	,,
५ इम रिसदं वा	,,	२०३	,,	,,
६. मस्सा मुस्स	,,	१३१	,,	,,
७. के वा	,,	१३२	,,	,,
८. लोपो मुस्मा	,,	८८	,,	,,
९. न नो सस्स	,,	८६	,,	,,
१०, अमु स्सा दुं	,,	२०४	,,	,,

अम्ह (अस्मद्)—

	एक०	बहु०
प०	अहं	मयं, अस्मा, अम्हे, नो
पु०	मं, ममं	अम्हं, अम्हाकं, अम्हे, नो
त०	मया, मे	अम्हेहि, अम्हेभि, नो
पं०	मया	,, ,,
छ०	मम, मय्हं, अम्हं, ममं, मे	अम्हाकं, अम्हं, अम्हे, नो
स०	मयि	अस्मासु, अम्हेसु

तुम्ह (युष्मद्)—

प०	त्वं, तुवं	तुम्हे, वो
पु०	तं, तवं, त्वं तुवं	,, ,, ,तुम्हं, तुम्हाकं
त०	त्वया, तया, ते	तुम्हेहि, तुम्हेभि, वो
पं०	,, ,, , त्वम्हा	,, ,,
छ०	तव, तुय्हं, तुम्हं, ते	तुम्हाकं, तुम्हे, वो
सं०	त्वयि, तयि	तुम्हेसु

एत (एतद्) पु०

प०	एसो	एते
दु०	एतं, एनं	,, एने
त०	एतेन	एतेहि, एतेभि
पं०	एतम्हा, एतस्मा,	,, ,,
च० छ०	एतस्स	एतेसं, एतेसानं
स०	एतम्हि, एतस्मिं	एतेसु

एत (एतद्) -नपुं०

प०, दु०	एतं	एते, एतानि

शेष रूप पुलिंग एत के सदृश होते हैं।

एत-(तद्)-स्त्री०

	एक०	बहु०
प०	एसा	एता, एतायो
दु०	एतं	,, ,,
त०	एताय	एताहि, एताभि
प०	,,	,, ,,
छ०	,, एतिस्साय, एतिस्सा	एतासं, एतासानं
स०	एतिस्सं, एतस्सं, एतासं	एतासु

इम (इदम्) पु०

प०	अयं	इमे
दु०	इमं	,,
त०	अनेन, इमिना	एहि, एभि, इमेहि, इमेभि
पं०	अस्मा, इमस्मा, इमम्हा	,, ,,
छ०	अस्मा, इमस्स	एसं, एसानं, इमेसं, इमेसानं
स०	अस्मिं, इमस्मिं, इमन्दि	एसु, इमेसु

इम-नपु० प० दु० इदं, इमं — इमे, इमानि

शेष रूप पुलिंग इम के सदृश होते हैं।

इम (इदम्) स्त्री०

प०	अयं	इमा, इमायो
दु०	इमं	,,
त०	इमाय	इमाहि, इमाभि
पं०	,,	,, ,,
छ०	,, , अस्साय, अस्सा, इमिस्साय, इमिस्सा	इमासं, इमासानं
स०	अस्सं, इमिस्सं, इमासं	इमासु

अमु (अदस्)–पु०

प०	असु, असु	अमू, अमुयो
दु०	अमुं	,, ,,

त०	अमुना	अमूहि, अमूभि
पं०	,, अमुम्हा, अमुस्मा	,, ,,
छ०	अमुस्स, अमुनो	अमूसं, अमूसान
स०	अमुम्हि, अमुस्मि	अमूसु

अमु (अदस्) नपुं०

प० दु०	अदुं, असुं	अमू, अमूनि

शेष रूप पुलिंग अमु के सदृश होते हैं।

अमु (अदस्) स्त्री०

प०	असु, अमु	अमू, अमुयो
दु०	अमुं	,, ,,
त०	अमुया	अमूहि, अमूभि
पं०	,,	,, ,,
छ०	,, अमुस्सा	अमूसं, अमूसानं
स०	अमुस्सं, अमुयं	अमूसु

सर्व आदि के प्रथमा वहु० (जस्) में- ए का प्रयोग मिलता है[1] उदा० सर्वे> सव्वे, ये> जे, ते > ते, के> के, कतरे> कदरे। सर्व आदि के सप्तमी एक० (-ङि) में- स्सि, -म्मि, -त्थ विभक्तियों का प्रयोग मिलता है।[2] उदा० सर्वस्मिन> सव्वस्सिं, सव्वम्मि, सव्वत्थ, इतरस्मिन्> इअरस्सिं, इअरम्मि, इअरत्थ।

इदम् , एतद्, किम् , यद्, तद् शब्दों में तृतीया एक० (टा) में वैकल्पिक रूप से -इणा का प्रयोग होता है।[3] उदा० अनेन>

---

१. सर्वादेर्जस एत्वम्	सूत्र संख्या	१	परिच्छेद ६	प्रा० प्र०
अतः सर्वादेर्जेर्जसिः	,,	५८	तृ० पाद	,, व्या०
२. ङे स्सि-म्मि-त्थाः	,,	२	परि० ६	,, प्र०
,, ,,	,,	५६	तृ० पाद	,, व्या०
३. उदमेतत् कियत्तद्भ्यष्टा इणा वा	,,	३	परि० ६	,, प्र०

इमिणा, इमेण, एतेन> एदिणा, एदेण; केन> किणा, केण, येन> जिणा, जेण, तेन> तिणा, तेण। इदम् आदि शब्दों के षष्ठी बहु० (-आम्) में वैकल्पिक रूप से- एसिं का प्रयोग मिलता है।[1] उदा० एषाम्> इमेसिं, इमाण, एतेषाम्> एदेसिं, एदाण, केषाम्> केसिं, काण, येषाम्> जेसिं, जाण, तेषाम्> तेसिं, ताण। किम् , यद् और तद् शब्दों में षष्ठी एक० (ङस्) में वैकल्पिक रूप से -आस का योग पाया जाता है।[2] उदा० कस्य> कास, कस्स, यस्य> जास, जस्स, तस्य> तास, तस्स। किम् , यद् और तद् शब्दों के स्त्रीवाचक रूपों में षष्ठी एक० (ङस्) में -स्सा का प्रयोग हुआ है।[3] उदा० कस्याः> किस्सा, (कीसे, कीआ, कीए, कीअ, कीइ, कीउ)। यस्याः> जिस्सा, (जीसे, जीआ, जीए, जीअ, जीइ, जीउ), तस्याः> तिस्सा, (तीसे, तीआ, तीए, तीअ, तीइ, तीउ)।

किम् , यद् और तद् शब्दों के सप्तमी एक० (ङि) में वैकल्पिक रूप से -हिं का प्रयोग मिलता है।[4] उदा० कस्मिन् > कहिं, (कस्सिं, कम्मि, कत्थ)। यस्मिन्> जहिं (जस्सिं, जम्मि, जत्थ), तस्मिन्> तहिं, तस्सिं, तम्मि, तत्थ)।

उपर्युक्त किम् , यद् और तद् शब्दों का समयवाची अर्थ में सप्तमी एक० (ङि) में वैकल्पिक रूप से -आहे और -इआ का

---

१. आम एसिं	सूत्र सं०	४	परि० ६	प्रा० प्र०
आमो डेसिं	,,	६१	तृ० पाद	,, व्या०
२. किं यत्तद्भयो ङस आसः	,,	५	परि० ६	,, प्र०
कित्तद्भयो ङसः	,,	६३	तृ० पाद	,, व्या०
३. इद्भयः स्सा से	,,	६	परि० ६	,, प्र०
ईद्भयः स्स से	,,	६४	तृ० पाद	,, व्या०
४. ङे हिं	,,	७	परि० ६	,, प्र०
नवानिदमेहदो हिं	,,	३०	तृ० पाद	,, व्या०

प्रयोग मिलता है।[1] उदा० कहा> काहे, कइआ, कहि, यदा> जाहे, जइआ, जहि, तदा> ताहे, तइआ, तहिं।

उपर्युक्त सर्वनामों में पंचमी एक० (ङसि) में -त्तो और -दो का प्रयोग होता है।[2] उदा० कस्मात्> कत्तो, कदो, यस्मात्> जत्तो, जदो, तस्मात्> तत्तो, तदो। तद् सर्वनाम के पंचमी एक० (ङसि) में वैकल्पिक रूप से -ओ का योग होता है।[3] उदा० तत्> तो, तत्तो, तदो। उक्त सर्वनाम तद् में षष्ठी एक० (ङस्) में वैकल्पिक रूप से 'से' का विकास मिलता है।[4] उदा० तस्य, तस्याः> से, पुल्लिग में तास, तस्स रूप भी मिलते हैं। तद् शब्द में षष्ठी बहु० (-आम्) में वैकल्पिक रूप से 'सिं' का प्रयोग होता है।[5] उदा० तेषां, तासां> सिं, ताण, ताणं, तेसिं।

हेमचन्द्र ने उक्त प्रयोग का उल्लेख इदम्, एतद्, तद् के सब लिंगों में किया है। किम् सर्वनाम का विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व -क रूप हो जाता है।[6] उदा० को, के, केण, केहिं। इदम् सर्वनाम का विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व इम रूप हो जाता

---

१. आहे इआ काले	सूत्र संख्या ८	परिच्छेद ६	प्रा० प्र०
ङे. र्डाहे डाला इआ काले	,, ६५	तृ० पाद	,, व्या०
२. त्तो दो ङसेः	,, ९	परि० ६	,, प्र०
३. तद ओश्च	,, १०	,,	,, ,,
तदो डोः	,, ६७	तृ० पाद	,, व्या०
४. ङसा से	,, ११	परि० ६	,, प्र०
ईद्भयः स्सा से	,, ६४	तृ० पाद	,, व्या०
५. आमा सिं	,, १२	परि० ६	,, प्र०
किमः कः	,, १३	,,	,, व्या०
किमः कस्त्र तसोश्च	,, ७१	तृ० पाद	,, व्या०
७. किमो डिणो-डीसौ	,, ६८	,,	,, व्या०

है[१] और पंचमी वहु० (भ्यस्) में -इणा जड़ जाता है। उदा० इमो-इमे, इमेण, इमेहिं, इमिणा, एदिणा, किणा, जिणा, तिणा। इदम् सर्वनाम का षष्ठी एक०-स्स और सप्तमी एक०-स्सि के पूर्व वैकल्पिक रूप से -अ मिलता है।[२] उदा० अस्य> अस्स, इमस्स अस्मिन्> अस्सिं, इमस्सिं। इदम् सर्वनाम में सप्तमी एक० (ङि) में वैकल्पिक रूप से-इ का योग हुआ है।[३] उदा० अस्मिन्> इइ, अस्सिं, इमस्सिं, इमम्मि। इमत्थ रूप का प्रयोग नहीं होता। सप्तमी एक० (ङि) में इदम् का -त्थ रूप नहीं मिलता है।[४] इदम् सर्वनाम का प्रथमा एक० (सु) द्वितीया एक० (अम्) का नपुंसक लिंग में विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व इदम् इणम् और इणमो रूप हो जाता है।[५]

एतद् सर्वनाम का प्रथमा एक० (सु) में -ओ का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[६] उदा० एषः>एस, एसो। एतद् सर्वनाम का पंचमी एक० (ङसि) में वैकल्पिक रूप से -त्तो का योग होता है।[७] उदा० एतस्मात् >एत्तो, एदादो, एदादु, एदाहि। एतद् शब्द में -त

१. इदमः इम	सूत्र संख्या १४	परि ६	प्रा० प्र०
,, ,,	,, ७१	तृ० पाद	,, व्या०
इदमेतत्किं-यत्त द्भ्यष्टो डिणा	,, ६६	तृ० पाद	, व्या०
२. स्सिं-स्सिमोरद्वा	,, १५	परि० ६	,, प्र०
स्सिं-स्सयोरयत्	,, ७४	तृ० पाद	,, व्या०
३. ङ देॅन हः	,, १६	परि० ६	,, प्र०
ङ मेॅनह	,, ७५	तृ० पाद	,, व्या०
४. न त्थः	,, १७	परि० ६	,, प्र०
,,	,, ७६	तृ० पाद	,, व्या०
५. नपुंसके स्वमोरिदमिणभिणमो	,, १८	परि० ६	,, प्र०
क्लीवे स्यमेदमिणमो च	,, ७६	तृ० पाद	,, व्या०
६. एतदः सावोत्वं वा	,, १६	परि० ६	,, प्र०
७. त्तोङ सेः	,, २०	,,	,, ,,
वैतदो ङसेस्त्तो त्ताहे	,, ८२	तृ० पाद	,, व्या०

का-त्तो और-त्थ के पूर्व लोप हो जाता है।[१] उदा० एतस्मात्> एत्तो, एतस्मिन>एत्थ। तद् और एतद् का पुलिंग और स्त्रीलिंग में -त्त के स्थान पर-स का प्रयोग प्रथमा एक० की विभक्ति (सु) के पूर्व होता है।[२] उदा० सः पुरुष>सो पुरिसो, सा-महिला>सा-महिला, एसो, एस, एसा। हेमचन्द्र के अनुसार नपुंसक लिंग में भी स का रूप मिलता है।[३] अदस् सर्वनाम के -द के लिये-मु का प्रयोग विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व मिलता है और इसका विकास उकारान्त संज्ञा के अनुसार होता है।[४] उदा० असौ पुरुषः>अमू पुरिसो, असौ महिला>अमू महिला, अमी पुरुषाः>अमूओ पुरिसा, अमूः महिलाः>अमूओ महिलाओ। अदः वनम्>अमुं वणं, अमूनि वनानि>अमुइं वणाइं। अदस् सर्वनाम के-द के लिये प्रथमा एक० (सु) में वैकल्पिक रूप से सभी लिंगों में,-ह का योग मिलता है।[५] उदा० अह पुरिसो, अह महिला, अह वणं। अदस् का सप्तमी एक० (ङि) में इयम्मि, अयम्मि रूप मिलता है।[६]

उपर्युक्त सर्वनामों के पुलिंग स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंगों के रूप इस प्रकार होंगे—

सर्व>सव्व-पुलिंग—

	एक०	बहु०
प्र०	सव्वो	सव्वे

---

१. त्तोत्थयोस्तलोपः	सूत्र सं०	२१	परि० ६	प्रा० प्र०
त्थे च तस्य लुक्	,,	८३	तृ० पाद	,, व्या०
२. तदेतदोः सः सावनपुंसके	,,	२२	परि० ६	,, प्र०
३. तदश्च तः सोऽक्लीबे	,,	८६	तृ० पाद	,, व्या०
४. अदसो दो मुः	,,	२३	परि ६	,, प्र०
मुः स्यादौ	,,	८८	तृ० पाद	,, व्या०
५. हश्च सौ	,,	२४	परि० ६	,, प्र०
वादसो दस्य होनोदाम्	,,	८७	तृ० पाद	,, व्या०
६. म्मावयेऔ वा	,,	८९	,,	,, व्या०

	एकवचन	वहु वचन
द्वि०	सव्वं	सव्वे
तृ०	सव्वेण	सव्वेहिं, सव्वेहि
पं०	सव्वादो, सव्वादु, सव्वाहि	सव्वाहिन्तो सव्वासुन्तो
ष०	सव्वस्स	सव्वाणं, सव्वाण
स०	सव्वस्सि, सव्वम्मि, सव्वत्थ	सव्वेसुं, सव्वेसु

सव्व-स्त्रीलिंग

प्र०	सव्वा	सव्वाओ, सव्वाउ, सव्वा
द्वि०	सव्वं	,, ,,
तृ०	सव्वाइ, सव्वाए	सव्वाहिं, सव्वाहि
प०	,, सव्वादो, सव्वाहि सव्वाहि	सव्वाहिन्तो सव्वासुन्तो
ष०	सव्वाइ, सव्वाए	सव्वाणं, सव्वाण
स०	,,	सव्वासुं, सव्वासु

सव्व नपु०

प्र०, द्वि०	सव्वं	सव्वाइं, सव्वाइ, सव्वाणि

शेष रूप पुलिंग के सदृश विकसित होते हैं।

इदम् (इम) पुलिंग—

प्र०	इमो	इमे
द्वि०	इमं	,,
तृ०	इमेण, इमिणा	इमेहिं, इमेहि
पं०	इमादो, इमादु, इमाहि	इमाहिन्तो इमासुन्तो
च० ष०	इमस्स, अस्स	इमाणं, इमाण, सिं
स०	इमस्सिं, इमम्मि, अस्सिं, इह	इमेसु, इमेसु

इमा (इदम्) - स्त्रीलिंग

	एक०	बहु०
प्र०	इमा	इमाओ, इमाउ, इमा
द्वि०	इमं	,,
तृ०	इमाइ, इमाए	इमाहिं, इमाहि

शेष रूप स्त्रीलिंग सर्व के अनुसार विकसित होते हैं।

इम (इदम्)-नपुं०

प्र० द्वि०	इदं, इणं, इणमो	इमाइं, इमाइ, इमाणि

शेष रूप पुलिंग के सदृश होते हैं।

किम्-पुलिंग

प्र०	को	के
द्वि०	कं	,,
तृ०	केण, किणा	केहि, केहिं
पं०	कदो, कत्तो	काहिन्तो, कासुन्तो
ष०	कस्स, कास	काणं, काण, केसिं
स०	कस्सिं, कम्मि, कत्थ, कहिं, कस्सि	केसु, केसुं

किम् - स्त्रीलिंग

प्र०	का	काओ, काउ, कीओ, कीउ
द्वि०	कं	,,
तृ०	कीणा, काए, काइ, कीए, कीइ, कीअ, कीआ	काहिं, काहि, कीहिं, कीहि
पं०	कादो, कादु, कादो कीदु, कीए	काहिन्तो, कासुंतो, कीहिन्तो, कीसुन्तो
ष०	कस्सा, किस्सा, कासे, कीसे, कीए, कीइ, कीअ, कीआ, काइ, काए	कासां, केसिं, कासिं, काणं, काण, कीणं, कीण

	एक०	वहु०
स०	काए, काइ, कीए, कीइ, कीआ, कीअ काहे, कइआ	कासुं, कासु, कीसुं, कीसु

किम् - नपु०

प्र० द्वि०	कं	काइं, काइ, काणि

शेष रूप पुलिंग के सदृश विकसित होते हैं।

यद्-पुलिंग		स्त्रीलिंग
प्र०	जो	जे
द्वि०	जं	,,
तृ०	जेण, जिणा	जेहिं, जेहि
पं०	जत्तो, जदो	जाहिन्तो, जासुन्तो
ष०	जस्स, जास	जाणं, जाण, जेसिं
स०	जस्सिं, जम्मि, जत्थ, जहिं, जाहे, जइआ, जस्सि	जेसुं, जेसु

यद्-स्त्रीलिंग		
प्र०	जा	जाअरे, जाउ, जीअरे, जीउ
द्वि०	जं	,,
तृ०	जीणा, जाए, जाइ, जीइ जीए, जीअ, जीआ	जाहिं, जाहि, जीहिं, जीहि
पं०	जादो, जादु, जीदो, जीदु	जाहिन्तो, जीसुन्तो, जीहिन्तो, जीसुन्तो
ष०	जस्सा, जिस्स, जासे, जीसे, जीए, जीइ, जीअ, जीआ, जाइ, जाए	जासां, जेसिं, जासिं, जीसिं, जाणं, जाण, जीणं, जीणा,
स०	जाए, जाइ, जीए, जीइ, जीअ, जीआ, जाहे, जइआ	जासुं, जासु, जीसुं, जीसु

यद्—नपुं०

	एक०	बहु०
प्र० द्वि०	जं	जाइं, जाइ, जाणि

शेष रूप पुलिंग के सदृश विकसित होते हैं।

तद्-पुलिंग

	एक०	बहु०
प्र०	सो	ते
द्वि०	तं	,,
तृ०	तेण, तिणा	तेहिं, तेहि
पं०	तत्तो, तदो, तो	ताहिन्तो, तासुन्तो
ष०	तस्स, तास, से	तेसिं, ताणं ताण, सिं
स०	तस्सिं, तम्मि, तत्थ, तहिं, ताहे, तइआ, तस्सि	तेसुं, तेसु

तद्—स्त्रीलिंग

	एक०	बहु०
प्र०	सा	ताओ, ताउ, तीओ, तीउ
द्वि०	तं	,,
तृ०	ताइ, ताए, तीए, तीइ तीअ, तीआ, तीणा	ताहिं, ताहि, तीहिं, तीहि
पं०	,, तादो, तादु, तीदो, तीदु	ताहिन्तो, तासुन्तो, तीहिन्तो तीसुन्तो
ष०	तस्सा, तिस्सा, तासे, तीसे, ताए, ताइ, तीए, तीइ, तीअ, तीआ, से	तासां, तेसिं, तासि, तीसिं, ताणं, ताण, तीणं, तिण, सिं
स०	ताए, ताइ, तीए, तीइ, तीअ, तीआ, ताहे, तइआ	तासुं, तासु, तीसुं, तीसु

एतद्—नपुं०

	एक०	बहु०
प्र० द्वि०	नं	ताइं, ताइ, ताणि

शेष रूप पुलिंग के सदृश मिलते हैं।

एतद्-पुलिंग

प्र०	एस, एसो	एदे
द्वि०	एदं	,,
तृ०	एदेण, एदिणा	एदेहिं, एदेहि
पं०	एत्तो, एदादो, एदादु, एदहि	एदाहिन्तो, एदासुन्तो
ष०	एदस्स	एदेसिं, एदाणं, एदाण
स०	एदस्सिं, एदम्मि, एत्थ, इत्थ	एदेसुं, एदेसु

एतद्—स्त्रीलिंग

प्र०	एसा	एदाओ, एदाउ
द्वि०	एदाइ, एदाए	एदाहिं, एदाहि

शेष रूप सर्व, इदम् (स्त्री०) के सदृश प्रयुक्त होते हैं।

एतद्—नपुं०

प्र० द्वि०	एदं	एदाइं, एदाइ, एदाणि

शेष रूप पुलिंग के समान मिलते हैं।

अदस्-पुलिंग

प्र०	अमू, अह	अमूओ, अमुणो
द्वि०	अमुं	अमू, अमुणो, अमू
तृ०	अमुणा	अमूहिं, अमूहि
पं०	अमूदो, अमूदु, अमूहि	अमूहिन्तो, अमूसुन्तो
ष०	अमुणो, अमुस्स	अमूणं, अमूण
स०	अमुस्सिं, अमुम्मि, अमुत्थ	अमूसुं, अमूसु

अदस्—स्त्रीलिंग

	एक०	बहु०
प्र०	अमू, अह	अमूओ, अमूउ, अमू
द्वि०	अमुं	,,
तृ०	अमूए, अमूइ, अमूअ, अमूआ	अमूहिं, अमूहि
प०	,, अमूदो, अमूदु, अमूहि	अमूहिन्तो, अमूसुन्तो
प०	अमूए, अमूइ, अमूअ, अमूआ	अमूणं, अमूण
स०	,,	अमूसुं, अमूसु

अदस्—नपुं०

प्र०	अह, अमुं	अमूइं, अमूइ, अमूणि
द्वि०	अमुं	अमूइ, अमूणि

शेष रूप पुलिंग के समान मिलते हैं।

पुरुषवाचक सर्वनामों का रूप-विकास प्राकृत-प्रकाश में सूत्र संख्या २६–५३ में मिलता है। एक पद के लिये अनेक रूपों के प्रयोग मिलते हैं।[1] युष्मद् के प्रथमा एक वचन (सु) में तं, तुमं और हेमचन्द्र के अनुसार तुं, तुवं, तुह का विकास मिलता है।[2] युष्मद् के द्वितीया एक वचन (अम्) में तुं, तुमं, तं के प्रयोग मिलते हैं।[3] युष्मद् के प्रथमा बहुवचन (जस्)

१. पदस्य	सूत्र सं० २५		परिच्छेद ६	प्रा०	प्र०
२. युष्मदस्तं तुमं	,,	२६	,,	,,	,,
युष्मदस्तं तुं, तुवं, तुह, तुमं सिना	,,	९०	तृ० पाद	,,	व्या०
३. तुं चामि	,,	२७	परि० ६	,,	प्र०
तं तुं तुमं तुवं तुह तुमे तएअमा	,,	९२	तृ० पाद	,,	व्या०

में तुज्झे और तुम्हे का विकास हुआ है।[1] युष्मद् के द्वितीया बहुवचन (शस्) में तुज्झे, तुम्हें और वो के प्रयोग मिलते हैं।[2] युष्मद् के तृतीया एक वचन (टा) और युष्मद् के सप्तमी एक वचन (ङि) में क्रमशः त्वया, त्वयि > तइ, तए, तुमए, तुये के प्रयोग मिलते हैं।[3] युष्मद् के षष्ठी एक वचन (ङस्) में ते > तुमो, तुह तुज्झ, तुम्ह, तुम्म का प्रयोग मिलता है।[4] क्रमदीश्वर के अनुसार तुव, तुम्म के प्रयोग भी होते हैं।

भारतीय वय्याकरणों के अनुसार तृतीया एक०—आङ् का रूप पाश्चात्य वय्याकरणों के द्वारा निर्देशित—टा है। युष्मद् के तृतीया एक० (आङ्) में त्वया > ते और युष्मद् के षष्ठी एक० (ङस्) में तव > ते मिलते हैं।[5]

युष्मद् के तृतीया एक० (आङ्) में त्वया > तुयाइ का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[6] युष्मद के तृतीया बहु० (भिस्) में युष्माभिः > तुज्झेहिं,

---

१. तुज्झे तुम्हे जसि	सूत्र संख्या	२८	परि० ६	प्रा० प्र०
मे तुब्भे तुज्झ तुम्ह तुम्हे उय्हे जसा	,,	९१	तृ० पाद	,, व्या०
२. वो च शसि	,,	२९	परि० ६	,, प्र०
३. टाङयोस्तइ तए तुमए तुये	,,	३०	,,	,, ,,
तुमे तुमए तुमाइ तइ तए ङिना	,,	१०१	तृ० पाद	,, व्या०
४. ङसि तुमो तुह तुज्झ तुम्ह तुम्मा:	,,	३१	परि० ६	,, प्र०
तइ तुव तुम तुथ तुब्भा ङसौ	,,	९९	,,	,, व्या०
५. आङि च ते दे	,,	३२	परि० ६	,, प्र०
भे दि दे ते तइ तए तुमं तुमइ तुमए तुमे तुमाइ टा	,,	९४	तृ० पाद	,, व्या०
तइ तु ते तुम्हं तुह तुहं तुव तुम तुमे तुमो तुमाइ दि दे इ ए तुब्भोब्भोय्हा ङसा	,,	९९	तृ० पाद	,, ,,
६. तुमाइ च	,,	३३	परि० ६	,, प्र०

तुम्हेहिं, तुम्हहि के प्रयोग मिलते हैं।[1] क्रमदीश्वर के अनुसार तुम्मेहिं, तुम्मेहि का विकास तुम्हेहिं या तुम्हेहि के आधार पर हुआ है इसलिये तुज्झेहिं, तुम्हेहि के अनुस्वार रहित रूप के भी प्रयोग होते हैं। युष्मद् के पंचमी एक० (ङसि) में तत्तो, तइत्तो, तुमादो, तुमादु, तुमाहि रूप मिलते हैं।[2] युष्मद् के पंचमी बहु० में युष्मद > तुम्हाहिन्तो, तुम्हासुन्तो रूप मिलते हैं।[3] युष्मद के षष्ठी बहु० में युष्माकम् , वः > वो, तुज्झाणं तुम्हाणं का प्रयोग होता है।[4]

युष्मद् के सप्तमी एक० (ङि) में तुमम्मि का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[5] क्रमदीश्वर के अनुसार तुमम्मि और तुमस्सि दोनों रूप मिलते हैं। युष्मद् के सप्तमी बहु० (सुप) में युष्मासु > तुज्झेसु, तुम्हेसु रूप मिलते हैं।[6] अतएव मध्यम पुरुष सर्वनाम युष्मद् का रूप-विकास इस प्रकार होगा—

युष्मद्—

	एक०	बहु०
प्र०	त्वं, तुवं	तुम्हे

---

१. तुज्झेहिं तुम्हेहिं तुम्मेहिं भिसि	सूत्र संख्या ३४	परि० ६	प्रा० प्र०
भे तुब्भेहिं उज्झेहिं उम्हेहिं तुम्हेहिं उम्हेहिं भिसा	,, ९५	तृ० पाद	,, व्या०
२. ङसौ तत्तो तइत्तो तुमादो तुमादु तुमाहि	,, ३५	परि० ६	,, प्र०
३. तुम्हाहिन्तो तुम्हासुन्तो भ्यसि	,, ३६	,,	,,
४. वो भे तुज्झाणं तुम्हाणमामि	,, ३७	,,	,,
तुवो भे तुब्भं तुब्भाण तुवाण तुमाण तुहाण उम्हाण आमा	,, १००	तृ० पाद	,, व्या०
५. ङौ तुमम्मि	,, ३८	परि० ६	,, प्र०
तु तुव तुम तुह तुब्भा ङौ	,, १०२	तृ० पाद	,, व्या०
६. तुज्झेसु तुम्हेसु सुपि	,, ३९	परि० ६	,, प्र०

	एक०	बहु०
द्वि०	तं, तवं, त्वं	तुम्हाकं, तुम्हे
तृ०	त्वया, तया	तुम्हेहि, तुम्हेभि
पं०	,,	,,
ष०	तव, तुम्हं, तुम्हं	तुम्हाकं, तुम्हं
स०	त्वयि, तयि	तुम्हेसु

उत्तम पुरुष सर्वनाम अस्मद् का प्रथमा एक० (सु) में अहम् > हं, अहं, अहअं रूप मिलते हैं।[1] मागधी में अहअं के विकसित रूप हके, हगे, अहके और तृतीया में हकं मिलते हैं। अस्मद् के द्वितीया एक० (अम्) में माम् > अहम्मि और प्रथमा एक० में भी अहम् > अहम्मि मिलता है।[2] हेमचन्द्र के अनुसार णे, णं, मि, अम्मि अम्ह, मम्ह आदि रूप मिलते हैं। अस्मद् के द्वितीया एक० (अम्) में माम्, मा > मं, ममं का विकास मिलता है।[3] अस्मद् के प्रथमा बहु० (जस्) में वयम् और अस्मद् के द्वितीया बहु० (शस्) में अस्मान्, नः > अम्हे का प्रयोग मिलता है।[4] हेमचन्द्र ने अम्हो, अम्ह, णे रूप भी दिये हैं।

अस्मद् के द्वितीया बहु० (शस्) में अस्मान्, नः>णो का प्रयोग

---

१. अस्मदो हमहमहअं सौ	सूत्र संख्या ४०	परि० ६	प्रा० प्र०
अस्मदो म्मि अम्मि अम्हि हं अहं अहयं सिना	,, १०५	तृ० पाद	,, व्या०
२. अहम्मिरमि च	,, ४१	परि० ६	,, प्र०
३. मं ममं	,, ४२	,,	,, ,,
णे णं मि अम्मि अम्ह मम्ह मं ममं मिमं अहं अमा	,, १०७	तृ० पा०	,, व्या०
४. अम्हे जश्शसोः	,, ४३	परि० ६	,, प्रा०
अम्हे अम्हो अम्ह णे शसा	,, १०८,	तृ० पा०	,, व्या०
सुपि	,, १०३	,,	,, ,,

मिलता है।[१] हेमचन्द ने णे का प्रयोग भी दिया है। अस्मद् के तृतीया एक० (आङ) में मया> मे, ममाइ के प्रयोग मिलते हैं।[२] हेमचन्द्र ने मि, ममां, ममए, मइ, मए, मयाइ, णे के भी उदाहरण दिये हैं। अशोकी प्राकृत में ममया, ममिया रूप मिलते हैं। अस्मद् के सप्तमी एक० और तृतीया एक० में क्रमशः मयि > मइ और मया > ममए के प्रयोग मिलते हैं।[३] अस्मद् के तृतीया वहु० भिस् में अस्माभिः>अम्हेहिं का प्रयोग मिलता है।[४] क्रमदीश्वर के अनुसार अम्हेहिं का अनुस्वार रहित रूप ही मिलता है। हेमचन्द्र ने अम्हाहि, अम्ह, णे रूप भी दिये हैं। अस्मद् के पंचमी एक० (ङसि) में मत्> मत्तो, मइत्तो, ममादो, ममादु, ममाहि रूप मिलते हैं।[५] हेमचन्द्र ने ममत्तो, मज्झत्तो रूप भी साथ में दिये हैं। अस्मद् के पंचमी वहु० (भ्यस्) में अस्मत्> अम्हाहिन्तो, अम्हासुन्तो रूप मिलते हैं।[६] हेमचन्द्र ने ममाहिन्तो, ममासुन्तो आदि रूप भी दिये हैं। अस्मद् के पष्ठी एक० में मम, मे> मे, मम, मह, मज्झ रूपों का

---

१. णे शसि	सूत्र सं०	४४	परि० ६	प्रा० प्र०
२ आङि मे ममाइ	,,	४५	,,	,, ,,
३ ङौ च मइ मए	,,	४६	,,	,, ,,
मि मे ममं ममए ममाइ मइ मए मयाइ णे टा	,,	१०९	तृ० पाद	,, व्या०
४. अम्हेहिं भिसि	,,	४७	परि० ६	,, प्र०
अम्हेहि अम्हाहि अम्ह अम्हे णे भिसा	,,	११०	तृ० पाद	,, व्या०
५. मत्तो मइत्तो ममादो ममादु ममाहि ङसौ	,,	४८	परि० ६	,, प्र०
मइ मम मह मज्झ ङसौ	,,	१११	तृ० पाद	,, व्या०
६. अम्हाहिन्तो अम्हासुन्तो भ्यसि	,,	४९	परि० ६	,, प्र०
ममाम्हौ भ्यसि	,,	११२	तृ० पाद	,, व्या०

प्रयोग होता है।[1] मध्यएशिया के लेखों में महिय रूप मिलता है। मह्य > मज्झ > महि, महिय संभावित रूप हो सकते हैं। हेमचन्द्र ने महं, मज्झं, अम्ह, अम्हं रूप साथ में और दिये हैं। अस्मद् के षष्ठी वहु० (आम) में अस्माकम्, नः > अम्हाणं, अम्हे, अम्ह, मज्झ, णो रूपों के प्रयोग मिलते हैं।[2] कुछ हस्तलिखित प्रतियों में णो > णे मिलता है। क्रमदीश्वर के अनुसार मज्झ रूप नहीं होता। हेमचन्द्र ने णो, णे, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण और महाण रूप भी दिये हैं। अस्मद् के सप्तमी एक० (ङि) में मयि > ममम्मि रूप मिलता है।[3] क्रमदीश्वर के अनुसार ममस्सि रूप भी होता है। हेमचन्द्र ने अम्हम्मि, महम्मि, मज्झम्मि रूप भी दिये हैं। अस्मद् के सप्तमी वहु० (सुप्) में अम्हासु > अम्हेसु रूप का प्रयोग होता है।[4] हेमचन्द्र ने ममेसु, ममसु, मज्भेसु, अम्हसु, महेसु, महसु, मज्झसु रूप और दिये हैं।

अतएव उत्तमपुरुष अस्मद् सर्वनाम का रूप-विकास इस प्रकार होगा।

	एक०	वहु०
अस्मद्-प०	अहं, हं, अहअं, अहम्मि, मि	अम्हे, वअं (शौर०)

१, मे मम मह मज्झ ङसि	सूत्र सं०	५०	परि० ६	प्रा० प्र०
मे मइ मम मह महं मज्झ मज्झं अम्ह अम्हं ङसा	,,	११३	तृ० पाद	,, व्या०
२. मज्झ णो अम्ह अम्हाणमम्हे आमि	,,	५१	परि० ६	,, प्र०
णे णो मज्झ अम्ह अम्हं अम्हे अम्हो अम्हाण ममाण महाण मज्भाण आमा	,,	११४	तृ० पाद	,, व्या०
३. ममम्मि ङौ	,,	५२	परि० ६	,, प्र०
अम्ह मम मइ मज्भ ङौ	,,	११६	तृ० पाद	,, व्या०
४. अम्हेसु सुपि	,,	५३	परि० ६	,, प्र०
सुपि	,,	११७	तृ० पाद	,, व्या०

	एक०	बहु०
द्वि०	मं, समं, अहम्मि, मि	अम्हे, णो, णे
तृ०	मे, मए, मइ, ममाइ	अम्हेहिं, अम्हेहि
पं०	मत्तो, मइत्तो, ममादो, ममादु, ममाइ	अम्हाहिन्तो, अम्हासुन्तो
ष०	मे, मम, मह, मज्झ	णो, अम्ह, अहाणं, अम्हे मज्झु, अम्हो
स०	मइ, ममम्मि, ममस्सिं	अम्हेसु

हेमचन्द्र ने संज्ञा आदि रूपों के विकास के अनंतर तृतीय पाद में सूत्र सं० १३१-१३७ में प्राकृत की वाक्य-रचना की कुछ विशेषताएँ भी दी हैं। चतुर्थी एक० बहु० के लिये षष्ठी एक० बहु० का प्रयोग होता है।[1] उदा० मुणिस्स, मुणीण, देवस्स, देवाण। अकारांत च० एक में इसका वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[2] उदा० देवस्स, देवाय परन्तु बहुवचन में वही प्रयोग होता है। देवाण। वध शब्द में अकारांत के बाद चतुर्थी एक० में-आइ और षष्ठी विभक्ति में वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[3] उदा० वहाइ, वहस्स, वहाय। द्वितीया, तृतीया आदि के स्थान पर भी षष्ठी का प्रयोग कभी-कभी होता है।[4] उदा० धणस्स, लद्धो (द्वि०) चोरस्स वीहइ (तृ०) आदि। द्वितीया, तृतीया के स्थान पर सप्तमी का भी प्रयोग मिलता है।[5] उदा० गामे वसामि, नयरेन जामि (द्वि०), मइ वेविरीय मलिआइं, तिसु तेसु अलंकिआ पुहवी (तृ०)। पंचमी के स्थान पर भी प्राय:

---

१. चतुर्थ्याः षष्ठी	सूत्र सं० १३१	तृ० पाद	प्रा० व्या०
२. तादर्थ्यङर्वा	,, १३२	,,	,,
३. वधाड्डाइश्च वा	,, १३३	,,	,,
४. क्वचिद् द्वितीयादेः	,, १३४	,,	,,
५. द्वितीया तृतीययोः सप्तमी	,, १३५	,,	,,

तृतीया और सप्तमी का प्रयोग होता है।[1] उदा० चोरेण वहिइ अन्तेउरे रमिउमागओ राया। सप्तमी के लिये कभी-कभी द्वितीया का प्रयोग मिलता है।[2] उदा० विज्जुज्जोयं भरइ रत्तिं। अर्धमागधी में सप्तमी के लिये तृतीया का प्रयोग पाया जाता है। उदा० तेणं कालेणं, तेणं समएणं। प्रथमा के स्थान पर प्रायः द्वितीया का प्रयोग होता है। उदा० चववीसं पि जिणवरा।

संख्यावाचक शब्दों का रूप-विकास भी संज्ञा आदि के सदृश ही होता है। संज्ञा, सर्वनाम रूपों में जिन विभक्तियों का योग होता है प्रायः उन्हीं का प्रयोग संख्यावाचक शब्दों के विकास के लिये भी किया जाता है। संख्यावाचक शब्द एक का विकास एकवचन में एक्क, एग रूप में पाया जाता है। शेष का प्रयोग वहुवचन के अनुसार होता है। संख्यावाचक शब्द द्वि का विकास विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व दो या वे के रूप में मिलता है।[3] उदा० द्वाभ्याम्>दोहि, द्वयोः>दोसु। हेमचन्द्र ने प्र० द्वि० वहु० में दुवे, दोण्णि, वेण्णि रूप दिये हैं। संख्यावाचक शब्द तृ का परिवर्तन विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व 'ति' रूप में मिलता है[4] और इसका रूप विकास-इकारान्त संज्ञा के अनुसार होता है। उदा० त्रिभिः> तीहिं, त्रिपु> तीसु। त्रि के प्रथमा वहु० (जस्) के त्रयः, द्वितीया वहु० (शस्) के त्रीन् > तिण्णि का विकास मिलता है।[5] द्वि के प्रथमा वहु० (जस्) द्वौ, द्वितीया वहु० (शस्)

---

१. पंचम्यास्तृतीया च	सूत्र सं०	१३६	तृ० पाद	प्रा० व्या०
२. सप्तम्या द्वितीया	,,	१३७	,,	,, ,,
३. द्वे दों	,,	५४	परि० ६	,, प्र०
४. द्वे दुवे दोण्णि वा	,,	५७	,,	,, ,,
द्वे दों वे	,,	११९	तृ० पाद	,, व्या०
दुवे दोण्णि वेण्णि च जस्-शसा	,,	१२०	,,	,, ,,
५. त्रेस्तिः	,,	५५	परि० ६	,, प्र०

का प्रयोग वैकल्पिक रूप में दुवे और दोण्णि मिलता है।[1] उदा० द्वौ> दुवे, दोण्णि, स्त्रीलिंग, नपु० में द्वे> दुवे, दोण्णि। चतुर् के प्रथमा वहु० चत्वारः और द्वितीया वहु० चत्वारः के लिये चत्तारो और चत्तारि रूप मिलते हैं।[2] उदा० चत्वार. >चत्तारो, चत्तारि। हेमचन्द्र ने पु० वहु० में चउरो रूप भी दिया है। स्त्रीलिंग चतस्त्रः, नपु० चत्वारि > चत्तारो, चत्तारि, षष्ठी वहु० (आम्) द्वि, तृ और चतुर् शब्दों के वाद ण्हं का प्रयोग होता है।[3] उदा० द्वयोः> दोण्हं, त्र्यणाम्, तिसृणाम् > तिण्हं, चतुर्णाम्, चतसृणाम्> चतुण्हं, चउण्ह। क्रमदीश्वर के अनुसार दोण्हं में अनुस्वार नहीं होता। हेमचंद्र ने भी साथ में विना अनुस्वार के रूप के उदाहरण दिये हैं। दोण्ह, तिण्ह आदि।

कुछ संख्यावाचक शब्दों का रूप-विकास निम्नलिखित होगा—

द्वि०—

	वहु०
प्र०	दो, दुवे, दोण्णि, वेण्णि
द्वि०	,,
तृ०	दोहिं, वेहिं
प०	दोहिन्तो, दोसुन्तो, वेहिन्तो, वेसुन्तो
ष०	दोण्हं, वेण्हं, दोण्ह, वेण्ह
स०	दोसु, वेसु

---

१. तिण्णि जश्शसस्भ्याम्	सूत्र सं० ५६	परि० ६	प्रा० प्र०
त्रे स्तिण्णिः	,, १२१	तृ० पाद	,, व्या०
२. चतुरश्चत्तारो चत्तारि	,, ५८	परि० ६	,, प्र०
चतुरश्चत्तारो चउरो चत्तारि	,, १२२	तृ० पाद	,, व्या०
३. एषामामो ण्हं	,, ५९	परि० ६	,, प्र०
संख्याया आमो ण्ह ण्हं	,, १२३	तृ० पाद	,, व्या०

त्रि—		चतुर्—
	वहु०	
प्र०	त्रिरिण	चत्तारो, चउरो, चत्तारि
द्वि०	"	"
तृ०	तीहिं	चतूहिं, चतूहि, चऊहिं, चऊहि
पं०	तीहिन्तो, तीसुन्तो	चतूसुन्तो, चतूहिन्तो, चऊसुन्तो चऊहिन्तो
ष०	तिरहं, तिरह	चतुरहं, चउरहं, चतुरह, चउरह
स०	तीसु	चतूसु, चश्रसु

पञ्च—	पुलिंग	स्त्री०	षट्— पुलिंग	स्त्री०
प्र०	पञ्च	पञ्चा	छ	छाश्रो
द्वि०	"	"	"	"
तृ०	पञ्चहिं	पञ्चाहिं	छहिं	छाहिं
ष०	पञ्चरणं, पञ्चरहं	—	छरणं	—
स०	पञ्चसुं, पञ्चसु	पञ्चासुं	छसु	—

सप्तम्—		अष्टम्—
प्र०	सत्त	श्रढ, श्रठ्ठ
द्वि०	"	"
तृ०	सत्तहिं	श्रट्ठहिं
ष०	सत्तरहं	श्रट्ठरहं, श्रट्ठरह
स०	सत्तसु	श्रट्ठसु

नवम्—		दशम्—
प्र०	रणव	दस, दह
द्वि०	"	"
तृ०	रणवहिं	दसहिं, दसहि, दशेहिं
ष०	रणवरहं, रणवरह	दसानं, दसरहं, दसरह, दशान
स०	रणवसु	दससु

संस्कृत की संख्याओं का प्राकृत में निम्नलिखित रूप उपलब्ध होता है—

एकादश> एक्कारस, इक्कारस (अमा०), एआरह (माहा०)। द्वादश > दुवादस (अ० प्रा०), वारस, दुवालस (अमा०), वारह (माहा०) । त्र्योदश > त्रैदस (अ० प्रा०), तेरस, तेरह। चतुर्दश > चोदस, चोद्दस, चोद्दह। पंचदश > पण्णरस (अमा०, जै० माहा०) षोडस् >सोलस, सोळस। सप्तदश>सत्तरस। अष्टदश् > अट्ठारस । एकोनविंशति, ऊनविंशति> एगुणवीसं, अउणवीसं। विंशति> वीसं, वीसा, वीसई, वीसइ। एकविंशति> एक्कवीसइ, द्वाविंशति> वावीसं। त्रिविंशति > तेवीसं । चतुर्विंशति> चउव्वीसं। पंचविंशति> पणवीसं, पणुवीसं, पनुवीसा-(हि)। षड्विंशति> छव्वीसं । सप्तविंशति> सत्तवीसं, सत्ताविसं, सत्तावीसा। अष्टविंशति> अट्ठावीसं अट्ठावीसा । एकोनत्रिंशत्, ऊनत्रिंशत् > उणतीसं, उणतीसइ, त्रिंशत् > तीसं, तीसा । एकत्रिंशत् > एक्कतीसं, इक्कतीसं। द्वात्रिंशत् > वत्तीसं, वत्तीसा, (दो सोळह -माहा०) । त्रित्रिंशत् > तेत्तीसं, तायत्तीसा, तावत्तीसयं (अमा०) चतुर्त्रिंशत् > चोत्तीसं । पंचत्रिंशत् > पणतीसं । षड्त्रिशत् > छत्तीसं, छत्तीसा। सप्तत्रिशंत् > सत्ततीसं। अष्टत्रिंशत > अट्ठतीसा, अट्ठतीसं । ऊनचत्वारिंशत् > उणतालीसं, उणचत्तालीसा । चत्वारिंशत् > चत्तालीसा, चत्तालीस, चालीसा । एकचत्वारिंशत् > एक्कचत्तालीसा, इक्कतालीसं। द्वाचत्वारिंशत् > बायालीसं। त्रिचत्वारिंशत् > तेतालीसा, तेतालीसं । चतुर्चत्वारिंशत् > चौतालीसा, चौवालीसा । पंचचत्वारिंशत् > पणचालीस, पणचालीसं, पन्नतालीसा। षट्चत्वारिंशत् > छत्तालीसं, छचतालीसा। सप्तचत्वारिंशत् > सत्तालीसं, सत्तअत्तालीसं। अष्टचत्वारिंशत् > अटठअत्तालीसं । ऊनपंचाशत् > उणपंचासा, उणवंचासा। पंचाशत् > पण्णासं, पण्णासा, । षष्टि > सट्ठि,

सट्ठि। सप्तति > सत्तिरिं (अमा०), सयरी। अशीति > असीइं, असिइ। नवति > नउइं, नउइ, नव्वए। शत > सद, सअ, सय (अमा०)। सहस्त्र, सहस्र > सहस (अ० प्रा०), सहस्स लक्ष > लक्ख, सतसहस्स, सयसहस्स (अ० प्रा०), कोटि > कोड़ि, कोड़ी। क्रम-संख्यावाचक (Ordinals) -प्रथम > पढम, पढमइल्ल (अमा०) पढिल्ल, पठिल्ल, पथिल्ल। द्वितीय > दुईअ, दुइअ, दुइय (अमा०), बीय। तृतीय > तइअ, ततिय (अ० प्रा०), चतुर्थ > चउत्थ, चउत्थ, चदुत्थ, चउठ। पञ्चम् > पञ्चम (पञ्चमा-स्त्री०), षष्टम् > छट्ठ-छट्ठा (अमा०स्त्री०)। सप्तम् > सतम, सातम (ला० प्रा०) अष्ठम् > अठम (ला० प्रा०) अट्ठम-अट्ठमी (स्त्री०), नवम् > णवम। दशम् > दसम (ला० प्रा०) दसम, दसमी (स्त्री०)। प्राकृत में क्रमसंख्यावाचक प्रत्यय-म का प्रयोग उक्त रूपों में व्यापक पाया जाता है। उदा० द्वादशम् > बारसम् दुवालसम (अमा०), त्रयोदशम् > तेरसम (ला० प्रा०), चतुर्दशम् > चउद्दसम (अमा०), पंचदशम् > पन्नरसम, पोडसम् > सोलसम, विंशतिम् > वीसइम (अमा०), त्रिंशतम् > तिशतिम (ला० प्रा०)। चत्वारिशंतम् > चत्तालीसइम्। सप्ततिम् > सततिम (ला० प्रा०)। अशीतिम् > असिइम (ला०प्रा०)। शतम् > सतम।

अपूर्ण संख्या-वाचक (Fractional) पाद, पादिक > पाव पाअ। अर्द्ध > अड्ढ, अद्ध, दिवड्ढ (अमा०), द्व्यर्द्ध > दिवड्ढ, दिअड्ढ। अर्ध-तृतीय > अढतीय, अड्ढाइज्ज (अमा०)। अर्धतुर्थ > अद्धउत्थ, अड्ढअहुट्ठ अर्धषष्ठ > अद्धछट्ठ, सपाद > सवाअ। सार्द्ध > अड्ढ। पादोन > पाओन, पाउन।

अपभ्रंश

मुख्य प्राकृतों की अपेक्षा अपभ्रंश के संज्ञा, सर्वनाम आदि के रूपों में और भी सरलता मिलती है। हेमचन्द्र ने संज्ञा, सर्वनाम आदि का विकास सूत्र-सं० ३३०–३८१ में दिया है। विविध रूपों के उदाहरणों के अनंतर

कोष्ठकों में सूत्र-संख्या और छंद-संख्या का भी निर्देश कर दिया गया है। विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व शब्द का अन्त्य स्वर दीर्घ अथवा ह्रस्व हो जाता है।[1] उदा० प्रथमा में श्यामलः>सामाला, धन्या > धण, सुवर्ण रेखा > सुवण्णरेह (३३०-१), संबोधन में दीर्घ > दीहा (३३०-२)। प्रथमा बहु० अश्वः-घोडक > घोडा (३३०-४)।

प्रथमा, द्वितीया एक० (सि, अम्) की विभक्तियों के पूर्व शब्द के अन्त्य -अ> -उ हो जाता है।[2] उदा० प्र० एक० दशमुखः> दहमुहु, भयंकरः > भयंकरु, शंकरः > संकरु, निर्गतः> णिग्गउ, द्वि० एक चतुर्मुख> चउमुहु, षण्मुखं> छमुंहु (३३१-१)। पुलिंग शब्दों के अन्त्य -अ > -ओ का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[3] उदा० यः > जो, सः > सो (३३२-१)। नपुंसक लिंग में -उ स्वर होता है। उदा० अङ्ग-> अङ्गु, मुखकमलं>मुहकमलु (३३२-२)। तृतीया एक० में शब्द के अन्त्य -अ > -ए रूप मिलता है।[4] उदा० दयितेन>दइएँ गणयन्त्वाः> गणन्तिएँ, नखेन>नहेण (३३३-१)। सप्तमी एक० में शब्द के अन्त्य -अ >इ, ए पाया जाता है।[5] उदा० तले > तलि। तृतीया बहु० (भिस्) में शब्द के अन्त्य स्वर -अ> -ए का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[6] उदा० गुणैः > गुणहिं, लक्षैः > लक्खेहिं (३३५-१)। पंचमी एक० (ङसि) में -अ> -हे, -हु रूप मिलते हैं।[7] उदा० वृक्षात्> वच्छहे, वच्छहु (३३६-१)। पंचमी बहु०

---

१. स्यादौ दीर्घ ह्रस्वौ	सूत्र सं०	३३०	च० पाद	प्रा व्या०
२. स्यमोरस्योत्	,,	३३१	,,	,,
३. सौ पुंस्योद्वा	,,	३३२	,,	,,
४. एट्टि	,,	३३३	,,	,,
५. ङि नेच्च	,,	३३४	,,	,,
६. भिस्येद्वा	,,	३३५	,,	,,
७. ङसेर्हे-हू	,,	३३६	,,	,,

(भ्यस्) में -अ> -हुँ मिलता है।[१] उदा० गिरिशृङ्गेभ्यः> गिरि-सिङ्गहुँ (३३७-१)। षष्ठी एक० (ङस्) में -अ > -सु, हो, स्सु रूप होते हैं।[२] उदा० परस्य > परस्सु, तस्य> तसु, दुर्लभस्य> दुल्लहहो, सुजनस्य >सुअणस्सु (३३८-१) । षष्ठी बहु० (आम्) में अकारांत शब्दों के लिये -हुँ रूप का योग होता है।[३] उदा० तृणानां>तणहँ (३३६-१)। इकारांत, उकारांत शब्दों के षष्ठी बहु० में -हु और -हँ के प्रयोग मिलते हैं।[४] उदा० तरूणां>तरुहुँ, शकुनीनां> सउणिहँ (३४०-१)। सप्तमी एक० में भी -हुँ का प्रयोग मिलता है। उदा० द्वयोर्दिशो > दुहुँदिसिहिं (३४०-२)। इकारान्त और उकारांत शब्दों में पंचमी एक (ङसि), पंचमी बहु० (भ्यस्) और सप्तमी एक० (ङी) में क्रमशः -हे, -हुँ और -हि के प्रयोग होते हैं।[५] उदा० गिरेः > गिरिहे, तरोः>तरुहे, तरुभ्यः>तरुहुँ, स्वामि-भ्यः > सामिहुँ, कलौ > कलिहि (३४११ २) । अकारांत शब्दों में तृतीया एक० में एकार के साथ -ण अथवा अनु-स्वार का प्रयोग मिलता है।[६] उदा० दयित> दइएँ, पवसन्त> पवसन्तेण (३३३-१)। इकारांत और उकारांत शब्दों के तृतीया एक० में -एँ, -ण अथवा अनुस्वार होता है।[७] उदा० अग्निना> अग्गिएँ, वातेन>वाएँ, अग्निना> अग्गिं (३४३-१), अग्निना> अग्गिण (३४३-२)। प्रथमा और द्वितीया एक० बहु० (शस्) सु-

---

१ भ्योस हुँ	सूत्र सं०	३३७	च० पा०	प्रा० व्या०
२. ङस सु-हो स्सवः	,,	३३८	,,	,,
३. आमो हं	,,	३३६	,,	,,
४. हुं चेदुद्भ्याम्	,,	३४०	,,	,,
५. ङसि भ्यस, ङीनां हेहु हयः	,,	३४१	,,	,,
६ आट्टो णानुस्वारौ	,,	३४२	,,	,,
७. एं चेदुतः	,,	३४३	,,	,,

अम्, जस्) की विभक्तियों का प्रायः लोप मिलता है ।[१] उदा० अश्वाः > घोड़ा, निशिताः > निसिआ, खड्गाः > खग्ग (३३०-४), चक्रिमाणं > वंकिम, निजकशरान् > निअय-सर (३४४-१)। षष्ठी की विभक्तियों का भी प्रायः लोप हो जाता है।[२] उदा० गजानाम् > गय (३४५-१)।

संबोधन बहु० में संज्ञा-रूपों के साथ -हो का योग होता है।[३] उदा० हे तरुणाः > तरुणहो, हे तरुण्यः > तरुणिहो (३४६-१)। सप्तमी बहु० (सुप) और तृतीया बहु० (भिस्) में -हि का योग मिलता है।[४] उदा० गुणैः > गुणहिं (३३५-१), त्रिषु मार्गेषु > तिहिँ मग्गेहिं (३४७-१)। -स्त्रीलिंग के रूपों में प्रथमा और द्वितीया बहु० में -उ और -ओ के प्रयोग मिलते हैं।[५] उदा० अङ्गुल्यः > अङ्गुलिउ, जर्जरिताः > जज्जरियाउ (३३३-१)। सुन्दर सर्वाङ्गी विलासिनीः > सुन्दरसव्वाङ्गाउ विलासिणीओं (३४८-१)। स्त्रीवाचक शब्दों में तृतीया एक० (टा) में -ए का प्रयोग होता है।[६] उदा० चन्द्रिकया > चन्दिमएँ (३४९-१), मरकतकान्त्या > मरगय-कन्तिएँ (३४९-२)। पंचमी और षष्ठी एक० (ङस, ङसि) में स्त्री-वाचक संज्ञाओं के साथ -हे का योग मिलता है।[७] उदा० मध्यायाः > मज्झहे, जल्पनशीलायाः > जम्पिरहे, रोमावल्याः > रोमावलिहे, रागायः > रायहे आदि (३५०-१), वालायाः > वालहे (३५०-२)। स्त्रीवाचक संज्ञाओं के पंचमी और षष्ठी बहु० (भ्यस्, आम्) में

---

१ स्यम् जस-शसां लुक्	सूत्र सं०	३४४	च० प०	प्रा० व्या०
२. षष्ठयाः	,,	३४५	,,	,,
३, आमन्त्र्ये जसो होः	,,	३४६	,,	,,
४. भिस्सुपोर्हिं	,,	३४७	,,	,,
५. स्त्रियां जस् शसोरुदोत्	,,	३४८	,,	,,
६. ट ए	,,	३४९	,,	,,
७. ङस् ङस्योर्हे	,,	३५०	,,	,,

-हु का प्रयोग मिलता है।[1] उदा० वयस्याभ्यः, वयस्यानां > वयंसिअहु। स्त्रीवाचक संज्ञाओं के सप्तमी एक० (ङि) में -हि होता है।[2] उदा० मह्यां > महिहि।

नपुंसक संज्ञा रूपों के प्रथमा और द्वितीया बहु० (जस्, शस्) में -हँ का प्रयोग होता है।[3] उदा० कमलानि > कमलहँ, अलिकुलानि > अलिउलइं, करिगण्डानि > करिगण्डाइं (३५३-१)। नपुंसक अकारांत रूपों के प्रथमा और द्वितीया एक० (सु, अम्) में -उ का प्रयोग मिलता है।[4] उदा० तुच्छकं > तुच्छउं (३५०-१), भग्नकं > भग्गउं, प्रसृतकं > पसरिअउं (३५४-१)।

उक्त नियमों के अनुसार अपभ्रंश में संज्ञा के पुलिंग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसक लिंग के रूपों का विकास इस प्रकार होगा—

देव—

पु० अका०	एक०	बहु०
प्र०	देव, देवा, देवु, देवो	देव, देवा
द्वि०	देव, देवा, देवु	,,
तृ०	देवे, देवें, देवेण	देवेहि, देवहिं
पं०	देवहे, देवहु	देवहुँ
ष०	देव, देवसु, देवस्सु, देवहो, देवह	देव, देवहँ
स०	देवे, देवि	देवहिं
सं	देव, देवा, देवु, देवो	देव, देवा, देवहो

गिरि—पुलिंग इका०

प्र०	गिरि, गिरी	गिरि, गिरी

---

१. भ्यसामोर्हुः	सूत्र सं०	३५१	च० पा०	प्रा० व्या०
२. ङेर्हि	,,	३५२	,,	,,
३. क्लीबे जस् शसोरिं	,,	३५३	,,	,,
४. कान्तस्यात उं स्यमोः	,,	३५४	,,	,,

	एक०	बहु०
द्वि०	गिरि, गिरी	गिरि, गिरी
तृ०	गिरिएँ, गिरिण, गिरिं	गिरिहिँ
चं०	गिरिहे	गिरिहुँ
प०	गिरि, गिरिहे	गिरि, गिरिहँ, गिरिहुँ
सं०	गिरिहि	गिरिहुँ
सं०	गिरि, गिरी	गिरि, गिरी, गिरिहो

पुलिंग उकारांत रूपों का विकास इकारांत के सदृश होता है।

नपुंसकलिंग अकारांत, इकारांत, उकारांत—कमल, वारि, मधु

अ०, द्वि०	कमल, कमला	कमल, कमला, कमलइं, कमलाइं
	वारि, वारी	वारि, वारी, वारिइं, वारीइं
	महु, महुं	महु, महु, महुइं, महूइ

शेष रूप पुलिंग के सदृश होते हैं।

नपुंसक संज्ञा के व्यंजनांत, क-तुच्छक

प्र० द्वि० तुच्छउँ। शेष रूप नपुंसक अकारांत कमल के सदृश होते हैं।

मुग्धा > मुद्धा स्त्रीलिंग अका०

प्र०	मुद्ध, मुद्धा	मुद्धाउ, मुद्धाओ
द्वि०	,,	,,
तृ०	मुद्धए (मुद्धइ)	मुद्धहिँ
पं०	मुद्धहे (मुद्धहि)	मुद्धहु
ष०	,,	,,
स०	मुद्धहि	मुद्धहिँ
सं०	मुद्ध, मुद्धा	मुद्ध, मुद्धा, मुद्धहो, मुद्धाहो

स्त्रीवाचक इकारान्त मति, ईकारान्त तरुणी, उकारान्त वधू का रूप-विकास भी उक्त आकारान्त मुद्धा के सदृश होता है।

सर्वनाम के रूपों का विकास प्रायः संज्ञा के सदृश ही होता है परन्तु कुछ रूपों में भिन्नता भी मिलती है। अकारान्त सर्वनामों के पंचमी एक० (ङस्) में -ड़ाँ का प्रयोग होता है।[1] उदा० यस्मात् > जहाँ, कस्मात् > कहाँ, तस्मात् > तहाँ। पंचमी एक० में किम् के स्थान पर किहे रूप मिलता है।[2] उदा० कस्माद् > किहें, तस्याः > तहें (३५६-१)। अकारान्त सर्वनामों के सप्तमी एक० में-हि का प्रयोग होता है।[3] उदा० यत्र, यस्मिन् >जहिं, तत्र, तस्मिन् > तहिं (३५७-१), एकस्मिन् > एक्कहि, अन्यस्मिन् > अन्नहिं (३५७-२), क- > कहिं (३५७-४)। यत्, तत्, किम् सर्वनामों के अकारान्त रूपों के षष्ठी एक० में -आसु का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[4] उदा० यस्य (यस्मै) > जासु, तस्य >तासु (३५८-१), कस्य > कासु (३५८-२)। यत्, तत्, किम् के स्त्रीवाचक रूपों के षष्ठी एक० में-अहे का योग वैकल्पिक रूप में मिलता है।[5] उदा० यस्याः कृते > जहे करेउ, तस्याः कृते > तहे करेउ, कस्याः कृते > कहेकरेउ, यत् और तत् का प्रथमा और द्वितीया एक० (सु, अम्) में क्रमशः ध्रुं, त्रं का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[6] उदा० यत् -तद् रणे करोति > ध्रु, त्रं रणि करदि (३६०-१)। इदम् के नपुंसक रूप के प्रथमा, द्वितीया एक० (सु, अम्) में इमु रूप होता है।[7] उदा० इदं कुलम् > इमु कुलु। एतद्-स्त्रीलिंग का प्रथमा और द्वितीया एक० में एह और पुलिंग का एहो और नपुंसक का एहु रूप हो जाता है।[8] उदा० एषा-

१. सर्वादेर्ङसेर्हां	सूत्र सं० ३५५	च० पाद	प्रा० व्या०
२. किमोडिहेवा	,, ३५६	,,	,,
३. ङे हिं	,, ३५७	,,	,,
४. यत्तत्किम्यो ङसो डासुर्न वा	,, ३५८	,,	,,
५. स्त्रियां डहे	,, ३५०	,,	,,
६. यत्तदः स्यमोर्ध्रुं त्रं	,, ३६०	,,	,,
७. इदम इमुः क्लीवे	,, ३६१	,,	,,
८. एतदः स्त्री-पु-क्लीवे एह एहो-एहु	,, ३६२	,,	,,

कुमारी>एहकुमारी, एष: नर: > एहो नरु, एतत् मनोरथ>एहु मणोरह (३६२-१) । एतद् का प्रथमा और द्वितीया वहु० में एइ रूप होता है।[1] उदा एते> एइं (३३०-४) । अदस् का प्रथमा और द्वितीया वहु० (जस्, शस्) में ओइ रूप मिलता है।[2] उदा० अमूनि> ओइ (३६४-१) ।

इदम् का विभक्तियों के पूर्व-आय रूप मिलता है।[3] उदा० इमानि> आयइँ (३६५-१), एतेन> आएण (३६५-२), अस्य> आयहो (३६५-३) । सर्व का विभक्तियों के पूर्व-साह रूप का वैकल्पिक प्रयोग होता है।[4] उदा० सर्व:> साहु (३६६-१, ३४६-१) । किम् स्थान पर काइँ और कवण का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[5] उदा० किं>काइँ (३६७-१, ३५०-२) । केन>कवरोण (३६७-२) । युष्मद् का प्रथमा एक० (सु) में तुहुँ का प्रयोग होता है।[6] उदा० त्वं> तुहुँ (३६८-१) । उक्त सर्वनाम का प्रथमा और द्वितीया वहु० (जस्, शस्) में तुम्हें और तुम्हइं रूप मिलते हैं।[7] उदा० युष्मे> तुम्हे, युस्माकं> तुम्हइं । तृतीया एक० (टा), सप्तमी एक० वहु० (ङि), द्वि० एक० (अम्) में पइं, तइं रूप मिलते हैं।[8] उदा० त्वया> पइँ (३०७-१) । त्वया> तइँ (३७०-२), त्वयि> पइँ (३७०-३), त्वां> पइँ (३७०-४) । तृतीया वहु० (भिस्)

---

१ एइर्जस् शसोः	सूत्र सं०	३६३	च० पाद	प्रा० व्या०
२. अदस ओइ	,,	३६४	,,	,,
३. इदम आयः	,,	३६५	,,	,,
४. सर्वस्य साहो वा	,,	३६६	,,	,,
५. किमः काइं-कवणौ वा	,,	३६७	,,	,,
६. युष्मद् सौ तुहुं	,,	३६८	,,	,,
७. जस् शसोस्तुम्हे तुम्हइं	,,	३६९	,,	,,
८. टाङ्यमा पइं तइं	,,	३७०	,,	,,

में तुम्हेहिं रूप हो जाता है।[१] उदा० युष्माभिः> तुम्हेहिं (३७१-१) पंचमी और षष्ठी एक० (ङसि, ङस) में तउ, तुज्झ, तुध्र रूप मिलते हैं।[२] उदा० तव> तउ, तुज्झ, तुध्र (३७२-१)। पंचमी और षष्ठी वहु० (भ्यस्, आम्) में तुम्हहं रूप होता है।[३] सप्तमी वहु० (सुप्) में तुम्हासु रूप मिलता है।[४] उदा० सर्वनाम अस्मद् का उत्तम पुरुष प्रथमा एक० में हउँ रूप होता है।[५] उदा० अहं>हउँ (३३८-१)। उक्त सर्वनाम का प्रथमा, द्वि० वहु० (जस्, शस्) में अम्हे और अम्हइं रूप होते हैं।[६] उदा० वयं> अम्हे (३७६-१-२) तृतीया एक० (टा), द्वितीया एक० (अम्), सप्तमी एक० (ङि) में 'मइं' रूप मिलता है।[७] उदा० मया> मइं (३७७-१), मम> मइँ (३७०-४)। तृतीया वहु० (भिस्) में अम्हेहिं होता है।[८] उदा० अस्माभिः> अम्हेहिं (३७१-१) पंचमी, षष्ठी एक० (ङसि, ङस्) में महु, मज्झु दोनों रूप मिलते हैं।[९] उदा० मम > महु (३६९-१), माम > मज्झु (३७९-२)। पंचमी, षष्ठी वहु० (भ्यस् , आम्) में अम्हइं रूप मिलता है।[१०] उदा० अस्माकं > अम्हइं, अस्मदीयाः > अम्हइं (३७९-२)। सप्तमी वहु० (सुप्) में अम्हासु रूप होता है।[११]

१. भिसा तुम्हेंहिं	सूत्र सं०	३७१	च० पाद	प्रा० व्या०
२. ङसि ङस्भ्यां तउ तुज्झ तुध्र	,,	३७२	,,	,,
३. भ्यसाम्भ्यां तुम्हहं	,,	३७३	,,	,,
४. तुम्हासु सुपा	,,	३७४	,,	,,
५. सावस्मादो हउं	,,	३७५	,,	,,
६. जस् शसोरम्हे अम्हइं	,,	३७६	,,	,,
७. टा ङ्यमा मइं	,,	३७७	,,	,,
८. अम्हेहिं भिसा	,,	३७८	,,	,,
९. महु मज्झु ङसि ङस्भ्याम्	,,	३७९	,,	,,
१०. अम्हहं भ्यसाम्भ्याम्	,,	३८०	,,	,,
११. सुपा अम्हासु	,,	३८१	,,	,,

उदा० अस्मासु स्थितं > अम्हासु ठिअं। अस्तु, अस्मद् और युष्मद् पुरुषवाचक सर्वनामों का रूपविकास निम्नलिखित होगा—

अस्मद्—

	एक०	बहु०
प्र०	हउँ	अम्हे, अम्हइँ
द्वि०	मइँ	,, ,,
तृ०	,,	अम्हेहिँ
पं०	महु, मज्झु	अम्हहँ
ष०	,, ,,	,,
स०	मइँ	अम्हासु

युष्मद्—

	एक०	बहु०
प्र०	तुहुँ	तुम्हे, तुम्हइँ
द्वि०	पइँ, तइँ	,, ,,
तृ०	,,	तुम्हेहिँ
पं०	तउ, तुज्झ, तुध्र (तुहु)	तुम्हहँ
ष०	,,	,,
स०	पइ, तइँ	तुम्हासु

पाँचवाँ अध्याय

प्राकृत में क्रिया पदों का विकास

प्राकृत में क्रिया आदि रूपों के विकास में सादृश्य का प्रभाव संज्ञा आदि रूपों की अपेक्षा और भी अधिक व्यापक रूप में मिलता है। द्विवचन का लोप, कर्तृ-वाच्य और कर्म-वाच्य के रूपों का प्राय: एकीकरण, आत्मनेपद के रूपों का ह्रास, विविध काल रूपों में अनुरूपता, क्रिया के विभिन्न धातु रूपों में ध्वनि-परिवर्तन के कारण समानता आदि प्राकृत के क्रिया-विकास की कुछ मुख्य विशेषताएँ हैं। संस्कृत धातुएँ ९ गणों में विभाजित थीं—भ्वादि, रुधादि, दिवादि, तुदादि, ज्यादि, क्र्यादि, स्वादि, तनादि, चुरादि। इन गणों के अनुसार ही विभक्तियों के जुड़ने के पूर्व धातु में परिवर्तन होता था। परन्तु इन सब में भ्वादि रूप की ही व्यापकता प्राकृत के क्रिया पदों के विकास में मिलती है। काल-रचना में लट् (वर्तमान), लोट् (आज्ञा), विधि, लृट् (भविष्य) रूप के ही अधिक प्रयोग मिलते हैं। वर्तमान का प्रयोग सभी कालों और विधि का प्रयोग सभी कालों और वाच्यों के लिये मिलता है। संस्कृत के लङ् (भूत), लृङ्, लुट (भविष्य), आर्शीलिंग, लिट्, लुङ् (भूत) के प्रयोग मुख्य प्राकृतों में प्राय: नहीं मिलते हैं। सहायक क्रियाओं के साथ कृदन्त रूपों का व्यवहार अधिक मिलता है। अतएव सादृश्य और ध्वनि-विकास के कारण क्रिया के रूप अधिक सरल हो गये थे।

पालि में क्रिया के रूपों का विकास संस्कृत की अपेक्षा अल्प और सरल रूपों में पाया जाता है क्योंकि संज्ञा आदि के सदृश द्विवचन का लोप, विविध काल भेदों का एकीकरण, परस्मैपद और भ्वादि गण के रूपों की सर्वव्यापकता मिलती है। परन्तु उदाहरण के तौर पर परस्मैपद रूपों के साथ आत्मने पद का भी उल्लेख कर दिया गया है। वर्तमान काल (लट्)[1] में √ (भू) (होना) का रूप-विकास निम्नलिखित होगा—

√ भू-परस्मैपद—

	एक०	बहु०
प० पु०	भवति, होति	भवन्ति, होन्ति
म० पु०	भवसि, होसि	भवथ, होथ
उ० पु०	भवामि, होमि	भवाम, होम

आत्मनेपद —

	एक०	बहु०
	भवते	भवन्ते
	भवसे	भवव्हे
	भवे	भवम्हे

भूतकाल में प्रायः दो रूप परिसमाप्त्यर्थक भूत (लङ्) और अनद्यतनभूत (लुङ) व्यापक मिलते हैं। लङ्[2] का निम्नलिखित रूप-विकास होगा—

√ भू-परस्मैपद—

	एक०	बहु०
प० पु०	अभवि, अभूवा, भवि	अभवुं, अभवु, भवुं
म० पु०	अभवो, अहुवो, भवो	अभवत्थ, अहुवत्थ, भवत्थ
उ० पु०	अभविं, अभवं, भविं	अभवम्हा, अहुवम्हा, भवम्हा

१. 'वत्तमाने ति अन्ति, सिथ, मिम
ते अन्ते, सेम्हे, एम्हे — सुत्र सं० १ काण्ड ६ मोग्ग० व्या०

२. भूते इउं, ओत्थ, इंम्हा,
आउ, सेव्हं, अम्हे — ,, ४ ,, ६ ,,

आत्मनेपद—

एक०	बहु०
अभवा	अभवू
अभवसे	अभव्हं
अभव	अभम्हे

उक्त रूप में लङ् के अतिरिक्त लुंग आदि में धातु से पूर्व -अ का विकल्प से आगम हो जाता है।[1] उक्त रूप और लुंग आदि में आ, ई, उ, म्हा, स्सा, स्स म्हा के ह्रस्व रूप का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[2] उदा० अभवु, अभविम्ह, अभविस्स, अभविस्सम्ह। लुंग[3] का रूप-विकास इस प्रकार होगा—

√ भू परस्मैपद -

	एक०	बहु०
प० पु०	अभवा, भवा, अभव	अभवू, अभवुं
म० पु०	अभवो, भवो	अभवत्थ, भवत्थ, अभवुत्थ
उ० पु०	अभव, अभवं	अभवम्हा, भवम्हा, अभवुम्हा

आत्मनेपद—

अभवत्थ	अभवत्थुं
अभवसे	अभवम्हं
अभविं	अभवम्हसे

भविष्य काल में[4] लृट् के रूप ही व्यापक मिलते हैं। इसका रूपविकास इस प्रकार होगा—

---

१ आई स्सादि स्वञ्ञ वा	सूत्र सं० १५	का० ६	मोग्ग० व्या०
२. आई अम्हा स्सा स्सम्हानं वा	,, ३३	,,	,,
३. अनज्जतने आऊ, ओत्थ, अम्हा त्थ त्थुं, सेव्हं, इंम्ह से	,, ५	,,	,,
४. भविस्सति स्सति स्सन्ति, स्ससि स्सथ, स्सामि स्साम स्सतेस्सन्ते, स्ससे स्सव्हे, स्सं स्साम्हे	,, २	,,	,,

√ भू परस्मैपद—

	एक०	बहु०
प० पु०	भविस्सति	भविस्सन्ति
म० पु०	भविस्ससि	भविस्सथ
उ० पु०	भविस्सामि	भविस्साम

आत्मनेपद—

भविस्सते	भविस्सन्ते
भविस्ससे	भविस्सव्हे
भविस्सं	भविस्साम्हे

विधि लिंग[1] का रूप निम्नलिखित होगा—

√ भू परस्मैपद—

प० पु०	भवे, भवेय्य	भवेय्युं, भवुं
म० पु०	„ भवेय्यासि	भवेय्याथ
उ० पु०	„ भवेय्यामि	भवेय्याम

आत्मनेपद—

भवेथ	भवेरं
भवेथो	भवेय्यव्हो
भवेय्यं	भवेय्याम्हे

उक्त प्रयोग में -एय्यं, एय्यासि, एय्यं का विकल्प से -ए रूप भी होता है।[2] एय्युं प्रत्यय का विकल्प से -उं और -एय्याम का विकल्प से एमु रूप होता है।[3]

---

१. हेतु फलेस्वेय्य, एय्युं एय्यासि, एय्याथ, एय्यामि, एय्याम, एथ एरं, एथो एय्यव्हो, एय्यं एय्याम्हे	सूत्र सं० ८	का० ६	मोग्ग व्या०
२. एय्येय्यासेय्यन्नं टे	„ ११	„	„
३. एय्युं स्सुं	„ ४७	„	„
एय्याम स्सेमु च	„ ७८	„	„

आज्ञा (लोट्)[1] का रूप इस प्रकार होगा—

	एक०	बहु०
प० पु०	भवतु	भवन्तु
म० पु०	भवाहि, भव	भवथ
उ० पु०	भवामि	भवाम

आत्मनेपद—

भवतं	भवन्त
भवस्सु	भवव्हो
भवे	भवामसे

उक्त प्रयोग में हि, मि, में प्रत्ययों से पूर्व अ > आ हो जाता है।[2] उदा० भवाहि। उक्त रूप में अकार के बाद -हि का विकल्प से लोप मिलता है।[3] उदा० भव। पालि में कृदन्त रूपों का भी प्रयोग संस्कृत के सदृश ही होता है। भाववाच्य और कर्मवाच्य में धातु के अनन्तर -तव्व और -अनीय प्रत्ययों का प्रयोग होता है।[4] उदा० मया हसितव्वं, मया हसनीयं। उक्त प्रयोग में -घ्यण् प्रत्यय का भी योग मिलता है जिसका अवशिष्ट रूप -य होता है।[5] -घ्यण प्रत्यय का योग होने पर अकारांत धातु का एकार रूप हो जाता है।[6] उदा० धनिकेहि दलिद्दानं दानं देय्यं। विशेषण के सदृश भी उक्त प्रत्ययों का प्रयोग मिलता है। उदा० दानीयो ब्राह्मणो, सिनानिय चुण्णं। उक्त प्रत्ययों के योग होने पर इकारांत और उकारांत धातुओं का

---

१. तु अन्तु, हिथ, मिमा, तं अन्तं रस्सुव्हो, ए आमसे	सूत्र सं०	१०	काण्ड ६	मोग्ग० व्या०
२. हिमि दे स्व स्स	,,	५७	,,	,,
३. हिस्स तो लोपो	,,	४८	,,	,,
४. भावकम्मेसु तब्बानीया	,,	२७	,,	,,
५. घ्यण	,,	२८	,,	,,
६. आस्सेच	,,	२९	,,	,,

क्रमशः एकार और ओकार हो जाता हैं।[१] उदा० चेतव्वं, चयनीयं, चेय्यं, सोतव्वं।

निमत्तार्थक प्रत्यय -तुं, -ताये, -तवे मिलते हैं।[२] उदा० कातुं गच्छति, कत्ताये गच्छति, कातवे गच्छति। -तुं, -तूनं, -तव्व, -तवे प्रत्यय के योग होने पर √ कृ धातु का कर > कार हो जाता है।[३] उदा० कातवे। √ रुध आदि धातुओं में अन्त्य स्वर के उपरांत विभक्ति जुड़ने के पूर्व -अ प्रत्यय का आगम हो जाता है।[४] उदा० रुन्धितुं, रुज्झितुं। पूर्वकालिक कृदंत -तून, -त्वान, -त्वा के रूप मिलते हैं।[५] उदा० सो सोतून याति, सो सुत्वान याति, सो सुत्वा याति। धातु के समास रूप होने पर -त्वा के स्थान पर -प्य और प्य > य, तुं, यान होते हैं।[६] उदा० अभिभूय (अभिभवित्वा), अभिहट्ठुं (अभिहरित्वा), अनुमोदियान (अनुमोदित्वा)। इसी प्रकार -क्तवा के लिये -च्च, -न आदि प्रत्ययों का भी योग मिलता है।

मुख्य प्राकृतों में पठ् धातु का प्रथम पु० एक० आत्मनेपद -त और प्रथम पु० एक० परस्मैपद -ति के स्थान पर क्रमशः -इ और -ए का विकास मिलता है।[७] उदा० पठति, पठते > पठइ, पठए। मध्यम पुरुष एक० आत्मनेपद -थास् और मध्यम पु० एक० परस्मैपद

---

१. युवण्णा न मेओप्प च्च ये सूत्र सं० ८२ कांड ६ मोग्ग० व्या०
२. तुं ताये तवे भावे भविस्सति क्रियायं तदत्थायं ,, ६१ ,, ,,
३. तुं तून तब्बे सुवा, करस्सातवे ,, ११६, ११८ ,, ,,
४. मं वा रुधादीनं ,, ६३ ,, ,,
५. पुब्वेक कत्तुकानं ,, ६३ ,, ,,
६. प्यो वा त्वास्स समासे, तुं याना ,, १६४, १६५ ,, ,,
७. त-ति योरिदेतौ ,, १ परि० ७ प्रा० प्र०
त्यादीनामद्यत्रयस्याद्यस्ये चे चौ ,, १३६ तृ० पाद ,, व्या०

-सिय् के लिये -सि और -से के प्रयोग मिलते हैं।[1] उदा० पठसि, पठसे> पठसि, पठसे। उत्तम पुरुष एक० आत्मने पद -इह और उत्तम पु० एक० परस्मैपद -मिय् के स्थान पर -मि का प्रयोग मिलता है।[2] उदा० पठामि, पठे> पठामि। वर्तमान काल प्रथम पुरुष के वहुवचन में -न्ति, मध्यम पुरुष में -इ और -इत्था और उत्तम पुरुष में -मो,-मु और -म मिलते हैं।[3] उदा० पठन्ति> पठन्ति, पठथ> पठइ, पठित्था, पठाम> पठामो, पठामु, पठामो। क्रमदीश्वर के अनुसार -इत्थ की अपेक्षा -थ का ही प्रयोग होता है।

उपर्युक्त रूपों में प्रथम पु० एक० आत्मनेपद में -ए और मध्यम पु० एक० आत्मनेपद में -से का प्रयोग केवल अकारांत रूपों में ही मिलता है।[4] उदा० रमए, पठए, रमसे, पठसे परन्तु होइ का होए और होसि होता है, होए, होसे नहीं होता। मध्यम पुरुष एकवचन के रूपों में -थास् और सिप् के प्रयोग होने पर अस् धातु का लोप हो जाता है।[5] उदा० सुप्त: असि> सुत्तोसि। अशोक के लेखों में सन्ति और वा अव्यय के लिये अस्ति का प्रयोग मिलता है।

१ थास्सियो सिसे	सूत्र सं० २	परि० ७	प्रा० प्र०
द्वितीयस्य सिसे	,, १४०	तृ० पाद	,, व्या०
२. इह मिपोर्मिः	,, ३	परि० ७	,, प्र०
तृतीयस्य मिः	,, १४१	तृ० पाद	,, व्या०
३. न्ति-हेत्थ-मो-मु-मा-बहुपु	,, ४	परि० ७	,, प्र०
बहुष्वाद्यस्यन्ति न्ते हरे	,, १४२	,,	, व्या०
मध्यमस्येत्था हचौ	,, १४३	,,	,, ,,
तृतीयस्य मो-मु-मा	,, १४४	,,	,, ,,
४. अत ए से-	,, ५	परि० ७	,, प्र०
अत एवैच् से	,, १४५	तृ० पाद	,, व्या०
५. अस्तेर्लोपः	,, ६	परि० ७	,, प्र०
सिनास्तेः सिः	,, १४६	तृ० दाद	,, व्या०

√अस् धातु के लोप होने पर -मि, -मो, -मु, -म प्रत्ययों में -म् के अनंतर -ह का प्रयोग मिलता है।[1] उदा० गत: अस्मि > गओम्हि, गता: स्म > गअम्हो, गअम्हु, गअम्ह।

भाव-वाच्य और कर्म-वाच्य की विभक्ति -यक के लिये -ईअ और -इज्ज का प्रयोग मिलता है।[2] उदा० पठ्यते > पठीअइ, पठिज्जइ। जब कि धातु के अन्त्य व्यंजन का द्वित्व रूप हो जाता है तो -यक के स्थान पर -ईअ और -इज्ज रूप नहीं मिलते।[3] उदा० हस्यते > हस्सइ, गम्यते > गम्मइ। √गम् धातु में जब अन्त्य व्यंजन का द्वित्व नहीं होता तो उक्त प्रयोग मिलते हैं। उदा०-गमीअइ, गमिज्जइ।

वर्तमानकालिक कृदंत शतृ और शानच् के लिये -न्त और -माण प्रत्यय जुड़ते हैं।[4] उदा० पठत्, पठमान > पठन्तो, पठमाणो, हसत्, हसमान् > हसन्तो, हसमाणो।

स्त्रीवाचक शब्दो में शतृ और शानच् के लिये -न्त, -माण के अतिरिक्त -ई का भी योग मिलता है।[5] उदा० हसन्ता > हसई, हसन्ती, हसमाणा, वेयमाण > वेवई, वेवन्ती, वेवमाणा। हेमचन्द्र के अनुसार हसमाणी रूप भी मिलता है। वर्तमानकालिक रूपों में धातु के अनन्तर -हि के योग से भविष्य-काल के रूप बनाये जाते हैं।[6]

---

१. मिमोमुमानामधो हश्च	सूत्र सं० ७	परि० ७	प्रा० प्र०
मिमो मौम्हि म्हो म्हा वा	,, १४७	तृ० पाद	,, व्या०
२. यक-ईअ-इज्जो	,, ८	परि० ७	,, प्र०
ईअ इज्जौ क्यस्य	,, १६०	तृ० पाद	,, व्या०
३. नान्त्य-द्वित्वे	,, ६	परि० ७	,, प्र०
४. न्त-माणौ-शत-शानचोः	,, १०	,, ,,	,,
न्त माणौ, शत्रानशः	,, १८०,१८१	तृ० पाद	,, व्या०
५. ई च स्त्रियाम्	,, ११	परि० ७	,, प्र०
,, ,,	,, १८२	तृ० पाद	,, ,,
६. धातोर्भविष्यति हिः	,, १२	परि० ७	,, प्र०
भविष्यति हिरादिः	,, १६६	तृ० पाद	,, ,,

उदा० भविष्यति> होहिइ, भविष्यन्ति> होहिन्ति, हसिष्यति> हसिहिइ, हसिष्यन्ति> हसिहिन्ति। वर्तमानकालिक रूपों में धातु के अनंतर -स्सा, -हा, -हि के योग से भविष्यकाल उत्तमपुरुष के रूपों का विकास हुआ है।[1] उदा० भविष्यामि> होस्सामि, होहामि, होहिमि, भविष्यामः> होस्सामो, होहामो, होहिमो, होस्सामु, होहामु, होहिमु।

भविष्यकाल के उत्तम पु० एक० -मि विभक्ति के स्थान पर -स्सं का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[2] उदा० भविष्यामि>होस्सं। क्रमदीश्वर के अनुसार होहिस्सं, होस्सामि, होहामि, होहिमि रूप मिलते हैं। भविष्यकाल के उत्तमपु० बहु० -मो, -मु, -म के स्थान पर -हिस्सा और -हित्था के वैकल्पिक प्रयोग मिलते हैं।[3] उदा० भविष्यामः> होहिस्सा, होहित्था, होहिमो, होहिमु, होस्सामो, होस्सामु, होहामो, होहामु। भविष्यकाल के उत्तम पु० एक० कृ आदि के स्थान पर काहं आदि रूप मिलते हैं।[4] उदा० करिष्यामि> काहं, दास्यामि> दाहं, श्रोष्यामि> सोच्छं, वक्ष्यामि> वोच्छं, गमिष्यामि> गच्छं, रोदिष्यमि> रोच्छं,

---

	सूत्र सं०			
१. उत्तमे स्सा हा च	सूत्र सं० १३	परि० ७	प्रा०	प्र०
मि मो मु मे स्सा हा ना वा	,, १६७	तृ० पाद	,,	व्या०
२. मिना स्सं वा	,, १४	परि० ७	,,	प्र०
मेः स्सं	१६६	तृ० पाद	,,	व्या०
३ मोमुमैर्हिस्साहित्था	,, १५	परि० ७	,,	प्र०
मिमो मुमे स्सा हा ना वा	,, १६७	तृ० पाद	,,	व्या०
४. कृन्दा-श्रु-वचि-गमि रुदि दृशि-विदि रूपाणां काहं दाहं सोच्छं वोच्छं गच्छं रोच्छं दच्छं वेच्छं	,, १६	परि० ७	,,	प्र०
श्रु गमि रुदि विदि दृशि, मुचि वचि छिदि भिदि भुजां सोच्छं गच्छं रोच्छं वेच्छं दच्छं मोच्छं वोच्छं छेच्छं भेच्छं भोच्छं	,, १७१	,,	,,	प्र०

द्रक्ष्यामि > दच्छं, वेद्यामि > वेच्छं। क्रमदीश्वर के अनुसार विदि और उसका विकसित रूप वेच्छं नहीं मिलता। उसके अनुसार मोक्ष्यमि > मोच्छं, भोक्ष्यामि > भोच्छं भी मिलते हैं। भविष्यकाल के सभी पुरुषों में श्रु आदि का परिवर्तन सोच्छं आदि में होता है परन्तु अनुस्वार का बराबर और -हि का वैकल्पिक रूप से लोप हो जाता है।[1] उदा० श्रोष्यति > सोच्छिइ, सोच्छिहिह, श्रोष्यन्ति > सोच्छिहिन्ति, सोच्छिन्ति, श्रोस्यसि > सोच्छिसि, सोच्छिहिसि, श्रोष्यथ > सोच्छित्था, सोच्छिहित्था, श्रोष्यामि > सोच्छिमि, सोच्छिहिमि, श्रोष्यामः > सोच्छिमो, सोच्छिहिमो। इसी प्रकार से और धातुओं का भी विकास होता है। उदा० वोच्छिइ, वोच्छिहिह आदि। क्रमदीश्वर के अनुसार सोच्छइ, सोच्छहिसि, सोच्छेसि, सोछिन्ति, सोच्छिहिन्ति रूप भी मिलते हैं। विधि और लोट् रूप के एक० में प्रथम पु०, मध्यम पु० और उत्तम पु० के लिए क्रमशः -उ, -सु, -मु का प्रयोग होता है।[2] उदा० हसतु > हसउ, हस > हससु, हसानि > हसामु, (हसमु)। हेमचन्द्र के अनुसार -हि के साथ -सु का प्रयोग भी होता है। उदा० देहि, देसु। अकारान्त धातुओं में ये दोनों रूप मिलते हैं। उदा० हसेज्जासु, हसेज्जहि। विधि, और लोट् रूपों के बहु० में प्रथम पु०, मध्यम पु० और उत्तम पु० के लिए क्रमशः न्तु, -ह और -मो रूप मिलते हैं।[3] उदा० हसन्तु > हसन्तु, हसथ > हसह, हसाम > हसामो।

---

१. श्रुवादीनां त्रिष्वप्यनुस्वारवर्ज्जं-
हिलोपश्च वा — सूत्र सं० १७ परि० ७ प्र० प्र०
सोच्छादय इजादिषु हिलुक् च वा — ,, १७२ तृ० पाद ,, व्या०
२. उसुमु विध्यादिष्वेकवचने — ,, १८ परि० ७ ,, प्र०
दुसुमु विध्यादिष्वेकस्मि-
स्त्र्याणाम् — ,, १७३ तृ० पाद ,, व्या०
३. न्तुहमो बहुषु — ,, १९ परि० ७ ,, प्र०
बहुषु न्तु ह मो — ,, १७६ तृ० पाद ,, व्या०
कृ दो हं — ,, १७० ,, ,, ,,

वर्तमान काल (लट्) और भविष्य काल (लृट्) तथा लोट् आदि में -ज्ज, -ज्जा के वैकल्पिक प्रयोग मिलते हैं।[1] उदा० भवति> होज्ज, होज्जा, होइ, हसति> हसेज्ज, हसेज्जा, हसइ, भविष्यति> होज्ज, होज्जा, होहिइ, भवतु> होज्ज, होज्जा, होउ। वर्तमान काल, भविष्य-काल और आज्ञादिक रूपों में धातु और विभक्ति के मध्य में -ज्ज और -ज्जा के वैकल्पिक प्रयोग मिलते हैं।[2] उदा० भवति> होज्जइ, होज्जाइ, भविष्यति> होज्जहिइ, होज्जाहिइ, भवतु> होज्जउ, होज्जाउ। हेमचन्द्र के अनुसार भवति, भवेत, भवतु, अभवतभव, अभूत, बभूव, भूयात, भविता, भविष्यति रूपों के लिये होज्ज और होज्जा के प्रयोग मिलते हैं। स्वरान्त धातुओं में -ज्ज और-ज्जा के प्रयोग धातु और विभक्ति के बीच बराबर मिलते हैं। हेमचन्द्र ने होज्जइ, होज्जेइ और विधि में होज्जाइ रूप दिये हैं। केवल स्वरान्त धातुओं में विभक्ति और धातु के बीच -ज्ज और -ज्जा का योग होता है और यह एकाक्षर रूप होता है।[3] व्यंजनांत धातुओं में स्वर के योग से द्वयक्षर रूप हो जाते हैं। उदा० हस> हस-हसइ, त्वर>तुवर-तुवरइ। भूतकाल (लङ् आदि) में धातु के अनंतर -ईअ का प्रयोग होता है।[4] उदा० अभवत् > हुवीअ, अहसत् > हसीअ। हेमचन्द्र ने स्वरांत रूपों में- हो, -हीअ और व्यंजनांत रूपों में -ईअ का प्रयोग दिया है। उदा० काही, काहीअ, हुवीअ आदि। भूतकाल (लङ्, लुङ्, लिट्) के लिये

---

१. वर्तमान भविष्यदनद्यतनयोर्ज्ज-
ज्जा वा — सूत्र संख्या २० परि० ७ प्रा० प्र०
वर्तमाना-भविष्यंत्योश्च ज्ज ज्जा वा ,, १७७ तृ० पाद ,, व्या०
२. मध्ये च ,, २१ परि० ७ ,, ,,
मध्ये च स्वरान्ताद्वा ,, १७८ तृ० पाद ,, व्या०
३ नानेकाचः ,, २२ परि० ७ ,, प्रा०
४. ईअ भूते ,, २३ ,, ,, ,,

एकाक्षर धातुओं में -हीअ का प्रयोग किया जाता है।[१] उदा० अकरोत, अकार्षीत, चकार> काहीअ, अभूत्, अभवत्, वभूव> होहीअ। भूतकाल के प्रथम पु० एक० में √अस् धातु का आसि और क्रमदीश्वर के अनुसार आसी रूप मिलते हैं। उदा० आसीत्> आसि, आसी। हेमचन्द्र ने सभी पुरुषों और वचनों में आसि और अहोसि रूप दिये हैं। प्रेरणार्थक रूपों (णिजन्त) में धातु के पहले अक्षर के अन्त्य -अ>-आ हो जाता है। उदा० कारयति> कारेइ, हासय> हासेइ। प्रेरणार्थक रूपों (णिजन्त) में -आवे का प्रयोग भी मिलता है।[२] उदा० हासयति>हसावेइ, हासेइ। हेमचन्द्र ने -इ, -ए, -आव और -आवे रूप दिये हैं। उदा० दरिसइ, कारेइ, करावइ, करावेइ। कर्म और भाव वाच्य के प्रयोग में भूतकालिक कृदन्त- क्त के स्थान पर-आवि का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[३] उदा० कारित> कदाविअं, कारिअं, हासित> हसाविअं, हासिअं, कार्यते>कराविजइ, कारिज्जइ, हास्यते> हसाविज्जइ, हासिज्जइ। क्रमदीश्वर के अनुसार -हासाविअं भी मिलता है। भाववाच्य आदि तथा-णिच् के लिये -क्त रूपों में-ए-और -आवे के प्रयोग नहीं मिलते।[४] उदा० कारित> कारिअं, कराविअं, कार्यते> कारिज्जइ, कराविज्जइ। वर्तमान काल उत्तम पु० एक० में -मिप् के पूर्व अकारांत धातुओं के अन्त्य -अ के स्थान पर वैकल्पिक

---

१. एकाचो हीअ	सूत्र सं०	२४	परि० ७	प्रा० प्र०
सी ही हीअ भूतार्थस्य	,,	१६२	तृ० पाद	,, व्या
व्यंजनादीअः	,,	१६३	,,	,, ,,
२ आवे च	,,	२७	परि० ७	,, प्र०
णेरदेदावावे	,,	१४६	तृ० पाद	,, व्या०
३. आविः क्तकर्म भावेषु वा	,,	२८	परि० ७	,, प्र०
४. नैदावे	,,	२६	,,	,, ,,
लुगावी क्त-भाव कर्मसु	,,	१५२	तृ० पाद	,, व्या०

रूप से -आ मिलता है।[1] उदा० हसामि, हसमि, हसेमि। हेमचन्द्र ने भी जाणामि, जाणमि, हसामि, हसमि आदि रूप दिये हैं। वर्तमान-काल के उत्तम पु० बहु० में अन्त्य-अ के स्थान पर -इ और -आ मिलते हैं।[2] उदा० हसिमो, हसामो; हसिमु, हसामु। भूतकालिक कृदन्त के प्रत्यय -क्त के पूर्व धातु के अन्त्य-अ के लिये-इ का प्रयोग होता है।[3] उदा० हसित> हसिअं, पठित> पठिअं। क्रियार्थक संज्ञा के प्रत्यय -क्त्वा, -तुमुन और भविष्य कृदन्त के प्रत्ययों -तव्य का योग होने पर - धातुओं के अन्त्य - अ के स्थान पर - ए का विकास मिलता है। उदा० हसित्वा > हसेऊण, हसिऊण। हसितुं > हसेउं, हसिउं। हसितव्यं > हसेअव्वं, हसिअव्वं, हसिष्यति> हसेहिइ, हसिहिइ, हसिष्यन्ति> हसेहिन्ति, हसिहिन्ति। किसी भी काल और पुरुष में धातु के अन्त्य -अ के स्थान पर -ए का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[5] उदा० हसति> हसेइ, हसइ, हसतु> हसेउ, हसउ। हेमचन्द्र ने वर्तमान शतृ आदि रूप में -अ> -ए दिया है। उदा० हसेन्तो, हसन्तो आदि। हेमचन्द्र ने -ज्जा, -ज्ज के पूर्व -अ>-ए दिया है।[6] उदा० हसेज्जा, हसेज्ज, होज्जा, होज्ज।

---

१. अत आ मिपि वा	सूत्र सं.	३०	परि० ७	प्रा० प्र०
मौ वा	,,	१५४	,,	,, व्या०
२. इच्च बहुषु	,,	३१	परि० ७	,, प्र०
इच्च मो मु मे वा	,,	१५५	तृ० पाद	,, व्या०
३. क्ते	,,	३२	परि० ७	,, प्र०
,,	,,	१५६	तृ० पाद	,, व्या०
४. ए च क्त्वातुमुन्तव्य-भविष्यत्सु	,,	३३	परि० ७	,, प्र०
एच्च क्त्वा तुम् तव्य-भविष्यत्सु	,,	१५७	तृ० पाद	,, व्या०
५ लादेशे वा	,,	३४	परि० ७	,, प्र०
वर्तमाना पंचमी शतृषु वा	,,	१५८	तृ० पाद	,, व्या०
६. ज्जा ज्जे	,,	१५६	,,	,, ,,

क्रमदीश्वर के अनुसार हसेअन्तो, हसन्तो, हसेमाणी, हसमाणी, भुवन्तं, भुवेन्तं रूप मिलते हैं।

संस्कृत के विविध गणों की अपेक्षा प्राकृत में केवल दो गण-अगण और एगण के प्रयोग मिलते हैं। इनमें भी अगण रूप ही व्यापक है। नाम धातुओं तथा कुछ अन्य शब्दों में एगण रूप मिलता है, परन्तु दोनों गणों में विभक्तियों का प्रयोग प्रायः समान होता है। एगण—कथ > कध (शौ०), कह (माहा०) का उदाहरण निम्नलिखित है—

लट् (वर्तमान)

	एक०	बहु०
प्र० पु०	कधेदि, कहेइ	कधेन्ति, कहेन्ति
म० पु०	कधेसि, कहेइ	कधेध, कहेह
उ० पु०	कधेमि, कहेमि	कधेमो, कहेमो

√हस् धातु का विकास विविध कालों और पुरुषों के अनुसार निम्नलिखित होगा—

लट् (वर्तमान)

	एक०	बहु०
प्र०	हसइ, हसए, हसेइ, हसेज्ज, हसेज्जा	हसन्ति, हसेन्ति
म०	हससि, हसेसि, हससे	हसेह, हसेत्था, हसेथ, हसह, हसित्था, हसथ
उ०	हसामि, हसमि, हसेमि	हसेमु, हसेमो, हसेम, हसामु, हसामो, हसाम, हसिमो, हसिमु, हसिम

लोट् (आज्ञा)

प्र०	हसउ, हसेउ, हसेज्ज, हसेज्जा	हसन्तु, हसेन्तु
म०	हससु, हसेसु	हसह, हसेह
उ०	हसमु, हसेमु	हसामो, हसेमो हसमो,

विधिलिंग—

विधिलिङ का प्रयोग अमा०, जै० माहा० में अधिक होता है, माहाराष्ट्री तथा अन्य प्राकृतों में कम होता है। इसके व्यापक रूप संस्कृत दिवादि गण के प्रत्यय -यात् -यास्, -याम् से संबंधित हैं। उदा०—

	एक०	बहु०
प्र० पु०	वट्टेज्जा, वट्टेज्ज	वट्टेज्जा, वट्टेज्ज
म० पु०	वट्टेज्जासि, वट्टेज्जसि, वट्टेज्जासु, वट्टेज्जसु, वेट्टेजाहि, वट्टेज्जहि	वट्टेज्जाइ, वट्टेज्जइ
उ० पु०	वट्टेज्जा, वट्टेज्ज	वट्टेज्जाम

विधिलिंग के कुछ प्रयोग शौरसेनी आदि प्राकृतों में संस्कृत के भ्वादि गण के प्रत्यय -एत्, -एस्, -एयम् के सदृश मिलते हैं। उदा०—

	एक०	बहु०
प्र० पु०	वट्टे	वट्टे
म० पु०	,,	,,
उ० पु०	,, वट्टेअं	,,

लृट् (भविष्य)

	एक०	बहु०
प्र०	हसिस्सदि, हसिस्सइ (माहा०) हसेहिह, हसिहिइ (अमा०), हसेज्ज, हसेज्जा	हसिस्सन्ति हसिहिन्ति (अमा०), हसेहिन्ति
म०	हसिस्ससि हसिहिसि (माहा०, अमा०), हसिहिसे	हसिस्सध, हसिस्सह (माहा०) हसिहित्था, हसिहिह, हसिहिथ
उ०	हसिस्सं, हसेस्सं, हसिस्सामि (अमा०) हसिहिमि, हसेहिमि, हसेहामि, हसेस्साभि	हसिहिस्सा, हसिहित्था, हसेहित्था, हसेहिस्सा, हसिहिमो, हसिस्सामो, हसिहामो, हसेहिमो, हसेस्सामो, हसेहामो

लङ् (भूत का०)		बहु०
प्र०	असि, अब्रवि	अहुम्हा, अहुवम्हा, अहुवाम
म०	अपुच्छसि,	पुच्छित्थो, अहुवत्थ
प्र०	आसी, आसि	आसुं, अभाविंसु (अमा०)

आसीत् > आसी का प्रयोग भूतकाल के सभी पुरुषों और वचनों में मिलता है।

लुंग (भूत का०)		
पु०	अहोसि, अहुँ,	अहुवम्हा, अहुम्हा
म०	अहू	अहुवत्थ
प्र०	होत्था (अमा०), अहु, अहू, अहोसि	अहू, अहुँ, अहेसुं

√भू-

		एक०	बहु०
लट्-	प्र०	होइ	होन्ति
	म०	होसि	होथ, होह
	उ०	होमि	होमु, होम, होमो
लोट्-	प्र०	होउ	होन्तु
	म०	होसु, होहि	होह
	उ०	होमु	होमो
लृट्०-	प्र०	होहिइ	होहिन्ति
	म०	होहिसि, होहिसे	होहिह, होहित्था, होहिथ
	उ०	होस्सं, होहामि, होस्सामि, होहिमि	होस्सामो, होहामो, होहिमो, होहिस्सा, होहित्था, होस्सामु, होहामु, होहिमु, होस्साम, होहाम, होहिम.
लङ्-	प्र०	होहीअ, हुवीय	

√अस्

		एकवचन	बहुवचन
लट्	प्र०	अत्थि	सन्ति, अत्थि
	म०	सि, अत्थि	ह, त्था, अत्थि
	उ०	म्हि, अत्थि	म्हो, म्हु, म्ह, अत्थि
लङ्	प्र०	असि, आसी, अहोसि	आसि, अहोसि
	म०	,, ,,	,, ,,
	उ०	,, ,,	,, ,,

आसी, अहोसि के प्रयोग सभी पुरुषों और वचनों में समान मिलते हैं।

प्राकृत में कर्मवाच्य के रूप धातु के अनंतर -इज्ज, -ईअ जोड़ने से बनते हैं। उदा० √हस्, √गम्-हसिज्जइ, गमिज्जइ (माहा०), हसीअदि, गमीअदि (शौ०), प्र० पु० पुच्छीअदि (शौ०), पुच्छिज्जइ (माहा०) म० पु० पुच्छीअसि (शौर०) पुच्छिज्जसि (माहा०), उ० पु० पुच्छीआमि (शौ०) पुच्छिज्जामि (माहा०)। प्रेरणार्थक रूप अकारांत धातु के अनंतर -अय > -ए के योग से बनाया जाता है। -उदा० हासेइ < हासयति, कारेति < कारयति। आकारांत धातुओं में संस्कृत -पय> -वे हो जाता है। उदा० निर्वापयति > णिव्वावेदि और इसी ढंग पर अन्य धातुओं में भी धातु के अनंतर -आ लगाकर -वे जोड़ दिया जाता है। उदा० पृच्छयते>पुच्छावेदि, हसावेइ, हासावेइ।

प्राय: क्त्वांत प्रत्यय के लिये शौ० में -दूण, माहा०, मा० में -ऊण, अमा० में -त्ता, -त्ताणं प्रत्यय मिलते हैं—उदा०

हसेऊण, हसिऊण का रूप हसिदूण (शौ०), हसित्ता (अमा०), कदुअ < कृत्वा, क्त्वान्त प्रत्यय गदुअ < गत्वा। भूतकालिक कृदंत-क्त का रूप हसिअं, प्रेरणार्थक रुप हासिअं, हसाविअं, हसेउं. हसिउं (शौ०), तुमुन प्रत्ययांत रुप हसिदुं गन्तुं, गमिदुं, गच्छिदुं (शौ०), कारिदुं, कादुं, काउं, तव्यान्त रूप हसेअव्वं, हसिअव्वं मिलते हैं।

शतृ और शानच् कृदन्तों के कर्तृ वाच्य में निम्नलिखित प्रयोग मिलते हैं।

शतृ के पुलिंग वर्तमान रूपों में हसन्तो, हसेन्तो, स्त्रीलिंग में हसई, हसन्ती, पुलिंग भविष्य में हसिस्सिन्तो, स्त्री० में हसिस्सन्ता, नपुं० में हसिस्संतं मिलते हैं। शानच् के वर्तमान पुं० रूपों में हसमाणो हसेमाणो, स्त्री० में हसमाणी, नपुं० में हसमाण, भविष्य पु० में हसिस्समाणो, स्त्री० हसिस्समाणी नपुं० हसिस्समाणं के प्रयोग होते हैं।

उक्त कृदन्तों का कर्म-वाच्य में इस प्रकार प्रयोग मिलता है—

वर्तमान—हसीअन्तो (शौ०), हसिज्जन्तो (माहा०), हसिज्जमाणे (अमा०)।

भूत—हसिदो (शौ०), हसिओ (माहा०) ।

भविष्य—हसिदव्वो (शौ०), हसिअव्वो (माहा०), हसणीओ (शौ०), हसणिज्जो (माहा०) ।

प्राकृतों में कुछ ऐसे रूप भी मिलते है जो संस्कृत के वय्याकरणों के द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार सिद्ध नहीं होते। वे रूप संस्कृत शब्दों का आधार लेकर अनियमित रूप में विकसित माने गये हैं। इन असाधारण रूपों की सूची 'क्तान्त' के नाम से ए० सी० वूल्नर ने दी है। विभिन्न प्राकृतों में इन क्तान्त रूपों का प्रयोग कृदन्त के अतिरिक्त विशेषण के अर्थ में भी हुआ है। उनके कुछ रूप ये हैं-आरद्ध< आरब्ध, किद्, (शौर०), कअ (माहा०), कय (अमा०) <कृत, किलिट्ठ< क्लिष्ट, खित्त, >क्षिप्त, ठिअ (माहा०), ठिद (शौ०) <स्थित, पइण्ण > प्रकीर्ण, पडिवण्ण < प्रतिपन्न, विण्णत्त< विज्ञप्त आदि। प्राकृत के विविध कालरूपों में भी इन असाधारण रूपों का प्रयोग मिलता है। उदा० वर्तमान काल के प्र० पु० एक० में खाइ< खादति, भाति, भादि< विभाति, ठाइ< तिष्ठति आदि। भविष्य में णेहिइ< नेष्यति (माहा०), दाहं<दास्यामि (माहा०)।

कर्मवाच्य में भी ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। जुज्जदि < युज्यते, गम्मइ < गम्यते। इसी प्रकार प्रा० खज्जइ, खिप्पइ, लब्भइ, मुच्चइ, वुच्चइ आदि रूप क्रमशः √खाद्, √क्षिप्, √लभ्, √मुच्, √वच् संस्कृत धातुओं से संबंधित हैं। अन्य रूप घेप्पइ < गृह्यते, लिब्भइ < लिह्यते आदि अप्रचलित धातुओं से विकसित हैं। वर्तमानकाल के अत्थि रूप का विकास अस्ति और भूतकाल के आसी रूप का संबंध संस्कृत आसीत् से है। इनका प्रयोग सब पुरुषों और वचनों में समान मिलता है। अतएव प्राकृत में उक्त क्रान्त प्रयोग प्रायः संस्कृत धातुओं से ही संबंधित हैं परन्तु ध्वनि-परिवर्तन और सादृश्य के कारण वे रूप संस्कृत के व्याकरणिक नियमों से सिद्ध नहीं होते इसीलिये उन्हें असाधारण प्रयोग कहा गया है।

अपभ्रंश

अपभ्रंश में क्रिया के रूपों का विकास शौरसेनी, माहाराष्ट्री प्राकृतों के सदृश ही मिलता है परन्तु वर्तमान आज्ञा के मध्यम पु० एक० और भविष्य में कुछ अन्य रूपों का भी व्यवहार होता है। हेमचंद्र ने इन विशेष रूपों का निर्देश सूत्र संख्या ३८२-३८८ में किया है। वर्तमान काल के प्रथम पु० वहु० में -हिं का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[१] उदा० धरतः > धरहिं, कुरुतः > करहिं, शोभन्ते > सहहिं (३८२-१)। मध्यम पु० एक० में -हि का वैकल्पिक प्रयोग होता है।[२] उदा० रोदिषि > रुअहि (३८३-१), लभसे > लहहि (३८३-२), दद्याः > दिज्जहि (३८३-३)। वर्तमान काल के मध्यम पुरुष वहु० में -हु रूप का योग मिलता है। उदा० इच्छथ > इच्छहु (३८४-१)। उत्तम

१. त्यादेराद्य त्रयस्य संबन्धिनो हिं न वा — सूत्र सं० ३८२ — च० पाद — प्रा० व्या०
२. मध्य त्रयस्याद्यस्य हिः — ,, ३८३ — ,, — ,,
३. बहुत्वे हुः — ,, ३८४ — ,, — ,,

पु० एक० में -उँ का प्रयोग वैकल्पिक रूप में होता है।[१] उदा० कर्षामि > कड्ढउँ (३८५-१), करोमि > किज्जउँ (३३८-१)। उत्तम पुरुष बहु० में -हुँ का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[२] उदा० याम:> जाहुँ, लभामहे> लहहुँ, वलामहे> वलाहुँ (३८६-१)। आज्ञार्थ (लोट्) मध्यम पु० एक० में -इ, -उ, -ए के वैकल्पिक प्रयोग मिलते हैं।[३] उदा० स्मर> सुमरि (३८७-१), विलम्बस्व> विलम्बु (३८७-२)। कुरु> करें (३८७-३)। भविष्य काल में -स्य (-ष्य)> -स रूप होता है।[४] उदा० भविष्यति> होसइ (३८८-१)। अपभ्रंश में 'क्रिये' क्रियापद के स्थान पर 'कीसु' का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है।[५] उदा० क्रिये> कीसु (३८९-१)। वर्तमान काल में √ भू धातु का 'हुच्च' रूप मिलता है।[६] उदा० प्रभवति> पहुच्चइ (३९०-१)। √ ब्रू धातु के ब्रुवइ रूप का वैकल्पिक प्रयोग होता है।[७] उदा० ब्रूत सुभाषितं किंचित् > ब्रुवह सहासिउं किंचि, उक्त्वा> ब्रोधि, ब्रोप्पिणु रूप भी मिलते हैं। (३९१-१)। √व्रज धातु का विकास 'वुज' रूप में पाया जाता है। उदा० व्रजति> वुञइ, व्रजित्वा> वुञे (प्पिणु)। √दृश् धातु के स्थान पर 'प्रस्स' का प्रयोग मिलता है।[९] उदा० पश्यति (दृश्येत) > प्रस्सदि √ ग्रह धातु का विकास 'गृण्ह' रूप में होता है।[१०] उदा० पठ-

---

	सूत्र संख्या		च० पाद	प्रा० व्या०
१. अन्त्य त्रयस्याद्यस्य उँ	सूत्र संख्या	३८५	च० पाद	प्रा० व्या०
२. बहुत्वे हुँ	,,	३८६	,,	,,
३. हि-स्वयोरिदुदेत्	,,	३८७	,,	,,
४. वत्स्यति स्यस्य सः	,,	३८८	,,	,,
५. क्रियेः कीसु	,,	३८९	,,	,,
६. भुवः पर्याप्तौ हुच्चः	,,	३९०	,,	,,
७. ब्रूगो ब्रुवो वा	,,	३९१	,,	,,
८. व्रजेर्वुञः	,,	३९२	,,	,,
९. दृशेः प्रस्सः	,,	३९३	,,	,,
१०. ग्रहेर्गृण्हः	,,	३९४	,,	,,

गृहीत्वा व्रतम् > पठग्गहेप्पिणु व्रतु । अपभ्रंश में छोल्ल आदि देशी शब्द संस्कृत तत् आदि के अर्थ में प्रयुक्त हुए हैं ।[1] उदा० अतत्तिष्यत > छोल्लिजन्तु (३९५-१), संततं > झलक्किअउ (३९५-२), अनुगम्य > अब्भडवंचिउ (३९५-३) शल्यायते > खुडुक्कइ, गर्जति > घुडुक्कइ, (३९५-४), भङ्क्तुं > भञ्जिउ (३९५-५), पैतृकी > वप्पीकी आक्रम्यते > चम्पिज्जइ (३९५-६), शब्दायते > घुट्टुअई (३९५-७) । अपभ्रंश शब्दों में -म्ह > -म्म का वैकल्पिक प्रयोग मिलता है ।[2] उदा० ब्रह्मन् > बम्म (४१२-१), अन्यादृश > अन्नाइस और अवराइस के रूप मिलते हैं ।[3] 'प्राय:' शब्द के चार रूप प्राउ, प्राइव, प्राइम्व, पग्गिम्व पाये जाते हैं ।[4] उदा० प्राय: > प्राउ (४१४-१), प्रायो > प्राइव (४१४-२), प्राय: > प्राइम्व (४१४-३), प्राय: > पग्गिम्व (४१४ ४) ।

अपभ्रंश में 'अन्यथा' शब्द के लिये वैकल्पिक रूप में 'अनु' उपलब्ध होता है ।[5] उदा० अन्यथा > अनु (४१५-१) । अनु कुत: शब्द के लिये कउ, कहन्तिहु रूप मिलते हैं ।[6] उदा० कुत: > कउ (४१६-१), कुत: > कहन्तिहु (४१५-१) । तत:, तदा शब्दों के स्थान पर 'तो' रूप मिलता है ।[7] उदा० तद्, तत: > तो (३७९-२) । एवं, परं, समं, ध्रुवं, मा, मनाक शब्दों के स्थान पर क्रमश:

१. तथ्यादीनां छोल्लादय:	सूत्र सं०	३९५	च० पाद	प्रा० व्या०
२. म्हो म्भो वा	,,	४१२	,,	,,
३. अन्यादृशोन्नाइसावराइसौ	,,	४१३	,,	,,
४. प्रायस: प्राउ प्राइव-प्राइम्व पग्गिम्वा:	,,	४१४	,,	,,
५. वान्यथोनु:	,,	४१५	,,	,,
६. कुतस: कउ कहन्तिहु	,,	४१६	,,	,,
७. ततस्तदोस्तो:	,,	४१७	,,	,,

एम्व, पर, समाणु, ध्रुवु, मं, मणाउं रूप उपलब्ध होते हैं।[1] उदा०
एवम्> एम्व (४१८-१), परं> पर (३३५-१), संयम् > समाणु
(४१८-२), ध्रुवम् > ध्रुवु (४१८-३), मा> मं (३८५-१),
मनाक > मणाउँ (४१८-६)। किल, अथवा, दिवा, सह,
नहे शब्दों के स्थान पर क्रमशः किर, अहवइ, दिवे, सहुं, नाहिं रूपों
के प्रयोग मिलते हैं।[2] उदा० किल> किर (४१९-१), अथवा न
सुवंशानामेप दोप:> अहवइ न सुवंसहं एह खोडि, दिवसे> दिवि
(३६६-१), सहं> सहुँ (४१९-३), नहि> नाहिं (४१९-४),
पश्चात्, एवम्, एव, इदानीम्, प्रत्युत, इतः शब्दों के लिये
क्रमशः पच्छइ, एम्वइ, जि, एम्वहिं, पच्चलिउ, एत्तहे रूप प्रयुक्त
होते हैं।[3] उदा० पश्चात्> पच्छइ (३६२-१), एवम्, एव>एम्वइ
(३३२-२), एव>जि (४२२०-१), इदानीम् >एम्वहिं (४२०-२)
प्रत्युत> पच्चलिउ (४२०-३), इतः > एत्तहे (४१९-४)।
विषण्ण, उक्त, वर्त्मन शब्दों के स्थान पर क्रमशः वुन्न, वुत्त,
विच्च रूपों का प्रयोग होता है।[4] उदा० विषण्ण>वुन्न (४२१-१),
उक्त > वुत्त (४२१-१), वर्त्मनो > विच्च (३५०-१)।

अपभ्रंश में देशी शब्दों के भी प्रयोग मिलते हैं जिनके लिये संस्कृत
में सदृश रूप पाये जाते हैं। संस्कृत 'शीघ्र' आदि शब्दों के वहिल्ल

---

1. एवं परं समं ध्रुवं मा मनाक एम्व पर समाणु ध्रुवु मं मणाउं — सूत्र सं ४१८ च० पाद प्रा० व्या०
2. किलाथवा-दिवा-सह-नहेः किराहवइ दिवे सहुं नाहिं — ,, ४१९ ,, ,,
3. पश्चादेवमेवैवेदानीं-प्रत्युतेतसः पच्छइ एम्वइ जि एम्वहिं पच्चलिउ एत्तहे — ,, ४२० ,, ,,
4. विषण्णोक्त-वर्त्मनो वुन्न-वुत्त-विच्चं — ,, ४२१ ,, ,,

